668

# vkjfHkdk

## ikjfEHkd fgnh vf/kxe ifLrdk

# *Aarambhikaa*

668_AARAMBHIKAA_CB


jk"Vh; eDr fo|ky;h f'k{kk lLFkku

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था)

ए–24–25, संस्थागत क्षेत्र, सेक्टर–62, नोएडा–201309 (उ.प्र.)

वेबसाइट : www.nios.ac.in, टोल फ्री नं. 18001809393

**एनआईओएस वाटरमार्क 70 जीएसएम पेपर पर मुद्रित।**

**© राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान**

पुनर्मुद्रण : सितंबर, 2023 (100 प्रतियाँ)

सचिव, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, ए–24–25, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर–62, नोएडा–201309 द्वारा प्रकाशित एवं मैसर्स गीता ऑफसेट प्रिंटर्स प्रा.लि., सी–90, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज–1, नई दिल्ली–110020 द्वारा मुद्रित।

## lykgdkj lfefr

**ik- ljkt 'kek**
अध्यक्ष
राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
नोएडा, उत्तर प्रदेश

**Mk- jktho dekj flg**
निदेशक (शैक्षिक)
राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
नोएडा, उत्तर प्रदेश

**Mk- lè;k dekj**
उप निदेशक (शैक्षिक)
राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
नोएडा, उत्तर प्रदेश

## ikB;p;k lfefr

**çk- m"kk 'kek**
प्रोफेसर एवं प्रभारी
राष्ट्रीय साक्षरता केंद्र प्रकोष्ठ, एनसीईआरटी

**çk- foukn dekj feJ**
प्रोफेसर, हिन्दी विभाग
त्रिपुरा विश्वविद्यालय

**çk- fou; dekj**
प्रोफेसर, हिन्दी विभाग
मगध विश्वविद्यालय

**çk- mekifr nhf{kr**
प्रोफेसर
केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा

**lJh 'khry**
प्रवक्ता (हिन्दी)
शिक्षा निदेशालय, दिल्ली

**Mk- ;kfxrk HkkfV;k**
वरिष्ठ हिन्दी संपादक
मधुबन एजुकेशनल,नोएडा, उ.प्र.

**M,- cky—".k jk;**
उप निदेशक (शैक्षिक)
शैक्षिक विभाग, एनआईओएस

**M,- ekfudk dkn;ku**
शैक्षिक अधिकारी (हिन्दी)
शैक्षिक विभाग, एनआईओएस

## ikB y[kd

**lJh ohuk 'kek**
प्रवक्ता (हिन्दी)
राजकीय सर्वोदय कन्या विद्यालय,
हस्तसाल, शिक्षा निदेशालय, दिल्ली

**lJh 'khry**
प्रवक्ता (हिन्दी)
शिक्षा निदेशालय,
दिल्ली

**Jh v{k; dekj nhf{kr**
टीजीटी (हिन्दी)
राजकीय उच्चतर बाल विद्यालय,
साकेत नई दिल्ली

**M,- vjfon dekj >k**
पीजीटी (हिन्दी)
डीएवी पब्लिक स्कूल, श्रेष्ठ विहार, दिल्ली

**lJh _r fxfj**
सहायक शिक्षक
शिक्षा निदेशालय, दिल्ली

**lJh itk flg**
अध्यापिका, दिल्ली नगर निगम
विद्यालय, बृजपुरी, दिल्ली

**lJh xfjek ik.M;**
अध्यापिका, दिल्ली नगर निगम विद्यालय,
मयूर विहार फेज 3, दिल्ली

**Mk- ;kfxrk HkkfV;k**
वरिष्ठ हिन्दी संपादक
मधुबन एजुकेशनल, नोएडा, उ. प्र.

**M,- ekfudk dkn;ku**
शैक्षिक अधिकारी (हिन्दी)
शैक्षिक विभाग, एनआईओएस

## likn

**Jh yk;d jke ekuo**
पाठ्यक्रम एवं सामग्री निर्माण
राज्य संसाधन केंद्र, उत्तर प्रदेश

**Jh ohjUn eyklh**
पूर्व निदेशक, जनशिक्षण संस्थान
देहरादून

## ikB;Øe leUo;d

**M,- ekfudk dkn;ku**
शैक्षिक अधिकारी (हिन्दी), शैक्षिक विभाग, एनआईओएस

## xkfQDl | Mh-Vh-ih-@yst dEiksftx

**Jh iHkkdj tk'kh**
वसुंधरा, गाजियाबाद

**ell VIk ehfM;k ,M dEI;VI]**
शाहीन बाग, जामिया नगर, नई दिल्ली

# vkils nks ckrs

प्रिय शिक्षार्थी,

एनआईओएस में आपका हार्दिक स्वागत है।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान(एनआईओएस) की प्रारंभिक हिन्दी अधिगम पुस्तिका 'आरंभिका' को प्रस्तुत करते हुए मुझे अतीव प्रसन्नता हो रही है। इस सामग्री के माध्यम से कोई भी भाषा बोलने–समझने वाले व्यक्ति को हिन्दी सीखने में सुविधा होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनरूप इस पुस्तक में भारतीय संस्कृति के मुख्य पक्षों को भी शामिल किया गया है। यह सामग्री सामान्य हिन्दी में बातचीत करते हुए भारतीय रहन–सहन, परंपराओं, विश्वासों की एक झलक प्रस्तुत करती है। इसमें आपकी सुविधा के लिए अनेक उदाहरण और गतिविधियाँ भी शामिल की गई हैं।

यह पाठ्यक्रम हिन्दी भाषा को बोलने तथा पढ़ने–लिखने की क्षमता विकसित करने की पहली सीढ़ी है। आरंभ में, हिन्दी कैसे बोली और लिखी जाती है, इस बारे में 'हिन्दी : एक परिचय' के अंतर्गत जानकारी दी गयी है। सम्पूर्ण सामग्री विभिन्न स्थितियों पर आधारित है। जैसे – परिचय, खान–पान, नए दोस्त, मेले, सिनेमा, त्योहार, भ्रमण के कुछ स्थान आदि। इस सामग्री की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह भी है कि यह संवादों के रूप में है। आपकी सुविधा के लिए सामग्री को हिन्दी में, रोमन में देने के साथ–साथ इसका अंग्रेजी अनुवाद भी प्रदान किया गया है। इससे आपको हिन्दी पढ़ने और समझने में सुविधा होगी। पाठों में अभ्यास के लिए कुछ प्रश्न दिए गए हैं। इससे आप अपनी प्रगति का आकलन कर सकेंगे।

मुझे आशा है आपको यह सामग्री रोचक लगेगी और हिन्दी सीखने की यात्रा में सहायक सिद्ध होगी।

आपके सुझावों का सहर्ष स्वागत है।

शुभकामनाओं सहित,

पाठ्यक्रम समन्वयक

# अपने पाठ कैसे पढ़ें !

**आरंभिका** की इस पाठ्य सामग्री को विशेष रूप से आपकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। आप स्वतंत्र रूप से स्वयं पढ़ सकें इसलिए इसे एक प्रारूप में ढाला गया है। निम्नलिखित संकेत आपको सामग्री का सर्वोत्तम उपयोग करने का तरीका बताएंगे। दिए गए पाठों को कैसे पढ़ना है आइए, जानें–

**पाठ का शीर्षक :** इसे पढ़ते ही आप अनुमान लगा सकते है कि पाठ में क्या दिया जा रहा है। इसे पढ़िए।

**भूमिका :** यह भाग आपको पूर्व जानकारी से जोड़ेगा और दिए गए पाठ की सामग्री से परिचित कराएगा। इसे ध्यानपूर्वक पढ़िए।



**उद्देश्य :** प्रस्तुत पाठ को पढ़ने के बाद आप इस पाठ के उद्देश्यों को प्राप्त करने में समर्थ हो जाएंगे। इन्हें ध्यान में रखिए।

**यह भी जानिए :** इस भाग में पाठ के संदर्भ में कई महत्वपूर्ण बिंदु शामिल किए गए हैं। इन्हें अवश्य पढ़िए। इससे आपको विषय और भाषा के बारे में आवश्यक जानकारी मिलेगी।



**अपनी प्रगति जाँचें :** इसमें एक शब्द अथवा एक वाक्य में पूछे गए प्रश्न हैं तथा कुछ वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। ये प्रश्न पढ़ी हुई इकाई पर आधारित हैं। इनका उत्तर देने का प्रयास कीजिए। इसी से आपकी प्रगति की जाँच होगी। आप अपने उत्तर पाठ के अंत में दी गई उत्तरमाला से मिलाइए। उत्तर ठीक न होने पर इकाई को पुनः पढ़िए।

**आइए, करके देखें :** इस भाग में आपके लिए छोटी–छोटी गतिविधियाँ दी गई हैं। इन्हें अवश्य कीजिए।



**आपने क्या सीखा :** यह पूरे पाठ का संक्षिप्त रूप है। यह बिंदुओं के रूप में है। इन मुख्य बिंदुओं का स्मरण कीजिए। यदि आप कुछ अपने मतलब की मिलती–जुलती नई बातें जोड़ना चाहते हैं तो उन्हें भी वहीं बढ़ा सकते हैं।



**पाठांत प्रश्न :** पाठ के अंत में दिए गए लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इन्हें आप अलग पृष्ठों पर लिख कर अभ्यास कीजिए। यदि चाहें आप अपने उत्तर हिंदी जानने वाले अपने शिक्षक या किसी उचित व्यक्ति को दिखा भी सकते हैं और उन पर नए विचार ले सकते हैं।



**उत्तरमाला :** आपको पहले ही बताया जा चुका है इसमें पाठगत प्रश्नों के उत्तर दिए जाते हैं। अपने उत्तरों की जाँच इस सूची से कीजिए।

# fo"k; lwph


| Øe-la- | ikB dk uke | i"B la[;k |
|---|---|---|
| | Hindi : An Introduction | 1—10 |
| 1. : | मेरा परिचय, मेरा परिवार / *Meraa parichaya, Meraa parivaar* / My introduction, My family | 11—24 |
| 2. : | मेरा घर, गाँव, शहर और देश / *Meraa Ghar, Gaaon, Shahar aur Desh* / My Home, Village, City and Country | 25—38 |
| 3. : | ऋतुएँ, वस्त्र, भोजन / *Rituen, Vastra, Bhojan* / Seasons, Clothes, Food | 39—52 |
| 4. : | पड़ोसियों से बातचीत / *Padosiyon se baatcheet* / Conversation with Neighbours | 53—68 |
| 5. : | नए दोस्त / *Naye Dost* / New Friends | 69—82 |
| 6. : | हाल–चाल / *Haal-chaal* / Well being | 83—94 |
| 7. : | खान–पान / *Khaan-Paan* / Food and beverages | 95—110 |
| 8. : | बाज़ार / *Baazaar* / Market | 111—130 |
| 9. : | पुस्तक मेला / *Pustak Melaa* / Book Fair | 131—146 |
| 10. : | नौचंदी मेला / *Nauchandee Melaa* / Nauchandi Fair | 147—162 |
| 11. : | सिनेमा / *Cinema* / Cinema | 163—180 |
| 12. : | रेडियो / *Radio* / Radio | 181—190 |
| 13. : | टेलीविजन / *Television* / Television | 191—204 |
| 14. : | दीपावली / *Deepawalee* / Deepawali | 205—220 |
| 15. : | ईद / *Eid* / Eid | 221—236 |
| 16. : | क्रिसमस / *Christmas* / Christmas | 237—250 |
| 17. : | काशी विश्वनाथ / *Kashi Vishwanath* / Kashi Vishwanath | 251—268 |
| 18. : | सारनाथ / *Saarnaath* / Sarnath | 269—284 |
| 19. : | रामेश्वरम / *Rameshwaram* / Rameshwaram | 285—302 |
| 20. : | भारत : मेरे अनुभव / *Bharat: Mere Anubhav* / India: My Experiences | 303—316 |

# Hindi : An Introduction

Welcome to this journey of learning Hindi. This is one of the most spoken and understood languages in the world. Hindi is spoken and understood in South Asian countries (India, Pakistan, Nepal) and other countries outside Asia (Mauritius, Trinidad, Fiji, Suriname, Guyana, South Africa etc.). Hindi is the official language of India.

Hindi is a modern Indian language derived from Sanskrit, Paali, Prakrit and Apabhramsha. The literary history of Hindi dates back to the 12th century. Hindi is written in the Devanagari script, which evolved from the ancient Brahmi script. The Devanagari script is one of the most widely adopted scripts in the world.

Learning a new language is a very complicated process. It requires extra effort, focus, time and patience. But learning a new alphabet or writing system can also be fun and easy. This book has been specially developed keeping in mind learners like you.

Two friends will accompany you on this journey of learning Hindi – Sam and Maya. Sam has come from Australia and Maya from Brazil to visit her friend Geeta in India. During this stay they will travel to many places in India and converse in Hindi. With the help of this conversation, you too will be able to learn to converse in Hindi.

**Hindi language and Devanagari script – features of pronunciation and writing**

1. Devanagari script is considered to be the most scientific script in the world as it is based on the fundamental principles of phonetics. Devenagari script is thousands of years old, and it is still being used.

2. It is a simple and easy script. The best feature of Devanagari script is that what is written is read or spoken and what is read or spoken is written.

3. In Devanagari script each letter has only one pronunciation. That is, each letter has a different sound. So what a person is speaking can be written as such.
4. Devanagari script is written like Roman script from left to right. Unlike the Roman script, it does not have two forms (upper-case and lower-case) of the same letter.
5. The name of the letter is same as the sound of the letter like- अ, ब, स, ल etc.
6. In Devanagari script the sounds are divided into two parts – स्वर और व्यंजन (vowels and consonants).
7. स्वर (Swara/Vowel) – Those character of Hindi alphabet, which are pronounced with independent sound are called स्वर (Vowel), e.g. अ, आ, इ, ई etc.
8. व्यंजन (Vyanjana/ Consonants) – The characters which are pronounced with the help of any vowel are called व्यंजन (Consonants)
9. Devanagari script has 11 vowels and 35 (33 + 2) consonants i.e. total 46 basic alphabets.
10. The sequence of vowels and consonants is arranged in a very systematic way which makes the 'Varnamaalaa' of the Hindi language. This sequence is determined taking into account both the manner and place of pronunciation of vowels and consonants. Vowels come first, followed by consonants. In the end, the compound consonants क्ष, त्र, ज्ञ, श्र (Ksh, Tra, Gya, Shra) come.

**स्वर (Swara/Vowel)**

ह्रस्व स्वर (Hrsva vowels) अ, इ, उ, ऋ,

दीर्घ स्वर (Dirgha vowels) आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ

**व्यंजन (Vyanjana/ Consonants)**

**क** वर्ग : क, ख, ग, घ, ङ (Place of pronunciation – कण्ठ – Throat )

**च** वर्ग : च, छ, ज, झ, ञ (Place of pronunciation – तालु – Palate )

**ट** वर्ग : ट, ठ, ड, ढ, ण ( ड़,ढ़ ) (Place of pronunciation – मूर्धा – Moordhaa ) (Cerebral)

**त** वर्ग : त, थ, द, ध, न (Place of pronunciation – दन्त – Dant ) (Dental)

**प** वर्ग : प, फ, ब, भ, म (Place of pronunciation – ओष्ठ – Lips )

अंतस्थ : य, र, ल, व

उष्म : श, ष, स, ह

**संयुक्त व्यंजन (Compound Consonants)** : क्ष, त्र, ज्ञ, श्र

11. Hindi alphabets can be pronounced as given below:

(अ a), (आ aa), (इ i), (ई ee), (उ u), (ऊ oo), (ए e), (ऐ ai), (ओ o), (औ au), (अं an), (अः ah)

(क ka), (का kaa), (कि ki), (की kee), (कु ku), (के ke), (कै kai), (कू koo), (को ko), (कौ kau), (कं kan), (कः kah)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क ka | ख kha | ग ga | घ gha | ङ nya |
| च cha | छ chha | ज ja | झ jha | ञ na |
| ट ta | ठ tha | ड da | ढ dha | ण na |
| त ta | थ tha | द da | ध dha | न na |
| प pa | फ pha | ब ba | भ bha | म ma |
| य ya | र ra | ल la | व va | |
| श sha | ष sha | स sa | ह ha | |
| क्ष ksha | त्र tra | ज्ञ gya | श्र shra | |
| ड़ ra | ढ़ rha | | | |

12. Every consonant letter of Hindi has "अ" (a) vowel embedded in it. Like- क् +अ = क. This saves time and space in writing. That's why the word yoga is pronounced in Hindi as 'योग' i.e. yo+g (not yo+ga).

Therefore, the following are the nature of the consonants -

क् च् छ् ज् झ् त् थ् ध् etc

When अ is applied, the 'Hal' sign below the consonants is removed. Then they are written as - क च छ ज झ त थ ध etc.

13. Hal mark - If a consonant is to be shown स्वर रहित (voiceless), then an oblique line ( ् ) is placed below it. This line is called the Hal mark. Consonants with Hal mark are called Halanta. Like - प = प् + अ, स = स् + अ etc.

14. There are two forms of Hindi vowels - independent and dependent forms. The i◌lependent forms are often called 'full' vowels.

Freely pronounced vowel letters - अ आ ई ऊ इ ऋ ए ए ओ औ,

When a vowel is spoken independently, its independent form is used. Like - आ, आओ, आइए (come)

15. Dependent forms of vowels are called 'Maatraa'. Maatraa is associated with a Consonant. When a vowel is added to the sound of a consonant, then its dependent form i.e. 'matra' is used. like -

जा (ज + आ) (go)

16. Maatraas of all vowels except 'अ' are available in Devanagari script.

अ – The vowel 'अ ' is inherent in every consonant, so there is no separate Matra/ sign for it.

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आ –◌ा | इ – ि◌ | ई –◌ी | उ –◌ु | ऊ –◌ू |
| ऋ –◌ृ | ए –◌े | ऐ –◌ै | ओ –◌ो | औ –◌ौ |

17. There are two types of vowels in the alphabet of Hindi – Hrsva and Dirgha. In the pronunciation of the Matra of short vowels (अ, ई तथा उ), the amount of air coming out of the mouth is less and in the Matra of long vowels, it is more, like-

कल–काल दिन–दीन कुल–कूल

18. The 'ऋ' vowel is basically a Sanskrit language vowel. By the time it came to Hindi, its pronunciation has ended as a vowel. The standard pronunciation of 'ऋ' vowel in Hindi is 'Ri'.

19. Writing of Maatraa signs - Maatraa- signs are written in combination with consonants in four ways - before the consonant, after the consonant, below the consonant and above the consonant letter.

- There is only one Maatraa sign added before the consonant -

  (इ – ि) जैसे – किताब, पिता, दिन, मिल etc.

- There are four signs of Maatraa added after a consonant:

  आ (ा), ई (ी), ओ (ो), औ (ौ) जैसे – राजा, चीनी, मोर, कौन

- There are three 'Maatraa' signs added below the consonant – उ (ु) ऊ (ू) जैसे– ऋ (ृ) जैसे – पुल, मूली, कृपा etc.

- The 'Maatraa' signs of उ and ऊ are combined with र in a slightly different way. र् + उ/ऊ is written in this way - रु तथा रू (Ru and Ruu), such as- रूपया, रुकना, रूस, रूपा etc.

- There are two Maatraa signs added above the consonant letters – ए (े) and ऐ (ै) like – केला, मैना etc.

20. Every consonant in Hindi has full and half forms. Combined with other consonant, they take on a new form.

21. In Devanagari a straight horizontal line is drawn over all the letters and words. This is called the शिरोरेखा (headline). This is an integral and essential feature of Devanagari. It is made at the very end by writing letters and words.

22. Visarga (अः) - Visarga is a consonant sound which is pronounced like 'H' in Hindi. Its symbol is [ : ]. Those Sanskrit words which used to end with visarga and have

come to Hindi, are written with visarga only. For example, स्वतः, अतः, प्रायः etc. They are pronounced as 'Svatah', 'Atah', 'Prayah' etc.

23. Anusvara (An) - Anusvara is a dependent nasal consonant. It is used in place of the fifth character of Vargas of Devanagari Varnamaalaa. The sign of Anusvara is (ं) which is placed above the Preceding Vowel in the word.

Its pronunciation in the middle of a word depends on the consonant that follows it. The class of consonants that comes after Anusvara; Anusvara, of the same class of consonants, tends to be pronounced as Nasikya. For example

The first Anusvara of K-class consonants is pronounced as 'ङ्'.

The pronunciation of the first Anusvara of the consonants of the Cha-varga is in the form of 'ञ्'.

Like- सम्भव = संभव, सञ्जय = संजय, गङ्गा = गंगा

24. In the middle of a word other than five class consonants, when anusvara comes before the consonants य, र, ल, व, श, स और ह (ya, ra, la, va, sha, sa and ha), it is pronounced as follows –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 'य' से पहले | – | 'ञ्' के रूप में | संयम (सञ्यम ) |
| 'र' से पहले | – | 'न्' के रूप में | संरचना (सन् – रचना) |
| 'ल' से पहले | – | 'न्' के रूप में | संलाप (सन्लाप) |
| 'व' से पहले | – | 'म्' के रूप में | संवाद (सम्वाद ) |
| 'श' से पहले | – | 'ञ्' के रूप में | संशय (सञ्शय) |
| 'स' से पहले | – | 'न्' के रूप में | संसार (सन्सार ) |
| 'ह' से पहले | – | 'ङ' के रूप में | संहार (सहार) |

In addition to this, Anusvara is always pronounced as 'म्' at the end of the word, such as - अहं (अहम् Aham), स्वयं (स्वयम् Swayam), एवं (एवम् Evam) etc.

25. Nasal (अनुनासिक Chandrabindu) - Chandrabindu is a dependent nasal-vowel. When a vowel is pronounced from both the nose and the mouth, then ( ँ ) is placed on it. This is called Anunaasik. Like- हँसना, आँख

26. Nasal sounds can change the meaning of a word, so they should be pronounced and written carefully.

    Like- भाग–भाँग, सास–साँस, गोद–गोंद, सवार–सँवार, है–हैं etc.

27. All Hindi sounds can be nasalised except ऋ.

28. ड and ढ are the third and fourth letters in the Ta group of the alphabet. The place from where ड and ढ are pronounced in the mouth is called Murdha. Because of being pronounced from this place, they are called Murdhanya.

    ड – डगर, डाल डलिया

    ढ – ढाल, ढीला, ढोलक

29. ड़ and ढ़ -

    ड़ and ढ are called Ukshipta (excited) characters. Ukshipta means thrown. In their pronunciation, the tongue is used with some jerks along with the air coming out of the mouth.

    ड़ – लड़का, सड़क, खड़ा,

    ढ़ – बाढ़, चढ़ाई, पढ़ाई,

30. Apart from full stop, all the punctuation marks of English are also used in Hindi. The ( ।) mark is used for a full stop.

31. Rules for writing consonants together –

    Rule 1 Consonants in the middle of which there is standing line or Khari pai. For example क तथा फ

    When these alphabets are joined with any other alphabet, then the part like 'Hook' which is coming after Khari pai is written by halving it and joining it

with the latter consonant. Like - क्या, वाक्य, क्लेश, पक्का, मक्का, दफ़्तर, लिफ़्ट (kya, vaakya, klesh, pakka, makka, daftar, lift etc.)

Rule 2 Consonants that end with a Khari pai (such as त, ग, न, ल, ब, म etc.) –

When these alphabets are joined with any other alphabet, then the Kharipai of these consonants is removed and the remaining part of the alphabet is added to the next consonant, such as जैसे गन्ना, पत्ता, रस्सी, बच्चा, ज्यादा, प्यारा, त्याग, ध्यान, न्याय etc.

Rule 3 Consonant letters that do not have a Khari pai (like da द, ड, ह, ट, ठ, ढ etc.)

When these letters are joined with any other letter, then the rule for these consonants is to write the whole letter, put halanta, below it and write the sounds that come after it, such as गड्डी, खटटा, द्विवतीय, चिह्, ब्रह्य, विद्या, विद्वान etc.

32. Form of रेफ 'र'

After extracting 'अ' from 'र' it remains 'र्' if 'र' is spoken by joining with any other consonant, this form is called रेफ र (half र्) according to grammar. It is always put above the Leadline of the consonant, with which र् is being joined. It is pronounced before that consonant on which it has been put, such as –

व + र् + ष = वर्ष

व + र् + ष = वर्षा

क + र् + म = कर्म

33. Form of पदेन 'र'

Consonant + 'र' – If any consonant is spoken by joining 'र्' , the sound of this is denoted with a different sign. This character is called 'पदेन'(Paden). The pronunciation sound of 'र' is mingled with letter, with which it has been joined. In the consonants with khari pai, it is joined as a curved line on the lower portion of the consonant, such as क्रम, प्रसाद, भ्रम, उम्र etc. In the consonant which are without khari pai, it is joined on bottom with ' Halant'.

34. When पदेन 'र' is used in 'त' it becomes त् + र् = त्र

When पदेन 'र' is used in 'श ' it becomes श् + र् = श्र

When पदेन 'र' is used in 'द' it becomes द् + र् = द्र

When पदेन 'र' is used in 'ह' it becomes ह् + र् = ह्र

35. Consonant 'र' is without Khari Pai. When it is written by joining with another 'र', it is written with the रेफ, such as – र् + र = र्र, e. g – गुर्राना, टर्र बर्र etc.

36. क्ष (ksh) – For its pronunciation, the light sound of K has to be spoken by connecting it with Sh. It is formed with mixing क् with श – ( क् + श = क्ष)।

क्षमा – kshama          अक्षय – akshay

37. ज्ञ (gya) - In Hindi 'ज् + ञ (ज्ञ) is pronounced as 'ग + य' = 'ग्य' . This is now the standard pronunciation in Hindi e.g.

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञान | – | विग्यान |
| संज्ञा | – | संग्या |
| जिज्ञासा | – | जिग्यासा |

38. In this point, please go through the chart given on the next page. It is called Barahkhadee (बारहखड़ी). With the help of बारहखड़ी, you will learn to pronounce hindi vowels and consonants. During reading this lesson, refer this बारहखड़ी frequently to be able to read Hindi.

# हिंदी बारहखड़ी *Hindi Baarhakhadi*

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क ka | का kaa | कि ki | की kee | कु ku | कू koo | के ke | कै kai | को ko | कौ kau | कं kam | कः kan |
| ख kha | खा khaa | खि khi | खी khee | खु khu | खू khoo | खे khe | खै khai | खो kho | खौ khau | खं kham | खः khan |
| ग ga | गा gaa | गि gi | गी gee | गु gu | गू goo | गे ge | गै gai | गो go | गौ gau | गं gam | गं gah |
| घ gha | घा ghaa | घि ghi | घी ghee | घु ghu | घू ghoo | घे ghe | घै ghai | घो gho | घौ ghau | घं gham | घः ghan |
| च cha | चा chaa | चि chi | ची chee | चु chu | चू choo | चे che | चै chai | चो cho | चौ chau | चं cham | चः chah |
| छ chha | छा chhaa | छि chhi | छी chhee | छु chhu | छू chhoo | छे chhe | छै chhai | छो chho | छौ chhau | छं chham | छः chhah |
| ज ja | जा jaa | जि ji | जी jee | जु ju | जू joo | जे je | जै jai | जो jo | जौ jau | जं jam | जः jah |
| झ jha | झा jhaa | झि jhi | झी jhee | झु jhu | झू jhoo | झे jhe | झै jhai | झो jho | झौ jhau | झं jham | झः jhah |
| ट ta | टा taa | टि ti | टी tee | टु tu | टू too | टे te | टै tai | टो to | टौ tau | टं tam | टः tah |
| ठ tha | ठा thaa | ठी thi | ठी thee | ठु thu | ठू thoo | ठे the | ठै thai | ठो tho | ठौ thau | ठं tham | ठः thah |
| डा daa | डा daa | डि di | डी dee | डु du | डू doo | डे de | डै dai | डो do | डौ dau | डं dam | डः dah |
| ढ dha | ढा dhaa | ढि dhi | ढी dhee | ढु dhu | ढू dhoo | ढे dhe | ढै dhai | ढो dho | ढौ dhau | ढं dham | ढः dhah |
| ण na | णा naa | णि ni | णी nee | णु nu | णू noo | णे ne | णै nai | णो no | णौ nau | णं nam | णः nah |
| त ta | ता taa | ति ti | ती tee | तु tu | तू too | ते te | तै tai | तो to | तौ tau | तं tam | तः tah |
| थ tha | था thaa | थि thi | थी thee | थु thu | थू thoo | थे the | थै thai | थो tho | थौ thau | थं tham | थः thah |
| द da | दा daa | दि di | दी dee | दु du | दू doo | दे de | दै dai | दो do | दौ dau | दं dam | दः dah |
| धा dha | धा dhaa | धि dhi | धी dhee | धु dhu | धू dhoo | धे dhe | धै dhai | धो dho | धौ dhau | धं dham | धः dhah |
| न na | ना naa | नि ni | नी nee | नु nu | नू noo | ने ne | ने nai | नो no | नौ nau | नं nam | नः nah |
| प pa | पा paa | पि pi | पी pee | पु pu | पू poo | पे pe | पौ pai | पो po | पौ pau | पं pam | पः pah |
| फ pha | फा phaa | फि phi | फी phee | फु phu | फू phoo | फे phe | फै phai | फ़ो pho | फौ phau | फं pham | फः phah |
| ब ba | बा baa | बि bi | बी bee | बु bu | बू boo | बे be | बै bai | बो bo | बौ bau | बं bam | बः bah |
| भ bha | भा bhaa | भि bhi | भी bhee | भु bhu | भू bhoo | भे bhe | भ bhai | भो bho | भौ bhau | भं bham | भः bhah |
| म ma | मा maa | मि mi | मी mee | मु mu | मू moo | मे me | मै mau | मो mo | मौ mau | मं mam | मः mah |
| य ya | या yaa | यि yi | यी yee | यु yu | यू yoo | ये ye | यै yai | यो yo | यौ yau | यं yam | यः yah |
| र ra | रा raa | रि ri | री ree | रु ru | रू roo | रे re | रै rai | रो ro | रौ rau | रं ram | रः rah |
| ल la | ला laa | लि li | ली lee | लु lu | लू loo | ले le | लै lai | लो lo | लौ lau | लं lam | लः lah |
| व wa | वा waa | वि wi | वी wee | वु wu | वू woo | वे we | वै wai | वो wo | वौ wau | वं wam | वः wah |
| श sha | शा sha | शि shi | शी shee | शु shu | शू shoo | शे she | शै shai | शो sho | शौ shau | शं sham | शः shah |
| ष sha | षा shaa | षि shi | षी shee | षु shu | षू shoo | षे she | षै shai | षो sho | षौ shau | षं sham | षः shah |
| स sa | सा saa | सि si | सी see | सु su | सू soo | से se | सै sai | सो so | सौ sau | सं sam | सः sah |
| ह ha | हा haa | हि hi | ही hee | हु hu | हू hoo | हे he | है hai | हो ho | हौ hau | हं ham | हः hah |
| क्ष ksha | क्षा kshaa | क्षि kshi | क्षी kshee | क्षु kshu | क्षू kshoo | क्षे kshe | क्षै kshai | क्षो ksho | क्षौ kshau | क्षं ksham | क्षः kshah |
| ज्ञ gya | ज्ञा gyaa | ज्ञि gyi | ज्ञी gyee | ज्ञु gyu | ज्ञू gyoo | ज्ञे gye | ज्ञै gyai | ज्ञो gyo | ज्ञौ gyau | ज्ञं gyam | ज्ञः gyah |

# 1

# मेरा परिचय, मेरा परिवार

## *Meraa parichaya, Meraa parivaar*

## My introduction, My family

गीता के विदेशी दोस्त सैम और माया भारत आए हैं। गीता एयरपोर्ट पर उनका स्वागत करती है। वह उन्हें अपने घर लेकर जाती है। इस पाठ में, सैम और माया गीता के परिवार से मिलेंगे और बातचीत करेंगे।

*Geeta ke videshi dost Sam aur Maya Bhaarat aaye hain. Geeta airport par unka swaagat karti hai. Vah unhein apne ghar lekar jaati hai. Is paath men, Sam aur Maya Geeta ke parivaar se milenge aur baatcheet karenge.*

Geeta's foreign friends Sam and Maya have come to India. Geeta welcomes them at the airport. She takes them to her home. In this lesson, Sam and Maya will meet and interact with Geeta's family.

## mÌ'; / *Uddeshya* / Objectives

इस पाठ से हम सीखेंगे : / *Is paath se hum seekhenge :* / In this lesson we will learn:

| fgUnh & noukxjh e<br>**Hindi in Devnagri** | fgUnh &jkseu fyfi e<br>**Hindi in Roman Script** | vxth vuokn<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • अपने बारे में जानकारी साझा करना; | *Apne baare men jaankaari saajhaa karnaa;* | To share information about ourselves; |
| • अपने आस–पास के व्यक्तियों से प्रश्न करना और परिचय प्राप्त करना; | *Apne aas-paas ke vyaktiyon se prashn karnaa aur parichaya praapt karnaa;* | To ask questions to people around us and get to know them; |
| • बातचीत में सामान्य शब्दों का प्रयोग करना; | *Baatcheet men Saamaanya shabdon ka prayog karnaa;* | To use simple words in conversation; |
| • संज्ञा और सर्वनाम शब्दों की पहचान करना; | *Sangyaa aur Sarvnaam shabdon ki pahchaan karnaa;* | To recognise nouns and pronouns; |
| • पारिवारिक संबंधों के कुछ नाम जानना। | *Paarivarik sambandhon ke kuchh naam jaanana.* | To know some names of familial relationships. |

## vkb, i<sa / *Aaiye padhen* / Let's read - 1.1

गीता, सैम और माया को लेकर अपने घर पहुँचती है ।

*Geeta, Sam aur Maya ko lekar apne ghar pahunchati hai.*

Geeta reaches home with Sam and Maya.

गीता के दादाजी दरवाजा खोलते हैं।

*Geeta ke Daadaajee darvaajaa kholte hain.*

Geeta's Grandfather opens the door.

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **गीता** : सैम और माया! इन से मिलिये, ये हैं मेरे दादाजी। | ***Geeta :*** *Sam aur Maya ! in se miliye, ye hain mere daadaaji.* | **Geeta :** Sam and Maya! meet my Grandfather. |
| **दादाजी** : नमस्कार! आपका स्वागत है। आइए! | ***Daadajee :*** *Namaskaar! Aapkaa Swaagat hai. Aaiye!* | **Grandfather :** Greetings! Welcome. Please come! |
| **सैम**: नमस्कार सर! मैं सैम हूँ। ये हमारी मित्र माया है। | ***Sam:*** *Namaskaar Sir! Main Sam hoon. Ye hamari mitra Maya hai.* | **John:** Good evening Sir! I am Sam. This is our friend Maya. |
| *सब अंदर आते हैं।* | *Sab andar aate hein.* | *All enter.* |
| **दादाजी** : सैम और माया, आप कैसे हैं ? | ***Daadaajee :*** *Sam aur Maya, aap kaise hain ?* | **Grandfather :** Sam and Maya, how are you ? |
| **सैम और माया**: हम ठीक हैं। धन्यवाद! | ***Sam aur Maya :*** *Hum theek hain. Dhanyawaad!* | **Sam and Maya :** We are fine, thank you! |
| **दादाजी** : क्या आपकी यात्रा अच्छी रही ? | ***Daadaajee :*** *Kya aapkee yaatraa achhee rahee?* | **Grandfather :** Did your journey go well? |
| **माया**: जी, हमारी यात्रा अच्छी रही। | ***Sam aur Maya:*** *Jee, hamaaree yaatraa achchhee rahee.* | **Maya:** Yes, our journey was fine. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **दादाजी** : आप कहाँ से हैं? | ***Daadaajee :*** *Aap kahaan se hain?* | **Grandfather :** Where are you from? |
| **सैम** : मैं ऑस्ट्रेलिया से हूँ। | ***Sam:*** *Main Australia se hoon.* | **Sam :** I am from Australia. |
| **माया**: मैं ब्राजील से हूँ। | ***Maya:*** *Main Brazil se hoon.* | **Maya :** I am from Brazil. |
| **दादाजी** : क्या आप पहली बार भारत आए हैं? | ***Daadaajee :*** *Kya aap pahalee baar Bharat aaye hain?* | **Grandfather :** Is this your first time to India? |
| **माया** : जी हाँ, सर ! हम पहली बार भारत आए हैं। | ***Maya:*** *Ji haan Sir ! Hum pehli baar Bharat aaye hain.* | **Maya :** Yes Sir! this is our first time in India. |
| **सैम** (गीता से) : तुम्हारा भाई वेद कहाँ है ? | ***Sam*** *(Geeta se)* ***:*** *Tumhaaraa bhaai Ved kahaan hai?.* | **Sam (to Geeta) :** Where is your brother Ved? |
| **गीता**: मेरे माँ–पिताजी और वेद बाजार गए हैं। थोड़ी देर में आएंगे। | ***Geeta:*** *Mere Maa-Pitaajee aur Ved baazaar gaye hain. Thodee der mein aayenge.* | **Geeta :** My parents and Ved have gone to the market. They will come in a while. |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

- गीता, सैम, माया व्यक्ति हैं ।

  *Geeta, Sam, Maya vyakti hain.*

  Geeta, Sam, Maya are persons.

## ejk ifjp;] ejk ifjokj

- ऑस्ट्रेलिया, बाजार, भारत और ब्राजील स्थान हैं ।

  *Australia, Baazaar, Bharat aur Brazil sthaan hain.*

  Australia, market, India, Brazil are places.

- किसी व्यक्ति, वस्तु, प्राणी या स्थान के नाम वाले शब्द को **lKk** कहते हैं।

  *Kisee vyakti, vastu, praanee yaa sthaan ke naam vaale shabd ko **sangyaa** kahate hain.*

  A **noun** is a word that is used to name or identify a person, place, thing or creature.

- आप, हम, मुझे, मैं, मेरी **loZuke** हैं। जो शब्द संज्ञा के स्थान पर आएँ, वे सर्वनाम कहलाते हैं।

  *Aap, hum, mujhe, main, meree **sarvanaam** hain. Jo shabd sangyaa ke sthaan par aayein, ve sarvanaam kahalaate hain.*

  You, we, me, I are **pronouns**. A pronoun is a word that is used in place of a noun.

- औपचारिक रूप में 'आप', साथियों के साथ 'तुम' और अनौपचारिक रूप में 'तू' का प्रयोग किया जाता है। एक से अधिक व्यक्ति 'हम' का प्रयोग करते हैं।

  *Aupchaarik roop main 'aap', saathiyon ke saath 'tum' or anaupcharik roop main 'tu' kaa prayog kiyaa jaataa hai. Ek se adhik vyakti 'Hum' kaa prayog karte hain.*

  'Aap' is used in a formal situation, 'Tum' is used with friends and 'Tu' in extremely informal situation. More than one person, use 'hum'.

### Hkkjr esa vfHkoknu / **Bharat men abhivaadan** / **Greetings in India**

- भारत में अभिवादन के अलग–अलग ढंग हैं।

  *Bharat mein abhivaadan ke alag-alag dhang hain.*

  There are various ways of greeting in India.

- भारत में हम अभिवादन के तौर पर बड़ों के चरण स्पर्श भी करते हैं।

  *Bharat mein hum abhivaadan ke taur par badon ke charan sparsh bhee karte hain.*

  In India we greet elders by touching their feet also.




- भारत में बड़ों को नाम से नहीं, संबंध के अनुसार 'जी' लगाकर संबोधित किया जाता है, जैसे– पिताजी, माँजी, भैयाजी आदि।

  *Bharat mein badon ko naam se naheen, sambandh ke anuasar 'jee' lagaakar sambodhit kiyaa jaataa hai, Jaise- pitaajee, maanjee, bhaiyaajee aadi.*

  Elders in India are addressed not by name, but by relationship with adding 'jee' at the end. For examples- pitaajee, maan jee, bhaiyaajee etc.

  माँ (*Maan*) : Mother    पिता (*Pitaa*) : Father    बहन (*Bahan*) : Sister

  भाई (*Bhaai*) : Brother    पति (*Pati*) : Husband    पत्नी (*Patnee*) : Wife

जानिये, हिंदी में संबंधियों को क्या कहते हैं / *Jaaniye hindi men sambandiyon ko kyaa kahte hain.* / Let's learn some names of familial relationship in hindi:

| माँ |
|---|
| माँ की माँ: **नानी** (*Naanee*) |
| माँ का पिता: **नाना** (*Naanaa*) |
| माँ की बहन: **मौसी** (*Mausee*) |
| माँ का भाई: **मामा** (*Maamaa*) |

| पिता |
|---|
| पिता की माँ: **दादी** (*Daadee*) |
| पिता का पिता: **दादा** (*Daadaa*) |
| पिता की बहन: **बुआ** (*Buaa*) |
| पिता का बड़ा भाई: **ताऊ** (*Taau*) |
| पिता का छोटा भाई: **चाचा** (*Chaachaa*) |

| बहन |
|---|
| बहन का पति: **जीजा** (*Jeejaa*) |
| बहन की बेटी: **भांजी** (*Bhaanjee*) |
| बहन का बेटा: **भांजा** (*Bhaanjaa*) |

| भाई |
|---|
| भाई की पत्नी: **भाभी** (*Bhaabhee*) |
| भाई का बेटा: **भतीजा**(*Bhateejaa*) |
| भाई की बेटी: **भतीजी** (*Bhateejee*) |

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apni Pragati jaanchen* / Check your progress- 1.1

1 मिलान कीजिए / *Milaan keejiye* / Match the following:

| | |
|---|---|
| क). बाजार | Well |
| ख). स्थान | Friend |
| ग). पहली बार | Market |
| घ). अच्छी | Sister |
| ङ). जानकारी | First time |
| च). मित्र | Information |
| छ). बहन | Place |

2. नीचे दिए रिक्त स्थान में सही संबंध लिखिए:

*Neeche diye rikt sthaan mein sahee sambandh likhiye:*

Write proper relation in the blanks:

क). वेद गीता का _______________ है। (भाई, मित्र)

ख). गीता की _______________ बाजार गई है। (बहन, माँ)

ग). माया गीता की _______________ है। (माँ, मित्र)

घ). वेद के _______________ घर पर थे। (मित्र, दादाजी)

3. नीचे दिए संकेतों के आधार पर पारिवारिक संबंध लिखिए:

*Neeche diye sanketon ke aadhaar par paarivaarik sambandh likhiye:*

Follow the clue given below to state the familial relationships:

क). गीता + माँ + माँ = नानी

ख). गीता + पिता + पिता = ___________

ग). गीता + पिता + बहन = ________

घ). गीता + पिता + छोटे भाई = ___________

ङ). गीता + माँ + भाई = ___________

## आइए पढ़ें/ *Aaiye padhin* / Let's read - 1.2

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **दादाजी** : देखो गीता! तुम्हारे माँ–पिताजी और वेद भी आ गए हैं। | ***Daadaajee :*** *Dekho Geeta! tumhaare maan-pitaajee aur Ved bhee aa gaye hain.* | **Grandfather :** Look Geeta! your parents and Ved have also come. |
| **गीता** : सैम और माया, ये मेरे माँ–पिताजी हैं, और यह मेरा भाई वेद है।<br>माँ–पिताजी! ये मेरे दोस्त सैम और माया हैं। | ***Geeta :*** *Sam aur Maya, ye mere maan-pitaajee hain aur yah meraa bhaai Ved hai.*<br>*Maan-pitaajee ! ye mere dost Sam Aur Maya hain.* | **Geeta :** Sam and Maya, meet my parents and my brother Ved.<br>Mom and Dad ! these are my friends Sam and Maya. |
| **माया** : नमस्ते ! हम आप ही की बात कर रहे थे। | ***Maya :*** *Namaste ! Hum aap hee kee baat kar rahe the.* | **Maya :** Namaste ! We were talking about you only. |
| **वेद** : आप से मिलकर बहुत खुशी हुई। | ***Ved :*** *Aap se mil kar bahut khushi hui.* | **Ved :** It's a pleasure to meet you. |
| **माँ** : आप खड़े क्यों हैं? कृपया बैठिए। आप क्या लेना पसंद करेंगे? चाय, कॉफी या कुछ और... नींबूपानी या लस्सी ? | ***Maa :*** *Aap khade kyon hain? kripya baithiye. Aap kyaa lenaa pasand karenge? Chaai, Coffee, yaa kuchh aur... Neembu Paani ya Lassee?* | **Mother :** Why are you standing? Please have a seat. What would you like to have? Tea, coffee or something else... lemonade or buttermilk? |
| **सैम** : मैं कॉफी लेना पसंद करूँगा धन्यवाद। | ***Sam :*** *Main coffee lenaa pasand karoongaa Dhanyawaad.* | **Sam:** I would like to have coffee Thanks. |
| **माया**: मैं भी कॉफी लेना पसंद करूँगी। | ***Maya :*** *Main bhee coffee lenaa pasand karoongee.* | **Maya:** I will also have coffee. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **वेद:** मैं सबके लिए कॉफी लाता हूँ। | ***Ved:*** *Main sabke liye Coffee laataa hoon.* | **Ved:** I will bring coffee for all. |
| *वेद सब के लिए कॉफी लाता है।* | *Ved sabke liye coffee laataa hai.* | *Ved brings coffee for everyone.* |
| *सब कॉफी पीते हैं और बातें करते हैं।* | *Sab Coffee peete hain aur baaten karte hain.* | *All enjoy coffee and chat.* |
| **सैम** : आप सब एक साथ रहते हैं... दादाजी, माँ–पिताजी के साथ! मुझे यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। | ***Sam:*** *Aap sab ek saath rahte hain... Daadaajee, Maan-Pitaajee ke saath! Mujhe yah dekhkar bahut achchhaa lag rahaa hai.* | **Sam:** You all live together... with your grandparents and parents ! I am very pleased to see this. |



## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 1.2

1. संज्ञा छाँटिए / *Sangya Chhaantiye* / Find the noun

   (क). चाय (ख). वह

   (ग). पीते (घ). और

2. सर्वनाम छाँटिए: / *Sarvanam Chhaantiye:* / Find the pronoun

   (क). तो (ख). आप

   (ग). आ (घ). लिए

## नए शब्द सीखें / *Naye shabd seekhein* / Learn new words:

| हिन्दी –देवनागरी में | | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (क). | पाठ | *Paath* | Lesson |
| (ख). | जानकारी | *Jaankaaree* | Information |
| (ग). | आस–पास | *Aas-paas* | Nearby |
| (घ). | व्यक्ति | *Vyakti* | Person |
| (ङ). | प्रश्न | *Prashn* | Question |
| (च). | परिचय | *Parichaya* | Introduction |
| (छ). | सामान्य | *Saamaanya* | General |
| (ज). | मित्र | *Mitra* | Friend |
| (झ). | सर्वनाम | *Saarvnaam* | Pronoun |
| (ञ). | नमस्कार | *Namaskaar* | Greetings |
| (ट). | वर्णमाला | *Varnamaala* | Alphabet |
| (ठ). | उच्चारण | *Uchchaaran* | Pronunciation |
| (ड़). | ठीक | *Theek* | Fine |
| (ढ़). | धन्यवाद | *Dhanyawaad* | Thank you |
| (ण). | पहली बार | *Pahlee baar* | First time |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (त). | कृपया | *Kripyaa* | Please |
| (थ). | परिवार | *Parivaar* | Family |
| (द). | नहीं | *Naheen* | No |
| (ध). | मेरी | *Meree* | My |
| (न). | माँ | *Maan* | Mother |
| (प). | और | *Aur* | And |
| (फ). | बहन | *Bahan* | Sister |
| (ब). | भाई | *Bhaai* | Brother |
| (भ). | अभी | *Abhee* | Now |
| (म). | घर | *Ghar* | House |
| (य). | पसंद | *Pasand* | Choice |
| (र). | चाय | *Chaai* | Tea |
| (ल). | दादाजी | *Daadaajee* | Grandfather |

## आपने क्या सीखाः / *Aapne kyaa seekhaa:* / What have you learnt:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • किसी व्यक्ति, वस्तु, प्राणी या स्थान के नाम वाले शब्द को संज्ञा कहते हैं; | *Kisee vyakti, vastu, praanee yaa sthaan ke naam vaale shabd ko sangyaa kahte hain;* | A noun is a word that is used to name or identify a person, place, thing or creature; |
| • जो शब्द संज्ञा के स्थान पर आएं, वे सर्वनाम कहलाते हैं; | *Jo shabd Sangyaa ke sthaan par aayen, ve saavnaam kehlaate hein.* | A pronoun is a word that is used in a place of a noun; |
| • भारत में अभिवादन के अलग–अलग ढंग हैं; | *Bharat men abhivaadan ke alag-alag dhang hain.* | There are different ways of greetings in India; |
| • भारत में हर पारिवारिक संबंध के लिए नाम है। | *Bharat men har paarivaarik sambandh ke liye naam hai.* | In India, every familial relation has a name. |

## आइए, करके देखें / *Aaiye karke dekhen* / Let's do :

1 आपने इस पाठ में कई नए शब्द सीखे। पाठ में आए शब्दों का बार–बार उच्चारण करें और इंटरनेट पर इन शब्दों के प्रयोग देखें।

*Aapne is paath men kaee naye shabd seekhe. Paath men aaye shabdon ka baar-baar uchchaaran karen aur internet par in shabdon ke prayog dekhen.*

You have learnt many new words in this lesson. Pronounce these words frequently and look for usage of these words on internet.

2 आप अपने बारे में और क्या बातें बताना चाहेंगे? इंटरनेट की सहायता से पता लगाइए कि हिन्दी में आप इन बातों को कैसे कहेंगे।

*Aap apne baarey men aur kyaa baaten bataanaa chahange? Internet kee sahaayataa se pataa lagaaiye kee hindi men aap in baaton ko kaise kahenge.*

What other things would you like to tell about yourself. With the help of internet, find out how you will say these things in Hindi.

3. नीचे दिए शब्द पढ़िए: / *neeche diye shabd padhiye:* / Read the following words:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कमाल, कलम, कमर, कह | *Kamaal, kalam, kamar, kah.* | Amazing, pen, waist, say. |
| 2 | खाना, खाल, खाली, खबर | *Khaanaa, khaal, khaalee, khabar.* | Food, skin,empty, news. |
| 3 | गाना, गोल, गमला | *Gaanaa, gol, gamlaa.* | Song, round, flowerpot. |
| 4 | घर, घना, घास | *Ghar, ghanaa, ghaas.* | House, dense, grass. |
| 5 | चल, चढ़, चना | *Chal, chadh, chanaa.* | Walk, climb, gram. |
| 6 | जन, जान, जल | *Jan, jaan, jal.* | People, life, Water. |

## पाठांत प्रश्न / *Paathant Praashn* / Terminal Questions

1. नीचे दिए शब्दों में से सर्वनाम शब्दों को खोजिए और उन पर निशान लगाइए:

   *Neeche diye shabdon men se servanaam shabdon ko khojiye aur un par nishaan lagaaiye:*

   Find the pronouns from the following words and mark them:

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आप | हम | भारत | मैं | पिता | माँ |
| थोड़ी | देर | धन्यवाद | स्वागत | मुझे | माया |
| ब्राजील | हमें | ये | दादाजी | मेरी | तकलीफ |

2. नीचे दिए शब्दों में से संज्ञा शब्द पहचान कर समूह बनाइए:

   *Neeche diye shabdon men se sangyaa shabd pahachaan kar samooh banaaiye:*

   Identify nouns in the following words and classify as given below:

   और, एयरपोर्ट, चाचा, बाजार, गाय, हमारी, गीता, सैम, माया, घर, में, पिता, को, शेर, दादाजी

   - व्यक्ति :
   - स्थान :
   - प्राणी :

3. सही शब्द छाँटकर खाली स्थान भरिए:

   *Sahee shabd Chhaantkar khaalee jagah bhariye:*

   Fill in the blanks by choosing correct words:

   1. गीता, माया और सैम की ..................... है । (मित्र, माँ, बहन)
   2. दादाजी उन्हें ..........................पर मिले । (एयरपोर्ट, घर, बाजार)
   3. सैम के देश का नाम ..................... है। (भारत, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस)
   4. वेद गीता का ..........................है। (बहन, भाई, पिता)
   5. माँ–पिताजी और वेद .....................गए थे। (घर, स्कूल, बाजार)

4. नीचे दिए वाक्य पढ़िए और सही अथवा गलत का निशान लगाइए:
*Neeche diye gaye vaakya padhiye aur sahee athwa galat kaa nishaan lagaaiye:*
Read the following sentences and mark them right or wrong:

(1) मेरा नाम गीता हूँ। *Meraa naam Geeta hoon* ( )

(2) आप ठीक हैं । *Aap theek hain* ( )

(3) ये मेरे मित्र है। *Ye mere mitr hai* ( )

(4) वह घर पर नहीं है। *Vah ghar par naheen hai* ( )

(5) मैं भारत आया/आई हूँ। *Main bharat aaya/aayi hoon* ( )

(6) हम मित्र हूँ ।*Ham mitra hoon* ( )

## उत्तरमाला

'अपनी प्रगति जाँचें' में दिए प्रश्नों के उत्तर / *'Apnee pragati jaanchen' men diye prashanon ke uttar* /Answers of the question given under 'Check your progress'.

**1.1**

1.




2. (क). भाई, (ख). माँ, (ग). मित्र, (घ). दादाजी

3. (क). नानी, (ख). दादा, (ग). बुआ, (घ). चाचा, (ङ). मामा

**1.2** 1. (क). चाय 2. (ख). आप

2

# मेरा घर, गाँव, शहर और देश

## *Meraa Ghar, Gaaon, Shahar aur Desh*

## My Home, Village, City and Country

पिछले पाठ में सैम और माया गीता के घर पहुँचे और उसके परिवार से मिले। इस पाठ में सैम और माया गीता का घर देखेंगे। वे अपने गाँव, शहर, देश के बारे में सामान्य बातचीत करेंगे। आइए, आगे बढ़ते हैं।

*Pichhle paath men Sam aur Maya Geeta ke ghar pahunche aur uske pariwaar se mile. Is paath men Sam aur Maya Geeta ka ghar dekhenge. Ve apne gaaon, shahar, desh ke baare men saamaanya baatcheet karenge. Aaiye aage badhte hain.*

In the previous lesson, Sam and Maya reached at Geeta's house and met her family. In this lesson, Sam and Maya will have a tour of Geeta's home. They will have a general conversation about their village, city, country. Let's move forward.

## उद्देश्य / *Uddeshya* / Objectives

इस पाठ से हम सीखेंगे : / *Is paath se hum seekhenge :* / In this lesson we will learn:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • अपने बारे में जानकारी साझा करना; | *Apne baare men jaankaaree saajhaa karnaa;* | To share information about ourselves; |
| • आम बोलचाल के शब्दों का प्रयोग करना; | *Aam bolchaal ke shabdon kaa prayog karnaa;* | To use common words; |
| • संज्ञा, विशेषण शब्दों को सुनकर, पढ़कर, पहचानना और उनका अभ्यास करना; | *Sangyaa, visheshan shabdon ko sunkar, padhkar pahchaananaa aur unkaa abhyaas karnaa;* | To identify nouns, adjectives by reading and listening and use them; |
| • नए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करना; | *Naye shabdon kaa vaakyon men prayog karnaa;* | To make sentences using new words; |
| • चित्रों / दृश्यों के विभिन्न पहलुओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए अपने शब्दों में वर्णन करना। | *Chitron/drishyon ke vibhinna pahaluon kaa baareekee se avlokan karte hue apne shabdon men varnan karnaa.* | To describe different aspects of the pictures / visuals in own words while observing them closely. |

## कखग आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 2.1

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **गीता (सैम और माया से)**: आइए, आपको घर दिखाती हूँ। | ***Geeta (Sam aur Maya se):*** *Aaiye, Aapko ghar dikhaatee hoon.* | **Geeta (to Sam and Maya)**: Please Come, Let me show you the house. |
| **सैम**: हाँ, हमें भी आपका घर देखने की इच्छा है। चलो, देखते हैं। | ***Sam:*** *Haan, hamen bhee aapka ghar dekhne kee ichchaa hai. Chalo dekhte hain.* | **Sam**: Yes, we would also like to see your home. Let's see. |
| **गीता**: आओ चलें। यह हमारा रसोई घर है। | ***Geeta:*** *Aao chalen. Yah hamaar rasoighar hai.* | **Geeta**: Let's go. This is our kitchen. |
| **माया**: रसोई घर से बहुत अच्छी खुशबू आ रही है। | ***Maya****: Rasoi ghar se bahut achchi khushboo aa rahi hai.* | **Maya:** The kitchen smells great. |
| **वेद**: आलू की सब्जी और पूरी बन रही है। | ***Ved****: Aalu kee sabzee aur poori bana rahi hai.* | **Ved**: Potato curry and puri are being prepared. |
| **सैम**: हमारे लिए? | ***Sam****: Hamaare liye?* | **Sam**: For us? |
| **वेद**: जी हाँ! आपके लिए। | ***Ved:*** *Jee haan! Aapke liye* | **Ved**: Yes! For you. |
| **सैम**: यह कमरा किसका है? | ***Sam****: Yah kamraa kiska hai?* | **Sam**:Whose room is this? |
| **गीता** : यह दादाजी और वेद का कमरा है। इसके सामने मेरा कमरा है। | ***Geeta****: Yah Daadaajee aur Ved ka kamraa hai. Iske saamne meraa kamraa hai.* | **Geeta**: This is my grandfather's and Ved's room. My room is opposite to this. |
| **वेद** : यह माँ और पिताजी का कमरा है। | ***Ved****: Yah Maan aur Pitaajee ka kamraa hai.* | **Ved**: This is our parent's room. |

| fgUnh &noukxjh esa<br>**Hindi in Devnagri** | fgUnh &jkseu fyfi esa<br>**Hindi in Roman Script** | vaxzsth vuqokn<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **ek;k%** वाह! यह चित्र बहुत सुंदर है। | ***Maya**: Waah! yah chitra Bahut sunder hai.* | **Maya**: Wow, this painting is very beautiful. |
| **xhrk%** यह कांगड़ा चित्रकारी है। मेरी माँ को बहुत शौक है। | ***Geeta**: Yah kaangda chitrkaaree hai. Meree Maan ko bahut shauk hai.* | **Gita :** This is Kaangraa painting. My mother is very fond of it. |
| **osn %** यह हमारा पूजा कक्ष है। हम यहाँ सुबह– शाम पूजा करते हैं। | ***Ved :** Yah hamaaraa poojaa kaksh hai. Ham yahaan subaha-shaam poojaa karte hain.* | **Ved :** This is our pooja room. We worship here in the morning and in the evening. |
| **ek;k %** यहाँ बहुत शांति है। | ***Maya :** Yahaan bahut shaanti hai.* | **Maya:** It is very peaceful here. |
| **xhrk** (एक कोने की ओर संकेत करते हुए)**%** यह हमारा छोटा–सा पुस्तकालय है। | ***Geeta** (Ek kone kee or sanket karte hue) **:** Yah hamaaraa chhotaa-saa pustakaalya hai.* | **Geeta** (pointing towards a corner) **:** This is our small library. |
| **ek;k%** पुस्तकालय में ये किस तरह की पुस्तकें हैं? | ***Maya :** Pustkaalaya men ye kis tareh kee pustken hain?* | **Maya:** What kind of books you have in the library? |
| **osn %** इसमें मेरे स्कूल की पुस्तकों के साथ–साथ देश–विदेश के लेखकों की कुछ चुनी हुई पुस्तकें हैं। | ***Ved :** Ismen mere school kee pustakon ke saath-saath desh-videsh ke lekhakon kee kuchh chunee huee pustaken hain.* | **Ved :** It has my school books as well as some selected books by authors from India and abroad. |
| **xhrk %** अब छत पर चलते हैं। वहाँ हमारा छोटा–सा बगीचा है। | ***Geeta** Ab chhat par chalte hain. Vahaan hamara chhota sa bageecha hai.* | **Geeta** Let go to the terrace. We have a small garden there. |

| | | |
|---|---|---|
| **सैम:** वाह! तुम्हारा बगीचा बहुत सुंदर है। कितने सारे फूल खिले हैं! मेरा बगीचा भी ऐसा ही है। | ***Sam:*** *Vaah ! tumhaara bageechaa bahut sunder hai. Kitne saare phool khile hain! Meraa bageechaa bhi aisa hee hai.* | **Sam:** Wow ! Your garden is very beautiful. So many flowers are blooming ! My garden is similer to this one. |
| **माया:** तुम्हारा घर बहुत सुंदर है। | ***Maya:*** *Tumhaaraa ghar bahut sunder hai.* | **Maya:** Your house is very beautiful. |
| **वेद और गीता:** प्रशंसा के लिए धन्यवाद। | ***Ved aur Geeta:*** *Prashansaa ke liye dhanyawaad.* | **Ved and Geeta :** Thank you for the compliments. |

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apni Pragati jaanchen* / Check your progress- 2.1

1. दिए गए शब्दों में से संज्ञा शब्द छाँटकर उन पर घेरा लगाइए :

   *Diye gaye shabdon men se sangyaa shabd chhaantkar un par gheraa lagaaiye:*

   Select nouns from the given words and in circle them:

| | | | |
|---|---|---|---|
| आपका | वाह | देखो | मंदिर |
| वेद | बहुत | माया | गीता |

2. सही शब्द से रिक्त स्थान भरिए: / Sahi shabd se rikt sthaan bhariye: / Fill in the blanks with the correct word:

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पुस्तकें | मंदिर | शांति | बगीचा | रसोई |

1. हम ———————————— में पूजा करते हैं।
2. मंदिर में बहुत ————————————— है।
3. पुस्तकालय में बहुत सारी ————————— हैं।
4. आपका ————————————— सुन्दर है।
5. —————————— से बहुत अच्छी खुश्बू आ रही है।

## कखग आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 2.2

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **पिताजी** (आवाज लगाते हुए): आओ बच्चो, खाना तैयार है। | ***Pitaaji*** *(aawaaz lagaate hue): Aao bachchon, khaanaa taiyaar hai.* | **Father** (calling out) **:** Come children, the food is ready. |
| **गीता** (शौचालय की ओर संकेत करते हुए) : सैम और माया, आप वहाँ हाथ धो लीजिए। | ***Geeta*** *(shauchaalaya kee or sanket karte huye) : Sam aur Maya, aap vahaan haath dho leejiye.* | **Geeta** (pointing towards the toilet) **:** Sam and Maya, please wash your hands there. |
| **पिताजी** : मैं खाना लगाता हूँ। बच्चो! जल्दी आना।<br>*सभी मिल–जुलकर भोजन करते हैं।* | ***Pitaajee*** *: Main khaanaa lagaataa hoon. Bachcho, jaldi aanaa.*<br>*Sabhi miljulkar bhojan karte hain.* | **Dad :** I am serving food. Children, come quickly.<br>*All eats together.* |
| **माया:** आलू–पूरी बहुत स्वादिष्ट है। | ***Maya:*** *Aalo –Puri bahut swadisht hai.* | **Maya:** Aloo-Puri is very tasty. |
| **सैम:** हाँ, मुझे भी बहुत अच्छी लगी। | ***Sam:*** *Haan, mujhe bhee bahut achchee lagee.* | **Sam:** Yes, I loved it too. |
| **सैम और माया** : हमने पहली बार यह व्यंजन खाया है। | ***Sam aur Maya:*** *Hamne pahlee baar yah vyanjan khaayaa hai.* | **Sam and Maya:** We've had this dish for the first time. |
| **सैम** : हमारे गाँव में भी आलू बहुत होता है। | ***Sam:*** *Hamaare gaaon men bhi aaloo bahut hotaa hai.* | **Sam:** In our village too, plenty of potato is grown. |
| **पिताजी** : आपका गाँव कहाँ है? | ***Pitaajee:*** *Aapkaa gaaon kahaan hai?* | **Dad :** Where is your village? |
| **सैम:** मेरा गाँव सिडनी के पास है। | ***Sam:*** *Mera gaaon Sydney ke paas hai.* | **Sam :** My village is near to Sydney. |

| | | |
|---|---|---|
| **पिताजी**: आपके गाँव का क्या नाम है? | ***Pitaji:*** *Aapke gaaon kaa kyaa naam hai?* | **Dad:** What is the name of your village? |
| **सैम**: मेरे गाँव का नाम रोजहिल है। | ***Sam:*** *Mere gaaon kaa naam Rosehill hai.* | **Sam:** The name of my village is Rosehill. |
| **माया**: मैं तो ब्राजील की राजधानी ब्राजीलिया में ही रहती हूँ। वह आपके शहर दिल्ली जैसा ही है। | ***Maya:*** *Main to Brazil kee raajdhaani Braziliya men hee rahtee hoon. Wah aapke shahar Delhi jaisaa hee hai.* | **Maya:** I live in Brazilia, the capital of Brazil. It is same as your city Delhi. |

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 2.2

1. नीचे दिए गए चित्रों की पहचान कीजिए और उन जगहों के नाम बताइए:

   *Neeche diye gaye chitron kee pahchaan keejiye aur un jagahon ke naam bataaiye:*

   Identify the pictures given below and name the places:

(क) 

______________

(ख) 

______________

(ग) 

______________

(घ) 

______________

2. दिए गए शब्दों में से सही शब्द खोजकर रिक्त स्थान भरिए।

Diye gaye shabdon men se sahee shabd khojkar rikt sthaan bhariye.

Fill in the blanks by choosing the correct word from the given words.

| | |
|---|---|
| रसोईघर | फूल |
| पुस्तकालय | नमस्कार |

कं) किसी से मिलने पर ————————————करते हैं।

ख) आप खाना ———————————————————— में बनाते हैं।

ग) पुस्तकें ———————————————————— में रखी हैं।

घ) बगीचे में ————————————————खिले हैं।

## नए शब्द सीखें / *Naye shabd seekhen* / Learn new words:

| हिंदी–देवनागरी में | हिंदी–रोमन लिपि में | अंग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|
| (क) उद्देश्य | *Uddeshya* | Objectives |
| (ख) साझा | *Saajha* | To share |
| (ग) अलग | *Alag* | Different |
| (घ) प्राप्त | *Praapt* | Achieved |
| (ङ) हिस्से | *Hisse* | Parts |
| (च) परिचय | *Parichaya* | Introduction |
| (छ) संज्ञा | *Sangyaa* | Noun |
| (ज) विशेषण | *Visheshan* | Adjective |
| (झ) पहचानना | *Pahchaananaa* | To identify |
| (ञ) अभ्यास | *Abhyaas* | Practice |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (ट) | विभिन्न | *Vibhinna* | Various |
| (ठ) | चित्र / दृश्य | *Chitra/drishya* | Picture/Visuals |
| (ड) | बारीकी से | *Baareekee se* | Minutely |
| (ढ) | पहलू | *Pahlu* | Aspects |
| (ण) | बगीचा | *Bageechaa* | Garden |
| (त) | रसोई | *Rasoi* | Kitchen |
| (थ) | खाना | *Khaanaa* | Food |
| (द) | आलू की सब्ज़ी | *Aaloo ki sabjee* | Potato curry |
| (ध) | पूरी | *Pooree* | Deep fried bread |
| (न) | कमरा | *Kamaraa* | Room |
| (प) | सीखना | *Seekhnaa* | To learn |
| (फ) | सुबह | *Subah* | Morning |
| (ब) | शाम | *Shaam* | Evening |
| (भ) | फूल | *Phool* | Flower |
| (म) | सुंदर | *Sundar* | Beautiful |
| (य) | तैयार | *Taiyaar* | Ready |
| (र) | शौचालय | *Shauchaalay* | Toilet |
| (ल) | हाथ धोना | *Haath dhona* | To wash hands |
| (व) | सभी | *Sabhee* | All |
| (श) | मिल जुल कर | *Miljulkar* | Together |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

1) जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेषण कहते हैं, जैसे – कमरा सुंदर है। इस वाक्य में 'सुंदर' शब्द कमरे की विशेषता बता रहा है, इसलिए 'सुंदर' विशेषण शब्द है।

   *Jo shabd sangyaa yaa sarvnaam kee visheshtaa bataate hain, unhen visheshan kehte hain, jaise - Kamraa sundar hai.*

   *Is vaakya men 'sundar' shabd kamare kee visheshtaa bataa rahaa hai, isliye 'sundar' visheshan shabd hai.*

   The words which describe the characteristics of a noun or pronoun are called adjectives, such as - The room is beautiful.

   In this sentence, the word 'beautiful' is describing the quality of the room, hence 'beautiful' is an adjective word.

## आपने क्या सीखा:/ *Aapne kyaa seekhaa:* / What have you learnt:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • रसोई घर, पुस्तकालय, पूजा कक्ष, आदि घर के अलग–अलग हिस्सों के नाम हैं; | *Rasoighar, pustakaalya, pooja kaksh aadi. Ghar ke alag-alag hisson ke naam hain;* | Kitchen, library, pooja kaksh etc. are the names of the different parts of house; |
| • किसी व्यक्ति, वस्तु, प्राणी या स्थान के नाम वाले शब्द को संज्ञा कहते हैं; | *Kisee vyakti, vastu, praani yaa sthaan ke naam vaale shabd ko sangyaa kahte hain;* | A noun is a word that is used to name or identify a person, place, thing or creature; |
| • संज्ञा के स्थान पर आने वाले शब्द को सर्वनाम कहते हैं; | *Sangyaa ke sthaan par aane waale shabd ko sarvnaam kahte hain;* | A pronoun is a word that is used in place of a noun; |

| | | |
|---|---|---|
| • संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। | *Sangyaa aur sarvnaam kee visheshtaa bataane waale shabd visheshan kahlaate hain.* | The words which describe the characteristics of a noun or pronoun are called adjectives. |

## पाठांत प्रश्न / *Paathant Prashn* / Terminal Questions

1. दिए गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

   *Diye gaye shabdon ka vaakya main prayog kijiye :*

   Use the given words in sentence :

   1. बगीचा – यह बगीचा सुंदर है।
   2. पसन्द –
   3. सुबह –
   4. शाम –
   5. मिल–जुलकर –

2. दिए गए वाक्यों में संज्ञा शब्दों को पहचानकर उन पर घेरा लगाइए :

   *Diye gaye vaakyon men sangyaa shabdon ko pahchaankar un par gheraa lagaaiye:*

   In the given sentences identify the noun and circle them :

   1. कितने सारे फूल खिले हैं! मेरा बगीचा भी ऐसा ही है।
   2. यह मेरा कमरा है।
   3. ब्राजीलिया ब्राजील की राजधानी है।
   4. रसोई में पिताजी क्या बना रहे हैं?

3. पाठ के आधार पर सही विशेषण पर घेरा लगाइए।

   *Paath ke aadhaar par sahee visheshan par gheraa lagaaiye.*

On the basis of the lesson, circle the appropriate adjective.

1. कमरा कैसा है? बड़ा/गीला
2. बगीचा कैसा है? पीला/हरा–भरा
3. फूल कैसे हैं? सूखे/सुंदर
4. भोजन कैसा है? स्वादिष्ट/सुंदर
5. ऑस्ट्रेलिया कैसा देश है? बड़ा/छोटा
6. बच्चे कैसे हैं? अच्छे/कच्चे
7. रसोई कैसी थी? बड़ी/छोटी
8. मेरे गाँव में कैसे घर हैं। बड़े/छोटे
9. पुस्तकालय में कितनी पुस्तकें हैं? अधिक/सुन्दर?
10. रसोई कैसी है? स्वादिष्ट/साफ–सुथरी?

4. मिलान करिए / *Milaan kariye* / Match the following:

| | |
|---|---|
| (क).  | पायदान |
| (ख).  | बर्तन |
| (ग).  | सोफा |
| (घ).  | पंखा |
| (ङ).  | दीवार |
| (च).   | खिड़की |
| (छ).  | सीढ़ियां |

5. शब्दों का मिलान करते हुए वाक्य बनाइए,

*Shabdon kaa milaan karte hue vaakya banaaiye:.*

Form sentences by matching words :

जैसे – पिताजी ने खाना खिलाया।

| | | |
|---|---|---|
| पिताजी | | खाना खिलाया |
| सैम | | बगीचा देखा। |
| गीता | ने | घर दिखाया। |
| बच्चों | | मिलजुलकर खाना खाया। |
| वेद | | पुस्तकालय दिखाया। |

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

Nimnalikhit prashnon ke uttar deejiye.

Answer the following questions.

1. वेद ने सैम और माया को क्या दिखाया?
2. पिताजी ने बच्चों को क्यों बुलाया?
3. सैम के गाँव का क्या नाम है?
4. माया किस देश की है?
5. बच्चों ने क्या खाया?
6. गीता उन्हें क्या दिखाने ले गई?

## आइए, करके देखें / *Aaiye karke dekhen* / Let's do :

1. इंटरनेट पर खोजें कि भारतीय घरों के अन्य हिस्सों को सामान्यतया क्या कहा जाता है।

   *Internet par khojen ki Bhaarteeye gharon ke anya hisson ko saamaanyatayaa kyaa kahaa jaata hai.*

   Search on internet to find out what other parts of Indian homes are called in general.

2. इंटरनेट पर खोजकर देखें कि भारतीय अपने घर को किस प्रकार सजाते हैं।

   *Internet par khojkar dekhen ki Bhaarteeye apane gharon ko kis prakaar sajaate hain.*

   Search on internet to find out how Indians decorate their homes.

## उत्तरमाला

'अपनी प्रगति जाँचें' में दिए प्रश्नों के उत्तर / *'Apnee pragati jaanchen' men diye prashanon ke uttar* /Answers of the question given under 'Check your progress'.

**2.1**

1. वेद, माया, मंदिर, गीता

2. 1. मंदिर 2. शांति 3. पुस्तकें 4. बगीचा 5. रसोई

**2.2**

1. (क). रसोई (ख). कमरा (ग). बगीचा (घ). शौचालय

2. 1. नमस्कार 2. रसोई घर 3. पुस्तकालय 4. फूल

# 3

# ऋतुएँ, वस्त्र, भोजन

## *Rituen, Vastra, Bhojan*

## Seasons, Clothes, Food

पिछले पाठों में, सैम और माया गीता के परिवार से मिले और उनके साथ बातचीत की। उन्होंने गीता का घर देखा और स्वादिष्ट भोजन किया। इस पाठ में सैम और माया, गीता के साथ भारत की ऋतुओं, वेशभूषा और व्यंजनों पर बात करेंगे। चलिए, हम भी इस बातचीत में शामिल होते हैं।

*Pichhle paathon men, Sam aur Maya Geeta ke pariwaar se mile aur baatcheet kee. Unhone Geeta kaa ghar dekhaa aur swaadisht bhojan kiyaa. Is paath men Sam aur Maya, Geeta ke saath Bharat ki rituon, veshbhooshaa aur vyanjanon par baat karenge. Chaliye, hum bhee is baatcheet men shaamil hote hain.*

In the previous lessons, Sam and Maya have met Geeta's family and interacted with them. They had a tour of Geeta's house, had a delicious meal. In this lesson, Sam and Maya will have a conversation with Geeta about seasons, costumes and cuisines of India. Let's join this conversation.

## उद्देश्य / *Uddeshya* / Objectives

इस पाठ से हम सीखेंगे : / *Is paath se hum seekhenge :* / In this lesson we will learn:

| हिन्दी –देवनागरी में Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में Hindi in Roman Script | अँग्रेज़ी अनुवाद English Translation |
|---|---|---|
| • भारत की ऋतुओं और वस्त्रों की जानकारी प्राप्त करना; | *Bhaarat kee rituon aur vastron kee jaanakaaree praapt karnaa;* | To know about the seasons and costumes of India; |
| • भारत के लोकप्रिय व्यंजनों के बारे में प्रश्न पूछना और अपने विचार साझा करना; | *Bharat ke lokpriya vyanjanon ke baare men prashn poochanaa aur apne vichaar saajhaa karnaa;* | To ask questions and give views about popular dishes of India; |
| • क्रिया शब्दों की पहचान और प्रयोग करना; | *Kriyaa shabdon kee pahchaan aur prayog karnaa;* | To identify and use verbs; |
| • मुख्य विराम चिह्नों की पहचान और प्रयोग करना। | *Mukhya viraam chinhon ki pehchaan aur prayog karnaa.* | To identify and use of key punctuation marks. |

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 3.1

सैम और माया, गीता से मिलते हैं।

*Sam aur Maya Geeta se milte hain.*

Sam and Maya meet Geeta.

## ऋतुएँ, वस्त्र, भोजन

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **सैम और माया:** नमस्ते गीता! | ***Sam aur Maya :*** *Namaste Geeta!* | **Sam and Maya :** Hello Geeta ! |
| **सैम** : आज बहुत गर्मी है। | ***Sam:*** *Aaj bahut garmee hai.* | **Sam:** Its very hot today. |
| **गीता:** हाँ सैम, दिल्ली में अप्रैल से जून तक बहुत गर्मी पड़ती है । | ***Geeta:*** *Haan Sam, Delhi men April se June tak bahut garmee padtee hai.* | **Geeta:** Yes Sam, its very hot in Delhi from April to June. |
| **सैम:** ऑस्ट्रेलिया में इस समय वसंत ऋतु होती है। | ***Sam:*** *Australia mein is samay vasant ritu hotee hai.* | **Sam:** It is spring in Australia at this time. |
| **माया:** ब्राजील में ज्यादातर गर्मी रहती है। | ***Maya:*** *Brazil men zyaadaatar garmee rahtee hai.* | **Maya:** It's mostly hot in Brazil. |
| **माया:** गीता ! मैंने सुना है कि भारत में बहुत–सी ऋतुएँ होती हैं । | ***Maya:*** *Geeta ! maine sunaa hai kee Bharat men bahut see rituein hotee hain.* | **Maya:** Geeta ! I have heard that there are many seasons in India. |
| **गीता:** हाँ माया, तुमने ठीक सुना है। भारत में मुख्य रूप से छह ऋतुएँ होती हैं। इसलिए भारत को ऋतुओं का देश कहते हैं। | ***Geeta:*** *Haan Maaya, tumne theek sunaa hai. Bharat men mukhya roop se chhah rituein hotee hain. Isliye Bharat ko rituon kaa desh kahate hain.* | **Geeta:** Yes Maya, you heard right. There are mainly six seasons in India. That's why India is called the country of seasons. |
| **सैम:** हाँ–हाँ गीता, मैंने भी इंटरनेट पर पढ़ा है कि भारत ऋतुओं का देश है । | ***Sam:*** *Haan–haan Geeta, maine bhee internet per padhaa hai kee Bharat rituon kaa desh hai.* | **Sam:** Yes Geeta, I have also read on internet that India is a country of seasons. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **माया** : छह ऋतुएँ ! गीता तुम्हें बहुत मजा आता होगा ना ? | ***Maya :*** *Chhah rituen! Geeta, tumhen bahut mazaa aataa hogaa naa?* | **Maya :** Six seasons! Geeta, you must be enjoying it a lot? |
| **गीता** : हाँ, मज़ा तो आता है, साथ ही भारत के हर राज्य के व्यंजन, वेशभूषा भी बहुत खास हैं। | ***Geeta :*** *Haan, mazaa to aataa hai, saath hee Bharat ke har raajya ke vyanjan, veshbhoosha bhee bahut khaas hain.* | **Geeta :** Yes, it is definitely fun. Apart from this, cuisines, clothes of each state of india are very special. |
| **गीता** : हाँ सैम, भारत का हर राज्य अपने आप में बहुत खास है। | ***Geeta :*** *Haan Sam, Bharat kaa har Raajya apne aap men bahut khaas hai.* | **Geeta :** Yes Sam, each and every state of India is unique in itself. |
| **सैम** : गीता, तुम हमें भारत के बारे में और भी बताओ। हमें सुनकर बहुत आनंद आ रहा है । | ***Sam :*** *Geeta, tum hamen Bhaarat ke baare men our bhee bataao. Hamen sunkar bahut aanand aa raha hai.* | **Sam :** Geeta, tell us more about India. We are enjoying listening to you. |
| **गीता** : चलो, मैं भारत की ऋतुओं, वस्त्रों और भोजन आदि के बारे में बताती हूँ । | ***Geeta :*** *Chalo main Bharat ki rituon, veshbhooshaa aur bhojan aadi ke baare men bataati hoon.* | **Geeta :** Let me tell you about the seasons, costumes and food of India. |
| **माया** : सबसे पहले यह बताओ कि भारत में छह ऋतुएँ कौन–कौन सी होती हैं । | ***Maaya :*** *Sabase pahale yah bataao ki Bharat men chhah rituein kaun-kaun see hotee hain.* | **Maya :** First of all tell us about the six seasons in India. |

## ऋतुएँ, वस्त्र, भोजन

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **गीता** : भारत की छह ऋतुएँ हैं– वसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत और शिशिर । | ***Geeta :*** *Bharat kee chhah ritueun hain-Vasant, Greeshm, Varshaa, Sharad, Hemant aur Shishir.* | **Gita:** The six seasons of India are - spring, summer, rain, autumn, pre winter and winter |
| **सैम**: गीता, तुम्हें कौन–सी ऋतु सबसे अच्छी लगती है? | ***Sam:*** *Geeta, tumhen kaun-see ritu sabase achchhee lagatee hai?* | **Sam:** Geeta, which season do you like the most? |













| | | |
|---|---|---|
| **गीता**: ये सभी ऋतुएँ अच्छी हैं। गर्मी में हम आम, लीची आदि का आनंद लेते हैं और सर्दी में अमरूद, अन्नानास आदि का। | ***Geeta****: Ye sabhee rituen achchhee hain. Garmee men hum Aam, litchi aadi kaa aanand lete hain aur Sardee men Amrood, annaanaas aadi ka.* | **Geeta:** All these seasons are good. In summer, we enjoy mangoes litchi etc. and in winters we enjoy guava, pineapple etc. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **माया:** अरे वाह! ब्राजील में हम संतरा बहुत पसंद करते हैं। | ***Maya:*** *Arey vaah! Brazil men hum santraa bahut pasand karte hain.* | **Maya:** Oh wow! In Brazil we like oranges a lot. |
| **सैम:** ऑस्ट्रेलिया में अंगूर, संतरा और कीनू जैसे फल भी बहुत होते हैं। मुझे कीनू खाना बहुत अच्छा लगता है। | ***Sam:*** *Australia men Angoor, Santraa, aur Keenoo jaise phal bahut hote hain. Mujhe to Keenoo khaanaa bahut achchaa lagtaa hai.* | **Sam:** Many fruits like grapes, oranges and tangerines are grown in Australia. I love tangerines. |
| **माया:** पर आम तो हम भारत के ही खाते हैं। | ***Maya:*** *Par Aam to hum Bharat ke hee khaate hain.* | **Maya :** But we eat Indian mangoes only. |
| **गीता** : हाँ, भारत के आम विश्व भर में प्रसिद्ध हैं। | ***Geeta :*** *Haan, Bharat ke Aam vishwa bhar men prasiddh hain.* | **Gita :** Yes, Indian mangoes are famous all over the world. |
| **सैम** : ऋतु के अनुसार लोग कैसे वस्त्र पहनते हैं ? | ***Sam :*** *Ritu ke anusaar log kaise vastra pahante hain?* | **Sam :** What kind of clothes people wear according to the season? |
| **गीता** : गर्मी में हम ज्यादातर सूती कपड़े पहनते हैं । सर्दी में तरह–तरह के ऊनी, रेशमी कपड़े पहनते हैं । | ***Geeta :*** *Garmee men hum zyaadaatar sootee kapade pahanate hain. Sardee men tarah-tarah ke oonee, reshamee kapade pahanate hain.* | **Geeta :** In summer we mostly wear cotton clothes. In winter we wear different types of woolen, silk clothes. |
| **माया** : सूती कपड़े तो मेरे देश में भी प्रचलित हैं। | ***Maya :*** *Sootee kapade to mere desh mein bhee prachalit hain.* | **Maya :** Cotton clothes are popular in my country too. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **सैम** : मैंने पढ़ा है कि भारत हमेशा से अपने कपड़ों के बारे में जाना जाता रहा है। | ***Sam:*** *Maine padhaa hai kee Bharat hameshaa se apne kapdon ke baare men jaanaa jaataa raahaa hai.* | **Sam :** I have read that India has always been known for its textiles. |
| **गीता** : हर देश की ऋतुएँ, भोजन, कपडे अपने आप में खास होते हैं । | ***Geeta :*** *Har desh kee rituein, bhojan, kapde apne aap men khaas hote hain.* | **Gita :** Seasons, food, costumes of every country are unique in themselves. |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

- भारत विश्व भर में आम का सबसे बड़ा उत्पादक देश है।

  *Bharat vishwa bhar men Aam kaa sabse badaa utpaadak desh hai.*

  India is the largest producer of mangoes in the world.

- **क्रिया** : खाना, सोना, हँसना, रोना, खेलना, पढना आदि क्रिया शब्द हैं । किसी काम के करने या होने को क्रिया कहते हैं।

  ***Kriya :*** *Khaanaa, sonaa, hansnaa, ronaa, khelnaa, padhnaa aadi kriyaa shabd hain. Kisee kaam ke karne yaa hone ko kriyaa kahte hain.*

  Eating, sleeping, laughing, crying, playing, reading are verbs. The state of being done or being is colled verb.

- **विराम** का अर्थ है ठहराव या रुकना। वाक्य लिखते समय विराम को प्रकट करने के लिए लगाए जाने वाले चिह्न को विराम चिह्न कहते हैं।

***Viraam*** *kaa arth hai thahraav yaa rukanaa. Vaakya likhte samay viraam ko prakat karne ke liye lagaaye jaane waale chihno ko viraam chihn kahte hain.*

Viram means stop or pause. The ponctuation marks to indicate pause or stop in sentences, are called 'Viraam' Chihna.

नीचे दिए गए विराम चिह्नों को जानिए:

*Neeche diye gaye viraam chihno ko jaaniye*

Recognize the punctuation marks given below:

- [,] इसे ***अर्ध विराम*** कहते हैं। इसका प्रयोग वाक्य के बीच में थोड़ा रुकने के लिए किया जाता है।

  [,] Ise ***ardh viraam*** *kahte hain. Iskaa prayog vaakya ke beech men thodaa rukne ke liye kiyaa jaataa hai.*

  [,] This sign is called ***ardh viraam (comma)***. It is used in between the sentence where we want a smaller break.

- [।] इसे ***पूर्ण विराम*** कहते हैं। इसका प्रयोग वाक्य के अंत में किया जाता है।

  [।] *Ise* ***poorn viraam*** *kahte hain. Iskaa prayog vaakya ke ant men kiyaa jaataa hai.*

  [।] This symbol is called ***poorn viraam (Full stop)***. It is used at the end of the sentence.

- [!] इसे ***विस्मयादिबोधक चिह्न*** कहते हैं । आश्चर्य, शोक, खुशी के भावों को व्यक्त करने के लिए इस चिह्न का प्रयोग होता है।

  [!] *Ise* ***vismayaadibodhak chihn*** *kahte hain. Aashcharya, shok, khushee ke bhaavon ko vyakt karne ke liye is chihn kaa prayog hotaa hai.*

  [!] This is ***vismayaadibodha chihn (exclamations marks)***. It is used to express surprise, sorrow, happiness, etc. in the sentences.

- [?] इसे ***प्रश्नवाचक चिन्ह*** कहते हैं। किसी से प्रश्न पूछने पर वाक्य के अंत में इसका प्रयोग होता है।

? *Ise **prashnvaachak chihn** kahte hain. Kisee se prashn poochne par vaakya ke ant men iskaa prayog hotaa hai.*

? This symbol is called ***prashnvaachak chihn (Question mark).*** It is used at the end of interrogative sentences.

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 3.1

1. नीचे दी गई तालिका में से उपयुक्त शब्द छाँटकर सही स्थान पर लिखिए:

   *Neeche dee gayee taalikaa men se upyukt shabd chhaantkar sahee sthaan par likhiye:*

   Choose the appropriate word from the table given below and write it in the correct place:

| | | | |
|---|---|---|---|
| खाना | जानना | उगता | पहनना |

(क) मुझे आम ..................................... बहुत पसंद है।

(ख) भारत में गर्मी में सूती कपड़े ..................................... पसंद किया जाता है।

(ग) ऑस्ट्रेलिया में कीनू ..................................... है।

(घ) हम भारत के बारे में ..................................... चाहते हैं।

2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में दीजिए –

   *Neeche diye gaye prashnon ke uttar ek shabd men deejiye -*

   Answer the following questions in one word -

(क) क्या सैम और गीता एक–दूसरे को पहले से जानते थे ?

(ख) कौन से मौसम में कौन से कपड़े पहनते हैं ? यह किसने पूछा था ?

(ग) किसने गीता से ऋतुओं के बारे में पूछा ?

3) मिलान कीजिए / *Milaan keejiye* / Match the following

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ऊनी कपड़े | ऑस्ट्रेलिया |
| 2. | सूती कपड़े | शरद ऋतु |
| 3. | गन्ना | ब्राजील |
| 4. | कीनू | ग्रीष्म ऋतु |

## नए शब्द सीखें / *Naye shabd seekhein* / Learn new words:

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (क). | नमस्ते | *Namaste* | Hello |
| (ख). | गर्मी | *Garmee* | Hot |
| (ग). | सुना | *Sunaa* | Heard |
| (घ). | ऋतुएँ | *Rituen* | Seasons |
| (ङ). | अलग | *Alag* | Different |
| (च). | आनंद | *Aanand* | Enjoy |
| (छ). | ग्रीष्म | *Greeshm* | Summer |
| (ज). | वर्षा | *Varshaa* | Rainy |
| (झ). | शरद | *Sharad* | Autumn |
| (ञ). | हेमंत | *Hemant* | Pre-winter |
| (ट). | शिशिर | *Shishir* | Winter |
| (ठ). | वसंत | *Vasant* | Spring |

## ऋतुएँ, वस्त्र, भोजन

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (ड). | गन्ना | *Ganna* | Sugercane |
| (ढ). | अंगूर | *Angoor* | Grapes |
| (ण). | संतरा | *Santraa* | Orange |
| (त). | कीनू | *Keenu* | Tangerines |
| (थ). | सूती कपड़े | *Sootee kapde* | Cotton Clothes |
| (द). | ऊनी कपड़े | *Oonee Kapde* | Woollen clothes |
| (ध). | खास | *Khaas* | Unique |

## आपने क्या सीखा: / *Aapne kyaa seekha:* / What have you learnt:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • भारत ऋतुओं का देश है; | *Bhaarat rituon ka desh hai;* | India is the country of seasons; |
| • हर देश की ऋतुएँ, भोजन, वस्त्र अपने आप में खास हैं; | *Har desh kee rituen, bhojan, vastra apne aap men khaas hotee hain;* | The seasons, food, clothes of every country are special in themselves; |
| • भारत विश्व में आम का सबसे बड़ा उत्पादक देश है; | *Bharat vishwa men Aam kaa sabse badaa utpaadak desh hai;* | India is the largest producer of mangoes in the world; |
| • भाषा बोलते हुए विराम चिह्नों का ध्यान रखा जाना चाहिए। | *Bhashaa bolte huye viraam chihnon kaa dhyaan rakhaa jaanaa chaahiye.* | While speaking, punctuation marks must be taken care of. |

## पाठांत प्रश्न / *Paathant Prashn* / Terminal Questions

1. 'क्या' और 'किसे' लगा कर प्रश्न बनाइए।

   *Kyaa aur kise lagaa kar prashn banaaiye.*

   Frame questions using 'Kya' and 'Kise'.

   जैसे – क्या तुम हिंदी बोल सकती हो?

   क. क्या ........................................................................................................ ?

   ख. किसे ........................................................................................................ ?

   ग. क्या ........................................................................................................ ?

   घ. किसे ........................................................................................................ ?

2. 'अरे' लगा कर वाक्य बनाइए:

   *'Arey' lagaa kar vaaky banaaiye.*

   Frame sentences using 'arey'.

   जैसे – अरे वाह! गीता तुम्हें कितना मजा आता होगा ना।

   क. अरे ........................................................................................................ ।

   ख. अरे ........................................................................................................ ।

3. पाठ के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर कुछ शब्दों में दीजिए :

   *Paath ke aadhaar par neeche diye gaye prashnon ke uttar kuchh shabdon men deejiye :*

   Based on the lesson, answer the following questions in few words:

   क. भारत में कितनी ऋतुएँ होती हैं ?

   ........................................................................................................................

   ख. गर्मी और सर्दी में कौन से कपड़े पहने जाते हैं ?

   ........................................................................................................................

ग. गर्मी के मौसम में भारत में कौन–सा फल मिलता है ?

..........................................................................................................................................

घ. सर्दी में भारत में किससे बनी चीजें मिलती हैं ?

..........................................................................................................................................

ङ. माया ने अपने देश के बारे में क्या बताया ?

..........................................................................................................................................

4. दिए गए वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाइए:

*Diye gaye vaakyon men ucchit Viraam chihn lagaaiye:*

Add appropriate punctuation marks in the following sentences:

(क). गीता हाँ माया तुमने ठीक सुना है भारत में मौसम बदलते रहते हैं इसलिए भारत को ऋतुओं का देश कहते हैं

(ख). गीता सैम माया क्या तुम्हें पता है भारत में छह (6) ऋतुएँ होती हैं वसंत ऋतु ग्रीष्म ऋतु वर्षा ऋतु शरद ऋतु हेमंत ऋतु शीत ऋतु

(ग). ऑस्ट्रेलिया में सभी प्रकार का अनाज जैसे गेहूं चावल मक्का तो उगता ही है साथ ही साथ अंगूर संतरा कीनू जैसे फल भी बहुत होते हैं मुझे कीनू बहुत अच्छा लगता है

## आइए, करके देखें / *Aaiye karke dekhen* / Let's do :

- भारत के प्रमुख फलों, अनाजों, व्यंजनों के बारे में जानकारी एकत्र कीजिए।

  *Bharat ke pramukh falon, anaajon, vyanjanon ke baare men jaankaaree ekatra keejiye.*

  Collect information about main Indian fruits, grains, cuisines.

## उत्तरमाला

'अपनी प्रगति जाँचें' में दिए प्रश्नों के उत्तर / *'Apnee pragati jaanchen' men diye prashanon ke uttar* / Answers of the question given under 'Check your progress'.

**3.1**

1. (क) खाना (ख) पहनना

   (ग) उगता (घ) जानना

2. (क) हाँ (ख) सैम (ग) माया

3. (क) ऊनी कपड़े – शरद ऋतु

   (ख) सूती कपड़े – ग्रीष्म ऋतु

   (ग) गन्ना – ब्राजील

   (घ) कीनू – ऑस्ट्रेलिया

# 4

# पड़ोसियों से बातचीत

## *Padosiyon se baatcheet*

## Conversation with Neighbours

पिछले पाठ में सैम और माया भारत की ऋतुओं और भोजन आदि के बारे में जानकारी प्राप्त कर चुके हैं। इस पाठ में सैम और माया गीता के पड़ोसियों से मिलेंगे। क्या आप भी उनसे मिलना चाहेंगे? आइए, उनसे मिलते हैं–

*Pichhle paath men Sam aur Maya Bharat kee rituon aur bhojan ke baare men jaankaaree praapt kar chuke hain. Is paath men Sam aur Maya Geeta ke padosiyon se milenge. Kyaa aap bhee unse milnaa chaahenge? aaiye unse milte hain.*

In the previous lesson, Sam and Maya learn about the seasons and food of India. In this lesson Sam and Maya visit Geeta's neighbours. Would you like to meet them too? Come, let's meet them.

## उद्देश्य / *Uddeshya* / Objectives

इस पाठ से हम सीखेंगे : / *Is paath se hum seekhenge :* / In this lesson we will learn:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेज़ी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| • औपचारिक स्थितियों में सामान्य बातचीत करना; | *Aupchaarik sthtiyon men saamaanya baatcheet karnaa;* | Conversation is a formal context; |
| • अपनी आम दिनचर्या साझा करना; | *Apni aam dincharya saajhaa karnaa;* | To share your daily routine; |
| • सप्ताह के दिनों के नाम और अपनी बातचीत में प्रयोग करना; | *Saptah ke dinon ke naam aur aapnee baatcheet men prayog karnaa;* | To know and use the Hindi names of the weekdays in conversation; |
| • आस–पास होने वाली गतिविधियों / घटनाओं और विभिन्न स्थितियों में हुए अपने अनुभवों को बताते हुए बातचीत करना; | *Aas-paas hone waali gatividhiyon / ghatnaaon aur vibhinn sthitiyon men hue apne anubhavon ko bataate hue baatcheet karnaa;* | To talk about various activities/events around you and your experiences in different situations and ask questions. |
| • प्रश्नवाचक शब्दों की पहचान और उनका प्रयोग करना। | *Prashnvachak shabdon kee pahchan aur unkaa prayog karnaa.* | to identify interrogative words and use them. |

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 4.1

सैम और माया गीता के साथ शाम को पार्क में घूमने गए हैं। वहाँ गीता के पड़ोसी मोहन, सीमा और रश्मि मिलते हैं। गीता उन सबसे सैम और माया का परिचय कराती है।

*Sam aur Maya Geeta ke saath shaam ko paark men ghoomne gaye hain. Vahaan Geeta ke padosee Mohan, Seema aur Rashmi milte hain. Geeta un sabse Sam aur Maya kaa parichaya karaatee hai.*

Sam and Maya went for a walk in the park with Geeta in the evening. They met Geeta's neighbours Mohan, Seema and Rashmi there. Geeta introduces Sam and Maya to all of them.



| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **गीताः** नमस्ते अंकल! नमस्ते आंटी! | ***Geeta :*** *Namaste uncle! Namaste Aunty!* | **Geeta:** Namaste, uncle! Namaste aunty! |
| **मोहनः** नमस्ते गीता ! कैसी हो? | ***Mohan :*** *Namaste Geeta! kaisee ho?* | **Mohan:** Namaste Geeta! How are you? |
| **गीताः** मैं ठीक हूँ। ये मेरे मित्र हैं। ये विदेश से आए हैं। | ***Geeta:*** *Main theek hoon. Ye mere mitra hain. Ye videsh se aaye hain.* | **Geeta:** I am fine. These are my friends. They have come from abroad. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **गीता:** सैम और माया, ये मोहन अंकल हैं। ये सीमा और रश्मि आंटी हैं। | ***Geeta :*** *Sam aur Maya, ye Mohan uncle hain, ye Seema aur Rashmi aunty hain.* | **Geeta:** Sam and Maya, he is uncle Mohan and they are Seema aunty and Rashmi aunty. |
| **सैम:** नमस्ते मोहन जी। नमस्ते सीमा जी। नमस्ते रश्मि जी। | ***Sam:*** *Namaste Mohan jee. Namaste Seema jee, Namaste Rashmi jee.* | **Sam:** Namaste, Mr. Mohan. Namaste, Ms. Seema. Namaste, Ms. Rashmi. |
| **माया:** आप सभी को मेरा भी नमस्कार। | ***Maya :*** *Aap sabhee ko mera bhee namaskaar.* | **Maya:** My greetings to all of you too. |
| **मोहन:** आप किस देश से आए हैं ? | ***Mohan*** *: Aap kis desh se aaye hain?* | **Mohan:** Which country have you come from? |
| **माया:** मैं ब्राज़ील से आई हूँ। | ***Maya :*** *Main Brazil se aayi hoon .* | **Maya :** I have come from Brazil. |
| **सैम** : मैं ऑस्ट्रेलिया से आया हूँ। | ***Sam :*** *Mein Australia se aayaa hoon.* | **Sam :** I have come from Australia. |
| **रश्मि** : अच्छा! मेरा बेटा भी ऑस्ट्रेलिया में रहता है। | ***Rashmi :*** *Achchaa! Meraa betaa bhee Australia mein rahtaa hai* | **Rashmi :** OK! My son also lives in Australia. |
| **सैम** : अच्छा! आपका बेटा ऑस्ट्रेलिया में कहाँ रहता है? | ***Sam :*** *Achchaa!, aapkaa betaa Australia mein kahaan rahtaa hai?* | **Sam :** Ok ! where does your son live in Australia? |
| **मोहन** : वह सिडनी में रहता है। | ***Mohan :*** *Vah Sydney men rahtaa hai .* | **Mohan :** He lives in Sydney. |

## पड़ोसियों से बातचीत

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **सैम** : वह वहाँ पर क्या काम करता है? | ***Sam :*** *Vah vahan par kyaa kaam kartaa hai?* | **Sam :** What does he do over there? |
| **मोहन** : वह वहाँ पर एक कंपनी में नौकरी करता है। | ***Mohan :*** *Vah vahaan par ek company men naukri kartaa hai.* | **Mohan :** He works in a company. |
| **माया** : क्या आप कभी ब्राज़ील गई हैं? | ***Maya :*** *Kyaa aap kabhee Brazil gayee hain?* | **Maya :** Have you ever been to Brazil? |
| **सीमा** : नहीं, मैं तो ब्राज़ील नहीं गई। लेकिन मेरी बेटी घूमने जा रही है। | ***Seema :*** *Naheen, main to Brazil naheen gayee. lekin meree betee ghoomne jaa rahee hai.* | **Seema :** No, I have not gone to Brazil. But my daughter is planning to visit. |
| **माया** : ब्राज़ील बहुत सुंदर देश है। उसे वहाँ बहुत अच्छा लगेगा। | ***Maya :*** *Brazil bahut sundar desh hai. Usey vahaan bahut achchhaa lagega.* | **Maya :** Brazil is a very beautiful country. She would love it. |
| **सीमा** : आप भारत कब आए? | ***Seema :*** *Aap Bharat kab aaye?* | **Seema :** When did you come to India? |
| **माया** : हम दोनों पिछले रविवार को भारत आए हैं। | ***Maya :*** *Hum donon pichhle Ravivaar ko Bharat aaye hain.* | **Maya :** We came to India last Sunday. |
| **रश्मि** : आप यहाँ किसी काम से आए हैं, या भारत घूमने आए हैं? | ***Rashmi :*** *Aap yahan kisee kaam se aaye hain, yaa Bharat ghoomne aaye hain?* | **Rashmi :** Are you here for some work or to visit India? |
| **सैम** : हम यहाँ घूमने और भारत के बारे में जानने आए हैं। | ***Sam :*** *Hum yahaan ghoomne aur Bharat ke baare men jaanane aaye hain.* | **Sam :** We are here to visit and know about India. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **मोहन** : आप भारत में कहाँ–कहाँ घूमने गए हैं? | ***Mohan :*** *Aap Bharat men kahaan-kahaan ghoomne gaye hain?* | **Mohan :** Which places have you visited in India? |
| **सैम** : मोहन जी, हम कई जगहों पर घूमने की तैयारी कर रहे हैं। हम शनिवार को गीता के साथ घूमने जाएँगे। | ***Sam:*** *Mohan jee, hum kaee jagahon par ghoomne kee taiyaaree kar rahe hain. Hum Shanivaar ko Geeta ke saath ghoomne jayenge.* | **Sam :** We are preparing to visit various places, Mr. Mohan. We will go for sightseeing with Geeta on Saturday. |
| **माया** : हम बुधवार तक उन स्थानों की सूची तैयार कर लेंगे, जहाँ हमें घूमने जाना है। | ***Maya :*** *Hum Budhwar tak un sthano kee soochee taiyaar kar lenge, jahaan hamen ghoomne jaanaa hai.* | **Maya :** We will prepare the list of places to be visited by Wednesday. |
| **गीता** : हाँ, हम बुधवार तक सारी तैयारी कर लेंगे। | ***Geeta :*** *Haan, ham Budhwaar tak saaree taiyaaree kar lenge.* | **Geeta :** Yes, we will make all the preparations by Wednesday. |
| **मोहन** : गीता, फिर मिलते हैं।<br><br>आप सब किसी दिन हमारे घर चाय पर ज़रूर आओ। | ***Mohan :*** *Geeta, fir milte hai.*<br><br>*Aap sab kisee din hamaare ghar chaay par jaroor aauo.* | **Mohan :** Geeta, see you later.<br><br>You all must come over to our house for tea. |
| **गीता** : जी अंकल अवश्य | ***Geeta :*** *Jee Uncle avashya* | **Geeta :** Sure Uncle. |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

- वे शब्द, जो प्रश्न पूछने के लिए प्रयोग किये जाते हैं, प्रश्नवाचक शब्द कहलाते हैं, जैसे – कब, क्यों, कैसे, कहाँ, क्या, कौन आदि।

*Ve shabd jo prashn poochhne ke liye prayog kiye jaate hain, prashnwaachak shabd kahlaate hain. jaise- kab, kyon, kaise, kahaan, kyaa, kaun aadi.*

The words used to ask questions are called interrogative words, for example- when, why, how, where, what, who, etc.

- **कब** – 'कब' शब्द का प्रयोग समय पूछने अथवा कार्य के समय के बारे में पूछने के लिए किया जाता है। जैसे–

  1. आप विद्यालय कब जाते हैं?   2. ट्रेन कब आएगी?

  ***Kab** shabd kaa prayog samay poochhane athwaa kaarya ke samay ke baare men poochhne ke liye kiyaa jataa hai. Jaise -*

  *1. Aap vidyaalaya kab jaate hain?   2. Train kab aayegee?*

  The word **'kab'** is used to ask time or the time of action. For example -

  1. When do you go to school?   2. When will the train arrive?

- **क्यों** – 'क्यों' शब्द का प्रयोग किसी कार्य के होने या न होने के कारण के बारे में पूछने के लिए किया जाता है। जैसे–

  1. आपने खाना क्यों नहीं खाया?   2. रमेश जल्दी क्यों चला गया?

  ***'kyon'** shabd kaa prayog kisee kaarya ke hone yaa na hone ke kaaran ke baare men poochhane ke liye kiyaa jaataa hai. Jaise-*

  *1. Aapane khaanaa kyon naheen khaayaa?*

  *2. Ramesh jaldi kyon chalaa gayaa?*

  The word **'Kyon'** is used to ask about the reason for the occurrence or non-occurrence of an activity. For example -

  1. Why have you not taken meal?

  2. Why did Ramesh leave quickly?

- **कैसे** –'कैसे' शब्द का प्रयोग किसी कार्य के करने के बारे में तथा कार्य करने के तरीके के बारे में पूछने के लिए किया जाता है। जैसे –

    1. पौधा कैसे उगता है? 2. तुमने इतनी जल्दी हिंदी भाषा कैसे सीखी?

    ***'Kaise'*** *shabd kaa prayog kisee kaarya ke karne ke baare men tathaa kaarya karne ke tareeke ke baare men poochhane ke liye kiyaa jaataa hai. Jaise -*

    *1. Paudhaa kaise ugtaa hai?*

    *2. Tumane itnee jaldee Hindi bhaashaa kaise seekhee?*

. The word **'Kaise'** is used to ask about the doing of something and the way of doing it. For example -

    1. How does plant grown? 2. How did you learn Hindi so quickly?

- **कहाँ** – 'कहाँ' शब्द का प्रयोग कार्य या घटना के होने के स्थान के बारे में पूछने के लिए किया जाता है। जैसे –

    1. आप कहाँ जा रहे हैं? 2. तुमने पुस्तक कहाँ रखी है?

    ***Kahaan*** *– 'Kahaan' shabd kaa prayog kaarya yaa ghatana ke hone ke sthaan ke baare men poochhane ke liye kiyaa jaataa hai. Jaise -*

    *1. Aap kahaan jaa rahe hain? 2. Tumane pustak kahaan rakhee hai?*

. **Kahan** - The word 'Kahan' is used to ask about the place where an action or event took place. For example -

    1. Where are you going? 2. Where have you kept the book?

- **क्या** – 'क्या' शब्द किसी कार्य अथवा वस्तु के बारे में जानने के लिए प्रयोग किया जाता है। जैसे–

    1. आज खाने में क्या बनाया है? 2. आज हमें बाजार से क्या खरीदना है?

    ***'Kya'*** *shabd kisee kaarya athwaa vastu ke baare men jaanane ke liye prayog kiyaa jaataa hai. Jaise -*

    *1. Aaj khaane men kyaa banaayaa hai?*

    *2. Aaj humen bazaar se kyaa khareednaa hai?*

The word **'kab'** is used to ask time and the time of action. For example -

1. What have you made for dinner today?
2. What do we have to buy from the market?

- **विशेषण** – जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेषण कहते हैं, जैसे – सुंदर घर, बड़ा पार्क आदि।

  ***Visheshan :*** *Jo shabd sangyaa yaa sarvanaam kee visheshataa bataate hain, unhen visheshan kahate hain, jaise – sundar ghar, badaa paark aadi.*

  **Adjectives:** The words which describe the characteristics of a noun or pronoun are called adjectives, such as - beautiful house, big park, etc.

- **सप्ताह** के दिन हिंदी में : रविवार, सोमवार, मंगलवार, बुधवार, ब्रहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार कहलाते हैं।

  ***Saptaah*** *ke din hindi men : Raviwaar, Somwaar, Mangalwaar, Budhwaar, Brihaspatiwaar, Shukrwaar, Shaniwaar kahlaate hain.*

  In hindi, days of the **week** are called Raviwaar (Sunday), Somwaar (Monday), Mangalwaar (Tuesday), Budhwaar (Wednesday), Brihaspatiwaar (Thursday), Shukrwaar (Friday), Shaniwaar (Saturday).

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 4.1

1. सही उत्तर चुनिए – / *Sahee uttar chuniye -* / Choose correct answer -

   (i) गीता के पड़ोसी कौन हैं?

   क). मोहन, रश्मि और मीना    ख). मोहन, रश्मि और सीता    ग). मोहन, रश्मि और सीमा

   (ii) सैम और माया गीता के साथ कहाँ घूमने गए?

   क). पार्क में    ख). सिनेमा हॉल में    ग). मंदिर में

   (iii) मोहन कौन हैं?

   क). गीता के दादाजी    ख). गीता के पड़ोसी    ग). गीता के मित्र

(iv) माया कहाँ से आई है?

क). ब्राजील	ख). ऑस्ट्रेलिया	ग). जापान

(v) सोमवार के बाद कौन–सा दिन आता है?

क) बुधवार	ख) शुक्रवार	ग) मंगलवार

(vi) रविवार से पहले कौन–सा दिन आता है?

क) शनिवार	ख) शुक्रवार	ग) सोमवार

2. मिलान कीजिए / *Milan keejiye* / Match the following –

| **खंड क** | **खंड ख** |
|---|---|
| नमस्ते | मेरा भी नमस्कार। |
| आप दोनों | ब्राजील आए हैं? |
| आप सभी को | बहुत सुंदर देश है। |
| क्या आप कभी | मोहन जी। |
| ब्राजील | किस देश से आए हैं? |

3. नीचे दिए सप्ताह के नामों को क्रम से लगाइए: / *Neeche diye saptaah ke naamon ko kram se lagaaiye :* / Arrange weekdays in order :

शनिवार

मंगलवार

रविवार

बुधवार

शुक्रवार

सोमवार

ब्रहस्पतिवार

4. पाठ के आधार पर नीचे दिए गए शब्दों से रिक्त स्थानों को पूरा कीजिए:

*Paath ke aadhaar par neeche diye gaye shabdon se rikt sthanon ko poora keejiye:*

## पड़ोसियों से बातचीत

Fill in the blanks with the words given below on the basis of the text:

| | | | |
|---|---|---|---|
| ब्राजील | रविवार | बुधवार | गीता |

(क) सैम और माया ...................................... को भारत आए।

(ख) हम ...................................... तक उन स्थानों की सूची तैयार कर लेंगे।

(ग) हम शनिवार को ...................................... के साथ घूमने जाएंगे।

(घ) ...................................... बहुत सुंदर देश है।

## नए शब्द सीखें / *Naye shabd seekhen* / Learn new words:

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (क). | कार्य | *Kaarya* | Work |
| (ख). | देश | *Desh* | Country |
| (ग). | कहाँ से | *Kahaan se* | From where |
| (घ). | कब | *Kab* | When |
| (ङ). | कहाँ | *Kahaan* | Where |
| (च). | कैसे | *Kaise* | How |
| (छ). | क्यों | *Kyon* | Why |
| (ज). | घूमने | *Ghoomne* | Visit |
| (झ). | मित्र | *Mitra* | Friend |
| (ञ). | विदेश | *Videsh* | Abroad |
| (ट). | नौकरी | *Naukaree* | Job |
| (ठ). | बेटी | *Betee* | Daughter |
| (ड). | सुंदर | *Sundar* | Beautiful |
| (ढ). | तैयारी | *Taiyaaree* | Preparation |
| (ण). | सूची | *Soochee* | List |

## आपने क्या सीखा: / *Aapne kyaa seekhaa:* / What have you learnt:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • दैनिक जीवन की औपचारिक बातचीत में शिष्टाचार अनिवार्य अंग है। | *Dainik jeewan kee aupcharik baatcheet men shishtaachaar anivaarya ang hai.* | Etiquette is essential part of formal conversation in daily life. |
| • वे शब्द, जो प्रश्न पूछने के लिए प्रयोग किये जाते हैं, प्रश्नवाचक शब्द कहलाते हैं, जैसे – कब, क्यों, कैसे, कहाँ, क्या, कौन आदि। | *Ve shabd jo prashn poochhne ke liye prayog kiye jaate hain, prashnwaachak shabd kahlaate hain. jaise- kab, kyon, kaise, kahaan, kyaa, kaun aadi.* | The words used to ask questions are called interrogative words, for example- when, why, how, where, what, who, etc. |
| • हिंदी में सप्ताह के दिनों के नाम नक्षत्रों पर आधारित हैः रवि, सोम, मंगल, बुध, ब्रहस्पति, शुक्र, शनि। इसके बाद 'वार' का प्रयोग किया जाता है। | *Hindi men saptaah ke dinon ke naam nakshatron par aadhaarit hain. Ravi, Som, Mangal,Budh, Brehaspati, Shukar, Shani. Inke baad 'Vaar' ka prayog kiya jaata hai.* | Name of weekdays in Hindi are basad on celestial bodies - Ravi (Sunday), Som (Monday), Mangal (Tuesday), Budh (Wednesday), Brehaspati (Thursday), Shukar (Friday), Shani (Saturday) with 'Vaar' suffixed in the end. |

## ikBkr i'u / *Paathant Prashn* / Terminal Questions

1. सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए :

   *Sahee shabd chunkar khaali sthaan bhariye :*

   Fill in the blanks by choosing the correct word :

   क) वे शाम को पार्क घूमने गए। (शाम / रात)

   ख) हम दोनों पिछले ................................ को भारत आए हैं। (सोमवार / रविवार )

   ग) ये दोनों मेरे ........................... हैं। (पड़ोसी / मित्र)

   घ) आप सभी को मेरा .................... । (नमस्कार / विदा)

2. सही विशेषण शब्द से वाक्य पूरे कीजिए :

   *Sahi visheshan shabd se vaakya poore keejiye :*

   Complete the sentences by using the correct adjectives :

   (अ) पार्क बड़ा है। (हरा / बड़ा)

   (ब) ब्राज़ील ...................... देश है। (बड़ी / सुंदर)

   (स) भारत ......................... देश है। (महान / छोटा)

3. नीचे दिए गए प्रश्नवाचक शब्दों से एक–एक प्रश्नवाचक वाक्य बनाइए :

   *Neeche diye gaye prashnvaachak shabdon se ek-ek prashnvaachak vaakya banaaiye:*

   Frame interrogative sentences using the following interrogative words :

   (क) कब ..............................................................................................................

   (ख) क्यों ..............................................................................................................

   (ग) कैसे ..............................................................................................................

   (घ) कहां ..............................................................................................................

   (ङ) क्या ..............................................................................................................

4. सही उत्तर का चयन कीजिए

*Sahee uttar kaa chayan keejiye*

Select the correct answer-

(क) सैम और माया भारत कब आए? (शनिवार/रविवार)

(ख) सैम और माया कब घूमने जाएंगे? (मंगलवार/शनिवार)

(ग) मोहन जी कौन हैं? (पड़ोसी/मित्र)

5. सप्ताह के दिनों के नाम क्रम से लिखिए।

*Saptaah ke dinon ke naam kram se likhiye.*

Write the names of the days of the week in order.

## आइए, करके देखें / *Aaiye karke dekhen* / Let's do :

1. इंटरनेट की मदद से दिल्ली के बारे में जानकारी एकत्र कीजिए।

*Internet kee madad se Delhi ke baare men jaankaaree ekatr keejiye.*

Collect information about Delhi with the help of internet.

2. भारत और ऑस्ट्रेलिया में कौन–सी बातें समान हैं? अपने साथियों को बताएँ।

*Bharat aur Australia mein kaun-si baatein samaan hain? Apne saathiyon ko bataaen.*

What are the common things in between India and Australia? Tell your friends.

3. भारत और ब्राजील में कौन–सी बातें समान हैं? अपने साथियों को बताएँ।

*Bharat aurBrazil mein kaun si baatein samaan hain? Apne saathiyon ko bataaen.*

What are the common things in between India and Brazil? Tell your friends.

4. भारत और अपने देश के कोई तीन–तीन पर्यटन स्थल चुनें और उनके बारे में पूरी जानकारी एकत्र करें।

   *Bharat aur aapne desh ke koi teen-teen paryatan sathl chunein aur unke baare mein poori jaankaari ekatr karein.*

   Select any three tourist places each in India and your country and collect information about them.

5. चित्र को देखकर उसमें से किन्हीं पाँच वस्तुओं के नाम लिखिए।

   *Chitr ko dekhkar usmein se kinahin paanch vastuon ke naam bataaiye.*

   Write down names of any five things you see in the picture.




## उत्तरमाला

'अपनी प्रगति जाँचें' में दिए प्रश्नों के उत्तर / *'Apnee pragati jaanchen' men diye prashanon ke uttar* / Answers of the question given under 'Check your progress'.

1. (i) मोहन, रश्मि और सीमा
   (ii) पार्क में
   (iii) गीता के पड़ोसी

(iv) क) ब्राजील

(v) मंगलवार

(iv) शनिवार

2. मिलान कीजिए –

खंड क खंड ख

नमस्ते – मोहन जी।

आप दोनों – किस देश से आए हैं ?

आप सभी को – मेरा भी नमस्कार

क्या आप कभी ब्राजील गए हैं?

ब्राजील, बहुत सुंदर देश है।

3. रविवार, सोमवार, मंगलवार, बुधवार, ब्रहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार

4. (क) रविवार

(ख) बुधवार

(ग) गीता

(घ) ब्राजील

5

# नए दोस्त

## *Naye Dost*

## New Friends

पिछले पाठों में, सैम और माया गीता के परिवार से, पड़ोसियों से मिले हैं। इस पाठ में सैम और माया कुछ नए दोस्तों से मुलाकात करेंगे। हम भी नए दोस्त बनाते हैं।

*Pichhle paathon men, Sam aur Maya Geeta ke parivaar se, padosiyon se mile hain. Is paath men Sam aur Maya kuchh naye doston se mulaakaat karenge. Hum bhee naye dost banaate hain.*

In the previous lesson, Sam and Maya have met with Geeta's families. neighbours. In this lesson, Sam and Maya will meet few new friends. We will also make new friends.

## उद्देश्य / *Uddeshya* / Objectives

इस पाठ से हम सीखेंगे : / *Is paath se hum seekhenge :* / In this lesson we will learn:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेज़ी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| • अपने आस–पास के व्यक्तियों तथा वस्तुओं के बारे में प्रश्न करना; | *Apne aas-paas ke vyaktiyon tathaa vastuon ke baare mein prashna karnaa;* | To ask questions about the people and things around us; |
| • नए शब्द और उनका प्रयोग करना; | *Naye shabd aur unkaa prayog karnaa ;* | To New words and their usage; |
| • वाक्यों में लिंग, वचन और संज्ञावाचक शब्दों की पहचान और प्रयोग करना; | *Vaakyon men ling, vachan aur sangyaavaachak shabdon kee pahachaan aur prayog karnaa;* | To identify and use gender, nouns denoting numbers and nouns in sentences; |
| • दिन के विभिन्न समय के बारे में बात करना। | *Din ke vibhinn samay ke baare men baat karnaa.* | To talk about different timings of the day. |

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 5.1

सैम, माया, गीता और वेद स्टेडियम में आते हैं।

*Sam, Maya, Geeta aur Ved stadium men aate hain.*

Sam, Maya, Geeta and Ved enter the stadium.



| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **गीताः** सैम और माया, यह मेजर ध्यानचंद स्टेडियम है। | ***Geeta:*** *Sam aur Maya, yah Major Dhyaan Chand Stadium hai.* | **Geeta:** Sam and Maya, this is Major Dhyan Chand Stadium. |
| **माया** : यह मूर्ति किसकी है? | ***Maya :*** *Yah moorti kiskee hai?* | **Maya :** Whose statue is this? |
| **गीता** : यह मूर्ति मेजर ध्यानचंद जी की है। ये मशहूर हॉकी खिलाड़ी थे। | ***Geeta :*** *Yah moorti Major Dhyaanchand jee kee hai. Ye mashhoor hockey khilaadee the.* | **Geeta :** This statue is of Major Dhyanchand ji. He was a very famous hockey player. |
| **सैम** : गीता, क्या तुम दोनों यहाँ नियमित रूप से आते हो? | ***Sam :*** *Geeta, kya tum donon yahaan niyamit roop se aatee ho?* | **Sam :** Geeta, Do both of you come here regularly? |
| **गीता** : हाँ, हम दोनों अपने दोस्तों के साथ यहाँ खेलने आते हैं। | ***Geeta :*** *Haan, hum donon apane doston ke saath yahaan khelane aate hain.* | **Geeta :** Yes, we both come here to play with our friends. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **सैम** : क्या अभी तक तुम्हारा कोई दोस्त आया है? | ***Sam :*** *Kyaa abhee tak tumharaa koi dost aayaa hai?* | **Sam :** Have any of your friends come yet? |
| **गीता** : नहीं, थोड़ी देर में आने वाले हैं। | ***Geeta :*** *Naheen,thodee der men aane waale hain.* | **Geeta :** No, they are going to come in a while. |
| **वेद** : वह देखो, गुरमीत और रहमान आ रहे हैं। | ***Ved :*** *Vah dekho, Gurmeet aur Rahman aa rahe hain.* | **Ved :** Look, Gurmeet and Rahman are coming. |
| **गीता** : चलो, तुम दोनों को उनसे मिलवाते हैं। | ***Geeta :*** *Chalo tum donon ko unse milvaate hain.* | **Geeta :** Let me introduce both of you to them. |
| **गुरमीत** : नमस्ते दोस्तों। | ***Gurmeet :*** *Namaste doston* | **Gurmeet :** Hello friends. |
| **गीता** : इनसे मिलो... ये हैं हमारे दोस्त– सैम और माया। | ***Geeta :*** *Inse milo... Yah hain hamaare dost - Sam aur Maya.* | **Geeta :** Please meet... These are our friends - Sam and Maya. |
| **वेद** : सैम, ये हैं हमारे दोस्त गुरमीत और रहमान। | ***Ved :*** *Sam, ye hain hamaare dost Gurmeet aur Rehman.* | **Ved :** Sam, these are our friends Gurmeet and Rehman. |
| **रहमान** : नमस्ते सैम। | ***Rahman :*** *Namaste Sam.* | **Rahman :** Hello Sam |
| **माया** : नमस्ते गुरमीत। | ***Maya :*** *Namaste Gurmeet.* | **Maya :** Hello Gurmeet. |
| **गुरमीत** : नमस्ते दोस्तों | ***Gurmeet :*** *Namaste doston.* | **Gurmeet :** Namaste friends. |
| **सैम** : आप दोनों क्या खेलते हैं? | ***Sam :*** *Aap donon kyaa khelate hain?* | **Sam :** What do you play? |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **रहमान** : मैं क्रिकेट खेलता हूँ और गुरमीत हॉकी खेलता है। | ***Rahman :*** *Main cricket khelataa hoon aur Gurmeet hockey khelata hai.* | **Rahman :** I play cricket and Gurmeet plays hockey. |
| **सैम** : मैं भी क्रिकेट खेलता हूँ। | ***Sam :*** *Main bhee cricket khelataa hoon.* | **Sam :** I also play cricket. |
| **गुरमीत** : माया, तुम क्या खेलती हो? | ***Gurmeet :*** *Maya, tum kyaa kheltee ho?* | **Gurmeet :** Maya, what do you play? |
| **माया** : मैं दौड़ना पसंद करती हूँ। | ***Maya :*** *Main daudanaa pasand karatee hoon* | **Maya :** I like to run. |
| अरे वाह! किसी दिन साथ में खेलेंगे। | *Arey vaah! kisi din saath men khelenge.* | Oh wow! someday let's play together. |
| **वेद** : चलो, तुम्हें यहाँ की सैर कराते हैं। | ***Ved :****Chalo, tumhen yahaan kee sair karaate hain.* | **Ved :** Come on, let's go for a tour here. |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to knonw:

1. हिंदी में वे संज्ञा शब्द, जो पुरुष जाति के व्यक्ति, वस्तु आदि का बोध कराते हैं, वे पुल्लिंग शब्द कहलाते हैं। जिन शब्दों से स्त्री जाति का बोध होता है, वे स्त्रीलिंग शब्द कहलाते हैं। जैसेः 'घर' पुल्लिंग और 'रेलगाड़ी' स्त्रीलिंग है।

   *Hindi men ve sangya shabd, jo hamen purush jaatee ke vyakti, vastu aadi ka bodh karaate hain, ve pulling shabd kahalaate hain. Jin shabdon se stree jaatee kaa bodh hotaa hai, ve streeling shabd kahalaate hain, jaise : 'ghar' pulling aur 'relgaadee' streeling hai.*

   Those noun words which indicate person, thing etc. of male caste, they are called masculine words, Words that refer to the feminine gender are called feminine words, like : 'House' masculine and 'train' is feminine.

2. संज्ञा के जिस रूप से किसी वस्तु, व्यक्ति, स्थान के एक या एक से अधिक होने का बोध होता है, उसे वचन कहते हैं। जैसे : 'लड़का' कहने से एक का बोध होता है, इसलिए इसे एकवचन कहते हैं। 'लड़के' कहने से एक से अधिक का बोध होता है इसलिए इसे बहुवचन कहते हैं।

*Sangyaa ke jis roop se kisee vastu, vyakti, sthaan ke ek yaa ek se adhik hone kaa bodh hotaa hai, use vachan kahate hain. jaise : ladakaa kahane se ek kaa bodh hotaa hai, isliye ise ek vachan kahte hain. Ladake kahane se ek se adhik kaa bodh hotaa hai isliye ise bahu vachan kahte hain.*

The form of a noun which has the sense of having one or more than one thing, person, place is called *'vachan'*. For example, by saying 'boy' there is a sense of one, therefore it is called *'ekvachan'* whereas by saying 'boys' there is a sense of more than one and it is called *'bahuvachan'*.

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 5.1

1. खाली स्थानों पर सही शब्द भरिए – (क्रिकेट, दौड़ना, स्टेडियम)

*Khaalee sthaanon par sahee shabd bhariye: (cricket, doudnaa, Stadium).*

Fill in the blanks with correct words. (cricket, doudna, Stadium)

क) सैम ........................ खेलता है।

ख) गुरमीत ........................ खेलता है।

ग) रहमान ........................ खेलता है

घ) माया ........................ पसंद करती है।

ङ) गीता अपने दोस्तों के साथ ........................ आती है।

2. नीचे दी गई संज्ञाओं का लिंग लिखिए :

*Neeche dee gayee sangyaon kaa ling likhiye :*

Write the gender of the following nouns :

क) माया ..........................

ख) सैम ..........................

ग) गीता ..........................

घ) वेद ............................

ङ) गुरमीत .........................

च) रहमान .........................

3. लिंग बदलकर फिर से लिखिए :

Ling badalakar phir se likhye:

Write the following sentences by changing the gender :

क) मैं खेलता हूँ ............................................

ख) वह दौड़ता है ............................................

ग) मेरा दोस्त आ रहा है .......................................

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 5.2

सैम, माया, गीता और वेद स्टेडियम में आते हैं।

*Sam, Maya, Geeta aur Ved stadium men aate hain.*

Sam, Maya, Geeta and Ved enter the stadium.



| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **माया** : यहाँ आस–पास और क्या–क्या है? | ***Maya :*** *Yahaan aas-paas aur kyaa-kyaa hai?* | **Maya :** Which are other places nearby. |
| **वेद** : यहाँ सामने इंडिया गेट है। | ***Ved :*** *Yahaan saamane India Gate hai.* | **Ved :** India Gate is in front. |
| **गीता** : पीछे की ओर पुराना किला है। | ***Geeta :*** *Peechhe kee or Puraanaa Qilaa hai.* | **Geeta :** Old Fort is at the back |
| **सैम** : और उसके पीछे? | ***Sam :*** *Aur uske peechhe?* | **Sam:** And what is behind it? |
| **वेद** : थोड़ी दूरी पर यमुना नदी है। | ***Ved :*** *Thodee dooree par Yamuna nadee hai.* | **Ved:** At a short distance there is Yamuna river. |
| **सैम** : दिल्ली यमुना नदी के किनारे बसा शहर है? | ***Sam:*** *Delhi Yamunaa nadee ke kinaare basaa shahar hai?* | **Sam :** Is Delhi city situated on the banks of river Yamuna? |
| **वेद** : तुमने बिलकुल ठीक कहा । | ***Ved :*** *Tumane bilkul theek kahaa.* | **Ved :** You are absolutely right. |
| **माया** : यह सड़क दाहिनी ओर कहाँ जाती है? | ***Maya :*** *Yah sadak daahinee or kahaan jaatee hai?* | **Maya :** Where does this road go on the right? |
| **गीता** : दाहिनी ओर पटियाला हाउस कोर्ट है और बायीं ओर राष्ट्रीय संग्रहालय है। | ***Geeta :*** *Daahinee or Patiyaalaa House Court hai aur Baayeen or Raashtreeya Sangrahaalaya hai.* | **Geeta :** On the right is the Patiala House Court and on the left is the National Museum. |

## नए दोस्त

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **माया** : सैम, अब हमें चलना चाहिए। | ***Maya :*** *Sam, ab humen chalnaa chaahiye.* | **Maya :** Sam, we should leave now. |
| **सैम** : ठीक है दोस्तो, फिर मिलेंगे। | ***Sam :*** *Theek hai doston, fir milenge.* | **Sam :** Ok guys, see you later. |
| *सभी (एक स्वर में) : ठीक है। फिर मिलेंगे।* | *Sabhee (ek svar men) : theek hai. phir milenge.* | *Good Bye. All (in unison).* |

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 5.2

1. सही उत्तर चुनिएः / *Sahee uttar chuniye:* / Choose the right answer:

   1. स्टेडियम के पीछे क्या है ?

      क) इंडिया गेट    ख) यमुना

      ग) राष्ट्रीय संग्रहालय    घ) पुराना किला

   2. पटियाला हाउस क्या है ?

      क) स्टेडियम    ख) मंदिर

      ग) कोर्ट    घ) संग्रहालय

   3. दिल्ली शहर किस नदी के किनारे बसा है ?

      क) गंगा    ख) गोदावरी

      ग) ताप्ती    घ) यमुना

## नए शब्द सीखें / *Naye shabd seekhein* / Learn new words:

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (क). | मैदान | *Maidaan* | Field |
| (ख). | मिलना | *Milnaa* | to meet |
| (ग). | आस–पास | *Aas-paas* | Nearby |
| (घ). | स्वागत | *Swaagat* | Welcome |
| (ङ). | मूर्ति | *Moorti* | Statue |
| (च). | बड़ा | *Bada* | Big |
| (छ). | खेलना | *Khelnaa* | to play |
| (ज). | ठीक | *Theek* | Fine |
| (झ). | दौड़ना | *Doudna* | to run |
| (ञ). | अच्छा | *Achchha* | Good |
| (ट). | बसा | *Basaa* | Situated |
| (ठ). | किनारे पर | *Kinaare par* | on the Bank |
| (ड़). | किला | *Qilaa* | Fort |
| (ढ़). | मिलकर | *Milkar* | Together |
| (ण). | विदा | *Vida* | farewell |
| (त). | खेल | *Khel* | Game |
| (थ). | आप | *Aap* | You |

## आपने क्या सीखाः / *Aapne kyaa seekhaa:* / What have you learnt:

| हिन्दी –देवनागरी मे | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेज़ी अनुवाद |
|---|---|---|
| • मित्रों के साथ अनौपचारिक बातचीत में 'तुम' का प्रयोग किया जाता है। | *Mitron ke saath anoupchaarik baatcheet men 'tum' kaa prayog kiyaa jaataa hai.* | Durig informal conversation among friends 'tum' is used. |
| • स्थान, व्यक्ति की स्थिति बताने के लिए 'आगे', 'पीछे', 'बायें', 'दायें' का प्रयोग किया जाता है। | *Sthaan. vyakti kee sthiti bataane ke liye 'aage', 'peeche', 'baayen', 'daayen', kaa prayog kiyaa jaataa hai.* | 'aage', 'peeche', 'baayen', 'daayen', are used to specify the position of place, person, |
| • संज्ञा के लिंग और वचन के अनुसार वाक्यों का स्वरूप बदलता है। | *Sangyaa ke ling aur vachan ke anusaar vaakyon kaa swaroop badaltaa hai.* | From of sentence changes with change in gender and number of noun. |

## पाठांत प्रश्न / *Paathant Prashn* / Terminal Questions

1. नीचे दिए वाक्य पढ़ें और सही अथवा गलत का निशान लगाएं :

*Neeche diye gaye vaaky padhen aur sahee athwaa galat kaa nishaan lagaaen:*

Read the following sentences and mark them Right or Wrong:

क) यह मूर्ति मेजर ध्यानचंद जी की है।( )

ख) सैम और माया ब्रिटेन से हैं।( )

ग) गीता दिल्ली में रहती है। ( )

घ) गुरमीत को हॉकी पसंद है।( )

ङ) पुराना किला स्टेडियम के पीछे है। ( )

च) स्टेडियम के पीछे यमुना नदी है। ( )

2. नीचे लिखे वाक्यों को बॉक्स में दिए शब्दों से पूरा करें :

*Neeche diye gaye vaakyon ko box men diye shabdon se poora karen:*

Complete the following sentences with the words given in the box:

| | | | |
|---|---|---|---|
| दोस्त, | हॉकी, | क्रिकेट, | स्टेडियम, |
| बाहर, | इंडिया गेट, | पटियाला हाउस | |

सैम और माया के ........................ गीता और वेद हैं। ध्यानचंद .................... में ................ खेली जाती है। रहमान को ...................... पसंद है। सभी ...................... की ओर चल पड़ते हैं। स्टेडियम के सामने .................... है और दाहिनी ओर की सड़क .................... की ओर जाती है।

3. पाठ में से कोई पाँच संज्ञा शब्द चुन कर लिखिए।

*Paath men se koee paanch sangyaa shabd chun kar likhiye.*

Write down any five nouns from the lesson.

4. पाठ में से कोई पाँच सर्वनाम शब्द चुन कर लिखिए।

*Paath mein se koee paanch sarvnaam shabd chun kar likhiye.*

Write down any five pronouns from the lesson.

## आइए, करके देखें / *Aaiye karke dekhen* / Let's do:

1. जिन शब्दों से काम होने का बोध हो, ऐसे शब्दों की सूची तैयार कीजिए, जैसे – खेलना, दौड़ना

   *Jin shabdon se kaam hone kaa bodh ho, aise shabdon kee soochee taiyaar keejiye, jaise- khelnaa, doudnaa.*

   Prepare a list of words indicating an action, such as playing, running.

2. मेजर ध्यानचंद जी के बारे में और जानकारी एकत्र कीजिए।

   *Major Dhyaanchand jee ke baare men aur jaankaaree ekatra keejiye.*

   Collect more information about Major Dhyanchan ji.

3. आपको हिन्दी के कितने शब्द याद हैं? अपने साथियों को बताइए और उनके अर्थ और प्रयोग पर चर्चा कीजिए।

   *Aapko Hindi ke kitne shabd yaad hain? Apne saathiyon ko bataaiye aur unke arth aur prayog par charchaa keejiye.*

   How many Hindi words do you remember? Tell your friends and discuss their meaning and usage.

4. अपनी पसंद से हिन्दी की कोई सामग्री पढिए और साथियों के साथ साझा करिए।

   *Apni pasand se Hindi kee koee samagree padhiye aur saathiyon ke saath saajhaa kariye.*

   Read Hindi content of your choice and share it with your friends.

5. अब तक सीखी संज्ञाओं के लिंग, वचन आदि के बारे में जानकारी एकत्र कीजिए।

   *Ab tak seekhee sangyaaon ke ling, vachan aadi ke baare men jaankaaree ekatra keejiye.*

   Collect information about gender, number of nouns you have learnt so far.

## उत्तरमाला

'अपनी प्रगति जाँचें' में दिए प्रश्नों के उत्तर / *'Apnee pragati jaanchen' men diye prashanon ke uttar* / Answers of the question given under 'Check your progress'.

**5.1**

1. क) क्रिकेट    ख) हॉकी
   ग) क्रिकेट    घ) दौड़ना
   ड) स्टेडियम

2. क) स्त्रीलिंग    ख) पुल्लिंग
   ग) स्त्रीलिंग    घ) पुल्लिंग
   ङ) पुल्लिंग    च) पुल्लिंग

3. क) हम खेलते हैं।
   क) वे दौड़ते हैं।
   क) मेरे दोस्त आ रहे हैं।

**5.2.**

1 घ – पुराना किला

2 ग – कोर्ट

3 घ – यमुना

# 6

# हाल–चाल

## *Haal-chaal*

## Well being

अब तक माया और सैम अपने दोस्त गीता और वेद से मिले हैं। वे भारत की ऋतुओं तथा खान–पान के बारे में जान चुके हैं। इस पाठ में, गीता एवं वेद, सैम और माया से सामान्य बातचीत करेंगे और हाल–चाल जानेंगे।

*Ab tak Maya aur Sam apane dost Geeta aur Ved se mile hain. Ve Bharat kee rituon tathaa khaan-paan ke baare men jaan chuke hain. Is paath men, Geeta evam Ved, Sam aur Maya se saamaanya baatcheet karenge aur haal-chaal jaanenge.*

Till now Maya and Sam have met their friends Geeta and Ved. They have learnt about India's seasons, food, etc. In this lesson, Geeta and Ved will have general conversation with Sam and Maya and get to know their well-being.

## उद्देश्य / *Uddeshya* / Objectives

इस पाठ से हम सीखेंगे : / *Is paath se hum seekhenge :* / In this lesson we will learn:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेज़ी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • एक–दूसरे का हाल–चाल जानने के लिए प्रश्न पूछना; | *Ek doosare kaa haal-chaal jaanane ke liye prashn poochhanaa;* | To ask about each other's well being; |
| • हिन्दी में साइन बोर्ड पढ़ना; | *Hindi men sign board padhnaa;* | To read sign boards in Hindi; |
| • प्रश्नवाचक और निषेधात्मक वाक्य और उनका प्रयोग करना; | *Prashnvaachak aur nishedhatmak vaakyon aur unka prayog karna;* | To know interrogative and negative sentences and use them; |

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 6.1

सुबह–सुबह गीता के घर की घंटी बजती है।

*Subah-subah Geeta ke ghar ki ghanti bajati hai.*

Geeta's house bell rings in the early morning.

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **गीता** : *(घर का दरवाजा खोलते हुए)* नमस्ते सैम, नमस्ते माया। आओ, मैं तुम दोनों का ही इंतज़ार कर रही थी। | ***Geeta:*** *(ghar kaa darwaajaa kholte huye) Namaste Sam, namaste Maya. Aao, main tum donon kaa hee intazaar kar rahee thee.* | **Geeta :** *(opening the door of the house)* Hello Sam, hello Maya. Come on, I was waiting for both of you. |

## हाल–चाल

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **सैम और माया** : नमस्ते गीता। | ***Sam aur Maya :*** *Namaste Geeta.* | **Sam and Maya :** Namaste Geeta. |
| **गीता** : कॉफी पिओगे? | ***Geeta :*** *Coffee pioge?* | **Geeta :** Would you like to have coffee? |
| **सैम** : आज मैं कॉफी बनाता हूँ। | ***Sam :*** *Aaj main Coffee banaataa hoon.* | **Sam :** Today I will prepare Coffee. |
| **गीता** : हाँ–हाँ, क्यों नहीं! | ***Geeta :*** *Haan-haan, kyon naheen!* | **Geeta :** Yeah! sure! Why not. |
| **माया** : वेद कहाँ है? | ***Maya :*** *Ved kahaan hai?* | **Maya :** Where is Ved? |
| **गीता** : बाहर गया है, अभी आ रहा होगा। | ***Geeta :*** *Baahar gayaa hai, abhee aa rahaa hogaa.* | **Geeta :** He has gone out, must be coming in a white. |
| **सैम** : उसे फोन कर के बुला लो। | ***Sam :*** *Use phone kar ke bulaa lo.* | **Sam :** Call him on the phone. |
| **गीता** : मैं फोन करती हूँ। | ***Geeta :*** *Main phone kartee hoon.* | **Geeta :** I call him up. |
| (सैम कॉफी बनाने जाता है और गीता वेद को फोन करती है।) | *(Sam coffee banaane jaataa hai aur Geeta Ved ko phone kartee hai.)* | (Sam goes to prepare coffee and Geeta calls Ved.) |

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 6.1

सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाएँ। / *Sahee uttar par (✓) ka nishaan lagaaen.* / Mark (✓) on the correct answer.

1. गीता किसका इंतजार कर रही थी?

   (क) सैम (ख) माया

   (ग) वेद (घ) सैम, माया

2. सैम और माया किस समय आए थे ?

   (क) सुबह–सुबह (ख) दोपहर

   (ग) शाम (घ) रात

3. जब सैम और माया आए थे, तब वेद कहाँ था ?

   (क) घर में (ख) बाहर

   (ग) दोस्तों के साथ (घ) विद्यालय

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read- 6.2

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **वेदः** नमस्ते माया। | ***Ved:*** *Namaste Maya.* | **Ved:** Hello Maya. |
| **सैमः** नमस्ते वेद, कैसे हो? | ***Sam:*** *Namaste Ved, kaise ho?* | **Sam:** Hello Ved, how are you? |
| **वेदः** अच्छा हूँ। बिलकुल पहले की तरह । | ***Ved:*** *Achchaa hoon, bilkul pahale kee tarah.* | **Ved:** I am fine. Just like before. |
| **सैमः** अच्छी बात है। | ***Sam:*** *Achchhee baat hai.* | **Sam:** That’s good. |

## हाल–चाल

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **माया** : सैम, कॉफी बन गई? | ***Maya:*** *Sam Coffee ban gayee?* | **Maya:** Sam, is the coffee ready? |
| **सैम** : हाँ, तैयार है। | ***Sam:*** *Haan, taiyaar hai.* | **Sam :** Yes, it's ready. |
| *सब बैठकर कॉफी पीते हैं।* | *Sab baithakar Coffee peete hain.* | *All sit together and have coffee.* |
| **वेद** : सैम और माया, अब तो तुम्हें यहाँ आए काफी दिन हो गए हैं, कैसा लग रहा है? | ***Ved :*** *Sam aur Maya, ab to tumhen yahaan aaye kaafee din ho gaye hain, kaisaa lag rahaa hai?* | **Ved :** Sam and Maya, it has been a long time since you have been here, how are you feeling? |
| **माया** : हमें यहाँ बहुत अच्छा लग रहा है। यहाँ लोग बहुत मिलनसार हैं। | ***Maya:*** *Hamen yahaan bahut achchhaa lag rahaa hai. Yahaan log bahut milanasaar hain.* | **Maya :** We are feeling very good here. People are very friendly here. |
| **वेद** : अन्य किसी तरह की समस्या तो नहीं है? | ***Ved :*** *Anya kisee tarah kee samasyaa to naheen hai?* | **Ved :** I hope you are not facing any problem? |
| **माया** : वैसे तो सब ठीक है, लेकिन आज सुबह से ही सैम के गले में दर्द है। | ***Maya :*** *Vaise to sab theek hai, lekin aaj subah se hee Sam ke galey men dard hai.* | **Maya :** Well, everything is fine, but Sam has a sore throat since this morning. |
| **गीता** : अरे, पहले बताते तो मैं अदरक वाली चाय बना देती। | ***Geeta :*** *Arey, pahale bataate to main adarak vaalee chaai banaa detee.* | **Geeta :** Hey, if you had told earlier, I would have made ginger tea. |
| **सैम** : थोड़ी देर में बना देना। | ***Sam :*** *Thodee der men banaa denaa .* | **Sam :** Make it after some time. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **वेद** : कुछ ठंडा खाया था क्या ? | ***Ved :*** *Kuchh thandaa khaayaa thaa kyaa?* | **Ved :** Have you had something cold? |
| **सैम** : ऐसा तो कुछ नहीं खाया था। | ***Sam :*** *Aisaa to kuchh naheen khaayaa thaa.* | **Sam :** I didn't eat anything like this. |
| **वेद** : कोई बात नहीं। अदरक वाली चाय पिओगे और ठीक हो जाओगे। | ***Ved :*** *Koee baat naheen. Adarak vaalee chaai pioge aur theek ho jaoge.* | **Veda :** No problem. You will have ginger tea and will be fine. |
| **गीता** : खाने का ध्यान रखने से स्वास्थ्य ठीक रहता है। | ***Geeta :*** *Khaane kaa dhyaan rakhane se swaasthya theek rahtaa hai.* | **Geeta :** Taking care of eating keeps health in good condition. |
| **वेद** : योग करने से भी स्वास्थ्य अच्छा रहता है। | ***Ved :*** *Yog karane se bhee swaasthya achchhaa rahtaa hai.* | **Ved :** Yoga also keeps us healthy. |
| **माया** : हम लोग भी योग करते हैं। हमारा भी अनुभव है कि योग करने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है। | ***Maya :*** *Ham log bhee yog karate hain. Hamaara bhee anubhav hai ki yog karane se swaasthya achchhaa rahtaa hai.* | **Maya :** We also practice yoga. We also have the experience that Yoga keeps us healthy and fit. |
| **सैम** : विश्व योग दिवस के बाद से मैं भी योग करता रहा हूँ। | ***Sam :*** *Vishv Yog Divas ke baad se main bhee yog karta rahaa hoon.* | **Sam :** I have also been practicing yoga since World Yoga Day. |
| **वेद** : ठंडी चीजें, जैसे– दही, केला आदि नहीं खाना। | ***Ved :*** *Thandee cheejen, jaise- Dahee, Kelaa aadi naheen khaanaa.* | **Ved :** Don't eat cold things like curd, banana etc. |

## हाल–चाल

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **गीता** : और हाँ, गरम दूध में हल्दी डालकर पीना अच्छा रहता है। | ***Geeta :*** *Aur haan, garam doodh men haldee daalkar peenaa achchhaa rahtaa hai.* | **Geeta :** And yes, it is good to drink hot milk with turmeric added to it. |
| **माया** : शाम हो आई है। चलो बाहर टहलकर आते हैं। | ***Maya :*** *Shaam ho aayee hai. Chalo baahar tahalkar aate hain.* | **Maya :** It is evening now. Let's go for a walk outside. |
| **सैम** : हाँ, इस बार तो सिर्फ टहलने चलते हैं। ठीक होने के बाद बाहर खाना खाने भी चलेंगे। | ***Sam :*** *Haan, is baar to sirf tahalne chalte hain . Theek hone ke baad baahar khana khaane bhee chalenge.* | **Sam :** Yes, this time we will just go for a walk outside. After recovery, we will also go out to dinner. |
| **माया** : हाँ, हमने भी भारतीय भोजन के बारे में बहुत सुना है।<br>वह देखो... बोर्ड पर क्या लिखा है? | ***Maya :*** *Haan, hamane bhee Bhaarteeya Bhojan ke baare men bahut sunaa hai.*<br>*Vah dekho... board par kyaa likhaa hai?* | **Maya :** Yes, we have also heard a lot about Indian food.<br>Look there... what is written on that board? |
| **सैम** : बस अड्डा! बस अड्डा यहाँ से 10 किलोमीटर दूर है। | ***Sam :*** *Bas addaa. Bas addaa yahaan se 10 kilometre door hai.* | **Sam :** Bus Stand. Bus stand is 10 kms far from here. |
| **गीता** : हाँ, बिलकुल ठीक पढ़ा। | ***Geeta :*** *Haan, bilakul theek padhaa.* | **Geeta :** Yes, you have read it correctly. |
| **माया** : और यह दूसरी ओर जाने वाली सड़क? | ***Maya :*** *Aur yah doosaree or jaane vaalee sadak?* | **Maya :** And what about this road leading to the other side? |
| **सैम** : रेलवे स्टेशन की ओर। | ***Sam :*** *Railway station kee or.* | **Sam :** Towards the railway station. |
| **माया** : हां, ठीक है । | ***Maya :*** *Haan, theek hai.* | **Maya :** Ok. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **वेद** : चलो, अब तुम्हें 'शहीद भगत सिंह उद्यान' ले चलते हैं। | ***Ved :*** *Chalo, ab tumhen 'Shaheed Bhagat Singh Udyaan' le chalte hain.* | **Ved :** Let us now take you to 'Shaheed Bhagat Singh Park'. |
| **माया**: हाँ, चलो, चलते हैं।<br>*(सब पार्क की ओर चले जाते हैं।)* | ***Maya:*** *Haan, chalo chalte hain.*<br>*(Sab paark ki or chale jaate hain.)* | **Maya :** Yes, Let's go.<br>*(All head towards the park)* |




## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 6.2

1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए: / *Sahee uttar par (✓) ka nishaan lagaiye:* / Tick (✓) on the correct answer:

   1. गीता के घर से बस अड्डा कितनी दूर है?

      Geeta ke ghar se bus addaa kitnee door hai?

      How far is the Bus stand from Geeta's house?

      (क) 10 किलोमीटर (ख) 15 किलोमीटर

      (ग) 12 किलोमीटर (घ) 14 किलोमीटर

2. अंत में सब लोग किस उद्यान में गए थे?

*Ant men sab log kis udyaan men gaye the?*

In the end, which park did they go to?

(क) शहीद भगत सिंह उद्यान (ख) सरदार सिंह उद्यान

(ग) आज़ाद उद्यान (घ) राजगुरु उद्यान

2. नीचे दिए गए शब्दों से वाक्यों को पूरा कीजिए:

*Neeche diye gaye shabdon se vaakyon ko pooraa keejiye:*

Complete the sentences using words given beow:

भारतीय, चाय, हल्दी, योग

(क) मुझे .................... भोजन अच्छा लगता है।

(ख) मुझे अदरक वाली ...................... पसंद है।

(ग) दूध में ...................... डालकर पीना अच्छा रहता है।

(घ) दोस्तों के साथ ................. करना अच्छा लगता है।

## नए शब्द सीखें / *Naye shabd seekhen* / Learn new words:

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (क). | भारतीय | *Bhaarteeya* | Indian |
| (ख). | घंटी | *Ghantee* | Bell |
| (ग). | दरवाजा | *Darwaajaa* | Door |
| (घ). | इंतज़ार | *Intazaar* | Wait |
| (ङ). | अंदर | *Andar* | Inside |
| (च). | स्वादिष्ट | *Swaadisht* | Delicious |
| (छ). | हाल–चाल | *Haal-chaal* | Well being |

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (ज). | अदरक | Adarak | Ginger |
| (झ). | बात | Baat | Matter |
| (ञ). | हल्दी | Haldee | Tarmric |
| (ट). | आदत | Aadat | Habit |
| (ठ). | चखना | Chakhana | To taste |
| (ड). | स्वास्थ्य | Swaasthya | Health |
| (ढ). | योग | Yog | Yoga |
| (ण). | टहलना | Tahalanaa | walk |
| (त). | बुलाना | bulaanaa | To call |
| (थ). | गला | galaa | Throat |
| (द). | दर्द | Dard | Pain |

## आपने क्या सीखा: / *Aapne kyaa seekhaa:* / What have you learnt:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • खान–पान मौसम के अनुसार होना चाहिए; | *Khaan-Paan mausam ke anusaar honaa chaahiye;* | Our food should be according to season; |
| • सेहत संबंधी छोटी–छोटी समस्याओं में रसोईघर के मसाले, चीजें बहुत लाभदायक होती हैं; | *Sehat sambandhee chotee-chotee samasyaaon men rasoeeghar ke masaale, cheezen bahut laabhdaayak hotde hain;* | Spices and things of kitchen are very beneficial in minor health problems; |

| | | |
|---|---|---|
| • स्वास्थ्य के लिए योग अत्यंत लाभदायक है। | *Swaasthya ke liye yog atyant laabhdaayak hai.* | Yog is very beneficial for health; |
| • निषेधात्मक वाक्यों में न, नहीं, मत का प्रयोग होता है। | *Nishedhaatmak vaakyon men na, naheen, mat kaa prayog hotaa hai.* | In Negative sentences 'na', nahee, mat are used. |

## पाठांत प्रश्न / *Paathant Prashn* / Terminal Questions

1. नीचे दिए वाक्य पढ़िए और सही अथवा गलत का निशान लगाएँः

   *Neeche diye gaye vaakya padhiye aur sahee athwaa galat kaa nishaan lagaaye:*

   Read the following sentences and mark them right or wrong :

   (क) सैम गीता के घर का दरवाजा बजाता है। ( )

   (ख) सैम ने कॉफी बनाई। ( )

   (ग) गीता के गले में दर्द है। ( )

   (घ) योग करने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है। ( )

प्रश्न 2–4 में सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाएं :

*Prashn 2-4 men sahee uttar par (✓) kaa nishaan lagaaiye:*

Mark the correct answer with (✓) in question 2-4 :

2. सैम को कहाँ दर्द था?

   (क) हाथ (ख) सिर (ग) पैर (घ) आँख

3. स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

   (क) सोना (ख) योग (ग) चिल्लाना (घ) रोना

4. वेद को किसने फोन करके बुलाया था?

   (क) गीता (ख) सैम (ग) माया (घ) किसी ने नहीं

## आइए, करके देखें / *Aaiye karke dekhen* / Let's do :

1. इंटरनेट की सहायता से भारतीय व्यंजनों की जानकारी प्राप्त कीजिए।

   *Internet kee sahaayataa se Bhaarteeya Vyanjanon kee jaanakaree praapt keejiye.*

   Know about Indian cuisines with the help of internet.

2. रसोईघर में रखी चीजें किस प्रकार सेहत की छोटी–छोटी समस्याओं को दूर करने में उपयोगी हो सकती हैं, एक सूची तैयार कीजिए।

   *Rasoighar men rakhee cheezen kis prakaar sehat kee chhotee-chhotee samasyaaon ko door karne men upyogee ho saktee hain, ek soochee taiyaar keejiye.*

   Prepare a list of things kept in the kitchen which can be useful to cure minor health problems.

3. भारत तथा अन्य देशों की ऋतुओं के बारे में जानकारी एकत्र कीजिए।

   *Bharat tathaa anya deshon kee rituon ke baare men jaankaaree ekatra keejiye.*

   Collect information about the seasons of India and other countries.

4. आप अपने दोस्त के साथ बाहर खाना खाने जा रहे हैं। अपने मनपसंद भारतीय व्यंजनों की सूची तैयार कीजिए।

   *Aap apne dost ke saath baahar khaanaa khaane jaa rahe hain. Apne manpasand bhaarteeya vyanjanon kee soochee taiyar keejiye.*

   You are going out for having a meal with a friend. Prepare a list of your favourite Indian dishes.

## उत्तरमाला

'अपनी प्रगति जाँचें' में दिए प्रश्नों के उत्तर / *'Apnee pragati jaanchen' men diye prashanon ke uttar* /Answers of the question given under 'Check your progress'.

**6.1** 1 – (घ). सैम, माया  2.– (क). सुबह–सुबह  3.– (ख). बाहर

**6.2.** 1 – (क). 10 किलोमीटर  2 – (क). शहीद भगत सिंह उद्यान

3 – (क). भारतीय  (ख) चाय  (ग) हल्दी  (घ) योग

7

# खान–पान

## *Khaan-Paan*

## Food and beverages

अब तक सैम और माया को भारत में आए थोड़ा समय बीत गया है। वे भारत के बारे में जानने लगे हैं। आज वे भारत के खान–पान के बारे में कुछ और जानेंगे।

*Ab tak Sam aur Maya ko Bharat men aaye thodaa samay beet gayaa hai. Ve Bharat ke baare men jaanane lage hain. Aaj ve Bharat ke khaan-paan ke baare men kuchh aur jaanenge.*

It's been a while since Sam and Maya came to India. They are getting to know about India. Today, they will learn more about the food and beverages of India.

## उद्देश्य / *Uddeshya* / Objectives

इस पाठ से हम सीखेंगे : / *Is paath se hum seekhenge :* / In this lesson we will learn:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेज़ी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • भारतीय व्यंजनों के बारे में जानकारी साझा करना; | *Bhaarateeya vyanjanon ke baare men jaankaaree saajhaa karnaa;* | to sharing information about Indian cuisines; |
| • भारतीय फलों और सब्जियों के हिन्दी नाम का प्रयोग करना; | *Bhaarateeya falon aur sabjiyon ke Hindi naamon kaa prayog karnaa;* | to use Hindi names of Indian fruits and vegetables; |
| • 1 से 20 तक के अंकों के हिन्दी नामों की जानकारी और प्रयोग करना; | *1 se 20 tak ke ankon ke Hindi naamon kee jaankaaree aur prayog karrnaa;* | to use Hindi names of numbers from 1 to 20; |
| • क्रिया विशेषण की पहचान और प्रयोग करना। | *Kriyaa visheshan kee jaankaaree aur prayog karnaa.* | to identify and use adverbs. |

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 7.1

सैम और माया गीता के घर नाश्ते के लिए पहुँचे हैं।

*Sam aur Maya Geeta ke ghar naashte ke liye pahunche hain.*

Sam and Maya arrive at Geeta's house to have breakfast.

## खान–पान

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **सैम और माया :** सबको नमस्ते। | ***Sam aur Maya :*** *Sabako namaste.* | **Sam and Maya :** Hello everyone. |
| **वेद :** नमस्ते, आओ। | ***Ved :*** *Namaste, Aao.* | **Ved :** Hello. Please come |
| **गीता:** दादाजी, पिताजी! आप भी आसन पर बैठिए । | ***Geeta :*** *Daadaajee, Pitaajee! Aap bhee aasan par baithiye.* | **Geeta :** Grandfather, Father! you also sit on the mat. |
| **माया :** लगता है कुछ खास बन रहा है। | ***Maya :*** *Lagtaa hai, kuchh khaas ban rahaa hai.* | **Maya:** It seems something special is being prepared. |
| **सैम :** खुशबू बहुत अच्छी आ रही है। | ***Sam:*** *Khushboo bahut achchhee aa rahee hai.* | **Sam:** It smells great. |
| **गीता :** यह तो माँ–पिताजी के हाथों का जादू है। | ***Geeta:*** *Yah to Maan-Pitaajee ke haathon kaa jaadoo hai.* | **Geeta:** This is magic of Mummy-Papa's hands. |
| **माँ :** अभी खाना लगाते हैं। तब तक आप लोग फलों का सलाद खाइए। | ***Maa :*** *Abhee Khaanaa lagaate hain. Tab tak aap log falon kaa salaad khaaiye.* | **Mother :** Food will be served in few moments. Till then have some fruit salad.. |
| **दादाजी :** सैम, माया, यह लो, फलों की चाट है। | ***Daadaajee :*** *Sam, Maya, yah lo, falon kee chaat hai.* | **Grandfather:** Sam, Maya, please have this fruit Chaat first. |
| **सैम :** धन्यवाद दादाजी। | ***Sam :*** *Dhanyavaad daadaajee.* | **Sam:** Thank you Grandfather. |
| **माया** (खाते हुए) : बहुत स्वादिष्ट है। अंकल! इसे आपने कैसे बनाया है? | ***Maya*** *(Khaate hue)* ***:*** *Bahut swaadisht hai Uncle! ise aapane kaise banaayaa hai?* | **Maya :** Very tasty. How did you prepare it? Uncle! |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **पिताजी** : इसे बनाना तो बहुत आसान है। मौसमी फल ले लो। साफ करके, धोकर छोटे टुकड़े काट लो। | ***Pitaajee :*** *Ise banaanaa to bahut aasaan hai. mausamee fal le lo. Saaph karake, dhokar chhote tukade kaat lo.* | **Dad :** It is very easy to make it. Take seasonal fruits. Wash them and cut them into small pieces. |
| **सैम** : आपने कौन से फल लिये हैं ? | ***Sam :*** *Aapane kaun se fal liye hain ?* | **Sam :** Which fruits have you chosen ? |
| **पिताजी** : मैंने एक अनानास, चार केले, दो आम, आधा तरबूज, एक खरबूजा, तीन सेब, थोड़े अंगूर, एक पपीता और पाँच–छह उबले आलू लिए हैं। | ***Pitaajee :*** *Maine ek anaanaas, chaar kele, do aam, aadha tarabooj, ek kharaboojaa, teen seb, thode angoor, ek papeetaa aur paanch-chhah ubale aaloo liye hain.* | **Dad :** I have chosen one pineapple, four bananas, two mangoes, half a watermelon, one muskmelon, three apples, some grapes, one papaya and five to six boiled potatoes. |
| **सैम** : फलों को काटने के बाद क्या–क्या डाला? | ***Sam :*** *Falon ko kaatane ke baad kyaa-kyaa daala?* | **Sam :** What did you add after cutting fruits? |
| **पिताजी** : फलों में स्वाद के अनुसार नमक, हरी मिर्च, चाट मसाला, हरा धनिया डालकर अच्छी तरह मिलाया है। | ***Pitaaji :*** *Falon mein swaad ke anusaar namak, haree mirch, chaat masaalaa, haraa dhaniyaa daalakar achchhee tarah milaayaa hai.* | **Dad :** I added salt, green chilli, chaat masala, green coriander to the fruits according to taste and mixed them well. |
| **माँ** : चाहें तो इसमें थोड़ा नींबू का रस भी मिला सकते हैं। | ***Maa :*** *Chaahen to isamen thoda neemboo kaa ras bhee milaa sakate hain.* | **Mother :** If you want, you can also add some lemon juice to it. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **माया** : हम भी ब्राजील में फलों से सलाद बनाते हैं। उसे बनाने का तरीका भी इससे मिलता–जुलता है। | ***Maya :*** *Ham bhee Brazil men falon se salaad banaate hain. Usey banaane kaa tareekaa bhee isase milataa-julataa hai.* | **Maya :** We also make fruit salad in Brazil. The method of preparing is also similar to this. |
| **गीता** : अच्छा ! कैसे बनाते हैं आप ? | ***Geeta :*** *Achchha! kaise banaate hain aap?* | **Geeta :** Really ! How do you prepare it ? |
| **माया** : हम फलों का पारंपरिक सलाद पपीता, अनानास, केले, आम, तरबूज, ताजा नींबू के रस और जायफल से बनाते हैं। | ***Maya :*** *Hum falon kaa paaramparik salaad papeetaa, anaanaas, kele, aam, tarabooj, taajaa neemboo ke ras aur jaayaphal se banaate hain.* | **Maya :** We make a traditional fruit salad with papaya, pineapple, banana, mango, watermelon, fresh lime juice and nutmeg. |
| **वेद** : स्वाद के लिए कुछ मिलाते हैं ? | ***Ved :*** *Swaad ke liye kuch milaate hain?* | **Ved :** Do you add something for taste? |
| **माया** : हाँ, हम इन्हें ताजा संतरे के रस, दालचीनी और चीनी या शहद के साथ मिलाकर खाते हैं। मैं तो नाश्ते में इसे दही के साथ खाती हूँ। | ***Maya :*** *Haan, hum inhen taaja santare ke ras, daalacheenee aur cheenee yaa shahad ke saath milaakar khaate hain. Main to naashte men ise dahee ke saath khaatee hoon.* | **Maya :** Yes, we eat them with a mixture of fresh orange juice, cinnamon and sugar or honey. I eat it in breakfast with curd. |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

1. भारत के प्रत्येक राज्य में खान–पान की समृद्ध परंपरा है। इनमें से अनेक व्यंजन तो हजारों साल से पसंद किए जाते रहे हैं।

   *Bharat ke pratyek raajya mein khaan-paan kee samriddh paramparaa hai. Inmen se anek vyanjan to hajaaron saal se pasand kiye jaate rahe hain.*

   Every state in India has a rich tradition of food and beverages. Many of these dishes have been relished for thousands of years.

2. भारत अपने मसालों, फलों और पकवानों के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है।

   *Bharat apane masaalon, phalon aur pakavaanon ke liye poore vishw men prasiddh hai.*

   India is famous all over the world for its spices, fruits and dishes.

3. क्रिया विशेषण वे शब्द होते हैं, जिनसे क्रिया की विशेषता का पता चलता है। अधिकतर इनका प्रयोग वाक्य में क्रिया से तुरंत पहले किया जाता है।

   जैसे– अब, जब, थोड़ा, तेज, जल्दी आदि।

   *Kriyaa visheshan ve shabd hote hain, jinase kriyaa kee visheshataa kaa pata chalataa hai. Adhikatar inakaa prayog vaakya men kriyaa se turant pahale kiyaa jaataa hai.*

   *jaise- ab, jab, thodaa, tej, jaldee aadi.*

   Adverbs are words that show the characteristics of a verb. Mostly it is used immediately before the verb in a sentence.

   like- now, when, little, fast, quickly etc.

4. हिंदी में 1 से 20 तक के अंक इस प्रकार लिखे जाते हैं:

   *Hindi men 1 se 20 tak ke ank is prakaar likhe jaate hain:*

The following is the way to write Hindi numbers from 1 to 20 –

| | | |
|---|---|---|
| 1– एक | *Ek* | One |
| 2– दो | *Do* | Two |
| 3– तीन | *Teen* | Three |
| 4– चार | *Chaar* | Four |
| 5– पाँच | *Paanch* | Five |
| 6– छः | *Chhah* | Six |
| 7– सात | *Saat* | Seven |
| 8– आठ | *Aath* | Eight |
| 9– नौ | *Nau* | Nine |
| 10– दस | *Das* | Ten |

| | | |
|---|---|---|
| 11– ग्यारह | *Gyaarah* | Eleven |
| 12– बारह | *Baarah* | Twelve |
| 13– तेरह | *Terah* | Thirteen |
| 14– चौदह | *Chaudah* | Fourteen |
| 15– पंद्रह | *Pandrah* | Fifteen |
| 16– सोलह | *Solah* | Sixteen |
| 17– सत्रह | *Satrah* | Seventeen |
| 18– अठारह | *Athaarah* | Eighteen |
| 19– उन्नीस | *Unnees* | Nineteen |
| 20– बीस | *Bees* | Twenty |

4. हिंदी भाषा में क्रिया विशेषण कब, कैसे, कहाँ और कितना वाले प्रश्नों के उत्तर देते हैं, जैसे – अब, तब, जब, परसों, कल, पहले, पीछे, कभी, अब तक, अभी–अभी, बार–बार।

   *Hindi bhaashaa men kriyaa visheshan kab, kaise, kahaan aur kitanaa vaale prashnon ke uttar dete hain, jaise –ab, tab, jab, parason, kal, pahale, peechhe, kabhee, ab tak, abhee-abhee, baar-baar.*

   Adverbs in Hindi language answer questions like when, how, where and how much. like - now, then, the day before, yesterday, yesterday, before, back, ever, till now, just now, again and again.

   सचमुच, ठीक, अवश्य, ऐसे, वैसे, अचानक, तेज, सच, अतः, इसलिए, क्योंकि, नहीं,

   *sachamuch, theek, avashya, aise, vaise, achaanak, tez, sach, atah:, isaliye, kyonki, naheen.*

   Really, right, of course, like this, by the way, suddenly, fast, really, therefore, because, not.

यहाँ, वहाँ, कहाँ, जहाँ, सामने, नीचे, ऊपर, आगे, भीतर, बाहर,

*yahaan, vahaan, kahaan, jahaan, saamane, neeche, oopar, aage, bheetar, baahar.*

here, there, where, where, in front, below, above, forward, inside, outside.

बहुत, अधिक, पूर्णतया, कुछ, थोड़ा, काफी, केवल, इतना, उतना, कितना, थोड़ा–थोड़ा, पर्याप्त; जितना कुछ आदि।

*bahut, adhik, poornatayaa, kuchh, thodaa, kaafee, keval, itanaa, utanaa, kitanaa, thodaa-thodaa, paryaapt; jitanaa kuchh aadi.*

much, completely, few, little, enough, only, so much, that much, how much, a little, enough, as much as, etc.

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 7.1

1) नीचे दी गई संख्याओं का उनके नाम से मिलान करें :

*Neeche dee gayee sankhyaaon kaa unke naam se milaan karen:*

Match the following numbers with their name in Hindi :

| तालिका 'क' | तालिका 'ख' |
|---|---|
| 20 | बीस |
| 2 | तेरह |
| 4 | दो |
| 10 | चार |
| 13 | दस |
| 7 | एक |
| 5 | सात |
| 1 | पाँच |

2) नीचे दिए गए वाक्यों में क्रिया विशेषण पर घेरा बनाइए :

*Neeche diye gaye vaakyon men kriyaa visheshan par gheraa banaaiye :*

Encircle the adverbs in the sentences given below :

1. खिलाड़ी तेज भाग रहे थे।
2. बच्चा जोर से रो रहा है।
3. गाड़ी धीरे चलाइए।
4. मैंने जोर–से पुकारा।
5. उसने भाई को बार–बार निवेदन किया।

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 7.2

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **माँ** : सैम, माया ! अब इडली–सांभर लो। | ***Maa :*** *Sam, Maya! ab idalee, saambhar lo.* | **Mother :** Sam, Maya! Now have idli, sambar. |
| **वेद** : और यह है पोहा। मुझे विश्वास है कि यह भी तुम्हें बहुत अच्छा लगेगा। | ***Ved :*** *Aur yah hai pohaa. Mujhe vishvaas hai ki yah bhee tumhen bahut achchhaa lagegaa.* | **Ved :** And this is Poha. I am sure you will like this. |
| **सैम** : धन्यवाद। ये सब बहुत स्वादिष्ट है! | ***Sam :*** *Dhanywaad. Ye sab bahut swaadisht hai.* | **Sam :** Thank you. These are very delicious! |
| **माया** : इडली देखकर तो पैनकेक की याद आ गई। | ***Maya :*** *Idalee dekhakar to painakek kee yaad aa gayee.* | **Maya :** Idli reminds me of pancake. |
| **सैम** : हाँ। लेकिन पैनकेक मीठे होते हैं। | ***Sam :*** *Haan. lekin pancake meethe hote hain.* | **Sam :** Yes, but pancakes are sweet. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **माया** : बिलकुल सही। भारत में तो इतने व्यंजन हैं कि हर रोज़ नया व्यंजन खाएँ तो भी सबका आनंद नहीं ले सकेंगे। | ***Maya :*** *Bilakul sahee. Bharat men to itane vyanjan hain ki har roz nayaa vyanjan khaayen to bhee sabakaa aanand naheen le sakenge.* | ***Maya :*** Exactly! There are so many dishes in India that even if you eat a new dish every day, you will not be able to enjoy all of them. |



| | | |
|---|---|---|
| **माँ** : अब खीर का आनंद लो। खाने के बाद कुछ मीठा तो होना चाहिए। | ***Maan :*** *Ab kheer kaa aanand lo. Khaane ke baad kuchh meethaa to honaa chaahiye.* | **Mother :** Now enjoy kheer. Dessert is a must after meal. |
| **सैम** : क्यों नहीं, मीठे व्यंजन तो मुझे विशेष रूप से पसंद हैं। | ***Sam :*** *Kyon naheen, meethe vyanjan to mujhe vishesh roop se pasand hain.* | **Sam :** Why not, I like sweet dishes too much. |
| **माया** : खीर तो बहुत स्वादिष्ट है। यह कैसे बनाई जाती है? | ***Maya :*** *Kheer to bahut swaadisht hai. Yah kaise banaayee jaatee hai?* | **Maya :** Kheer is very tasty. How is it made? |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **वेद** : बहुत आसान है। दूध में चावल और चीनी डालकर तब तक उबालते हैं, जब तक यह गाढ़ी न हो जाए। | ***Ved :*** *Bahut aasaan hai. Doodh men chaaval aur cheenee daalakar tab tak ubaalate hain, jaba tak yah gaadhee naa ho jaaye.* | **Ved :** Very simple. Boil rice and sugar in milk until it becomes thick. |
| **गीता** : इसमें सूखा नारियल और इलायची, मेवे डालने से इसका स्वाद और बढ़ जाता है। | ***Geeta :*** *Isamein sookhaa naariyal aur ilaayachee, meve daalane se isakaa swaad aur badh jaataa hai.* | **Geeta :** Adding dry coconut, cardamom and dry fruits enhances its taste. |
| **माया** : मैं ये सभी व्यंजन बनाना सीखना चाहती हूँ। | ***Maya :*** *Main ye sabhee vyanjan banaanaa seekhanaa chaahatee hoon.* | **Maya :** I want to learn to cook all these dishes. |
| **गीता** : हाँ–हाँ, हम हैं न सिखाने के लिए। | ***Geeta :*** *Haan-Haan, Hum hain na sikhaane ke liye.* | **Geeta :** Sure, we are here to teach you. |
| **वेद** : हम भी तुम्हारे देशों के व्यंजन सीखना चाहते हैं। | ***Ved :*** *Aur hum bhee tumhare deshon ke vyanjan seekhanaa chaahte hain.* | **Ved :** And we also want to learn to cook dishes of your countries. |
| **सैम** : हाँ–हाँ, क्यों नहीं। | ***Sam :*** *Haan-haan. kyon naheen.* | **Sam :** Sure. Why not. |
| **माया** : भोजन बहुत स्वादिष्ट था। धन्यवाद अंकल, आंटी। | ***Maya :*** *Bhojan bahut swaadisht thaa. Dhanywaad uncle, Aunty.* | **Geeta :** Food was very delicious. Thanks uncle and aunty |
| **सैम (गीता से)** : हम चलते हैं। कल मिलेंगे। याद है न, बाज़ार जाना है। | ***Sam (Geeta se) :*** *Hum chalte hain. Kal milenge yaad hai na, baazaar jaanaa hai.* | **Sam (to Geeta) :** We take leave. See you tommorrow. Don't you remember, we have to go to the market. |

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 7.2

1. नीचे लिखे वाक्यों को बॉक्स में दिए सही शब्दों से पूरा कीजिए :

   *Neeche diye gaye vaakyon ko box men diye sahee shabdon se poora keejiye :*

   Complete the following sentences with the correct words given in the box :

   | |
   |---|
   | खाना, नहीं, बनाना, आनंद, बहुत, पसंद, मीठे |

   (क) खीर तो .................. स्वादिष्ट है।

   (ख) पैनकेक .................... होते हैं।

   (ग) इस खीर का भी .................. लो।

   (घ) मीठे व्यंजन तो मुझे विशेष रूप से ................. हैं।

   (ङ) मैं ये सभी व्यंजन ...................... सीखना चाहती हूँ।

2. सही शब्द चुनकर नीचे दिये गए वाक्य पूरे कीजिए :

   *Sahee shabd chunkar neeche diye gaye vaakya poore keejiye :*

   Complete the following sentences by choosing correct word :

   | |
   |---|
   | पर्वत, परम्परा, ऊनी कपड़े, मीठे व्यंजन, झूला |

   (क) ..................... तो मुझे विशेष रूप से पसंद हैं।

   (ख) ..................... सर्दियों में पहने जाते हैं।

   (ग) सावन में गांवों में लोग .................. झूलते हैं।

   (घ) हिमालय में ऊँचे–ऊँचे .................. हैं।

   (ङ) भारत में खान–पान की समृद्ध .................. है।

## नए शब्द सीखें / *Naye shabd seekhen* / Learn new words:

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (क). | आसन | *Aasan* | Mat |
| (ख). | नाश्ता | *Naashtaa* | Breakfast |
| (ग). | खुशबू | *Khusboo* | Aroma |
| (घ). | अच्छा | *Achchaa* | Good |
| (ङ). | फल | *Phal* | Fruit |
| (च). | गिनती | *Ginatee* | Counting |
| (छ). | स्वादिष्ट | *Swaadisht* | Delicious |
| (ज). | थोड़ा | *Thodaa* | Little |
| (झ). | टुकड़े | *Tukade* | Pieces |
| (ञ). | स्वाद | *Swaad* | Taste |
| (ट). | मीठा | *Meethaa* | Sweet |
| (ठ). | मिश्रण | *Mishran* | Mixture |
| (ड). | विश्वास | *Vishwaas* | Faith |
| (ढ). | धोना | *Dhonaa* | To wash |
| (ण). | काटना | *Kaatnaa* | To cut |
| (त). | परंपरा | *Paramparaa* | Tradition |
| (थ). | गाढ़ी | *Gaadhee* | Thick |
| (द). | खीर | *Kheer* | Rice pudding |

## आपने क्या सीखा: / *Aapne kyaa seekhaa:* / What have you learnt:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| • भारत के प्रत्येक राज्य में खान–पान की समृद्ध परंपरा है। | *Bharat ke pratyek raajya men khaan-paan kee samriddh paramparaa hai.* | Every state of India has a rich tradition of food and beverages. |
| • क्रिया विशेषण का प्रयोग प्रायः क्रिया के तुरंत पहले किया जाता है। | *Kriya visheshan ka prayog praayah kriya ke turant pahale kiya jaata hai.* | Generally adverbs are used just before verbs. |
| • संज्ञा और सर्वनाम की संख्या का बोध कराने वाले विशेषण संख्यावाचक विशेषण कहलाते हैं जैसे– दो आम, चार बच्चे। | *Sangyaa aur sarvnaam kee sankhyaa kaa bodh karaane waale visheshan sankhyaa vaachak visheshan kahlaate hain jaise- do aam, chaar bachche.* | Adjectives that indicate the number of nouns and pronouns are called numerical adjectives like- two mangoes, four children. |

## पाठांत प्रश्न / *Paathant Prashn* / Terminal Questions

1 नीचे दिए गए वाक्यों में क्रियाविशेषण शब्दों पर घेरा बनाइए –

*Neeche diye gaye vaakyon men kriyaa visheshan shabdon par gheraa banaaiye-*

Circle the adverb in the following sentences:

(क) भारत में स्वादिष्ट पैनकेक भी बनाए जाते हैं।

(ख) मैं तो नाश्ते में इसे दही के साथ खाती हूँ।

(ग) फलों में नमक, हरा धनिया डालकर अच्छी तरह मिला लेते हैं।

(घ) साफ करके, धोकर छोटे टुकड़े काट लो।

(च) आप दोनों यहाँ आसन पर आराम से बैठिए।

2 नीचे दिए वाक्य पढ़िए और (✓) अथवा (×) का निशान लगाइए :

*Neeche diye gaye vaakya padhiye aur (✓) athwaa (×) kaa nishaan lagaaiye:*

Read the sentences given below and mark them (✓) or (×) :

(क) पोहा और इडली फलों के नाम हैं। ( )

(ख) खीर दूध, चावल व चीनी से बनती है । ( )

(ग) क्रिया विशेषण से पता चलता है कि कोई काम कब, कहाँ, कैसे और कितना हुआ। ( )

(घ) 17 को हिंदी में 'पंद्रह' बोलते और लिखते हैं। ( )

(ङ) दो आम और 2 केले मिलकर चार फल हुए। ( )

(च) आप दोनों यहाँ आसन पर आराम से बैठिए। ( )

3. नीचे खीर बनाने की विधि दी गई है। इसका क्रम ठीक नहीं है। सही क्रम को अंक लिखकर बताइये –

*Neeche kheer banaane kee vidhi dee gayee hai. Isakaa kram theek naheen hai. Sahee kram ko ank likhakar bataiye –*

The method of making kheer is given below. Its sequence is not correct. Write the correct sequence by writing numbers –

- सबसे पहले चावल धोकर साफ कर लें। ( )
- दूध को गरम करें। ( )
- अच्छी तरह पकने पर परोसें। ( )
- दूध में चीनी डालें। ( )

- दूध में इलायची डालें। ( )
- दूध को धीमी आँच पर गाढ़ा होने दें। ( )
- दूध में चावल डालें। ( )

## आइए, करके देखें / *Aaiye karke dekhen* / Let's do :

1. इन्टरनेट पर पोहा और इडली–सांभर बनाने की विधि देखकर सीखिये और अपने साथियों के साथ साझा कीजिए।

   *Internet par pohaa aur idalee-saambhar banaane kee vidhee dekhakar seekhiye aur apne saathiyon ke saath keejiye.*

   Learn the recipe of Poha and Idli-Sambhar from internet and sharewith your friends.

## उत्तरमाला

'अपनी प्रगति जाँचें' में दिए प्रश्नों के उत्तर / *'Apnee pragati jaanchen' men diye prashanon ke uttar* /Answers of the question given under 'Check your progress'.

### 7.1

1) बीस, दो, चार, दस, तेरह, सात, पाँच, एक

2) धीरे–धीरे, ढककर, पहले, साथ

### 7.2

1) (क) बहुत, (ख) मीठे, (ग) आनंद, (घ) पसंद, (च) बनाना

2) (क) मीठे व्यंजन, (ख) ऊनी कपड़े, (ग) झूला, (घ) पर्वत, (च) परम्परा

# 8

# बाज़ार

# *Baazaar*

# Market

पिछले पाठ में, सैम और माया भारत की संस्कृति से काफी परिचित हो चुके हैं। इस पाठ में वे एक स्थानीय बाज़ार में जाएँगे और भारतीय जनजीवन को नजदीक से देखेंगे।

*Pichhle paath men, Sam aur Maya Bharat kee sanskriti se kaafee parichit ho chuke hain. Is paath mein ve ek sthaaneeya baazaar men jaayenge aur bhaarteeya janjeevan ko najdeek se dekhenge.*

In the previous lesson, Sam and Maya have become quite familiar with the culture of India. In this lesson they will visit a local market and observe Indian life style closely.

## उद्देश्य / *Uddeshya* / Objectives

इस पाठ से हम सीखेंगे : / *Is paath se hum seekhenge :* / In this lesson we will learn:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेज़ी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| • बाजार में लेन–देन के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग करना; | *Baazaar man len-den ke liye Hindi bhaashaa kaa proyog karnaa;* | To use Hindi language for transactions in market; |
| • मुख्य रंगों को देखकर उनके हिन्दी नामों का प्रयोग करना; | *Mukhya rangon ko dekhkar unke Hindi naamon kaa prayog karnaa;* | To use Hindi names of main colours after seeing them; |
| • हिन्दी में आकार, मात्रा और गुणवत्ता बताने वाले शब्दों का आवश्यकतानुसार प्रयोग करना; | *Hindi men aakaar, maatraa aur gunavattaa bataane vaale shabdon kaa aavashyakataanusaar prayog karnaa;* | to use words describing size, quantity and quality in Hindi as required. |
| • नए शब्दों का उच्चारण व प्रयोग करना। | *Naye shabdon kaa uchchaaran va prayog karnaa.* | to pronounce and use new words. |

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 8.1

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेज़ी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **गीता** : सैम! माया! यह यहाँ का सबसे बड़ा और सबसे अच्छा बाज़ार है। | ***Geeta :*** *Sam! Maya! yah yahaan kaa sabse badaa aur sabase achchhaa baazaar hai.* | **Geeta :** Sam! Maya! This is the biggest and best market of this area. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **सैम** : यहाँ की रौनक देखकर लगता है कि यह काफी प्रसिद्ध बाज़ार है। | ***Sam :*** *Yahaan kee raunak dekhkar lagtaa hai ki yah kaafee prasiddh baazaar hai.* | **Sam :** Judging by the crowd here, it seems to be a very famous market. |
| **गीता** : हाँ, यहाँ ज़रूरत की लगभग सभी चीज़ें सही दाम पर मिल जाती हैं। | ***Geeta :*** *Haan, yahaan zaroorat kee lagabhag sabhee cheezen sahee daam par mil jaatee hain.* | **Geeta :** Yes, almost all the essential things are available here at reasonable prices. |
| **माया** : यहाँ आकर मुझे लग रहा है असली भारत यही है। इतने तरह के रंग, इतनी तरह की सुगंध! वाह! | ***Maya :*** *Yahaan aakar mujhe lag rahaa hai aslee Bharat yahee hai. Itane tarah ke rang, itanee tarah kee sugandh! vaah!* | **Maya :** I feel that this is the real India. So many colors, so many fragrances! Wow! |
| **माया** : मैंने देखा है यहाँ अधिकतर महिलाओं ने साड़ी पहनी है। गीता! क्या मैं भी यहाँ से साड़ी खरीद लूँ ? | ***Maya :*** *Mainne dekhaa hai yahaan adhiktar mahilaaon ne saari pahanee hai. Geeta! kyaa main bhee yahaan se saari khareed loon?* | **Maya :** I have notied that most of the women here are wearing sarees. Geeta! shall I also buy a saree from here? |
| **गीता** : हाँ–हाँ, देखो! यह खादी ग्रामोद्योग की दुकान है। मैं अधिकतर यहीं से साड़ियाँ खरीदती हूँ। | ***Geeta:*** *Haan-haan, dekho! Yah khaadee graamodyog kee dukaan hai. Main adhiktar yaheen se saariyaan khareedatee hoon.* | **Geeta :** Yes, that is a Khadi and Village Industry shop. I mostly buy sarees from here. |
| **सैम** : मैं भी कुर्ता लेना चाहता हूँ। क्या यहाँ कुर्ते भी मिलते हैं? | ***Sam :*** *Main bhee kurtaa lenaa chaahtaa hoon. Kyaa yahaan kurte bhee milte hain?* | **Sam :** I also want to buy kurtas. Are kurtas also available here? |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **गीता** : हाँ, यहाँ से तुम्हें कुर्ते भी मिल जाएंगे। | ***Geeta :*** *Haan, yahaan se tumhen kurte bhee mil jaaenge.* | **Geeta :** Yes, you will also get kurtas from here. |
| **सैम और माया** : तो जल्दी चलो न! | ***Sam aur Maya :*** *To jaldee chalo na!* | **Sam and Maya :** Then let's hurry! |
| *सभी दुकान में प्रवेश करते हैं* | *saabhee dukaan men pravesh karte hain* | *All enter the shop.* |




| | | |
|---|---|---|
| **दुकानदार** : आइए बहन जी! आइए भाई जी। आपका स्वागत है, बैठिए। | ***Dukaandaar:*** *Aaiye bahan jee! Aaaiye bhaaee jee. Aapaka swaagat hai, baithiye.* | **Shopkeeper :** Welcome sister! brother, please, have a seat. |
| **गीता** : नमस्ते भाई जी! मेरी सहेली को साड़ियाँ खरीदनी हैं। आपके पास जो सबसे अच्छी साड़ियाँ हैं, वे दिखाइए। | ***Geeta :*** *Namaste bhaaee jee! Meree sahelee ko saadiyaan khareednee hain. Aapake paas jo sabse achchhee saadiyaan hain, ve dikhaaie.* | **Geeta :** Hello brother! My friend wants to buy sarees. Show the best sarees you have. |

| हिन्दी –देवनागरी में Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद English Translation |
|---|---|---|
| **दुकानदार** : जी, कौन–से रंगों की साड़ियाँ देखना चाहेंगी आप? | ***Dukaanadaar :*** *Jee kaun-se rangon kee saadiyaan dekhnaa chaahengee aap?* | **Shopkeeper :** What color would you like to see? |
| **माया** : मुझे लाल, नीला और पीला रंग पसंद है। | ***Maya :*** *Mujhe Laal, Neelaa aur Peelaa rang pasand hai.* | **Maya :** I like red, blue and yellow colour. |
| **दुकानदार** : ये देखिए, ये सूती साड़ियाँ और ये रेशमी साड़ियाँ हैं। | ***Dukaandaar :*** *Ye dekhiye, ye sooti saardiyaan aur ye rashmee saardiyaan hain.* | **Shopkeeper :** Have a look. These are cotton sarees and silk sarees. |
| **गीता** : यह लाल रेशमी साड़ी तुम पर बहुत फबेगी माया। | ***Geeta :*** *Yah laal reshmee saaree tum par bahut phabegee Maya.* | **Geeta :** Maya, this red silk saree will suit you very well. |
| **सैम** : गीता सही कह रही है। मुझे भी यह साड़ी सुंदर लग रही है। | ***Sam :*** *Geeta sahee kah rahee hai. Mujhe bhee yeh saaree sundar lag rahee hai.* | **Sam :** Geeta is right. I like this saree as well. |
| **माया** : मुझे भी यह साड़ी देखते ही पसंद आ गई है। कितने की है? | ***Maya :*** *Mujhe bhee yah saaree dekhte hee pasand aa gayee hai. Kitne kee hai?* | **Maya :** I have also liked this saree as soon as I saw it. What is the price of this saaree? |
| **दुकानदार** : आपकी पसंद बहुत अच्छी है। यह साड़ी केवल चार हजार रुपए की है। | ***Dukaandaar :*** *Aapkee pasand bahut achchhee hai. Yah saaree keval chaar hazaar rupaye kee hai.* | **Shopkeeper :** Your choice is very good. This saree is only for four thousand rupees. |
| **गीता** : भाई जी, एक कुर्ता–पायजामा भी दिखाइए। | ***Geeta :*** *Bhaai jee, ek kurta-paayjaama bhee dikhaaiye.* | **Geeta :** Well, show us a kurta-pajama too. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **दुकानदार** : कौन–से कपड़े में कुर्ते लेना पसंद करेंगे आप? सूती या रेशमी या...? | ***Dukaandaar :*** *Kaun-se kapade men kurte lena pasand karenge aap? sootee, reshamee yaa...?* | **Shopkeeper :** In which fabric you like to buy the kurtas? cotton, silk or...? |
| **गीता** : केवल सूती कुर्ते ही दिखाइए। | ***Geeta :*** *Keval sootee kurte hee dikhaie.* | **Geeta :** Show only cotton kurtas. |
| **दुकानदार** : जी, ये देखिए। ये सभी सूती कुर्ते हैं। | ***Dukaandaar :*** *Jee, ye dekhiye. Ye sabhee sootee kurte hain.* | **Shopkeeper :** Have a look. These are all cotton kurtas. |
| **सैम** : मुझे पीला और काला रंग पसंद है। सफेद और हरा रंग भी चलेगा। | ***Sam :*** *Mujhe Peelaa aur Kaalaa rang pasand hai. Safed aur Haraa rang bhee chalega.* | **Sam :** I like yellow and black colour. White and green also be okey. |
| **दुकानदार** : यह देखिए। यह पीला कुर्ता और सफेद पायजामा आपके लिए बिलकुल सही रहेगा। | ***Dukaandaar :*** *Yah dekhiye. Yah Peelaa kurtaa aur Safed paayjaamaa aapke liye bilkul sahee rahegaa.* | **Shopkeeper :** Have a look. This yellow kurta and white paayjaamaa will be perfect for you. |
| **गीता** : कुछ और रंग दिखाइए। | ***Geeta :*** *Kuchh aur rang dikhaaiye.* | **Geeta :** Show me some more colours. |
| **दुकानदार** : ये देखिए। | ***Dukaandaar :*** *Ye dekhiye.* | **Shopkeeper:** Have a look. |
| **माया** : मुझे यह नीला कुर्ता अधिक अच्छा लग रहा है। | ***Maya :*** *Mujhe yah Neelaa kurtaa adhik achchhaa lag rahaa hai.* | **Maya :** I like this blue kurta more. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **सैम** : मुझे यह पीला और सफ़ेद कुर्ता अधिक अच्छा लगा। | ***Sam :*** *Mujhe yah Peelaa aur Safed kurtaa adhik achchhaa lagaa.* | **Sam:** I like this yellow and white kurta. |




| | | |
|---|---|---|
| **गीता** : हाँ, यह अच्छा कुर्ता है। इसका कपड़ा भी मुलायम लग रहा है। | ***Geeta :*** *Haan, yah achchhaa kurtaa hai. Isakaa kapdaa bhee mulaayam lag rahaa hai.* | **Geeta :** Yes, it is a nice kurta. Its fabric also looks soft. |
| **सैम** : तो मैं यही ले लेता हूँ। | ***Sam :*** *To main yahee le leta hoon.* | **Sam :** Then I'll take this one. |
| **गीता** : इस कुर्ते पायजामे की कीमत क्या है भाई जी? | ***Geeta :*** *Is kurte paayjaame kee keemat kyaa hai bhaaee jee?* | **Geeta :** Brother, what is the cost of this kurta and paayjaamaa? |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **दुकानदार** : यह कुर्ता पायजामा केवल दो हजार रुपए का है, बहन जी। | ***Dukaandaar :*** *Yah kurtaa paayjaama keval do hazaar rupaye kaa hai bahan jee.* | **Shopkeeper :** This kurta payjama is only for two thousand rupees, sister. |
| **गीता** : तो साड़ी और कुर्ते–पायजामे के कुल छह हजार रुपए हुए। यह लीजिए छह हजार रुपए। | ***Geeta :*** *To saari aur kurte-paayjaame ke kul chhah hazaar rupaye hue. Yah leejiye chhah hazaar rupaye.* | **Geeta :** So the total cost of saree and kurta-pyjama is six thousand rupees. Here is six thousand rupees. |
| **दुकानदार** : बहन जी, गांधी जयंती के अवसर पर अभी सभी खादी भंडारों में 30 प्रतिशत की विशेष छूट चल रही है। | ***Dukaandaar :*** *Bahan jee, Gandhi jayantee ke avasar par abhee sabhee khaadee bhandaaron men 30 pratishat kee vishesh chhoot chal rahee hai.* | **Shopkeeper :** Sister, on the occasion of Gandhi Jayanti, 30 percent special discount is being given in all Khadi stores. |
| **माया** : अरे वाह! यह तो सोने पर सुहागे वाली बात हो गई। | ***Maya :*** *Are vaah! yah to sone par suhaage vaalee baat ho gaee.* | **Maya :** Oh wow. This has become an icing on the cake. |
| **दुकानदार** : यह लीजिए आपके 1800 रुपए । | ***Dukaandaar :*** *Yah leejiye aapke 1800 rupaye .* | **Shopkeeper :** Here is your 1800 rupees. |
| **गीता, सैम और माया:** धन्यवाद भाई जी! | ***Geeta, Sam aur Maya :*** *Dhanyawaad bhaee jee!* | **Geeta, Sam and Maya:** Thank you brother. |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

1. खादी हाथ से बने वस्त्रों को कहते हैं। इसमें विशेष रूप से सूती कपड़े हैं। खादी को बढ़ावा देने के लिए महात्मा गांधी जी ने काफी काम किया था।

   *Khaadee haath se bane vastron ko kehte hain. Isme Vishesh roop se sootee kapade hain. Khaadee ko badhaava dene ke liye Gaandhee jee ne kaafee kaam kiya tha.*

   Khadi is a handspun clothes.  Gandhiji did a lot of work to promote Khadi.

2. खादी ग्रामोद्योग के विक्रय केन्द्रों से प्रामाणिक खादी के उत्पाद खरीदे जा सकते हैं।

   *Khaadee graamodyog ke vikray kendron se praamaanik khaadee ke utpaad khareede jaa sakte hain.*

   Authentic Khadi products can be purchased from the sales centers of Khadi and Village Industries store.

3. खादी के सभी उत्पाद ऑनलाइन भी खरीदे जा सकते हैं।

   *Khaadee ke sabhee utpaad online bhee khareede jaa sakte hain.*

   All Khadi products can also be purchased online.

4. साड़ी और कुर्ता–पायजामा पारंपरिक भारतीय परिधान हैं। भारत में महिलाएँ बहुत पहले से साड़ी पहनती रही हैं। आज साड़ी केवल भारत में ही नहीं, बल्कि अनेक अन्य देशों में भी लोकप्रिय है।

   *Saari aur kurtaa-paayjaamaa paaramparik Bhaarteeya paridhaan hain. Bharat men mahilaayen bahut pahale se saari pahantee rahee hain. Aaj sari keval Bharat men hee naheen, balki anek anya deshon men bhee lokpriya hai.*

   Saree and kurtaa-pyajama are traditional Indian wear. Women in India have been wearing saris for thousands of years. Today saree is popular not only in India but also in many other countries.

5. मुलायम, अच्छा, बिलकुल सही, सुंदर, सबसे अच्छी आदि शब्द किसी वस्तु की प्रशंसा के लिए उपयोग में लाए जाने वाले शब्द हैं।

*Mulaayamn, achchhaa, bilkul sahee, sundar, sabse achchhee aadi shabd kisee vastu kee prashansaa ke liye upayog men laye jaane vaale shabd hain.*

The words comfortable, nice, perfect, beautiful, best etc. are words used to praise something.

6. हिंदी में कुछ रंगों के नाम निम्नलिखित हैं –

*Hindi men kuchh rangon ke naam nimnalikhit hain –*

Following are the names of some colors in Hindi –




## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 8.1

1. सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए:

*Sahee shabd chunkar khaalee jagah bhariye:*

Fill in the blanks by using correct word:

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जरूरत, | प्रसिद्ध, | छूट, | लाल, | कुर्ता |

(क) यह काफी .............. बाजार है।

(ख) यहां ...................... की सभी चीजें मिल जाती हैं।

(ग) माया ने ....................... रंग की साड़ी खरीदी।

(घ) सैम ने पीले रंग का ............. खरीदा।

(ङ) गांधी जयंती पर 30 प्रतिशत की ......................... चल रही है।

2. नीचे दिए गए रंगों के सही नाम चुनकर लिखिए –

*Neeche diye gaye rangon ke sahee naam chunkar likhiye –*

Choose the correct name of the colors given below and write –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पीला | गुलाबी | काला | संतरी | भूरा |
| बैंगनी | सलेटी | लाल | नीला | हरा |



3. रंगों का चीजों से मिलान कीजिए / *Rangon kaa cheejon se milaan keejiye* / Match the colours according to the things -

| | |
|---|---|
| पीला | दही |
| नीला | भैंस |
| हरी | बादल |
| सफेद | आम |
| लाल | इंद्रधनुष |
| काली | आसमान |
| सतरंगी | घास |
| भूरा | टमाटर |

## कखग आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 8.2

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **गीता** : माँ ने कहा था कि लौटते हुए कुछ फल भी ले आना। | ***Geeta :*** *Maan ne kahaa thaa ki lautate hue kuchh fal bhee le aana.* | **Geeta:** Mother told me to bring some fruits while returning. |
| **माया** : फलों की दुकानें तो सामने ही हैं। चलो वहीं से फल ले लेते हैं। | ***Maya :*** *Falon kee dukaane to saamane hee hain. Chalo vaheen se fal le lete hain.* | **Maya:** Fruit shops are right in front. Let's take fruits from there. |
| **गीता** : हाँ चलो, वहाँ तुम ही दुकानदार से बातचीत करना। | ***Geeta:*** *Haan chalo,Vahaan tum hee dukaandaar se baatcheet karna.* | **Geeta:** Yes, come on. There you only talk to the shopkeeper. |
| **माया** : ठीक है। | ***Maya :*** *Theek hai.* | **Maya:** Okey. |

## बाज़ार

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **सैम** : *(दुकानदार से)* भाई जी, एक किलो आम कितने के हैं? | ***Sam :*** *(dukaandaar se) Bhaaee jee, ek kilo Aam kitne ke hain?* | **Sam :** *(to the shopkeeper)* Brother, how much is a kilo of mangoes? |
| **दुकानदार** : भाई जी, एक किलो आम 120 रुपए के हैं। बिलकुल ताजा, रसीले और मीठे हैं। | ***Dukaandaar :*** *Bhaaee jee, ek kilo Aam 120 rupaye ke hain. bilkul taaze, raseele aur meethe hain.* | **Shopkeeper :** Brother, one kilo of mangoes costs 120 rupees. These are fresh, juicy and sweet. |
| **माया** : और दो किलो आम कितने रुपए के हैं? | ***Maya :*** *Aur do kilo Aam kitne rupaye ke hain?* | **Maya :** And how much are two kilos of mangoes? |
| **गीता** : दाम सही लगाना, भैया जी । | ***Geeta :*** *Daam sahee lagaanaa, bhaiyaa jee .* | **Geeta :** Charge the right price, brother |
| **दुकानदार** : दो किलो आम लेंगे तो दो सौ रुपए के लगा दूँगा भाई जी। | ***Dukandar :*** *Do kilo Aam lenge to do sau rupaye ke lagaa doongaa bhaaee jee.* | **Shopkeeper :** If you buy two kilos of mangoes, I will charge you two hundred rupees brother. |
| **माया** : एक दर्जन केले कितने के हैं? | ***Maya :*** *Ek darjan kele kitne ke hain?* | **Maya :** How much a dozen bananas cost? |
| **दुकानदार** : एक दर्जन केले साठ रुपए के हैं और दो दर्जन 100 रुपए के हैं। | ***Dukaandaar :*** *Ek darjan Kele saath rupaye ke hain aur do darjan 100 rupaye ke hain.* | **Shopkeeper :** One dozen bananas are for sixty rupees and two dozen are for 100 rupees. |
| **सैम** : ठीक है। दो किलो आम और दो दर्जन केले दे दो। | ***Sam :*** *Theek hai. Do kilo Aam aur do darjan Kele de do.* | **Sam :** All right. Give two kilos of mangoes and two dozen bananas. |
| **दुकानदार** : लीजिए आपके आम और केले। | ***Dukaandaar :*** *Leejie aapake Aam aur kele.* | **Shopkeeper :** Here are your mangoes and bananas. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **गीता** : क्या मैं आपको ऑनलाइन भूगतान कर दूँ ? | ***Geeta :*** *Kyaa main aapko online bhugtaan kar doon?* | **Geeta :** Shall I pay you online? |
| **दुकानदार** : जी, बिलकुल। आप मेरा क्यूआर कोड स्कैन करके ऑनलाइन भुगतान कर दीजिए। | ***Dukaandaar :*** *Jee, bilkul. Aap meraa QR code scan karke online bhugtaan kar deejiye.* | **Shopkeeper :** Sure, pay online by scanning my QR code. |
| **गीता** : मैने आपको 300 रुपए ऑनलाइन भेज दिए। | ***Geeta :*** *Maine aapko 300 rupaye online bhej diye.* | **Geeta :** I have paid you Rs. 300 online. |
| **सैम और माया** : अरे वाह! यहाँ तो फलवाले के पास भी ऑनलाइन भुगतान की सुविधा है! | ***Sam aur Maya :*** *Are vaah! Yahaan to falavaale ke paas bhee online bhugtaan kee suvidhaa hai!* | **Sam and Maya :** Oh wow! Here even the fruit seller has the facility of online payment! |
| **गीता** : हाँ। भारत की भीम यूपीआई व्यवस्था तो अब पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हो गई है। | ***Geeta :*** *Haan. Bhaarat kee bheem UPI vyavasthaa to ab pooree duniyaa men prasiddh ho gayee hai.* | **Geeta :** Yes. India's BHIM UPI system have now become famous all over the world. |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

1. भीम यूपीआई ऐसी व्यवस्था है, जिसने भारत में खरीददारी के अनुभव को बेहतर कर दिया है। अब छोटे–बड़े सभी दुकानदार ऑनलाइन लेन–देन करते हैं।

   *Bheem UPI aisee vyavasthaa hai, jisne bharat men khareeddaaree ke anubhav ko behtar kar diya hai. Ab chhote-bade sabhee dukaandaar online len-den karte hain.*

   BHIM UPI is the system that has made the shopping experience in India much better. Now all big and small shopkeepers are doing online transactions.

2. ताजे, रसीले, मीठे, दो किलो, एक दर्जन आदि शब्द वस्तुओं की मात्रा और गुणवत्ता बताते हैं।

   *Taaze, raseele, meethe, do kilo, ek darjan aadi shabd vastuon kee maatraa aur gunvattaa bataate hain.*

   The words fresh, juicy, sweet, two kilos, one dozen etc. describe the quantity and quality of things.

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 8.2

नीचे दिए प्रश्नों के सही उत्तर चुनें: / *Neeche diye prashon ke sahee uttar chunen:* / Choose the correct answer to given below:

1. मां ने क्या लाने के लिए कहा था?

   (क) मिठाई (ख) फल

   (ग) कपड़े (घ) बर्तन

2. गीता ने कितने आम खरीदे?

   (क) दो दर्जन (ख) दो लीटर

   (ग) दो किलो (घ) दो मीटर

3. नीचे दिए गए शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए / *Neeche diye gaye shabdon se vaakya poora keejiye* / Make new sentences using the words given below –

| ताज़ा, | मीठे, | खट्टे, | आरामदायक, | सुंदर |
|---|---|---|---|---|

   (क) ये ताज़ा सेब हैं।

   (ख) ये अंगूर .............. हैं।

   (ग) यह कार .................. है।

   (घ) यह साड़ी ...................... है।

   (ङ) ये .................... आम हैं।

## नए शब्द सीखें / *Naye shabd seekhen* / Learn new words:

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (क). | प्रसिद्ध | *Prasiddh* | Famous |
| (ख). | दाम | *Daam* | Price |
| (ग). | सब्ज़ी | *Sabzee* | Vegetable |
| (घ). | रंग | *Rang* | Colour |
| (ङ). | ताजा | *Taajaa* | Fresh |
| (च). | छोटा | *Chhotaa* | Small |
| (छ). | मूल्य | *Moolya* | Price |
| (ज). | दर्जन | *Darjan* | Dozen |
| (झ). | चीजें | *Cheejen* | Things |
| (ञ). | सही–सही | *Sahee-sahee* | Reasonable |
| (ट). | भाव | *Bhaav* | Cost |
| (ठ). | पीला | *Peelaa* | Yellow |
| (ड़). | नीला | *Neelaa* | Blue |
| (ढ़). | आसमानी | *Aasmaanee* | Skycolour |
| (ण). | हरा | *Haraa* | Green |
| (त). | लाल | *Laal* | Red |

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (थ). | काला | *Kaalaa* | Black |
| (द). | बाजार | *Baazaar* | Market |
| (ध). | सफेद | *Safed* | White |
| (न). | मुलायम | *Mulaayam* | Soft |
| (प). | कीमत | *Keemat* | Price |
| (फ). | प्रतिशत | *Pratishat* | Percent |
| (ब). | पका हुआ | *Pakaa huwa* | Ripen |
| (भ). | खरीददारी | *Khareeddaaree* | Shopping |
| (म). | भुगतान | *Bhugtaan* | Payment |
| (य). | व्यवस्था | *Vyavastha* | Arrangement, System |

## आपने क्या सीखा: / Aapne kyaa seekhaa: / What have you learnt:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • बाज़ार में लेन– देन की भाषा में विशेषणों का प्रयोग प्रचुर मात्रा में होता हैं । | *Baazaar men len-den kee bhaashaa men visheshanon kaa prayog prachur maatraa men hotaa hai.* | There is ample use of adjectives in language of market transactions |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| • हिंदी में रंगों के नाम अधिकांशतः किसी वस्तु, फल–फूल से संबंधित हैं जैसे– गुलाबी, नारंगी, जामुनी, स्लेटी। | *Hindi men rangon ke naam adhikaanshtah kisee vastu, phal-phool se sambandhit hain, jaise - gulaabee, naarangee, jamunee, sletee.* | In Hindi name of colours are mostly related to things, fruit, and flower, like - gullabi, naarangi, jamuni, sleti. |
| • भारतीय बाज़ारों में ऑन लाइन लेन–देन बहुत सामान्य है। | *Bhaarteeya bazaaron men on-line len-den bahut saamaany hai.* | On line transactions are very common in makets in India. |
| • बाज़ार में वस्तुओं के गुण, मात्रा और आकार के पूर्वज्ञान का विशेष महत्व होता है। | *Baazaar men vastuon ke gun, maatraa aur aakaar ke poorvgyaan kaa vishesh mahatv hotaa hai.* | Having knowledge of quality, quantity and shape of things is very important. |

## पाठांत प्रश्न / *Paathant Prashn* / Terminal Questions

1) नीचे दिए वाक्य पढ़िए और सही (✓) अथवा गलत (×)का निशान लगाइए –

*Neeche diye vaakya padhiye aur sahee (✓) athava galat (×) kaa nishaan lagaaiye–*

Read the sentences given below and mark true (✓) or false (×) –

(क) सैम ने सूती कुर्ता पायजामा खरीदा। ( )

(ख) माया ने नीली साड़ी खरीदी। ( )

(ग) खादी ग्रामोद्योग में विशेष छूट चल रही थी। ( )

(घ) माँ ने सब्जियाँ खरीदने के लिए कहा था। ( )

(च) सैम और माया ने 1800 रुपए खर्च किए। ( )

(छ) गीता ने दुकानदार को नकद भुगतान किया। ( )

2) नीचे दिए गए रंगों को उनके सही नामों से मिलाइए :

*Neeche diye gaye rangon ko unke sahee naamon se milaaiye :*

Match the colors given below with their correct names :




## आइए, करके देखें / *Aaiye karke dekhen* / Let's do :

1) खादी ग्रामोद्योग की वेबसाइट पर जाइए वहाँ उपलब्ध खादी उत्पादों की सूची बनाइए।

*Khaadee Graamodyog kee website par jaaiye vahaan uplabdh khaadee utpaadon kee soochee banaiye.*

Visit website of Khadi Village Industries. Make a list of Khadi products available on that.

## उत्तरमाला

'अपनी प्रगति जाँचें' में दिए प्रश्नों के उत्तर / *'Apnee pragati jaanchen' men diye prashanon ke uttar* /Answers of the question given under 'Check your progress'.

**8.1**

1) (क) प्रसिद्ध (ख) जरूरत (ग) लाल (घ) कुर्ता (ङ) छूट

2) लाल, पीला, गुलाबी, हरा, संतरी, जामुनी, नीला, काला, सलेटी, भूरा

3) पीला – आम

   नीला – आसमान

   हरी – घास

   सफेद – दही

   लाल – टमाटर

   काली – भैंस

   सतरंगी – इंद्रधनुष

   भूरा – बादल

**8.2**

1. फल 2. दो किलो

3. (ख) खट्टे (ग) सुंदर (घ) आरामदायक (च) मीठे

# 9

# पुस्तक मेला

## *Pustak Melaa*

## Book Fair

पिछले पाठ में, सैम और माया ने गीता के साथ बाजार की सैर की। बाजार में उन्होंने अनेक लोग और दुकानें देखीं। आज भी वे एक नई जगह की सैर करेंगे । यह जगह है – पुस्तक मेला ।

*Pichhale paath men, Sam aur Maya ne Geeta ke saath baazaar kee sair kee. Baazaar men unhonne anek log aur dukaanein dekhein. Aaj bhee ve ek nayee jagah kee sair karenge. Yah jagah hai – Pustak melaa.*

In the previous lesson, Sam and Maya went to the market with Geeta. They had seen many people and shops in the marketplace. Today also they will visit a new place. This place is - Book fair.

## उद्देश्य / *Uddeshya* / Objectives

इस पाठ से हम सीखेंगे : / *Is paath se hum seekhenge :* / In this lesson we will learn:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेज़ी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • नए शब्दों का प्रयोग करना; | *Naye shabdon kaa prayog karnaa;* | to use new words; |
| • सामान्य बातचीत में उपयोग में लाई जाने वाली अभिव्यक्तियों (जैसे–ठीक है, अरे वाह, बिलकुल आदि) का प्रयोग करना; | *Saamaanya baatcheet men upayog men layee jaane vaalee abhivyaktiyon (jaise-theek hai, are vaah, bilakul aadi) kaa prayog karnaa;* | to use the expressions that are used in normal conversation (such as- okay, oh wow, absolutely etc.) |
| • बाजार से कुछ खरीदने के लिए प्रयुक्त होने वाली शब्दावली और वाक्यों का अभ्यास करना; | *Baazaar se kuchh khareedane ke liye prayukt hone vaalee shabdaavalee aur vaakyon kaa abhyaas karnaa;* | to practice the vocabulary and phrases used to buy something from market; |
| • अनुरोध, आदेशात्मक, निषेधात्मक और प्रश्नवाचक वाक्यों का जरूरत के अनुसार प्रयोग करना; | *Anurodh, aadeshaatmak, nishedhaatmak aur prashnavaachak vaakyon kaa jaroorat ke anusaar prayog karnaa;* | to use request, imperative, negative and interrogative sentences as per the requirement; |
| • अनुरोध और आदेश की भाषा में अंतर करना; | *Anurodh aur aadesh kee bhaashaa men antar karnaa;* | to differentiate between the language of request and order; |
| • औपचारिक वाक्यों का अभ्यास करना। | *Aupachaarik vaakyon kaa abhyaas karnaa.* | to practice formal sentences. |

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 9.1

### विश्व पुस्तक मेले में / *Vishaw pustak mele men* / In the International Book Fair.

सैम और माया गीता के साथ दिल्ली के प्रगति मैदान में लगे विश्व पुस्तक मेले में पहुँचते हैं।

*Sam aur Maaya Geeta ke saath Dill ke Pragati Maidaan men lage pustak mele men pahunchate hain.*

Sam and Maya accompany Geeta to Delhi World Book Fair at Pragati Maidan.




| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **माया** : यह कौन–सी जगह है गीता ? | ***Maya :*** *Yah, kaun-see jagah hai Geeta ?* | **Maya :** Geeta, which place is this ? |
| **गीता** : यह दिल्ली का प्रगति मैदान है। यहाँ हर दूसरे साल विश्व पुस्तक मेला लगता है । | ***Geeta :*** *Yah Delhi kaa Ppragati Maidaan hai. Yahaan har doosare saal vishwa pustak melaa lagtaa hai.* | **Geeta :** This is Pragati Maidan of Delhi. Every alternate year the World Book Fair is organized here. |
| **सैम** : अरे वाह ! मुझे पुस्तकों से प्यार है । | ***Sam :*** *Arey vaah! Mujhe pustkon se pyaar hai.* | **Sam :** Oh wow! I love books. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **गीता** : यहाँ भारत के अलग–अलग राज्यों से प्रकाशक अपनी पुस्तकें लेकर आए हैं। | ***Geeta :*** *Yahaan Bharat ke alag-alag raajyon se prakaashak apnee pustaken lekar aaye hain.* | **Geeta :** Publishers from different states of India have come to participate in this book fair with their books. |
| **माया** : क्या यहाँ दूसरे देशों के प्रकाशक भी हिस्सा लेते हैं ? | ***Maya :*** *Kyaa yahaan doosre deshon ke prakaashak bhee hissa lete hain ?* | **Maya :** Do publishers from other countries also participate in this fair ? |
| **गीता** : हां बिल्कुल, इस मेले में हर बार एक देश को अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया जाता है। | ***Geeta :*** *Haan bilkul, is mele men har baar ek desh ko atithi desh ke roop men aamantrit kiyaa jaataa hai.* | **Geeta :** Yes, of course and every year a country is invited as a guest country in this fair. |
| **सैम** : इस साल किस देश को अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया गया है? | ***Sam :*** *Is saal kis desh ko atithi desh ke roop men aamantrit kiyaa gayaa hai?* | **Sam :** Which country has been invited as guest country this year? |
| **गीताः** इस साल आस्ट्रेलिया को चुना गया है। | ***Geeta :*** *Is saal Australia ko chunaa gayaa hai.* | **Geeta :** Australia has been chosen this year. |
| **सैम** : अरे वाह ! मेरे देश को ! | ***Sam :*** *Arey vaah ! mere desh ko !* | **Sam :** Oh wow! My country! |
| **माया** : मेरे देश ब्राजील में भी इस तरह के पुस्तक मेले लगते है। मैं उनमें जाना कभी नहीं भूलती। | ***Maya :*** *Mere desh Brazil men bhee is tarah ke pustak mele lagate hain. Main unmen jaanaa kabhee naheen bhooltee.* | **Maya :** Book fairs are organised in my country Brazil also. I never forget to go there. |
| **सैम** : ऑस्ट्रेलिया में भी पुस्तक मेले लगते हैं। | ***Sam :*** *Australia men bhee pustak mele lagate hain.* | **Sam :** Book fairs are also organised in Australia. |

## पुस्तक मेला

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **गीता** : पुस्तक–प्रेमियों के लिए पुस्तक मेला स्वर्ग जैसा होता है, है न ? | ***Geeta :*** *Pustak premiyon ke liye pustak melaa swarg jaisaa hotaa hai, hai na?* | **Geeta :** A book fair is a heaven like experience for book lovers, isn't it? |
| **सैम** : बिलकुल सही कहा तुमने । यहाँ आकर तो लग रहा है कि भारत में काफी पुस्तक प्रेमी हैं । | ***Sam :*** *Bilkul sahee kahaa tumne. Yahaan aakaar to lag rahaa hai ki Bharat men kaaphee pustak premee hain.* | **Sam :** You are absolutely right. After coming here, it seems that there are a plenty of book lovers in India. |
| **गीता** : बिलकुल सही । | ***Geeta :*** *Bilkul sahee.* | **Geeta :** Exactly. |
| **माया** : देखो, यह स्टॉल काफी आकर्षक है । इसमें चलते हैं । | ***Maaya :*** *Dekho, yah staal kaaphee aakarshak hai. Isamen chalte hain.* | **Maya :** Look, this stall is looking very attractive. Let's go in. |
| **गीता** : यह भारत के प्रकाशन विभाग का स्टाल है। यहाँ तुम्हें भारत से जुड़ी काफी पुस्तकें मिल जाएँगी । | ***Geeta :*** *Yeh Bhaarat ke prakaashan vibhaag ka staal hai. Yahaan tumhen Bharat se judee kaaphee pustaken mil jaayengee.* | **Geeta :** This is the stall of the Publications Department of India. Here you will find many books related to India. |
| **माया** : देखो सैम, यह पुस्तक कितनी अच्छी है! इसे खरीद लेती हूँ । इसकी कीमत पूछो । | ***Maya :*** *Dekho Sam, yah pustak kitnee achachee hai! Ise khareed letee hoon. Iskee Keemat poochho.* | **Maya :** Look, Sam, how beautiful this book is! I will buy it. Ask its price. |
| **सैम** : भाई, यह पुस्तक कितने रुपए की है ? | ***Sam :*** *Bhaaee, yah pustak kitane rupaye kee hai?* | **Sam :** Brother, what is the price of this book? |
| **दुकानदार** : यह पुस्तक नौ सौ रुपए की है । | ***Dukaandaar :*** *yah pustak nau sau rupaye kee hai.* | **Shopkeeper :** The price of this book is nine hundred rupees. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **सैम** : ठीक है । कृपया इस पुस्तक का बिल बना दीजिए । | ***Sam :*** *Theek hai. Kripayaa is pustak kaa bill banaa deejiye.* | **Sam :** Okay. Please bill this book. |
| **दुकानदार** : जी, यह लीजिए अपनी पुस्तक । | ***Dukaandaar :*** *Jee yah leejiye apnee pustak.* | **Shopkeeper:** And here is your book. |
| **सैम** : आपका बहुत–बहुत धन्यवाद ! | ***Sam :*** *Aapakaa bahut bahut dhanyavaad !* | **Sam :** Thank you so much. |
| **माया** : अभी तो एक ही पुस्तक ली है। अभी तो हम सारा मेला घूमेंगे। | ***Maya :*** *Abhee to ek hee pustak le hai. Abhi to hum saaraa melaa ghoomenge.* | **Maya :** Now, I have bought only one book. There is whole fair to see. |
| *गीता, सैम और माया पुस्तक मेले में घूमते हैं। कुछ और पुस्तकें भी खरीदते हैं।* | *Geeta, Sam aur Maya pustak mele men ghoomte hain. aur kuch pustaken bhee khareedate hain.* | *Geeta, Sam and Maya look around and bought some more books.* |



## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

1. 1 से 20 तक के अंक हिंदी में लिखने का तरीका –

*1 se 20 tak ke ank hindi men likhne kaa tareekaa-*

The following is the method to write Hindi numbers from 1 to 20 –

| | | |
|---|---|---|
| 1– एक | *Ek* | One |
| 2– दो | *Do* | Two |
| 3– तीन | *Teen* | Three |
| 4– चार | *Chaar* | Four |
| 5– पाँच | *Paanch* | Five |
| 6– छह | *Chhah* | Six |
| 7– सात | *Saat* | Seven |
| 8– आठ | *Aath* | Eight |
| 9– नौ | *Nau* | Nine |
| 10– दस | *Das* | Ten |

| | | |
|---|---|---|
| 11– ग्यारह | *Gyaarah* | Eleven |
| 12– बारह | *Baarah* | Twelve |
| 13– तेरह | *Terah* | Thirteen |
| 14– चौदह | *Chaudah* | Fourteen |
| 15– पंद्रह | *Pandrah* | Fifteen |
| 16– सोलह | *Solah* | Sixteen |
| 17– सत्रह | *Satrah* | Seventeen |
| 18– अठारह | *Athaarah* | Eighteen |
| 19– उन्नीस | *Unnees* | Nineteen |
| 20– बीस | *Bees* | Twenty |

2. 10 से 100 तक के अंक हिंदी में लिखने का तरीका –

*10 se 100 tak ke ank hindi men likhne kaa tareekaa-*

The following is the method to write Hindi numbers from 10 to 100 –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10 – दस | 20 – बीस | 30 – तीस | 40 – चालीस | 50 – पचास |
| 60 – साठ | 70 – सत्तर | 80 – अस्सी | 90 – नब्बे | 100 – सौ |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| *Das* | *Bees* | *Tees* | *Chaalees* | *Pachaas* |
| *Saath* | *Sattar* | *Assee* | *Nabbe* | *Sau* |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Ten | Twenty | Thirty | Forty | Fifty |
| Sixty | Seventy | Eighty | Ninety | Hundred |

3. भारत की मुद्रा का नाम रुपया है। बहुवचन में इसे रुपए कहते हैं ।

   *Bharat kee mudraa kaa naam rupayaa hai. Bahuvachan men ise rupaye kahte hain.*

   The name of the currency of India is Rupee. In plural it is called Rupees.



4. किसी से सहमति जताते हुए 'बिलकुल सही' का प्रयोग किया जाता है ।

   *Kisee se sahamati jataate huye 'bilakul sahee' kaa prayog kiyaa jaataa hai.*

   The word 'Bilkul Sahee' is used to agree with someone.

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 9.1

1. सही उत्तर चुनिए : / *Sahee uttar chuniye* / Choose the correct answer –

   1) आज सैम और माया कहाँ आए थे ? (बाज़ार / पुस्तक मेला)

   2) किसने कहा था – मुझे पुस्तकों से प्यार है ? (सैम ने / माया ने)

   3) पुस्तक मेले में कौन–सा देश अतिथि देश के रूप में आमंत्रित था ? (ब्राज़ील / ऑस्ट्रेलिया)

   4) माया ने दुकानदार को कितने रुपए दिए ? (नौ सौ / दो सौ)

2. नीचे दिए गए शब्दों से रिक्त स्थानों को पूरा कीजिए –

   *Neeche diye gaye shabdon se rikt sthaanon ko pooraa keejiye –*

   Fill in the blanks with the words given below –

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्या | क्यों | किससे | कितने |

(क) हम यहाँ ........... आए हैं ?

(ख) हम यहाँ ........... करेंगे ?

(ग) हम यहाँ ............... मिलेंगे ?

(घ) यहाँ ............... लोग हैं ?

3. किसने क्या कहा ? मिलान कीजिए –

   *Kisne kyaa kahaa ? Milaan keejiye:*

   Who said what ? Match the sentence with the name.

| | |
|---|---|
| (क) यह भारत के प्रकाशन विभाग का स्टाल है । | माया |
| (ख) कृपया इस पुस्तक का बिल बना दीजिए । | गीता |
| (ग) यह लीजिए नौ सौ रुपए । | दुकानदार |
| (घ) यह लीजिए अपनी पुस्तक। | सैम |

4. नीचे दिए गए वाक्यों को सही कॉलम में लिखिए –

*Neeche diye gaye vaakyon ko sahee column men likhiye:*

Write following sentences in the appropriate column:

| अनुरोध करने के लिए | आदेश देने के लिए |
|---|---|

(क) कृपया पानी पी लीजिए।

(ख) पानी लाओ।

(ग) यह काम कर दीजिए।

(घ) काम पूरा करो।

5. नीचे दिए गए शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए –

*Neeche diye gaye shabdon se vaakya poore keejie:*

Complete the sentences with the words given below:

| अच्छी, लेखक, मूल्य, विषय, प्रेरणा, भाषा, चित्र, प्रिय |
|---|

(क) मेरी ............ पुस्तक का नाम 'अभिज्ञान शाकुंतलम' है।

(ख) इसके ............... का नाम 'कालिदास' है।

(ग) इसका .............................. बहुत रोचक है।

(घ) इससे मुझे बहुत .................... मिलती है।

(ङ) इसमें अनेक सुंदर ......................... छपे हैं।

(च) इसकी ............................... बहुत सुंदर है।

(छ) इसका ...................... बहुत कम है।

(ज) इसकी कहानी बहुत .................. है।

## नए शब्द सीखें / *Naye shabd seekhen* / Learn new words:

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (क). | साल | *Saal* | Year |
| (ख). | अंतरराष्ट्रीय | *Antarraashtreeya* | International |
| (ग). | पुस्तक प्रेमी | *Pustak premee* | Book lover |
| (घ). | मेला | *Melaa* | Fair |
| (ङ). | प्यार | *Pyaar* | Love |
| (च). | राज्य | *Raajya* | State |
| (छ). | प्रकाशक | *Prakaashak* | Publisher |
| (ज). | दुनिया | *Duniyaa* | World |
| (झ). | देश | *Desh* | Country |
| (ञ). | अतिथि | *Atithi* | Guest |
| (ट). | विभाग | *Vibhaag* | Department |
| (ठ). | आमंत्रित | *Aamantrit* | Invited |
| (ड). | चुना | *Chunaa* | Chosen |
| (ढ). | स्वर्ग | *Svarg* | Heaven |
| (ण). | आकर्षक | *Aakarshak* | Attractive |
| (त). | प्रकाशन | *Prakaashan* | Publication |
| (थ). | प्रेरणा | *Prernaa* | Inspiration |

- नीचे दिए गए शब्दों को पढ़िए और उनमें अंतर समझिए:

*Neeche diye gaye shabdon ko padhiye aur unmen antar samajhiye:*

Read the words given below and differenciate them:

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (क). | हम, हमें | *Ham, Hamen* | We, Us |
| (ख). | इस, इसे | *Is, Ise* | This, this |
| (ग). | किस, किसे | *Kis, Kise* | Who, Whom |
| (घ). | अपनी, अपने | *Apanee, Apane* | My, Ours |
| (ङ). | जैसा, जैसे | *Jaisaa, Jaise* | As, Such as |
| (च). | यहाँ, यहीं | *Yahaan, Yaheen* | Here, here only |
| (छ). | आए, आई | *Aaye, Aayee* | Come |
| (ज). | मेरे, मेरी | *Mere, Meree* | My |
| (झ). | यह, यही | *Yah, Yahee* | This, this only |
| (ञ). | हर, हरा | *Har, Haraa* | Every, Green |
| (ट). | मेला, मेरा | *Melaa, Mera* | Fair, Mine |
| (ठ). | प्यार, प्यारा | *Pyaar, Pyaaraa* | Love, Lovely |
| (ड). | कहा, कहां | *Kahaa, Kahaan* | Said, Where |
| (ढ). | देखो, देखा | *Dekho, Dekhaa* | Look, Seen |

## आपने क्या सीखाः / Aapne kyaa seekhaa: / What have you learnt:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| • भारत में नियमित रूप से पुस्तक मेले आयोजित होते हैं। इनमें हिंदी के साथ–साथ अन्य भारतीय भाषाओं की पुस्तकें भी प्रदर्शित की जाती हैं। | *Bharat men niyamit roop se pustak mele aayojit hote hain. Inme Hindi ke saath-saath anya bhaarteeya bhaashaaon ki pustaken bhee pradarshit kee jaatee hain.* | Book fairs are organised regularly in India. Apart from Hindi, Books in regional languages also are exhibited in them. |
| • जानकारी प्राप्त करने के लिए क्या, किस, कहाँ, कितना, आदि प्रश्नवाचक शब्दों का प्रयोग किया जाता है। | *Jaankaaree praapt karne ke liye kyaa, kis, kahaan, kitnaa aadi prashvaachak shabdon kaa prayog kiyaa jaataa hai.* | Kya, kis, kahan, kitna etc. interrogative wolds are used to get information. |
| • खुशी, आश्चर्य दुःख, खेद, व्यक्त करने के लिए विस्मयादिबोधक शब्दों का प्रयोग किया जाता है। | *Khushee, aashcharya, dukh, khed vyakt karne ke liye vismayaadibodhak shabdon kaa prayog kiyaa jaataa hain.* | Exclamation words are used to expeces joy, surpplios regret |
| • अनुरोध और आदेश की भाषा में बहुत अंतर होता है। | *Anurodh aur aadesh kee bhaashaa men bahut antar hotaa hain.* | There is a difference between the language of the request and the order. |

## पाठांत प्रश्न / *Paathant Prashn*/ Terminal Questions

1. नीचे दिए गए शब्दों से रिक्त स्थानों को पूरा कीजिए –

   *Neeche diye gaye shabdon se rikt sthaanon ko poora keejiye –*

   Fill in the blanks with the words given below:

| पुस्तकें | स्वर्ग | पुस्तक | पुस्तक–प्रेमी |
|---|---|---|---|

(क) मेरे देश में भी .................... मेला लगता है।

(ख) मेरे देश में भी ...................... लोग हैं।

(ग) मेरे देश में भी लोग ........................ पढ़ते हैं।

(घ) मेरे देश में भी लोग पुस्तक मेले को ............. के समान कहते हैं।

2. नीचे दिए गए शब्दों की सहायता से अपनी किसी प्रिय पुस्तक के बारे में कुछ वाक्य लिखिए।

   *Neeche diye gaye shabdon kee sahaayataa se apanee kisee priya pustak ke baare men kuchh vaakya likhiye.*

   Write few sentences about your favorite book with the help of the words given below.

| कम | लेखक | मूल्य | प्रेरणा | भाषा | चित्र | प्रिय |
|---|---|---|---|---|---|---|

(क) मेरी ............ पुस्तक का नाम .................. है।

(ख) इसके .............. का नाम ....................... है।

(ग) इससे मुझे बहुत ................... मिलती है।

(घ) इसमें अनेक सुंदर ........................ छपे हैं।

(ङ) इसकी .............................. बहुत सरल है।

(च) इसका ..................... बहुत ................ है।

## आइए, करके देखें / *Aaiye karke dekhen* / Let's do :

1. वर्ग–पहेली को हिंदी में पूरा कीजिए –

   *Varg-pahelee ko hindi mein pooraa keejiye.*

   Complete the crossword puzzle in Hindi.

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 3. | | | |
| | 5. | | 1. | |
| 4. | | 6. | | |
| | | 2. | | 7. |
| | | | 8. | |

**बाएँ से दाएँ –**

2. Came
3. Publication
4. Country
5. Enough
6. Love
8. Which

**ऊपर से नीचे –**

1. Every
2. Today
3. Publisher
4. Look
7. This

2. इंटरनेट पर भारत के प्रगति मैदान, दिल्ली का मानचित्र खोजिए । उसके पास के कोई पाँच स्थानों के नाम पढ़कर देवनागरी में लिखिए ।

   *Internet par Bharat ke Pragati Maidaan, Delhi kaa maanchitr khojiye. Usake paas ke koee paanch sthaanon ke naam padh kar devanaagaree men likhiye.*

   Search the map of Pragati Maidan, Delhi on the Internet. Read and write names of any five nearby places to that.

## उत्तरमाला

'अपनी प्रगति जाँचें' में दिए प्रश्नों के उत्तर / *'Apnee pragati jaanchen' men diye prashanon ke uttar* /Answers of the question given under 'Check your progress'.

**9.1**

1. (क) पुस्तक मेला (ख) सैम ने (ग) ऑस्ट्रेलिया (घ) नौ सौ

2 (क) क्यों (ख) क्या (ग) किससे (घ) कितने

3 (क) गीता (ख) सैम (ग) माया (घ) दुकानदार

4 अनुरोध करने के लिए – कृपया पानी पी लीजिए । यह काम कर दीजिए ।

आदेश देने के लिए – पानी लाओ । काम पूरा करो ।

5 (क) प्रिय (ख) लेखक (ग) विषय (घ) प्रेरणा

(ङ) चित्र, (च) भाषा (छ) मूल्य (ज) अच्छी

# 10

# नौचंदी मेला

## *Nauchandee Melaa*

## Nauchandi Fair

पिछले पाठ में, सैम और माया ने गीता के साथ पुस्तक मेले की सैर की। आज वे एक नई जगह जा रहे हैं। यह जगह है – नौचंदी का मेला। चलिए हम भी उनके साथ चलते हैं...

*Pichhle paath men, Sam aur Maya ne Geeta ke saath pustak mele kee sair kee. Aaj ve ek naee jagah jaa rahe hain. Yeh jagah hain- Nauchandee kaa melaa. Chaliye hum bhee unke saath chalte hain...*

In the previous lesson, Sam and Maya have visited the book fair with Geeta. Today they will visit a new place. This place is Nauchandi fair. Let us also go with them...

## उद्देश्य / *Uddeshya* / Objectives

इस पाठ से हम सीखेंगे : / *Is paath se hum seekhenge :* / In this lesson we will learn:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेज़ी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • नए शब्दों (देशज शब्द सहित) का प्रयोग करना; | *Nae shabdon (deshaj shabd sahit) kaa prayog karnaa;* | To use new words (including indigenous words); |
| • सामान्य बातचीत में उपयोग में लाई जाने वाली अभिव्यक्तियों जैसे–ठीक है, अरे वाह, बिलकुल आदि का प्रयोग करना; | *Saamaanya baatacheet men upayog men laayee jaane vaalee abhivyaktiyon jaise - theek hai, arey vaah, bilakul aadi kaa upayog karnaa;* | To use the Expressions that are used in normal conversation (such as okay, oh! wow, absolutely etc.) |
| • खरीददारी के लिए प्रयुक्त होने वाली शब्दावली और वाक्यों का अभ्यास करना; | *Khareedadaaree ke liye prayukt hone vaalee shabdaavalee aur vaakyon kaa abhyaas karnaa;* | To practice the vocabulary and phrases used in shopping; |
| • काल की जानकारी प्राप्त करते हुए वर्तमान काल का प्रयोग करना; | *Kaal kee jaanakaaree praapt karate hue vartamaan kaal kaa prayog karnaa;* | To learn about tenses and use present tense; |
| • विस्मयादिबोधक शब्द तथा विराम चिह्नों का प्रयोग करना। | *Vismayaadibodhak shabd tathaa viraam chihnon kaa prayog karnaa.* | to use exclamation words and punctuation marks. |

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 10.1

गीता, सैम और माया को लेकर मेरठ के नौचंदी मेले में आई है।

*Geeta Sam aur Maya ko lekar Merath ke Nauchandee mele men aayee hai.*

Geeta has come to Meerut's Nauchandi fair with Sam and Maya.

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **गीता** : आज हम उत्तर प्रदेश के मेरठ शहर में आए हैं। | ***Geeta :*** *Aaj ham ke Uttar Pradesh ke Merath shahar men aaye hain.* | **Geeta :** Today we have come in Meerut city of Uttar Pradesh. |
| **माया** : यहाँ तो काफी लोग हैं। | ***Maya :*** *Yahaan to kaaphee log hain.* | **Maya :** A huge crowd is here! |
| **गीता** : हाँ, यहाँ नौचंदी का मेला लगा है। | ***Geeta :*** *Haan, Yahaan Nauchandee kaa melaa lagaa hai.* | **Geeta :** Yes, A fair called Nauchandi is being held here. |
| **सैम** : लगता है, यह मेला काफी प्रसिद्ध है। | ***Sam :*** *Lagataa hai yah melaa kaaphee prasiddh hai.* | **Sam :** Looks like this fair is quite famous. |
| **गीता** : हाँ, यह मेला इतना प्रसिद्ध है कि लाखों लोग इसमें शामिल होते हैं। | ***Geeta :*** *Yah melaa itnaa prasiddh hai ki laakhon log isamen shaamil hote hain.* | **Geeta :** This fair is so famous that lakhs of people attend it. |
| **माया** : सच? | ***Maya :*** *Sach?* | **Maya :** Really? |
| **गीता** : हाँ–हाँ, बिलकुल सच! | ***Geeta :*** *Haan-haan, bilakul sach!* | **Geeta :** Yes, absolutely true! |
| **सैम** : अभी तो अप्रैल का महीना है। क्या हमेशा यह अप्रैल में ही लगता है? | ***Sam :*** *Abhee to April kaa maheenaa hai. Kyaa hameshaa yah April men hee lagataa hai?* | **Sam :** It is the month of April now. Is it always held in April? |

| हिन्दी –देवनागरी में Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद English Translation |
|---|---|---|
| **गीता** : यह मेला विक्रम संवत के अनुसार चैत्र महीने में लगता है। | ***Geeta :*** *Yah melaa Vikram Sanwat ke ansusaar Chaitra maheene men lagataa hai.* | **Geeta :** This fair is held in the month of Chaitra as per the Vikram Samvat. |
| **सैम** : यह मेला कितने दिनों तक चलता है? | ***Sam :*** *Yah melaa kitane dinon tak chalataa hai?* | **Sam :** For how many days does this fair last? |
| **गीता** : यह मेला लगभग एक महीने तक चलता है। | ***Geeta :*** *Yah melaa lagabhag ek maheene tak chalataa hai.* | **Geeta :** This fair lasts for about a month. |
| **माया** : 'नौचंदी' का क्या मतलब है, गीता? | ***Maya :*** *'Nauchandee' ka kya matalab hai, Geeta?* | **Maya :** What does 'Nauchandi' mean, Geeta? |
| **गीता** : यहाँ पास में ही 'नव–चंडी देवी' का मंदिर है। उसी के नाम पर इस मेले को 'नव–चंडी मेला' कहते थे। धीरे–धीरे लोग 'नव–चंडी' को 'नौ–चंदी' कहने लगे। | ***Geeta :*** *Yahaan paas men hee 'nav-chandee devee' kaa mandir hai. Usee ke naam par is mele ko 'nav-chandee melaa' kahate the. Dheere-dheere log 'nav-chandee' ko 'nau-chandee' kahane lage.* | **Geeta :** There is a temple of 'Nav-Chandi Devi' nearby. In the name of Devi, this fair was called 'Nav-Chandi Mela'. Gradually people started calling 'Nav-Chandi' as 'Nau-Chandi'. |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

1. नौचन्दी मेला लगभग 350 सालों से आयोजित किया जा रहा है।

   *Nauchandee melaa lagabhag 350 saalon se aayojit kiyaa jaa rahaa hai.*

   Nauchandi fair is being organized for about 350 years.

2. भारत में वर्षों से अनेक मेले और उत्सव मनाए जाते हैं। ऐसा ही एक मेला कुंभ मेला है, जो प्रत्येक बारहवें साल आयोजित किया जाता है। इसमें करोड़ों लोग भाग लेते हैं।

   *Bharat men varshon se anek mele aur utsav manaaye jaate hain. Aisa hee ek*

*melaa Kumbh Melaa hai jo pratyek baarahaven saal aayojit kiyaa jaataa hai. Ismein karodon log bhaag lete hain.*

Many fairs and events are celebrated in Indian over the years.  One such fair is the Kumbh Mela which is held every twelfth year. Crores of people participate in it.

3. चैत्र विक्रम संवत का प्रथम माह होता है।

*Chaitra Vikram Samvat kaa pratham maah hotaa hai.*

Chaitra is the first month of the Vikram era.

4. विक्रम संवत के अनुसार माह इस प्रकार होते हैं :

*Vikram Samvat ke anusaar maah is prakaar hote hain :*

Following are the months according to the Vikram Samvat:

| **माह (Month)** | | **देशज नाम (Indigenous name)** |
|---|---|---|
| 1 | चैत्र *(Chaitra)* | चैत *(Chait)* |
| 2 | वैशाख *(Vaishakha)* | बैसाख *(Baisaakh)* |
| 3 | ज्येष्ठ *(Jyeshtha)* | जेठ/हाड़ *(Jeth/haad)* |
| 4 | आषाढ़ *(Aashaadha)* | असाढ़ *(Asaadha)* |
| 5 | श्रावण *(Shravana)* | सावन *(Saawan)* |
| 6 | भाद्रपद *(Bhaadrapada)* | भादों *(Bhadon)* |
| 7 | आश्विन *(Ashvina)* | आसिन *(Aasin)* |
| 8 | कार्तिक *(Kaartika)* | कार्तिक *(Kaartik)* |
| 9 | अग्रहायण/मार्गशीर्ष *(Maargasheersha)* | अगहन *(Agahan)* |
| 10 | पौष *(Pausha)* | पूस *(Poos)* |
| 11 | माघ *(Maagha)* | माघ *(Maagh)* |
| 12 | फाल्गुन *(Phaalguna)* | फागुन *(Faagun)* |

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 10.1

1. विक्रम संवत के अनुसार माह और उनके देशज नामों का मिलान कीजिए।

*Vikram samvat ke anusaar maah aur unke deshaj namon kaa Milaan Keejiye.*

Match the names of the months and their native names as per the Vikram Samvat:

| क | ख |
|---|---|
| चैत्र | अगहन |
| वैशाख | जेठ |
| ज्येष्ठ | माघ |
| आषाढ़ | आसिन |
| श्रावण | बैसाख |
| भाद्रपद | फागुन |
| आश्विन | सावन |
| कार्तिक | भादों |
| अग्रहायण/मार्गशीर्ष | पूस |
| पौष | चैत |
| माघ | असाढ़ |
| फाल्गुन | कातिक |

2. नीचे दिये गए वाक्यों में सही विराम चिह्न लगाइए –

*Neeche diye gaye vaakyon men sahee viraam chihn lagaaiye -*

Put the correct punctuation maks in the sentences givan below -

| | | | |
|---|---|---|---|
| । | , | ! | ? |

(क) यहाँ तो काफी लोग आए हैं

(ख) यह मेला कितने दिनो तक चलता है

(ग) यह मेला लगभग एक महीने तक चलता है

(घ) हाँ हाँ बिलकुल सच

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 10.2

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **सैम** : लगता है, यहाँ लोग दूर–दूर से आए हैं। | ***Sam :*** *Lagataa hai, yahaan log door-door se aae hain.* | **Sam :** Looks like people have come here from flung areas. |
| **गीता** : बिलकुल सही ! इस मेले में दूर–दूर से लोग आते हैं। | ***Geeta :*** *Bilakul sahee ! is mele men door-door se log aate hain.* | **Geeta :** Exactly ! People come from far to this fair. |
| **माया** : अरे देखो तो ! कितने तरह–तरह के कपड़े, गहने, हैं। झूले भी है। यहाँ! वह क्या है गीता? | ***Maya :*** *Are dekho to! kitane tarah-tarah ke kapade, gahane hain. jhoole bhee hain yahaan! Vah kyaa hai Geeta?* | **Maya :** Oh look! There are so many different types of clothes, jewellers swings too! What is that Geeta? |
| **गीता** : ये महिलाएँ हाथों से बनाए गहने और कपड़े बेच रही हैं। | ***Geeta :*** *Ye mahilaaen haathon se banaae gahane aur kapade bech rahee hain.* | **Geeta :** These women are selling hand made jewelry and clothes. |



| हिन्दी –देवनागरी में Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद English Translation |
|---|---|---|
| **माया** : बहुत सुंदर हैं। मैं भी कुछ खरीदना चाहती हूँ। | ***Maaya :*** *Bahut sundar hain. main bhee kuchh Khareedanaa chaahatee hoon.* | **Maya :** Very beautiful. I want to buy something. |
| **गीता** : तुम यह कंगन देखो। इसे हाथों में पहनते हैं। | ***Geeta :*** *Tum yah kangan dekho. ise haathon men pahanate hain.* | **Geeta :** See this bracelet. There are worn on the hands. |
| **माया** : हाँ, तुमने अच्छी चीज़ चुनी है। | ***Maaya :*** *Haan, tumane achchhee cheez chunee hai.* | **Maya :** Yes, you have chosen a good thing. |
| **गीता** : माता जी, चार कंगन कितने रुपए के हैं? | ***Geeta :*** *Maata jee, chaar kangan kitane rupaye ke hain?* | **Geeta :** Mother, What is the price of four bracelets? |
| **दुकानदार** : चार कंगन आठ सौ रुपए के हैं बेटी। | ***Dukaanadaar :*** *Chaar kangan aath sau rupaye ke hain betee.* | **Shopkeeper :** The price of four bracelets is eight hundred rupees, daughter. |
| **सैम** : यह मेला तो लोक कलाओं का खज़ाना लग रहा है। | ***Sam :*** *Ye melaa to lok Kalaaon kaa khazaana lag rahaa hai.* | **Sam :** This fair is like a treasure of folk arts. |
| **गीता** : हाँ, सही कहा तुमने। भारत की लोक कलाएँ, लोक संगीत, लोक नृत्य बहुत प्रसिद्ध हैं। | ***Geeta :*** *Haan. sahee kahaa tumane. Bharata kee lok kalaaen, lok sangeet, lok nrtya bahut prasiddh hai.* | **Geeta :** Yes, you said right. India's folk arts, folk music, folk dance are vary famous. |
| **सैम** : वह देखो, महिलाएँ नृत्य कर रही हैं। | ***Sam :*** *Vah dekho, mahilaaen nrtya, kar rahee hain.* | **Sam :** Look women are dancing their. |
| **गीता** : हाँ, ये महिलाएँ घूमर नृत्य कर रही हैं। | ***Geeta :*** *Haan. ye mahilaena ghoomar nrtya, kar rahee hain.* | **Geeta :** Yes, these women are performing Ghoomar Dance. |

| | | |
|---|---|---|
| **माया** : और वे काले चमकीले कपड़े पहने महिलाएँ कौन–सा नृत्य कर रही हैं? | ***Maaya :*** *aur ve kaale chamakeele kapade pahane mahilaaen kaun-sa nrtya kar rahee hain?* | **Maya :** And which dance those women dressed in bright black clothes are performing? |
| **गीता** : वे महिलाएँ साँपों जैसी पोशाक पहने हुए हैं। वे काल बेलिया नृत्य कर रही हैं। | ***Geeta :*** *Ve mahilaayen saanpon jaisee paushaak pahane huye hain. Ve Kaal, beliyaa nritya kar rahee hain.* | **Geeta :** Those women are dressed like snakes. They are performing Kalbeliya dance. |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

1. घूमर और कालबेलिया भारत के प्रसिद्ध लोक–नृत्यों में से हैं। भारत में बहुत से लोक–नृत्य प्रचलित हैं।

   *Ghoomar aur kaalabeliyaa bharat ke prasiddh lok-nrtya men se hain. bharat men bahut se lok-nrtya prachalit hain.*

   Ghoomar and Kaalbeliya are amonst the famous folk dances of India. There are lots of folk dances in India.

2. इस पूरे पाठ में वर्तमान काल का प्रयोग किया गया है। वर्तमान काल वाले वाक्यों में क्रिया का रूप कुछ इस प्रकार का होता है – पहनते हैं, रही है, है आदि।

   *Is poore paath men vartamaan kaal kaa prayog kiyaa gayaa hai. vartamaan kaal vaale vaakyon men kriyaa kaa roop kuchh is prakaar hota hai – pahanate hain, rahee hai, hai aadi.*

   Present tense is used throughout this lesson. In present tense sentences, the form of verb is something like this – pahanate hain, rahee hai, hai, etc.

3. काल तीन भागों में विभाजित किया गया है – हिंदी में इन्हें वर्तमान काल, भूतकाल, भविष्य काल कहते हैं।

   *Kaal teen bhaagon men vibhaajit kiyaa gayaa hai – Hindi men inhen vartamaan kaal, bhootakaal, bhavishya kaal kahte hain.*

   Tense is divided into three parts. Present Tense, Past Tense, Future Tense. They are known as vartamaan kaal, bhootakaal, bhavishya kaal in Hindi.

4. किसी हम–उम्र अनजान पुरुष को संबोधित करने के लिए निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग किया जा सकता है – *भाई/ भाई जी/ भाई साहब*

*Kisee ham-umra anajaan purush ko sambodhit karane ke liye nimnalikhit shabdon kaa prayog kiyaa jaa sakataa hai bhaaee/ bhaaee jee/ bhaaee saahab*

To address an unknown man of the same age, *bhaaee/bhaaee jee/bhaaee sahab* can be used.

5. महिलाओं को निम्नलिखित शब्दों से संबोधित किया जाता है – बहन जी/दीदी/बहन/माता जी

*Mahilaaon ko nimnalikhit shabdon se sambodhit kiyaa jataa hai - bahan jee / deedee / bahan / maata jee*

Women are addressed with the following words – bahan jee / deedee / bahan / maata jee

6. आदर से किसी का नाम लेने के लिए नाम से पहले निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग किया जाता है –

श्री – पुरुषों के नाम से पहले (जैसे श्री मोहनदास)

श्रीमती – विवाहित महिलाओं के नाम से पहले (जैसे श्रीमती मीना)

सुश्री – सभी लड़कियों और महिलाओं के नाम से पहले (जैसे सुश्री मीना)

*Aadar se kisee kaa naam lene ke liye naam se pahale nimnalikhit shabdon kaa prayog kiyaa jaataa hai –*

*Shree – purushon ke naam se pahale (jaise -shree mohandas)*

*Shreematee – Vivaahit mahilaaon ke naam se pahale (jaise shreematee meena)*

*Sushree– Sabhee ladakiyon aur mahilaaon ke naam se pahale (Jaise, Sushree Meena)*

To call someone's name out of respect, the following words are used before the name -

Shree – Before the names of men (e.g. Shri Mohandas)

Mrs – Before the name of married women (e.g. Mrs. Meena)

Ms – before the names of all girls and women (e.g. Ms. Meena)

7. आदर प्रकट करने के लिए किसी व्यक्ति के नाम के बाद 'जी' लगाया जाता है। (जैसे – मोहनदास जी)

   *Aadar prakat karane ke liye kisee vyakti ke naam ke baad 'jee' lagaayaa jaataa hai. (jaise – Mohandas jee)*

   'Jee' is put after the name of a person to show respect. (e.g. - Mohandas jee)

8. किसी से अनुरोध करने के लिए 'कृपया' शब्द का प्रयोग किया जाता है।

   *Kisee se anurodh karane ke liye 'kripaya' shabd kaa prayog kiyaa jaataa hai.*

   The word kripaya' (please) is used to make a request to someone.

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 10.2

1. नीचे दिए गए शब्दों. के आखिरी अक्षर से दो–दो शब्द. बनाइए।

   *Neeche diye gaye shabdon ke aakhiree akshar se do-do shabad banaiye.*

   Make two words from the last letters of the words given below.

   (क) सही हम

   (ख) गहने ................. .................

   (ग) माता ................. .................

   (घ) ऊँचे ................. .................

   (च) साँप ................. .................

2. नीचे दिए गए वाक्यों जैसे दो–दो वाक्य बनाइए –

   *Neeche diye gaye vaakyon jaise do-do vaakya banaaiye -*

   Make two sentences each like the sentences given below -

   (क) ये महिलाएँ घूमर नृत्य कर रही हैं।

   ये ..............................................................................................................रही हैं।

(ख) चार कंगन आठ सौ रुपए के हैं

आठ ......................................................................................................के हैं।

(ग) तुमने अच्छी चीज़ चुनी है।

तुमने ...................................................................................................चुनी है।

(घ) इसे हाथों में पहनते हैं।

इसे ...................................................................................................पहनते हैं।

## नए शब्द सीखें / *Naye shabd seekhen* / Learn new words:

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (क). | दूर | *Door* | Far |
| (ख). | तरह–तरह | *Tarah-tarah* | Variety |
| (ग). | गहने | *Gahane* | Jewellery |
| (घ). | झूले | *Jhoole* | Swings |
| (ङ). | पारंपरिक | *Paaramparik* | Traditional |
| (च). | कंगन | *Kangan* | Bracelet |
| (छ). | लोक कलाएँ | *Lok kalaayen* | Folk arts |
| (ज). | ऊँचे | *Oonche* | High |
| (झ). | स्तर | *Star* | Level |
| (ञ). | लोक संगीत | *Lok sangeet* | Folk music |
| (ट). | महिलाएँ | *Mahilaayen* | Women |
| (ठ). | नृत्य | *Nritya* | Dance |
| (ड़). | चमकीले | *Chamakeele* | Shiny |
| (ढ़). | साँप | *Saanp* | Snake |

## पाठांत प्रश्न / *Paathant Prashn* / Terminal Questions

1. नीचे दिए गए शब्दों को पढ़िए – / *Neeche diye gaye shabdon ko padhiye -* / Read the words given below –

| | |
|---|---|
| अ | अभी, अवश्य |
| क | कंगन, कपड़े, कब, कहाँ, कहीं, काले, कितने, कुछ, कौन, कलाएँ |
| ख | खा, खो |
| ग | गहने, गाना |
| च | चमकीले, चिंता, चीज़ |
| द | दिखाओ, दिल, दुकानदार, दूर, देवी |
| न | नाम, नृत्य |
| प | पता, पहले, पारंपरिक, प्रसिद्ध |
| ब | बढ़ा, बहन, बहुत, बेटी, बैठे |
| भ | भारतीय, भैया |
| म | मंदिर, मतलब, महिलाएँ, महीना, माता, |
| ल | लगता, लगभग, लाखों, लुभावना, लोक |
| श | शहर, शामिल, शुरू |
| स | सहायता, संगीत, सही, साँप, सामान, साल, सुंदर, |
| ह | हमारी, हमेशा, हाँ |

2. नीचे लिखे प्रश्नों जैसे एक–एक प्रश्न बनाइए – / *Neeche likhe prashnon jaise ek-ek prashn banaiye -* / Make one question each like the following questions -

(क) यह मेला शुरू कब हुआ?

(ख) यह कौन–सी जगह है?

(ग) क्या हमेशा यह अप्रैल में ही लगता है?

(घ) 'नौचंदी' का क्या मतलब है?

(च) यह मेला कितने दिनों तक चलता है?

3. नीचे दिए गए वाक्य पूरे कीजिए –

*Neeche diye gaye vaakay poore keejiye -*

Complete the sentences given below -

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चलिए, | लिखिए, | बैठिए, | खाइए, | दीजिए, | लीजिए |

(क) चिंता मत कीजिए।

(ख) यह .........................................................................

(ग) ऐसे .........................................................................

(घ) यहाँ .........................................................................

(च) वहाँ .........................................................................

(छ) इसे .........................................................................

(ज) उसे .........................................................................

4. पाठ के आधार पर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए। /

*Paath ke aadhaar par neeche likhe prashnon ke uttar deejiye.* /

On the basis of lesson, answer the questions given below.

1. आप लोग कहाँ से आए हैं?

2. माया ने क्या सामान खरीदा है?

## आपने क्या सीखा: / *Aapne kyaa seekhaa*: / What have you learnt:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| • विक्रम संवत भारत में प्रचलित पंचांग है।यह पारंपरिक पंचांग भारत के बहुत से राज्यों में प्रचलित है। | *Vikram samvat Bharat men prachlit panchaang hai. Yah paaramparik parchaang Bharat ke babut se raajyon men prachlit hai.* | Vikram samvat is a prevalent calender in India. This traditional calender is prevalent in many states of India. |
| • मेले भारतीय संस्कृति के प्रतीक हैं। लोकसंगीत, लोक नृत्यों, लोककलाओं के उत्तम मंच है। | *Mele bhaarateeya sanskriti ke preteek hain. Loksangeet, Lok nrityon, Lok kalaaon ke uttam manch hain.* | Fairs are symbol of Indian culture. They are the best platforms for Folk music, Folk dance and Folk arts. |
| • दैनिक जीवन में वर्तमान काल के वाक्यों का प्रयोग किया जाता है। | *Dainik jeevan men vartamaan kaal ke vaakyon kaa prayog kiyaa jaataa hain.* | Use sentences of present tense in daily life. |

## आइए, करके देखें / *Aaiye karke dekhen* / Let's do :

1. इंटरनेट पर नौचंदी मेले के बारे में वीडियो खोजकर उसे देखिए। वीडियो हिंदी भाषा में हो तो बेहतर रहेगा। आप वीडियो के साथ सबटाइटल्स का प्रयोग कर सकते हैं।

   *Internet par Nauchandee mele ke baare men video khojakar usey dekhiye. Video Hindi bhaashaa men ho to behatar rahegaa. Aap video ke saath subtitles kaa prayog kar sakate hain.*

   Search for a video about Nauchandi fair on internet and watch it. It would be better if the video is in Hindi language. You can use subtitles with the video.

## उत्तरमाला

'अपनी प्रगति जाँचें' में दिए प्रश्नों के उत्तर / *'Apnee pragati jaanchen' men diye prashanon ke uttar* /Answers of the question given under 'Check your progress'.

**10.1**

(1)

| | |
|---|---|
| चैत्र | चैत |
| वैशाख | बैसाख |
| ज्येष्ठ | जेठ |
| आषाढ़ | असाढ़ |
| श्रावण | सावन |
| भाद्रपद | भादों |
| आश्विन | आसिन |
| कार्तिक | कातिक |
| अग्रहायण / मार्गशीर्ष | अगहन |
| पौष | पूस |
| माघ | माघ |
| फाल्गुन | फागुन |

(2) यहाँ तो काफी लोग आए हैं!

यह मेला कितने दिन तक चलता है?

यह मेला लगभग एक महीने तक चलता है।

हाँ हाँ, बिलकुल सच!

# 11

# सिनेमा

## *Cinema*

## Cinema

पिछले पाठों में, सैम और माया ने दो मेले देखे। उन्होंने विश्व पुस्तक मेले से पुस्तकें लीं और नौचंदी के मेले में भारतीय संस्कृति की झलक देखी। इस पाठ में सैम और माया गीता के साथ हिंदी फिल्म देखने जायेंगे। क्यों न हम भी उनके साथ फिल्म देखने चलें।

*Pichhle paathon, men Sam aur Maya ne do mele dehe. Unhone vishw pustak mele se pustaken leen aur Nauchandee ke mele men bhaarteeya sanskriti kee jhalak dekhee. Is paath men Sam aur Maya Geeta ke saath Hindi film dekne jaayenge. Kyon na hum bhee unke saath film dekhne chalen.*

In the previous lessons, Sam and Maya have seen to two fairs. They purchased books from Wold Book fair and saw a glimpse of Indian culture on Nauchandi fair. In this lesson, Sam and Maya will go to watch a hindi film along with Geeta. Why don't we also go with them to watch the film.

## उद्देश्य / *Uddeshya* / Objectives

इस पाठ से हम सीखेंगे : / *Is paath se hum seekhenge :* / In this lesson we will learn:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेज़ी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • वाक्य संरचना का अभ्यास और दैनिक जीवन में प्रयोग करना; | *Vaakya sanrachanaa kaa abhyaas aur dainik jeevan men prayog karnaa;* | To practice sentence structure and use it in daily life; |
| • सामान्यं बातचीत में सही भाषा का प्रयोग करना; | *Samaanya baatacheet men sahee bhaashaa kaa prayog karnaa;* | To use proper language is general conversation; |
| • भारतीय संस्कृति और लोकाचार से परिचित होकर अपने शब्दों में अभिव्यक्त करना; | *Bhaarteeya sanskriti aur lokaachaar se parichit hokar apane shabdon men abhivyakt karnaa;* | To be familiar with Indian culture and ethos and express in your own words; |
| • हिन्दी फिल्मों और अपने देश के सिनेमा के बारे में बातचीत करना; | *Hindi Filmon aur apane desh ke cinema ke baare men baatcheet karnaa;* | To talk about Hindi films and cinema of our country; |
| • प्रचलित मुहावरों और लोकोक्तियों का प्रयोग करना। | *Prachalit muhaavaron aur lokoktiyon kaa prayog karna.* | To use popular idioms and proverbs. |

## कखग आइए पढ़ें / Aaiye padhen / Let's read - 11.1

सैम और माया गीता के घर पर हैं।

*Sam aur Maya Geeta ke ghar par hain.*

Sam and Maya are at Geeta's house.

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **सैम** : आप सभी को नमस्कार। | ***Sam :*** *Aap sabhee ko namaskar* | **Sam :** Hello everyone |
| **गीता** : नमस्कार, आप लोग कैसे हैं? | ***Geeta :*** *Namaskaar, aap log kaise hain?* | **Gita :** Hello, how are you guys? |
| **माया** : हम लोग आनंद में हैं। आज हम सिनेमा देखने की सोच रहे हैं। | ***Maya :*** *Hum log aanand mein hain. Aaj ham cinema dekhne kee soch rahe hain.* | **Maya :** We are in bliss. Today we are thinking of going to the cinema. |
| **गीता** : वाह! यह तो बहुत ही अच्छा विचार है। | ***Geeta :*** *Vaah! ye to bahut hee achchha vichaar hai.* | **Geeta :** Wow! This is a very good idea. |
| **सैम** : गीता, क्या तुम हमारे साथ फिल्म देखने चलोगी? | ***Sam :*** *Geeta, kyaa tum hamaare saath film dekhane chalogee?* | **Sam :** Geeta, will you join us to watch the film? |
| **गीता** : हाँ, क्यों नहीं, लेकिन पॉपकोर्न तुम्हें लाने होंगे।<br><br>*(सब हँसते हैं)* | ***Geeta :*** *Haan, kyon naheen, lekin popcorn tumhen laane honge.*<br><br>*(Sab hanste hain)* | **Geeta :** Yes, why not, but you will have to buy us popcorn.<br><br>*(Everyone laughs)* |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **सैम** : *(सबके साथ हँसते हुए)* सही कहा। | ***Sam :*** *(sabke saath hanste huye) Sahee kahaa.* | **Sam :** *(laughing along with everyone)* Well said. |
| **गीता** : नजदीक के सिनेमा हॉल में एक बहुत ही अच्छी फिल्म लगी है। मैं भी देखने की सोच रही थी।<br><br>*(सभी सिनेमा हॉल पहुँचते हैं)* | ***Geeta :*** *najadeek ke cinema hall men Ek bahut hee achchhee Film lagee hai. Main bhee dekhne kee soch rahee thee.*<br><br>*(Sabhee cinema hall pahunchte hain)* | **Geeta:** A very good film is being screened in the nearby cinema hall. I was also thinking of watching that movie.<br><br>*(All reach the cinema hall)* |
| **माया** : लगता है यह फिल्म बहुत अच्छी है। कितने लोग आए हुए हैं! | ***Maya :*** *Lagataa hai yah film bahut achchhee hai. Kitane log aae huye hain.* | **Maya :** It seems the movie is very good. So many people have come to watch? |
| **गीता** : सही कहा। लोग इस फिल्म को बहुत पसंद कर रहे हैं। हम भारतीय देशभक्ति फिल्मों के लिए बहुत उत्साहित रहते हैं। | ***Geeta :*** *sahee kahaa. Log is film ko bahut pasand kar rahe hain. Hum Bhaarteeya deshbhakti filmon ke liye bahut utsaahit rahte hain.* | **Geeta :** Well said. People are liking this film very much. We Indians are very fond of Indian patriotic movies. |
| **सैम** : चलो, हम भी जल्दी चलकर अपनी सीट पर बैठें। | ***Sam :*** *Chalo, hum bhee jaldee chalkar apnee seat par baithen.* | **Sam :** Let's hurry up and take our seats. |
| *(फिल्म शुरू होने वाली है। राष्ट्रगान शुरू होता है। सभी खड़े हो जाते हैं)* | *(Film shuroo hone vaalee hai. raashtragaan shuroo hota hai. Sabhee khade ho jaate hain)* | *(The film is about to start. National Anthem starts. Everyone stands.)* |

## सिनेमा

| हिन्दी –देवनागरी में Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद English Translation |
|---|---|---|
| **सैम** : वाह! फिल्म से पहले राष्ट्रगान मुझे बहुत अच्छा लगा। | ***Sam :*** *Vaah! film se pahle raashtragaan mujhe bahut achchhaa lagaa.* | **Sam:** Whoa! I really liked this way of playing the National Anthem before the film. |



| | | |
|---|---|---|
| **गीता** : सैम और माया, देखो, फिल्म शुरू हो रही है। कहीं समझने में कोई कठिनाई हो तो मुझे बताना। | ***Geeta :*** *Sam aur Maya, dekho, film shuroo ho rahee hai, kaheen samajhne men koee kathinaai ho to mujhe bataanaa.* | **Geeta :** Sam and Maya! Movie is about to start, if you are unable to follow somewhere let me know. |
| **सैम** : हाँ–हाँ गीता, ये अपने दोस्त का खाना छिपाने की कोशिश कर रहा है न? | ***Sam :*** *Haan-haan Geeta, ye apne dost kaa khaana chhipaane kee koshish kar rahaa hai na?* | **Sam :** Yes Geeta, isn't he trying to hide his friend's food? |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **गीता** : अरे वाह! तुम्हें तो हिंदी में भी सब समझ आ रहा है। | ***Geeta :*** *Are vaah tumhe to Hindi men bhee sab samajh aa rahaa hai.* | **Geeta :** Wow! You are following everything even in Hindi. |
| **सैम** : उनका अभिनय इतना अच्छा है कि समझने में कोई समस्या नहीं है। | ***Sam :*** *Unkaa abhinaya hee itnaa achchha hai kee samajhne men koee samsayaa naheen hai.* | **Sam :** Their acting is just so good, that there is no problem in understanding. |
| **माया** : सही कहा सैम। | ***Maya :*** *Sahee kahaa Sam.* | **Maya :** Rightly, Sam. |
| **सैम** : देशप्रेम हो तो ऐसा, दुश्मनों को सबक सिखा दिया । | ***Sam :*** *Deshprem ho to aisaa, dushmanon ko sabak sikhaa diyaa.* | **Sam :** What a partiotism! taught lesson to the enemies. |
| **गीता** : फिल्म ने शुरू में हँसाया भी, फिर भावुक भी किया। | ***Geeta :*** *Film ne shuroo men hansaaya bhee, fir bhaavuk bhee kiyaa.* | **Geeta :** The film initially made us laugh and then emotional. |
| **माया** : इतने सारे लोगों के साथ इतने उत्साह से फिल्म देखना अद्‌भुत अनुभव था। | ***Maya :*** *Itane saare logon ke saath itne utsaah se film dekhnaa adbhut anubhav thaa.* | **Maya:** It was a wonderful experience to watch the film with so many people with such enthusiasm. |
| **सैम:** और फिल्म के बीच–बीच में दर्शकों ने कितनी बार तालियाँ बजाईं! | ***Sam :*** *Aur film ke beech-beech men darshakon ne kitnee baar taaliyaan bajaee!* | **Sam :** And so many times did the audience applaud in between? |
| **माया** : तालियाँ तो हमने भी कई बार बजाई थी। | ***Maya :*** *Taliyan to humne bhee kayee baar bajayee thee.* | **Maya :** Even we also clapped may times. |
| *सब एक साथ हँसते हैं।* | *Sab ek saath hansate hain.* | *Everyone laughs.* |

| | | |
|---|---|---|
| **गीता** : चलो, अब घर चलते हैं। | ***Geeta :*** *Chalon, ab ghar chalte hain.* | **Geeta :** Now let's go home. |
| *सब सहमति में सिर हिलाते हुए घर की तरफ चल देते हैं।* | *Sab sahamati men sir hilaate huye ghar kee taraf chal dete hain.* | *Everyone nods in agreement and walks towards home.* |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

मुहावरा– ऐसे वाक्यांश को कहते हैं, जो सामान्य अर्थ का बोध न कराकर किसी विशेष या नए अर्थ का बोध कराए। जैसे :

*Muhaavaraa - Aise vaakyaansh ko kahte hain, jo saamaanya arth kaa bodh na karaakar kisee vishesh yaa naye arth kaa bodh karaaye. Jaise :*

Idiom is a phrase which, apart from the general meaning, makes sense of a unique or new meaning. For example:

- मुहावरा है : 'भैंस के आगे बीन बजाना'। जिसका अर्थ है – मूर्ख व्यक्ति को समझाना।

  *Muhaavaraa hai: 'Bhains ke aage been bajana'. Jiskaa arth hai – Murkh vyakti ko samjhaanaa.*

  Idiom is : 'Bhains ke aage been bajana'. The meaning of the idiom is – Wasting efforts for undeserving people.

- 'सोने पर सुहागा' भी एक मुहावरा है, जिसका अर्थ है पहले से भी अधिक अच्छा होना, या और बेहतर होना।

  *'Sone par suhaaga' bhee ek muhaavaraa hai, jiskaa arth hotaa hai pahle se bhee adhik achchha honaa, yaa aur behtar honaa.*

  Icing on the cake' is also an idiom. Which means to be better or better than before.

नीचे कुछ अन्य मुहावरे और उनके अर्थ दिए जा रहे हैं

*Neeche kuchh anya muhaavare aur unke arth diye ja rahe hain*

Some other idioms and their meaning are given below.

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **आँख का तारा।**<br>**अर्थ** – बहुत प्यारा। | ***Aankh kaa taraa.***<br>***Arth –*** *Bahut pyara.* | An apple of one's eye |
| **आकाश पाताल एक करना।**<br>**अर्थ** – बहुत अधिक प्रयास करना। | ***Aakaash pataal ek karnaa.***<br>***Arth-****Bahut adhik prayaas karna.* | Unite heaven and earth. |
| **नौ दो ग्यारह होना ।**<br>**अर्थ** – भाग जाना। | ***Nau do gyaarah honaa.***<br>***Arth-*** *Bhaag jaanaa.* | To escape. |
| **टेढ़ी खीर होना ।**<br>**अर्थ** –बहूत कठिन होना। | ***Tedhee kheer honaa.***<br>***Arth-****Bahut kathin honaa.* | A very difficult task. |

- भारत में प्रत्येक वर्ष विभिन्न भाषाओं में विभिन्न विषयों पर फिल्में बनती हैं। भारत में बहुत सी भाषाएँ और बोलियाँ बोली जाती हैं। इसी कारण भारत में क्षेत्रीय भाषाओं में भी बहुत सारी फिल्मे बनती हैं। भारतीय सिनेमा विदेशों में भी बहुत लोकप्रिय है।

  *Bharat men pratyek varsh vibhinn bhaashaon men vibhinn vishayon par filmen bantee hain. Bharat men bahut se bhaashaen aur boliyaan bolee jaatee hain. Isee kaaran Bharat men kshetreeya bhashaon men bhee bahut saaree filmen bantee hain. Bhaarteeya cinema videshon men bhee bhut lokpriya hai.*

Every year, films are produced in India in different languages of different subjects. Many languages and dialects are spoken in India. For this reason, many films are also made on regional subjects in India. Indian cinema is very popular in foreign countries as well.

- 'आप कैसे हैं?' पूछने के लिए 'कैसे हैं?' कहा जाता है। कई बार प्रश्न पूछते समय 'कर्ता' का प्रयोग नहीं किया जाता है।

  *'Aap kaise hain' poochhne ke liye 'Kaise hain?' kahaa jaataa hai. Kayee baar prashn poochhte samaya kartaa kaa prayog naheen kiyaa jaataa hai.*

  'Kaise hain?' is used to ask 'How are you?' Many times the 'subject' is not used when asking questions.

- कई बार प्रश्नवाचक शब्द का प्रयोग किए बिना भी प्रश्न पूछ सकते हैं।

  *Kayee baar prashnvachak shabd kaa prayog kiye binaa bhee prashn poochh sakte hain.*

  Many times, We can ask a question without using interrogative word.

जैसे –

| | |
|---|---|
| घर चलें?<br>*Ghar chalein?*<br>Go home? | क्या घर चलें?<br>*Kya ghar chalein?*<br>Shall we go home? |
| मिलोगे?<br>*Miloge?*<br>Meeting? | क्या तुम मिलोगे?<br>*Kya tum miloge?*<br>Will you meet? |
| नहीं जाना?<br>*Naheen jaana?*<br>Not going? | क्या तुम्हें नहीं जाना?<br>*Kya tumhen nahin jaana?*<br>Don't you have to go? |
| खाना खाया?<br>*Khanaa khayaa?*<br>Ate food? | क्या तुमने खाना खाया?<br>*Kya tumne khaana khaaya?*<br>Have you had food? |

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 11.1

1. निम्नलिखित वाक्य पढ़ें और सही (✓) या गलत (×) का चिह्न लगाएँ

   क) भारत में केवल पारिवारिक फिल्में ही बनती हैं। (     )

   ख) भारत में फिल्में शुरू होने से पहले राष्ट्रगान होता है। (     )

   ग) भारत में एक–दो भाषाओं की ही फिल्में बनती हैं। (     )

2. निम्नलिखित वाक्यों को प्रश्नसूचक शब्द लगाकर पुनः लिखिए–

   क) तुम खाओगे ?

   ..........................................................................................

   ख) तुम चलोगे ?

   ..........................................................................................

   ग) हम जाएँ ?

   ..........................................................................................

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 11.2

वापस घर पर / *Vaapas ghar par* / Back at home

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **पिताजी** : (*मुस्कुराते हुए*) कैसी लगी फिल्म? | ***Pitaji :*** *(muskuraate huye) kaisee lagee film?* | **Dad :** (*smiling*) How was the movie? |
| **सैम** : बहुत अच्छी। | ***Sam :*** *Bahut achchhee.* | **Sam :** Loved it. |

## सिनेमा

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **माया** : भारत के बारे में कितना कुछ जानने को मिला। | ***Maya :*** *Bharat ke baare men kitanaa kuchh jaanne ko milaa.* | **Maya :** So much to know about India. |
| **सैम** : फिल्मों से भी किसी देश के बारे में बहुत कुछ पता चलता है! | ***Sam :*** *Filmon se bhee kisee desh ke baare men bahut kuchh pataa chaltaa hai!* | **Sam :** Much can be known about a country even from films! |
| **पिताजी** : बिलकुल ठीक कहा सैम, फिल्मों में किसी देश की संस्कृति भी शामिल होती है। | ***Pitaajee :*** *Bilkul theek kahaa Sam, filmon men kisee desh kee sanskriti bhee shamil hotee hai.* | **Dad :** Rightly said Sam, the culture of country is also included in the films. |
| **माया** : ठीक कहा, मैंने भी सबसे पहले भारत को फिल्मों से ही जाना था। | ***Maya :*** *Theek kaha, maine bhee sabse pahle Bharat ko filmon se hee jaanaa thaa.* | **Maya:** True, I also made my first impression about India through Indian films only. |
| **माया** : मुझे भारतीय फिल्मों में गाने बहुत पसंद हैं। | ***Maya :*** *Mujhe Bhaarteeya filmon men gaane bahut pasand hain.* | **Maya :** I like songs in Indian films. |
| **सैम** : मुझे और भी भारतीय फिल्में देखनी हैं। आप कुछ नाम सुझाएँगे? | ***Sam :*** *Mujhe aur bhee Bhaartiya filmein dekhnee hain. Aap kuchh naam sujhayenge?* | **Sam :** I want to watch more Indian films. Will you suggest some names please. |
| **पिताजी** : भारत में तो बहुत सारी फिल्में बनती हैं। इसमें गीता तुम्हारी मदद करेगी। | ***Pitaajee :*** *Bhaarat men to bahut saaree filmen bantee hain. Ismen Geeta tumhaaree madad karegee.* | **Dad :** A lot of films are made in India. Geeta will help you in this. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **गीता** : हाँ जरूर! मिलकर सूची बनाते हैं। | ***Geeta :*** *Haan jaroor. Milkar soochee banaate hain* | **Geeta :** Yes sure ! We will prepare a list together. |
| **माया** : मेरे देश में भी हिंदी फिल्में बहुत लोकप्रिय हैं । | ***Maya :*** *Mere desh men bhee Hindi filmen bahut lokpriya hain.* | **Maya :** Hindi films are very popular in my country too. |
| **गीता** : हमें अपने देशों की कुछ लोकप्रिय फिल्मों बताना। | ***Geeta :*** *hamen bhee apne deshon kee kuchh lokpriya filmon ke naam batao.* | **Geeta :** Tell us the names of some propular films of your countries. |
| **माया**: मैं अभी कुछ फिल्मों के लिंक भेजती हूँ। | ***Maya :*** *Main abhee kuchh filmon kaa link bhejtee hoon.* | **Maya :** I will just share the links of some films. |
| **गीता** : धन्यवाद माया हम अपने–अपने देश की फिल्में, गाने आदि साझा करते रहेंगे। | ***Geeta :*** *Dhanyawaad maya. Hum apne-apne desh kee filme, gaane aadi saajhaa karte rahenge.* | **Geeta :** Thanks Maya. We will keep sharing films, songs of our country. |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

- भारत में सिनेमा हॉल में फिल्म की शुरुआत से पहले राष्ट्रगान गाया जाता है। सभी राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े होते हैं। यह पल हमारे लिए काफी उत्साह और गर्व से भरा हुआ होता है। भारतीय राष्ट्रगान 'जन गण मन अधिनायक' है।

  *Bharat men cinema hall men film kee shuruaat se pahale Rashtra Gaan gaayaa jaataa hai. Sabhee Rashtra Gaan ke sammaan men khade hote hain. Yah pal hamaare liye kafee utsaah aur garv se bharaa hua hotaa hai. Bharteeya Raashtra Gaan 'Jan Gan Man Adhinaayak' hai.*

## सिनेमा

In India, National Anthem is played before the beginning of the film in cinema hall. We all stand up for showing respect to the National Anthem. It happens to be the moment of excitement and proud for us. 'Jan Gan Man Adhinaayak' is the National Anthem of India.

- पिताजी शब्द में पिता शब्द के पीछे लगा हुआ 'जी' शब्द आदरसूचक शब्द है। अपने से बड़ों के लिए भारत में संबंधों के साथ 'जी' लगाकर आदर दिया जाता है। जैसे माताजी, चाचाजी आदि बड़ों के लिए 'आप' शब्द का प्रयोग किया जाता है और छोटों के लिए 'तुम' शब्द का प्रयोग होता है।

  *Pitaajee shabd men 'pitaa' ke peechhe lahaa hua 'jee' shabd aadarsoochak shabd hai. Apne se badon ke liye Bharat men sambandhon ke saath 'Jee' lagakar aadar diya jataa hai. Jaise - Maataajee, Chachaajee etc. Badon ke liye 'Aap' shabd ka prayog kiyaa jaataa hai aur chhoton ke liye 'Tum' shabd kaa prayog hotaa hai.*

  The word 'Ji' which has been used after 'Papaji' (Dad) is a word used to show respect towards elders. In India, we add 'Ji' to the relations elder to us. By adding 'Ji' we show our respect to the elders. Like - Maataji, Chachaji etc. 'Aap' is used for the elders and 'Tum' is used for the younger ones.

- इस के अलावा विभिन्न परिस्थितियों में भारतीय लोकाचार में निम्नलिखित अभिव्यक्तियों का भी प्रयोग किया जाता है –

  *Is ke alaavaa vibhinna paristhitiyon men Bhaarteeya lokachaar men nimnlikhit abhivyaktiyon kaa bhee prayog kiyaa jataa hai: -*

  Apart from this following other expressions are also used Indianethos :-

  क) कोई गलती हो जाने पर 'क्षमा कीजिए' कहा जाता है।

  *Koi galatee ho jaane par 'Kshamaa keejiye' kahaa jataa hai.*

  In case of any mistake, we say 'kshama kijiye'.

  ख) आभार व्यक्त करने के लिए हम 'धन्यवाद' कहते हैं।

  *Aabhaar vyakt karne ke liye ham 'Dhanyawaad' kehte hain.*

  To show our gratitude when somebody help us, we use the word 'Dhanyawaad'.

ग) किसी के धन्यवाद कहने पर उत्तर में 'स्वागत है' शब्द का प्रयोग किया जाता है।

*Kisee ke Dhanyawaad kahane par uttar men 'Swaagat hai' shabd kaa prayog kiyaa jaataa hai.*

When somebody says 'Thank you', we say 'swagat hai' in response.

## अपनी प्रगति जाँचें / Apnee Pragati jaanchen / Check your progress- 11.2

1. नीचे दिए गए वाक्यों में सम्मान सूचक शब्द लगाकर पूरा कीजिए

*Neeche diye gaye vaakyon men samman soochak shabd lagakar pooraa keegiye*

Complete the sentence by adding words of respect:-

क) माता .................... दफ्तर जाती हैं।

ख) हाँ ..................... मैं आता हूँ ।

ग) नानी ..................... सैर करती हैं।

घ) नाना .................... आशीर्वाद देते हैं।

2. नीचे दिए गए वाक्य पढ़िए और सही अथवा गलत का निशान लगाइए:

*Neeche diye gaye vaaky padhiye aur sahee athwaa galat kaa nishaan lagaaiye:*

Read the sentence given below and mark right or wrong :

(क) आज हमने एक भारतीय फिल्म देखी । ( )

(ख) जब कोई हमारी मदद करता है तो उसको 'माफ़ कीजिए' कहते हैं। ( )

(ग) गलती होने पर क्षमा मांगनी चाहिए। ( )

(घ) बड़ों को जी लगाकर संबोधित किया जाता है।

(ङ) धन्यवाद एक आदर सूचक शब्द है। ( )

## नए शब्द सीखें / *Naye shabd seekhen* / Learn new words:

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (क). | लोकप्रिय | *Lokapriya* | Popular |
| (ख). | राष्ट्रगान | *Rashtragaan* | National Anthem |
| (ग). | भारतीय | *Bhaarteeya* | Indian |
| (घ). | संस्कृति | *Sanskriti* | Culture |
| (ङ). | आनंद | *Aanand* | Pleasure |
| (च). | देशभक्ति | *Deshbhakti* | Patriotism |
| (छ). | समझ | *Samajh* | Understanding |
| (ज). | सीखने | *Seekhne* | To Learn |
| (झ). | पसंद | *Pasand* | Like, Choice |
| (ञ). | नजदीक | *Nazdeek* | Near |
| (ट). | स्वयं | *Swayam* | Self |
| (ठ). | धारणा | *Dhaaranaa* | Concept, Belief. |
| (ड़). | नाच | *Naach* | Dance |
| (ढ़). | हँसना | *Hansnaa* | To Laugh |
| (ण). | सहमति | *Sahmati* | Approval |
| (त). | विचार | *Vichaar* | Thought |
| (थ). | उत्साहित | *Utsaahit* | Excited |
| (द). | शुरू | *Shuru* | Begining |
| (ध). | विदेशी | *Videshee* | Foreigner |
| (न). | कृपया | *Kripyaa* | Please |
| (प). | सुझाएँ | *Sujhaayen* | Suggest |

## आपने क्या सीखाः / *Aapne kyaa seekhaa:* / What have you learnt:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| • भारत में अनेक विषयों पर हिंदी के साथ–साथ बहुत सी क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्में बनती हैं। | *Bharat men anek vishayon par Hindi ke saath-saath bahut see kshetreeye bhaashaon kee filmen bantee hain.* | Films on different subjects, in Hindi as well as in many regional languages are produced in India. |
| • भारतीय लोकाचर में 'जी' अत्यंत महत्वपूर्ण अभिव्यक्ति है। | *Baartiye Lokachaar mein 'Ji' atyant mahatvpoorn abhivyakti hai.* | 'Ji' is an important expresion in Indian ethos. |
| • मुहावरों और लोकोक्तियों के प्रयोग से भाषा में प्रभाव आता है। | *Muhavaron aur lokoktiyon ke prayog se bhaasha mein probhav aata hai.* | Use of idioms and phrases make the language effective. |

## पाठांत प्रश्न / *Paathant Prashn* / Terminal Questions

1. नीचे दिए गए निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिएः

*Neeche diye gaye nimnlikhit shabdon ka vaakya men prayog keejiye:*

Make sentences using the words given below:

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सिनेमा | कतार | भीड़ | देशभक्ति | घोड़ा |

2. नीचे दिए गए शब्दों का प्रयोग कर वाक्य पूरे कीजिए।

*Neecher diye gaye shabdon kaa prayog kar vaaky poore keejeeye.*

Complete the sentences by using the words given below:

| | | |
|---|---|---|
| सहमति | संस्कृति | ब्राजील |

(क) गीता माया से .................. देश की फिल्म मांगती है।

(ख) फिल्में ......................... के बारे में भी बताती हैं।

(ग) सब एक साथ .................. में सिर हिलाते हैं।

## आइए, करके देखें / *Aaiye karke dekhen* / Let's do :

1 इंटरनेट पर अपनी पसंद के विषय पर बनी कुछ भारतीय फिल्मों के नाम खोजिए और उनकी सूची बनाइए।

*Internet par apnee pasand ke vishay par banee kuchh Bharteeya filmon ke naam khojiye aur unakee suchee banaiye.*

Search on internet same names of Indian films on subjects of your choice and list them.

2 हिंदी के मुहावरों/लोकोक्तियाँ और उनके अर्थ खोजिए। एक सूची तैयार कीजिए।

*Hindi ke muhavaare/lokoktiyon aur unke arth khojiye. Ek soochi taiyaar kijiye.*

Search Hindi Idioms/Phreses and their meaning make a list.

## उत्तरमाला

'अपनी प्रगति जाँचें' में दिए प्रश्नों के उत्तर / *'Apnee pragati jaanchen' men diye prashanon ke uttar* /Answers of the question given under 'Check your progress'.

**11.1**

1. (क) गलत,
   (ख) सही
   (ग) गलत

2. (क) क्या
   (ख) क्या
   (ग़) क्या

**11.2.**

1. (क) जी (ख) जी (ग) जी (घ) जी

2. (क) सही (ख) गलत (ग) सही (घ) सही (च) सही

**12**

# रेडियो

# *Radio*

# Radio

पिछले पाठ में, सैम और माया ने गीता के साथ देशभक्ति फिल्म देखी। इस पाठ में वे गीता से रेडियो के बारे में सामान्य बातचीत करेंगे –

*Pichhle paath men, Sam aur Maya ne Geeta ke saath deshbhakti film dekhee. Is paath men ve Geeta se radio ke baare men saamaanya baatcheet karenge.*

In the previous lesson, Sam, Maya and Geeta went to watch a patriotic film. In this lesson, they will have a general conversation about radio.

## उद्देश्य / *Uddeshya* / Objectives

इस पाठ से हम सीखेंगे : / *Is path se hum seekhenge :* / In this lesson we will learn:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेज़ी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| • रेडियो की भाषा का परिचय प्राप्त करना; | *Radio kee bhaashaa kaa parichay praapt karnaa;* | To get introduction of language on radio; |
| • नए शब्दों की जानकारी और उनका प्रयोग करना; | *Naye Shabdon kee jaankaaree aur unkaa prayog karnaa;* | To know new words and their usage; |
| • सरल भाषा में अनुच्छेद लिखना; | *Saral bhaashaa men anuchad likhnaa;* | To write a paragraph in simple language; |
| • रेडियो पर सुनी जानकारी पर अपने विचार व्यक्त करना। | *Radio par sunee jaankaari par apne vichaar vyakt karna.* | To express views on the information heard on radio. |

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 12.1

सैम और माया गीता के साथ मनोरंजन और संचार के साधनों पर बात करते हैं।

*Sam aur Maya Geeta ke saath manoranjan aur sanchaar ke saadhnon par baat karte hain.*

Sam and Maya are talking to Geeta on the means of entertainment and communication.

# रेडियो

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **सैम** : गीता, क्या तुम रेडियो सुनती हो? | ***Sam :*** *Geeta, kyaa tum radio suntee ho?* | **Sam :** Geeta, do you do listen radio? |
| **गीता** : हाँ सैम, खाली समय में, अक्सर रेडियो सुनती हूँ । | ***Geeta :*** *Haan Sam, khaalee samay men, aaksar radio suntee hoon.* | **Geeta :** Yes Sam, I do listen in my leisure time. |
| **माया** : मुझे तो रेडियो पर संगीत सुनना सबसे ज्यादा अच्छा लगता है। | ***Maya :*** *Mujhe to radio par sabase jyaadaa sangeet sunanaa achchha lagataa hai.* | **Maya :** I love to listen music on radio. |
| **गीता** : क्या यहाँ तुमने रेडियो सुना ? | ***Geeta :*** *Kyaa yahaan tumne radio suna?* | **Geeta :** Do you listened to the radio here in India? |
| **सैम** : हाँ, यहाँ आते हुए हम रेडियो सुनते हैं। | ***Sam :*** *Haan, yahan aate hue hum radio sunte hain.* | **Sam :** Yes, we listened radio while coming here. |
| **माया** : रेडियो से तो हमने कई शब्द सीखे हैं। | ***Maya :*** *Radio se to humne kai shabd seekhen hain.* | **Maya :** We have even learnt many words with help of radio. |
| **गीता** : यह तो बहुत अच्छी बात है। रेडियो की भाषा बहुत सरल होती है। इसलिए आसानी से समझ में भी आ जाती है। | ***Geeta :*** *Ye to bahut acchee baat hai. Radio kee bhaashaa bahut saral hotee hai, isliye aasaanee se samajh men bhee aa jaatee hai.* | **Geeta :** That's very good. Radio language is very simple so it is easily understood. |
| **सैम** : और रोचक भी । ऐसा लगता है जैसे हमारा कोई मित्र ही हमारे पास बेठा है। | ***Sam :*** *Aur rochak bee. Aisa lagtaa hai jaise hamara koee mitra hamaare paas baithaa hai.* | **Sam :** And interesting too. It seems like a friend of ours is sitting next to us. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **गीता** : इसकी खास बात यह है कि यह प्रांतीय भाषाओं में भी कार्यक्रम प्रसारित करता है। | ***Geeta :*** *Iskee khaas baat yah hai kee yah pranteeya bhashaaon men bhee kaaryakram prasaarit kartaa hai.* | **Geeta :** Its speciality is that it also broadcasts programs in regional languages also. |
| **सैम** : गीता, यहाँ रेडियो पर किस प्रकार के कार्यक्रम प्रसारित होते हैं? | ***Sam :*** *Geeta, yahaan radio par kis prakar ke kaaryakram praasarit hote hain.* | **Sam :** Geeta, what kind of programs are broadcasted on radio hare. |
| **गीता** : सैम, इस पर संगीत, समाचार, वार्ता, कहानी, नाटक जैसे बहुत से कार्यक्रम आते हैं। | ***Geeta :*** *Sam, Is par sangeet, samaachar, vaartaa, kahaanee, naatak jaise bahut se kaaryakram aate hain.* | **Geeta :** Sam, Many programs like music, news, talks, story, dramas are broadcasted on it. |
| **गीता** : मैं अधिकतर हिन्दी में समाचार, हिंदी गीत और किसी विषय से संबंधित चर्चा सुनती हूँ। | ***Geeta :*** *Main adhiktar Hindi men samaachaar, Hindi geet aur kisee Vishaya se sambandhit charchaa suntee hoon.* | **Geeta :** I mostly listen Hindi news, Hindi songs and discussions related to any topic. |
| **सैम** : गीता, मैं तो पॉडकास्ट सुनना अधिक पसंद करता हूँ । किन्तु रेडियो पर मुझे क्रिकेट कमेन्ट्री सुनना भी बहुत अच्छा लगता है। | ***Sam :*** *Geeta, main to podcast sunanaa adhik pasand kartaa hoon. Kintu radio par mujhe cricket commentary sunanaa bahut achchaa lagtaa hai.* | **Sam :** Geeta, I prefer listening to podcasts, but I also love to listen cricket commentary as well. |

## रेडियो

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **माया** : गीता, सैम, मुझे तो संगीत सुनना सबसे ज्यादा पसंद है। | ***Maya :*** *Geeta, Sam, mujhe to sangeet sunanaa sabse zyaada pasand hai.* | **Maya :** Geeta, Sam, I like to listen music the most. |
| **सैम** : गीता, तुम और क्या–क्या सुनती हो ? | ***Sam :*** *Geeta, tum aur kyaa-kyaa sunatee ho?* | **Sam :** Geeta, what else you listen? |
| **गीता** : मैं हिंदी गीत, समाचार के अतिरिक्त कभी–कभी तुम्हारी तरह पॉड कास्ट पर कहानियां सुनती हूँ। | ***Geeta :*** *Main Hindi geet, samaachar ke atirikt kabhee-kabhee tumhaaree tarah podcast par kahaaniyan sunatee hoon.* | **Geeta :** I like to listen Hindi music, news and sometimes stories on podcast, like you. |
| **सैम** : चलो, आज हम सब मिलकर रेडियो पर हिंदी गीत सुनते हैं। | ***Sam :*** *Chalo, aaj hum sab milkar radio per hindi geet sunate hain.* | **Sam :** Let us listen hindi music today on Radio. |



## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

- भारत में रेडियो प्रसारण की शुरुआत मुंबई और कोलकाता में हुई थी। इसका राष्ट्रीयकरण हुआ और इसका नाम भारतीय प्रसारण सेवा रखा गया। बाद में इसका नाम बदलकर आकाशवाणी रखा गया।

  *Bharat men radio prasaaran kee shuruaat Mumbai aur kolkata men huee thee. Iskaa raastreeyakaran huaa aur iskaa naam Bhaarteeya prasaaran sewaa rakhaa gayaa. Baad men iskaa naam badal kar aakashwaanee rakhaa gayaa.*

  In India radio broadcast was started from Mumbai and Kolkotta. After nationalization its name was changed as BHARTIYA PRASARAN SEWA. Later on the name was again changed and it was known as AKASHWANI.

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 12.1

1. नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़कर सही वाक्य के सामने (✓) और गलत के सामने (×) बनाइए

   *Neeche diye gaye vaakyon ko padhkar sahee vaakya ke saamne (✓) aur galat ke saamne (×) banaaie.*

   Read the following sentences and mark (✓) on correct and (×) on incorrect sentence.

   क). रेडियो मनोरंजन का साधन नहीं है। ( )

   ख). रेडियो मनोरंजन का बहुत महंगा साधन है। ( )

   ग). पॉडकास्ट एक श्रव्य माध्यम है। ( )

   घ). रेडियो से कम समय में सूचनाएँ प्रसारित होती हैं। ( )

   ङ). रेडियो के क्षेत्र में कुछ नए प्रयोग की संभावना नहीं है। ( )

2. नीचे दिए गए प्रश्न पढ़ें और सही विकल्प चुनकर वाक्य पूरा करें : –

*Neeche diye gaye prashan paden aur sahee vikalp chunkar vaakay pooraa karen.*

Read the questions given below and complete the sentences by choosing the correct option.

क). सैम और माया रेडियो के बारे में ..................... जानते हैं।

1. नहीं, 2. अच्छी तरह, 3. थोड़ा

ख). रेडिया की भाषा ..................... होती है।

1. कठिन, 2. सरल, 3. प्रांतीय

ग). भारत में रेडियो कार्यक्रम ..................... में प्रसारित होते हैं।

1. हिंदी, 2. अंग्रेजी, 3. हिंदी, अंग्रेजी और प्रांतीय भाषाओं

## नए शब्द सीखें / *Naye shabd seekhein* / Learn new words:

| हिन्दी –देवनागरी में | | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (क). | सिनेमा | *Cinema* | Cinema |
| (ख). | रेडियो | *Radio,* | Radio |
| (ग). | पॉडकास्ट | *Podcast* | Pod cast |
| (घ). | मनोरंजन | *Manoranjan* | Entertainment |
| (ङ). | संभव | *Sambhav* | Possible |
| (च). | मित्र | *Mitra* | Friend |
| (छ). | प्रतिदिन | *Pratidin* | Everyday |
| (ज). | पसंद | *Pasand* | Like / choice |
| (झ). | कार्यक्रम | *Kaaryakram* | Programme |

| हिन्दी –देवनागरी में | | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (ञ). | समाचार | *Samachar* | News |
| (ट). | हिंदी संगीत | *Hindi sangeet* | Hindi Music |
| (ठ). | सुनना | *Sunanaa* | To listen |
| (ड़). | कहानियां | *Kahaaniyaan* | Stories |
| (ढ़). | माध्यम | *Maadhyam* | Medium |
| (ण). | सम्बंधित सूचना | *Sambandhit Soochanaa* | Related information |
| (त). | रुचि | *Ruchi* | Interest |
| (थ). | अनुसार | *Anusaar* | Accordingly |

## आपने क्या सीखाः / *Aapne kyaa seekhaa:* / What have you learnt:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेज़ी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • रेडियो संचार का महत्वपूर्ण साधन है; | *Radio sanchaar kaa mahatvpoorn saadhan hai;* | Radio's an important medium of communication; |
| • रेडियो की भाषा सरल होती है; | *Radio kee bhaashaa saral hotee hai;* | The languae of radio is easy; |
| • रेडियो भाषा सीखने के लिए एक उपयोगी साधन है ; | *Radio bhaashaa seekhne ke liye ek upyogee saadhan hai;* | Radio is a usful medium to learn a laguage; |
| • रेडियो के क्षेत्र में नए प्रयोग हो रहे हैं जैसे 'पॉडकास्ट'। | *Radio ke kshhetra men naye prayog ho rahe hain jaise 'Podcast'* | New experiments are being done in the field of radio like 'Podcast'. |

## पाठांत प्रश्न / *Paathant Prashn* / Terminal Question

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए / *Nimnlikhit prashnon ke uttar deejiye* / Answer the following questions

(क) आप रेडियो पर कौन से कार्यक्रम सुनते हैं ?

(ख) सैम को कैसे कार्यक्रम सुनना पसंद है ?

(ग) मनोरंजन के लिए कौन–कौन से आधुनिक साधन उपलब्ध हैं ?

(घ) आप मनोरंजन के लिए कौन से साधन का प्रयोग करते हैं?

2) रेडियो के लिए निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए

*Radio ke liye nimnlikhit shabdon kaa prayog karte hue vaakay banaaiye*

Make sentences using the following words for radio.

| |
|---|
| आज, कल, समारोह, मेला, एकत्र, गर्व, महत्वपूर्ण |

3) नीचे दिए बॉक्स में से रेडियो से जुड़े शब्द छांटिये –

*Neeche diye box men se radio se jude shabd chhaatiye*

Choose the word related to radio from the box given below.

| | | | |
|---|---|---|---|
| संगीत | क्रिकेट | इंटरव्यू | ट्रैफिक की सूचना |
| रोचक | ऊबाऊ | छोटे वाक्य | दृश्य कार्यक्रम |
| नयी सूचना | पुरानी जानकारी | इतिहास | खेल समाचार |
| स्वादिष्ट | दुकान | समाचार | सुंदर दृश्य |
| विज्ञापन | स्कूल | उद्योग | लोक संगीत |

## आइए, करके देखें / *Aaiye karke dekhen* / Let's do :

1. रेडियो पर सुनी किसी क्रिकेट कमेंट्री को अनुच्छेद के रूप में लिखिए।
2. रेडियो पर कोई वार्ता सुनकर अपने शब्दों में लिखिए।
3. रेडियो जैसे अन्य श्रव्य माध्यमों की जानकारी एकत्र कीजिए।
4. भारत में किन हिंदी प्रांतीय भाषाओं मे रेडियो कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं, सूची बनाइए।
5. हिन्दी में उपलब्ध पॉडकास्ट की जानकारी एकत्र करें।

## उत्तरमाला

'अपनी प्रगति जाँचें' में दिए प्रश्नों के उत्तर / *'Apnee pragati jaanchen' men diye prashanon ke uttar* /Answers of the question given under 'Check your progress'.

**12.1**

1. (क) गलत (ख) सही (ग) सही (घ) सही (ङ) गलत

2. (क) अच्छी तरह (ख) सरल (ग) हिंदी, अंग्रेजी और प्रांतीय भाषाओं

13

# टेलीविजन

## *Television*

## **Television**

पिछले पाठ में, सैम और माया ने गीता से रेडियो के बारे में वार्तालाप किया। उन्होंने रेडियो पर अपनी रुचि के कार्यक्रमों पर बातचीत की। इस पाठ में, सैम और माया टी.वी. के माध्यम से भारत के राष्ट्रीय त्यौहार से परिचित होंगे।

*Pichhle paath men, Sam aur Maya ne Geeta se radio ke baare men vaartaalaap kiyaa. Unhonne radio par apnee ruchi ke kaaryakramon par baatcheet kee. baatcheet kee. Is paath men, Sam aur Maya T.V. ke maadhyam se Bharat ke raashtreeya tyauhaar se parichit honge.*

In the previous lesson, Sam and Maya had a conversation about radio. They talked about their favourite radio programmes. In this lesson, Sam and Maya will get acquainted with the national festival of India through TV.

## उद्देश्य / *Uddeshya* / Objectives

इस पाठ से हम सीखेंगे : / *Is paath se hum seekhenge :* / In this lesson we will learn:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेज़ी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • भारत के स्वतंत्रता दिवस समारोह की जानकारी साझा करना; | *Bharat ke Swatantrataa Diwas samaroh kee jaankaaree saajhaa karnaa;* | To share information about India's Independence Day celebrations; |
| • चित्रों / दृश्यों का अवलोकन करना और समझकर अपने शब्दों में व्यक्त करना; | *Chitron / drishyon kaa avalokan karnaa aur samajhkar apne shabdon men vyakt karnaa;* | To observe pictures/visuals and to express views in our own words. |
| • काल की जानकारी प्राप्त करते हुए भूतकाल का प्रयोग करना; | *Kaal kee jaankaaree prapt karte huye bhootkaal ka prayog karnaa;* | to use tenses and use of past tense; |
| • प्रचलित मुहावरों और लोकोक्तियों का प्रयोग करना। | *Prachalit muhaawaron aur lokoktiyon kaa prayog karnaa.* | To use common idioms and phrases; |

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 13.1

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **सैम और माया :** नमस्ते गीता! | ***Sam aur Maya :*** *Namaste Geeta!* | **Sam and Maya :** Namaste Geeta! |
| **गीता :** अरे वाह ! आप एकदम सही समय पर आए हैं। | ***Geeta :*** *Arey wah ! aap ekdam sahee samaya par aaye hain.* | **Geeta :** Oh great ! You have come at very right time. |
| **माया :** *(आश्चर्य से)* ऐसा क्यों? और आज आप सभी सुबह–सुबह टीवी के सामने कैसे? | ***Maya :*** *(aashcharya se) Aisaa kyon ? Aur aaj aap sabhee subah-subah TV ke saamne kaise?* | **Maya :** *(Surprisingly)* Why is it so ? And why are you all sitting around television this early? |
| **पिताजी :** अभी टीवी पर स्वतंत्रता दिवस समारोह शुरू होने वाला है। | ***Pitaajee :*** *Abhi T.V. par swatantrataa diwas kaa samaaroh shuroo hone waalaa hai.* | **Dad :** In a short while, the telecast of Independence Day celebration is to begin on TV. |
| **सैम :** अच्छा! तो आज इसीलिए हर तरफ भारत का राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहा है। | ***Sam :*** *Achchha! To aaj iseeliye baahar har taraf Bharat kaa raashtreeya dhvaj lahraa rahaa hai.* | **Sam :** Oh! That is why the national flag of India is waving everywhere. |
| **गीता :** हाँ, सही कहा तुमने। यह हमारा राष्ट्र त्योहार है। | ***Geeta :*** *Haan, sahee kahaa aapane. Yah hamaara raashtreeya tyauhaar hai.* | **Geeta :** Yes, you got it right. It is our National festival |
| **माया :** कितना सुन्दर लगता है न! | ***Maya :*** *Kitana sundar lagtaa hai na !* | **Maya :** How beautiful Isn't it ! |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| *(सब टी.वी. देख रहे हैं)* | *(Sab TV dekh rahe hain.)* | *(All watch TV)* |
| **सैम** : यह तो लाल किला है न? मैंने भारत की तस्वीरों में इसे कई बार देखा है। | ***Sam :*** *Yah to Laal Kilaa hai na? Maine Bharat kee tasveeron men ise kayee baar dekhaa hai.* | **Sam :** This is the Red Fort, isn't it? I have seen it many times in pictures of India. |



| | | |
|---|---|---|
| **वेद** : बिलकुल ठीक कहा सैम, आज के दिन हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं। | ***Ved :*** *Bilkul theek kahaa Sam, aaj ke din hamaare mananeey Pradhanmantri jee Laal Kile par raashtreeya dhwaj fahrate hain.* | **Ved :** Well said Sam. On this day, our Honorable Prime Minister hoists the national flag on the Red Fort. |
| **पिताजी** : ये देखो, माननीय प्रधानमंत्री ध्वजारोहण कर रहे हैं। | ***Pitaajee :*** *Ye dekho mananeeya Pradhaanmantri dhwajarohan kar rahe hain.* | **Dad :** Look here, the Honorable Prime Minister is hoisting the flag. |
| **माया** : और उधर बहुत सारे बच्चे बैठे हैं न। | ***Maya :*** *Aur udhar bahut sare bachche baithe hain na.* | **Maya :** And numerous children are sitting over there. |

| हिन्दी –देवनागरी में Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद English Translation |
|---|---|---|
| **वेद** : हाँ, ये अलग–अलग विद्यालयों के बच्चे हैं। | ***Ved :*** *haan, ye alag alag vidyalayaon ke bachche hain.* | **Ved :** Yes, these are children from various schools. |
| *सभी प्रधानमंत्री जी का सम्बोधन सुनते है।* | ***Geeta :*** *Sabhee pradhaanmantri jee kaa sambodhan sunate hain.* | *All listen Prime Minister's Address* |
| **सैम** : ये बच्चे तीन रंग के कपड़े पहनकर भारतीय तिरंगा बना रहे हैं न? | ***Sam :*** *Ye bachche teen rang ke kapade pahankar bhaarteeya tirangaa banaa rhe hain na.* | **Sam :** These kids are making the Indian tricolor by wearing three colored clothes, aren't they? |
| **वेद** : अरे वाह! बिलकुल सही पहचाना। | ***Ved :*** *Arey waah! Bilkul sahee pahachaanaa.* | **Ved :** Oh wow! Got it right. |
| **गीता** : मुझे भारतीय होने पर गर्व है। | ***Geeta :*** *Mujhe Bhaarteeya hone par garv hai.* | **Geeta :** I am proud to be an Indian. |
| **माया:** आप सबको शुभकामनाएँ। | ***Maya :*** *Aap sab ko shubhkaamnaaein.* | **Maya :** Best Wishes to all of you. |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

- भारत 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्र हुआ था। इसलिए प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। यह भारत का एक राष्ट्रीय त्यौहार है। इसे पूरे देश में बहुत धूमधाम से मनाया जाता है।

  *Bharat 15 August, 1947 ko swatantr huaa thaa. Isliye pratyek varsh 15 August ko Swatantrataa divas manaayaa jaataa hai. Yah Bharat kaa ek raashtreeya tyauhaar hai. Ise poore desh men bahut dhoomdhaam se manaayaa jaataa hai.*

India became independent on 15 August, 1947. Thus, Independence Day is celebrated every year on 15th of August. It is a national festival in India. It is celebrated with pomp and show all over the country.

- काल तीन प्रकार के होते हैं– वर्तमान काल, भूतकाल और भविष्य काल। पिछले पाठ में आप वर्तमान काल से परिचित हो चुके हैं। क्रिया के जिस रूप से किसी कार्य के बीत जाने का बोध होता है, उसे भूतकाल कहते हैं।

  *Kaal teen prakaar ke hote hain. Vartamaan kaal, bhootakaal aur bhavishya kaal. Pichhale paath men aap vartamaan kaal se parichit ho chuke hain. Kriyaa ke jis roop se kisee kaarya ke beet jaane kaa bodh hotaa hai, use bhootkaal kahate hain.*

  Tenses are of three types- Present tense, Past tense and Future tense. In the previous lesson, you have become familiar with the present tense. The form verb in which the past of action is realized is called Past tense.

- था, थी, थे, रहा था, रही थी, रहे थे, गया था, गई थी, गए थे आदि शब्द भूतकाल की पहचान कराते हैं।

  *Thaa, thee, the, rahaa tha, rahee thi, rahe the, gayaa thaa, gayee thee, gaye the aadi shabd bhootkaal kee pahchaan karaate hai.*

  Words Tha, thi, the, raha tha, rahi thi, rahe the, gaya tha, gayi thi, gaye the give information the past tense.

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apni Pragati jaanchein* / Check your progress- 13.1

1. सही विकल्प चुनकर वाक्य पूरे कीजिए:/ *Sahee vikalp chunkar vaakya poore keejiye:* / Complete sentences using correct option :

   (क) मेरी छोटी बहन का जन्म मुझसे 4 साल पहले हुआ ............ (था/थी )

   (ख) भारत 15 अगस्त को स्वतंत्र .......... ............................(हुआ था/हुई थी)

   (ग) माताजी ने बहुत स्वादिष्ट पकवान ..................... (बनाए थे/बनाई थी)

2. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरें: / *Sahi shabd chunkar rikt sthaan bharein:* / Fill in the blanks with correct words :

(क) 15 ...................... के दिन हमारा देश स्वतंत्र हुआ था। (जनवरी/अगस्त )

(ख) स्वतंत्रता दिवस एक ...................... त्यौहार है। (राष्ट्रीय/क्षेत्रीय)

(ग) 15 अगस्त को ...................... किले से ध्वजारोहण किया जाता है। (लाल/पुराने)

## आइए पढ़ें/ *Aaiye padhen* / Let's read- 13.2

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **माया** : यह दृश्य कितना सुंदर और मोहक है! | ***Maya :*** *Yah drishya kitnaa sundar aur mohak hai!* | **Maya :** How beautiful and enchanting this scene is! |
| **वेद** : यह राष्ट्रीय त्यौहार उमंग, उत्साह और खुशी लेकर आता है | ***Ved :*** *Yah raashtreeya tyauhaar umang, utsaah aur khushee lekar aataa hai.* | **Ved :** This national festival brings, enthusiasm, excitement and joy. |
| **गीता** : और हम अपने घरों पर तिरंगा भी लगाते हैं । | ***Geeta :*** *Aur hum apne gharon par tiranga bhi lagaate hain.* | **Geeta :** And we put tri-colour on our houses as well. |
| **माँ** (रसोई से पकवान लेकर बाहर आते हुए) : और आज के दिन बनने वाले स्वादिष्ट व्यंजनों को न भूल जाना! आओ, सब आ जाओ। | ***Maan*** *(Rasoi se pakwaan lekar baahar aate hue)* **:** *Aur aaj ke din banane waale swaadisht vyanjanon ko na bhool jaanaa Aao sab aa jaao.* | **Mother** (While coming out of kitchen with dishes)**:** And don't forget the delicious dishes prepared today! All of you, please come. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **पिताजी** : वाह, सोने पर सुहागा। लाओ, मैं परोसने में तुम्हारी मदद करता हूँ। | ***Pitaajee :*** *Waah! sone par suhaagaa. Laao,main parosne men tumhaaree madad kartaa hoon.* | **Father :** Wow, that's icing on the cake. Let me help you serve the food. |
| *(सब पकवान का आनंद लेते हैं।)* | *(Sab pakwaan ka aanand lete hain)* | *(All relish the delicacies)* |
| **वेद** : पकवान इतने स्वादिष्ट हैं कि ऊंट के मुंह में जीरा वाली कहावत याद आ गई *(सब हंसते हैं)*। | ***Ved :*** *Pakwaan itne swadisht hain kee oont ke munh men jeera walee kahaawat yaad aa gayee (Sab hanste hain).* | **Ved :** The dishes are so delicious that I remembered the proverb –a drop in the ocean.<br>*(Everybody laughs).* |
| **गीता** : अब सीधा प्रसारण भी बंद हो गया, मैं देशभक्ति गीत लगा देती हूँ। | ***Geeta :*** *Ab seedhaa prasaaran bhee band ho gayaa main deshbhakti geet lagaa detee hoon.* | **Geeta :** Live telecast is over now, I am going to play patriotic songs. |
| **सैम** : वाह! संगीत, व्यंजन और टीवी पर इतना सुन्दर कार्यक्रम। आज तो आनंद आ गया। | ***Sam :*** *Waah! Sangeet, vyanjan aur TV par itnaa sundar kaaryakram. Aaj to aanand aa gayaa.* | **Sam :** Wow! Music, cuisines and such a lovely event on television. What a pleasurable day it has been today. |
| **माया** : सच में आज का तो दिन बन गया। | ***Maya :*** *Sach men, aaj kaa to din ban gayaa* | **Maya :** Truly, it has been a quite memorable day. |
| *सब साथ बैठ कर देशभक्ति गीत देखते हुए पकवान खाते हैं।* | *Sab saath baith kar deshbhakti ke geet dekhte huye pakavaan khaate hain.* | *All relish the dishes while watching patriotic songs.* |

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 13.2

1. नीचे लिखे वाक्यों को बॉक्स में दिए गए शब्दों से पूरा करें:

*Neeche diye gaye vaakyon ko box men diye gaye shabdon se pooraa karen:*

Complete the following sentences with the words given in the box:

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मदद, | महत्त्व, | प्रधानमंत्री, | आनंद, | देशभक्ति |

(क) आज तो ................ आ गया।

(ख) गीता टीवी पर ................ के गीत लगा देती है।

(ग) पिताजी खाना परोसने में ................ करते हैं।

(घ) भारत की आज़ादी में लाल किले का बहुत ................ है।

(ङ) स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से माननीय ................ ध्वजारोहण करते हैं।

## नए शब्द सीखें / *Naye shabd seekhen* / Learn new words:

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (क). | स्वतंत्रता | *Swatantrataa* | Independence |
| (ख). | समारोह | *Samaaroh* | Function, Ceremony. |
| (ग). | मनाना | *Manaanaa* | Celebrate |
| (घ). | उमंग | *Umang* | Enthusiasm |
| (ङ). | उत्साह | *Utsaah* | Excitement |
| (च). | हँसना | *Hansanaa* | To Laugh |
| (छ). | उत्सव | *Utsav* | Festival |

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (ज). | माननीय | *Maananeeya* | Honourable |
| (झ). | लाल किला | *Lal Kilaa* | Red Fort |
| (ञ). | राष्ट्रध्वज | *Rashtra Dhwaj* | National Flag |
| (ट). | ध्वजारोहण | *Dhwajaarohan* | Flag Hoisting |
| (ठ). | रंग–बिरंगा | *Rang-Birangaa* | Colorful |
| (ड़). | जोश | *Josh* | Excitement |
| (ढ़). | राष्ट्रीय | *Raashtreeya* | National |
| (ण). | त्यौहार | *Tyauhar* | Festival |
| (त). | तिरंगा | *Tirangaa* | Tricolour |
| (थ). | पकवान | *Pakawaan* | Cuisines/Dishes |
| (द). | परोसना | *Parosanaa* | To Serve |
| (ध). | सीधा प्रसारण | *Seedha Prasaaran* | Live Telecast |
| (न). | कार्यक्रम | *Kaarykram* | Programme |

## आपने क्या सीखा: / *Aapne kyaa seekhaa:* / What have you learnt:

| हिन्दी –देवनागरी में **Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में **Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद **English Translation** |
|---|---|---|
| • स्वतंत्रता दिवस भारत का राष्ट्रीय त्यौहार है। | *Swatantrataa Diwas Bharat kaa raashtreeya tyauhaar hai.* | Independence Day is India's National festival. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| • क्रिया के जिस रूप से कार्य के समाप्त होने का पता चले, उसे भूतकाल कहते है। | *Kriyaa ke jis roop se kaarya ke samaapt hone kaa pataa chale use Bhoot kaal kahte hain.* | The form of verb in which the past of action is realized is called post tense. |
| • भूतकाल के वाक्यों के अंत में था, थे, थी, आदि आते है। | *Bhoot kaal ke vaakyon ke ant men thaa, the, thee aadi aate hein.* | Past tense sentences end with 'thaa', 'the', 'thee'. |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

1. भारत में टेलीविजन / *Bhaarat men television* / Television in India

   • भारत में टेलीविजन की शुरुआत 15 सितंबर, 1959 से हुई थी। साल 1965 के बाद भारत में टीवी सेवा का प्रारंभ हुआ था। 1 अप्रैल 1976 को दूरदर्शन की स्थापना हुई ।

   *Bharat men television kee shuruvaat 15 September, 1959 se huyee thee. Saal 1965 ke baad Bharat me TV sewa kaa praarambh huaa thaa. 1 April, 1976 ko doordarshan kee sthapanaa huee.*

   Television was started in India on 15 September, 1959. TV service was started in India after the year 1965. Doordarshan was established on 1 April, 1976.

## पाठांत प्रश्न / *Paathant Prashn* / Terminal Questions

1. नीचे दिए वाक्य पढ़कर सही अथवा गलत का निशान लगाएँ:

   *Neeche diye gaye vaaky padhkar sahee athwaa galat kaa nishaan lagaayen:*

   Read the sentences given below and mark true or false:

   (क) मैं पीली आम खाता हूँ । ( )

   (ख) लाल किला एक ऐतिहासिक इमारत है। ( )

(ग) कल वहाँ बहुत सारी बच्चे थे। ( )

(घ) भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा है। ( )

(ङ) यह एक मोहक दृश्य है। )

(च) इतनी सुन्दर कार्यक्रम है। ( )

2. पाठ में आए शब्दों को नीचे दिए गए बॉक्स में ढूँढ़कर घेरा बनाएं–

*Paath men aaye shabdon ko neeche diye gaye box me dhundkar gheraa banaayen*

Find the words used in the chapter and circle them in the box below-

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| च | क | ब्रि | टि | श | ना | टो | शे |
| रा | उ | प | नि | वे | श | भा | फ |
| नि | ध्व | जा | रो | ह | ण | र | रो |
| ति | स्व | तं | त्र | ता | ढ | ती | झाँ |
| रं | ता | र | त्यो | हा | र | य | कि |
| गा | ल | म | नो | रं | ज | न | याँ |
| ना | टे | ली | वि | ज | न | हा | जे |
| टी | प | वा | मो | रा | ष्ट्री | य | ख |

3. नीचे लिखे वाक्यों में से भूत काल वाले वाक्यों की पहचान करें :

*Neeche likhe vaakyon men se bhootkaal vaale vaakyon kee pehchaan karein :*

Identify the past tense sentences among the following :

(क) नीतू ने खाना बनाया।

(ख) लगता है, आज वर्षा होने वाली है।

(ग) मैं कल स्कूल नहीं जा पाई।

(घ) राजेश ने पुस्तक पढ़ी।

(ङ) माँ बच्चों को कहानी सुनाती है।

4. नीचे लिखे वाक्यों को भूतकाल में बदलें

*Neeche likhe vaakyon ko bhootkaal men badlen*

Change the following sentences into past tense:

उदाहरण – नेहा पढ़ाई कर रही है – नेहा ने पढ़ाई की

(क) बच्चे बाहर खेल रहे हैं । ....................................................

(ख) आज हम सर्कस देखने जाएँगे। ....................................................

(ग) रमा चित्र बना रही है। ....................................................

(घ) पहाड़ों पर बर्फ पड़ी है। ....................................................

## आइए, करके देखें / *Aaiye karke dekhen* / Let's do :

1. इंटरनेट पर भारतीय टेलीविजन का इतिहास खोजें और जानकारी एकत्रित करें।

   *Internet par Bhaarateeya television kaa itihaas khojen aur jaankaaree ekatrit Karen.*

   Search history of Indian television on internet and get information about it.

2. इंटरनेट पर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास की जानकारी एकत्र करें और प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों की सूची तैयार करें।

   *Internet par Bhaarteeya swatantrataa aandolan ke itihaas kee jaankaaree ekatr karen aur pramukh savatantrataa senaniyon kee soochee taiyar karen.*

   Search the history of Indian freedom straggle on internet and prepare a list of leading freedom fighters.

3. 'भारत का गणतंत्र दिवस' विषय पर जानकारी एकत्र करें।

*'Bharat kaa Gantantra Diwas' vishaya par jaankaaree ekatr karen.*

Collect details on 'Republic Day of India'.

## उत्तरमाला

'अपनी प्रगति जाँचें' में दिए प्रश्नों के उत्तर / *'Apnee pragati jaanchen' men diye prashanon ke uttar* /Answers of the question given under 'Check your progress'.

**13.1**

1 (क) था (ख) हुआ था (ग) बनाए थे

2 (क) अगस्त (ख) स्वतंत्रता (ग) लाल

**13.2**

1 (क) आनंद

(ख) देशभक्ति

(ग) मदद

(घ) महत्त्व

(च) प्रधानमंत्री

# 14

# दीपावली

## *Deepawalee*

## **Deepawali**

अब तक सैम और माया ने गीता के साथ टेलीविजन पर कार्यक्रमों का आनंद लिया। इस पाठ में सैम और माया गीता के साथ दीपावली का त्यौहार मना रहे हैं। दीपावली प्रकाश और उमंग का त्यौहार है। सैम और माया तो बहुत उत्साहित हैं। क्या आप भी तैयार हैं भारत में दीपावली मनाने के लिए?

*Ab tak Sam aur Maya ne Geeta ke saath television par kaaryakramon kaa aanand liyaa. Is paath men Sam aur Maaya Geeta ke saath Deepawalee kaa tyauhaar manaa rahe hain. Deepawalee prakaash aur umang kaa tyauhaar hai. Sam aur Maya to bahut utsaahit hain. Kya aap bhee taiyaar hain Bharat men Deepawalee manaane ke liye ?*

So Far, Sam and Maya enjoyed television programmes with Geeta. In this lesson, Sam and Maya are celebrating the festival of Deepawali with Geeta. Deepawali is a festival of light and joy. Sam and Maya are so excited. Are you also ready to celebrate Deepawali in India?

## उद्देश्य / *Uddeshya* / Objectives

इस पाठ से हम सीखेंगे : / *Is path se hum seekhenge :* / In this lesson we will learn:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेज़ी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| • विभिन्न प्रश्न पूछना; (कब, कैसे, क्यों, क्या आदि) | *Vibhinn prashn poochnaa; (kab, kaise, kyon, kyaa aadi)* | To ask different questions; (when, how, why, what etc.) |
| • काल की जानकारी प्राप्त करते हुए भविष्य काल का प्रयोग करना; | *Kaal kee jaanakaaree praapt karate huye Bhavishya kaal kaa prayog karnaa;* | To get information about tense and use future tense; |
| • पाठ में आए शब्दों का नए संदर्भों में प्रयोग करना । | *Paath men aaye shabdon kaa naye sandrbhon men prayog karnaa.* | To use words of the chapter in new contexts. |

## आइए पढ़ें/ *Aaiye padhen* / Let's read - 14.1

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **माया** : गीता, तुम क्या कर रही हो? | ***Maya :*** *Geeta, tum kyaa kar rahee ho ?* | **Maya :** What are you doing Geeta? |
| **गीता** : मैं दीपावली की खरीददारी के लिए सामान की सूची बना रही हूँ। | ***Geeta :*** *Main Deepawalee kee khareeddaaree ke liye saamaan kee soochee banaa rahee hoon.* | **Geeta :** I am preparing a list of items for Deepawali shopping. |

## दीपावली

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **माया** : दीपावली का त्यौहार कैसे मनाया जाता है? | ***Maya :*** *Deepawalee kaa tyauhaar kaise manaaya jaataa hai.* | **Maya :** How is the festival of Deepawali celebrated? |
| **गीता** : सब अपने घरों की सफाई करते हैं। और घर को रंगोली, लाइट, दीपकों और फूलों की लड़ियों से सजाते हैं। | ***Geeta :*** *sab apne gharon kee saphaaee karte hain. Aur ghar ko rangolee, light, deepakon, aur phoolon kee ladiyon se sajaate hain.* | **Geeta :** Everyone cleans their house and decorate their houses with rangoli, lights, earthen lamps, and flower garlands. |



| | | |
|---|---|---|
| **गीता की माँ** : चारों तरफ प्रकाश ही प्रकाश होता है। सब नए पारंपरिक वस्त्र पहनते हैं। | ***Geeta ki maan :*** *Chaaron taraf prakaash hee prakaash hotaa hai . Sab naye paaramparik vastr pahnate hain.* | **Geeta's Mother :** There is lighting all around. Everyone wears new traditional clothes. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **गीता** : घर पर तरह–तरह के पकवान बनते हैं। | ***Geeta :*** *Ghar par tarah tarah ke pakvaan bante hain.* | **Geeta :** Different types of dishes are prepared at home. |
| **गीता की माँ** : शाम को लक्ष्मी–गणेश की पूजा के बाद हम बड़ों का आशीर्वाद लेते हैं। | ***Geeta ki maan :*** *Shaam ko Lakshmee - Ganesh kee poojaa ke baad hum badon kaa aashirwad lete hain.* | **Geeta's mother :** After worshipping Lakshmi-Ganesh in the evening, we take the blessings of elders. |
| **गीता** : पड़ोसियों और रिश्तेदारों से मिलते हैं। एक–दूसरे को उपहार और मिठाइयाँ देते हैं। | ***Geeta :*** *Padosiyon aur rishtedaaron se milte hain. Ek-doosre ko uphaar aur mithaaiyaan dete hain.* | **Geeta :** Meet neighbors and relatives. Exchange gifts and sweets. |
| **सैम** : अरे वाह ! इतना सब!! | ***Sam :*** *Arey vaah ! Itnaa sab!!* | **Sam :** Oh wow! This much!! |
| **गीता** : हाँ, बहुत मजा आता है। दीपावली की रात में आतिशबाजी तो देखने लायक होती है। | ***Geeta :*** *Haan, bahut majaa aataa hai. Deepawalee kee raat men aatishbaajee to dekhne laayak hotee hai.* | **Geeta :** Yes, have a lots of fun. The fireworks are worth watching on the night of Deepawali. |
| **गीता की माँ** : गीता, जाओ, बाजार से सामान ले आओ। | ***Geeta kee maan :*** *Geeta, jaao, baajaar se saamaan le aao.* | **Geeta's mother :** Geeta, go, get the things from market. |
| **गीता** : क्या तुम दोनों भी मेरे साथ बाजार चलोगे ? | ***Geeta :*** *Kyaa tum dono bhee mere saath baajaar chaloge?* | **Geeta :** Would you also come to market with me? |
| **माया** : हाँ–हाँ, क्यों नहीं। | ***Maya :*** *Haan-haan kyon naheen.* | **Maya :** Yes, why not? |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

- जिस वाक्य में प्रश्न पूछने का भाव होता है उसे प्रश्नवाचक वाक्य कहते हैं।

  *Jis vaakya men prashn poochane kaa bhaav hotaa hai, use prashnwaachak vaakya kahte hain..*

  The sentence which has the sense of interrogation, is called interrogative sentence.

- कुछ प्रश्नवाचक शब्द निम्नलिखित हैं :

  *Kuchh prashnvaachk shabd nimnlikhit hain:*

  Some interrogative words are given below:

| | | |
|---|---|---|
| क्या | *Kyaa* | What |
| कब | *Kab* | When |
| कैसे | *Kaise* | How |
| कौन | *Kaun* | Who |
| किसको | *Kisko* | Whom |
| किसका | *Kiskaa* | Whose |
| कितने | *Kitne* | How many |
| कितना | *Kitnaa* | How much |
| कौन सा | *Kaun saa* | Which |

- प्रश्नवाचक वाक्य के पीछे प्रश्नवाचक चिह्न ( '?' ) लगता है।

  *Prashnvaachaak vaakya ke peechhe prashnvaachaak chihn ('?') lagtaa hai.*

  A question mark ('?') is used at the end of interrogative sentence.

## अपनी प्रगति जाँचें / Apnee Pragati jaanchen / Check your progress- 14.1

1. निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर प्रश्नवाचक शब्दों पर गोला लगाएँ :

*Nimnalikhit vaakyon ko padhakar prashnavaachak shabdon par golaa lagaayen:*

Read the following sentences and circle the interrogative words:

क) आपका क्या नाम है ?

ख) आप कहाँ रहते हैं ?

ग) आप लोग यहाँ कब आए ?

घ) आपका घर कौन–सा हैं ?

ङ) ये पुस्तक किसकी है ?

## आइए पढ़ें/ *Aaiye padhen* / Let's read- 14.2

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **माया** : बाजार में कितनी रौनक है ना? | ***Maya :*** *Baajaar men kitanee raunak hai na?* | **Maya :** Market is bustling with activity, isn't it? |
| **सैम** : और बाज़ार कितना सजा हुआ है। | ***Sam:*** *Aur baazaar kitnaa sajaa huaa hai.* | **Sam :** And the market is so decorated. |
| **माया** : चलो, पहले दीपक ले लेते हैं। | ***Geeta :*** *Chalo, pahle deepak le lete hain.* | **Geeta :** Let's purchase earthenlamps first. |
| **गीता (दुकानदार से)** : भैया ! डेढ़ सौ दीपक दे दो। | ***Geeta (dukaandaar se):*** *bhaiyaa dedh sau deepak de do.* | **Geeta :** (to the shopkeeper) Brother, give me one hundred and fifty earthenlamps. |
| **माया** : इतने सारे दीपकों का क्या करोगी? | ***Maya :*** *Itne saare deepakon kaa kyaa karogee?* | **Maya :** What will you do with so many earthenlamps? |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **गीता** : घर के हर एक कोने को दीपों से सजाएँगे। | ***Geeta :*** *Ghar ke har ek kone ko deepon se sajaayenge.* | **Geeta :** We will decorate every corner of the house with these lamps. |
| **सैम** : माया, इधर तो देखो, जमीन पर रंगों से कितने प्यारे चित्र बनाए हैं! | ***Sam :*** *Maya, idhar to dekho jameen par rangon se kitne pyaare chitra banaaye hain!* | **Sam :** Maya, look here, so lovely pictures have been made with colors on the ground ! |
| **गीता** : सैम ! यह तो रंगोली है! भारत में त्योहारों पर या किसी भी शुभ काम से पहले लोग घरों में रंगोली बनाते हैं। | ***Geeta :*** *Sam ! ye to rangoli hai! Bharat men tyauhaaron par yaa kisee bhee shubh kaam se pahle log gharon men Rangolee banaate hain.* | **Geeta:** Sam ! this is rangoli! In India, on festivals or before any auspicious ocassion, people make Rangoli at home. |
| **सैम** : इस पैकेट में तो कितने सारे रंग हैं... लाल, पीला, हरा, नीला, गुलाबी और सफेद। | ***Sam :*** *Is packet men to kitne saare rang hain... laal, peelaa, haraa, neelaa, gulaabee aur safed.* | **Sam :** There are so many colors in this packet... red, yellow, green, blue, pink and white. |
| **माया** : रंगोली के ये रंग मेरे लिए भी ले लो, मैं ब्राजील ले जाऊँगी। | ***Maya :*** *Rangolee ke ye rang mere liye bhee le lo. Main Australia le jaaungee.* | **Maya :** Please get these Rangoli colors for me too, I will take them to Brazil. |
| **गीता** : भैया, एक पैकेट रंगोली के रंग दे दो। | ***Geeta :*** *Bhaiya, ek packet Rangoli ke rang de do.* | **Geeta :** Brother, give one packet of Rangoli colors. |
| **सैम** : गीता, हमें और क्या–क्या खरीदना है? | ***Sam :*** *Geeta, hamen aur kyaa-kyaa khareedanaa hai?* | **Sam :** Geeta,What else do we need to buy? |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **गीता** : अभी तो बहुत कुछ बाकी है... मिठाइयाँ, उपहार, लाइट और फूलों की लड़ियाँ। | ***Geeta :*** *abhee to bahut kuchh baakee hai... mithaiyaan, upahaar, light aur phoolon kee ladiyaan.* | **Geeta :** There is still a lot to buy… sweets, gifts, lights and flower garlands. |
| **माया** : हमें पारंपरिक भारतीय कपड़े भी दिलवा दोगी? | ***Maya :*** *Hamen paaramparik bhaarateeya kapde bhee dilavaa dogee?* | **Maya :** Will you help us to buy traditional Indian clothes too? |
| **गीता** : हाँ–हाँ, क्यों नहीं। | ***Geeta :*** *Haan - haan kyon naheen.* | **Geeta :** Yes sure, why not. |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

- क्रिया के जिस रूप से आने वाले समय में किसी कार्य के करने या होने का पता लगता है, उसे भविष्य काल कहते हैं।

  *Kriyaa ke jis roop se aane waale samay men kisee kaarya ke karne yaa hone kaa pataa lagataa hai, use bhavishya kaal kahate hain.*

  The form of the verb which shows the doing or happening of some work in the coming time is called future tense.

- भविष्यकाल वाले वाक्यों में सामान्य तौर पर वाक्य का अंत 'गा', 'गे', 'गी' आदि से होता है।

  *Bhavishya kaal wale vaakyon men saamanya taur par vaakya kaa ant'gaa', 'ge', 'gee', aadi se hotaa hai.*

  In general, the sentences of future tense end with 'gaa', 'ge', 'gee' etc.

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 14.2

1) सही विकल्प चुनकर खाली स्थान भरिए।

*Sahee vikalp chunkar khaalee sthaan bhariye.*

Fill in the blanks with the correct option.

क) रवि शाम को बाजार ........................ । (जाएगा / जाएगी)

ख) ........................ कल सिनेमा देखने जाएँगे। (हम / मैं)

ग) सीमा आज मेरे घर ........................ । (आएगा / आयेगी)

घ) हम दीपावली का त्यौहार धूमधाम से ........................। (मनाएँगे / मनाएगा)

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read- 14.3

दीपावली का दिन। सैम और माया, गीता के घर पर।

*Deepawalee kaa din. Sam aur Maya, Geeta ke ghar par.*

Deepawali day. Sam and Maya at Geeta's house.

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **सैम** : नमस्ते आंटी। | ***Sam :*** *Namaste aunty.* | **Sam :** Hello aunty. |
| **गीता की माँ** : नमस्ते बेटा, दीपावली की शुभकामनाएँ। | ***Geeta ki Maan :*** *Namaste beta, Deepawalee kee shubhkaamnayen.* | **Geeta's mother :** Hello son, Happy Diwali. |
| **सैम** : आपको भी दीपावली की शुभकामनाएँ। | ***Sam :*** *aapko bhee deepawalee kee shubhkaamnayen.* | **Sam :** Happy Deepawali to you too. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **गीता की माँ** : आओ, अंदर आओ। | ***Geeta kee Maan :*** *aao andar aao.* | **Geeta's mother :** Come inside. |
| **माया** : आंटी, घर तो बहुत सुंदर सजाया है! | ***Maya :*** *Aunty, ghar to bahut sundar sajaayaa hai.* | **Maya :** Aunty, the house is very beautifully decorated. |
| **सैम** : हाँ, और रंगोली भी बहुत प्यारी लग रही है। | ***Sam :*** *Haan aur Rangolee bhee bahut pyaari lag rahee hai.* | **Sam :** Yes, and Rangoli is also looking very beautiful. |
| **गीता** : ये लो सैम और माया, मिठाईयाँ खाओ। | ***Geeta :*** *Ye lo Sam aur Maya, mithaaiyaan khaao.* | **Geeta :** Sam and Maya, have sweets. |
| **माया** : वाह! इतनी सारी मिठाईयाँ! | ***Maya :*** *waah! itanee saree mithaaiyaan!* | **Maya :** Wow! so many sweets! |
| **सैम** : मुझे तो भारतीय मिठाइयाँ बहुत पसंद हैं। | ***Sam :*** *Mujhe to Bhaarteeya mithaaiyaan bahut pasand hain.* | **Sam :** I love Indian sweets very much. |
| **गीता** : सैम और माया, क्या तुम दीप सजाने में मेरी मदद करोगे? | ***Geeta :*** *Sam aur Maya, kyaa tum deep sajaane men meree madad karoge?* | **Geeta :** Sam and Maya, will you help me in decorating these lamps? |
| **माया** : हाँ– हाँ, क्यों नहीं। | ***Maya :*** *Haan- haan, kyon naheen.* | **Maya :** Sure. |
| **सैम** : हम आतिशबाजी भी देखेंगे न? | ***Sam :*** *Hum, aatishbaazee bhee dekhenge na?* | **Sam :** Shall we watch fireworks too? |
| **गीता की माँ** : हाँ–हाँ अवश्य देखेंगे, पर पहले पूजा करके दादाजी का आशीर्वाद लेते हैं। | ***Geeta kee maan :*** *Haan-haan avashya dekhenge par pahale poojaa karake Daadaajee kaa aasheervaad lete hai.* | **Geeta's mother :** Yes, but first of all, we will do Pooja and then take blessings of the grandfather. |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

- साड़ी, सूट, लहंगा, कुर्ता पायजामा, कुर्ता धोती आदि भारतीय परिधानों के नाम हैं।

  *Saree, soot, Lahengaa, kurtaa-payjama, kurtaa-dhotee aadi Bhaareeiya paridhaanon ke naam hain.*

  Saree, suit, Lahenga, kurta-payjama, kurta-dhoti etc.are some Indian attires.

- दीपावली पर घरों में तरह–तरह के पकवान बनाए जाते हैं, जैसे– लड्डू, मालपुए, खीर आदि।

  *Deepawalee par gharon men tarah-tarah ke pakwaan banaaye jaate hain, jaise-ladoo, maalpue, kheer aadi.*

  Various dishes are prepared at home on Deepawali, e.g. ladoo, maalpue, kheer etc.

## नए शब्द सीखें / *Naye shabd seekhein* / Learn new words:

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (क). | प्रकाश | *Prakaash* | Light |
| (ख). | उमंग | *Umang* | Joy |
| (ग). | पारंपरिक | *Paaramparik* | Traditional |
| (घ). | आशीर्वाद | *Aasheervaad* | Blessings |
| (ङ). | रिश्तेदार | *Ristedaar* | Relatives |
| (च). | उपहार | *Uphaar* | Gifts |
| (छ). | पूजा करना | *Pooja karnaa* | To worship |
| (ज). | आतिशबाजी | *Aatishbaajee* | Fireworks |
| (झ). | दीपक | *Deepak* | earthenlamps |

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (ञ). | रंगोली | *Rangoli* | A colourful pattern on floor |
| (ट). | सामान्य | *Saamaanya* | General |
| (ठ). | शुभकामनाएँ | *Shubhkaamnaaen* | Best wishes |
| (ड). | सजाना | *Sajaana* | To decorate |

## आपने क्या सीखा: / *Aapne kyaa seekhaa:* / What have you learnt:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • दीपावली भारत का एक अत्यंत लोकप्रिय त्यौहार है। यह अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक हैं। | *Deepawalee Bharat kaa ek atyant lokpriya tyauhaar hai. Yah andhkaar par prakaash kee vijay kaa prateek hai.* | Deepawali is a very popular festival of India. It symbolizes the vicory of light over darkaness. |
| • प्रश्नवाचक वाक्यों के लिए प्रश्नवाक शब्दों का ज्ञान आवश्यक है। जैसे क्या, कब, कैसे, क्यों, किसका आदि। | *Prashn vaachak vaakyon ke liye prashvaachak shabdon kaa gyaan aavashyak hai. Jaise Kya, Kab, Kaise, kyon, kiska, aadi.* | Interrogative sentences require knowledge of interrogative words like what, when, how, why, whom ect. |
| • भविष्यकाल वाले वाक्यों में सामान्यत तौर पर वाक्य का अंत 'गा', 'गे', 'गी' आदि से होता है। | *Bhavishya kaal wale vaakyon men saamanya taur par vaakya ka ant'gaa', 'ge', 'gee', aadi se hotaa hai.* | In general, the sentences of future tense end with the 'gaa', 'ge', 'gee' etc. |

## पाठांत प्रश्न / Paathant Prashn / Terminal Questions

1. निम्नलिखित वाक्यों को भविष्यकाल में बदलिए।

   *Nimnlikhit vaakyon ko bhavishykaal men badaliye:*

   Convert following sentences in future tense:

   (क) मीना काम कर रही है।

   (ख) रिहाना स्कूल गई थी।

   (ग) हमने खाना खा लिया है।

   (घ) किसान फसल काट रहे हैं।

2. सही विराम चिह्नों का मिलान करिये –

   *Sahee viraam chihnon kaa milaan kareye -*

   Match the correct punctuation marks -

| | |
|---|---|
| प्रश्न पूछने के लिए | ! |
| वाक्य के अंत में | , |
| थोड़ा रुकने के लिए | । |
| आश्चर्य प्रकट करने के लिए | ? |

3. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान भरिये:

   *Sahee vikalp chunkar rikt sthaan bhariye:*

   Fill in the blanks with the correct option:

   (लाल, पीले, हरे, सफेद)

   (क) ..................... बादल बारिश करते हैं।

(ख) ..................... बत्ती होने पर हमें रुक जाना चाहिए।

(ग) पका हुआ केला ..................... रंग का होता है।

(घ) ताजी मटर ..................... रंग की होती है।

4. गीता ने कितने दीपक खरीदे?

*Geeta ne kitne deepak khareede?*

How many earthen lamps did Geeta buy?

(क) पाँच, (ख) डेढ़ सौ,

(ग) पचास, (घ) पाँच सौ

5. आपने 'बाज़ार' पाठ में रंगों के हिंदी नाम सीखे हैं। नीचे दी गई रंगोली में प्रयोग किए गए रंगों के नाम लिखो।

*Aapne 'Baazaar' paath men rangon ke hindi naam seekhe hain. Neeche dee gayee rangolee men prayog kiye gaye rangon ke naam likho.*

In the chapter 'Bazaar' you have learnt names of colours in Hindi. Write the names of colours used in the rangoli given below.



5 भारत में मनाए जाने वाले किन्हीं पाँच त्योहारों के नाम लिखिए।

*Bharat men manaaye jaane waale kinheen paanch tyauhaaron ke naam likhiye.*

Write the name of any five festivals celebrated in India.

...................., ...................., ...................., ...................., ....................

...................., ...................., ...................., ...................., ....................

...................., ...................., ...................., ...................., ....................

## आइए, करके देखें / *Aaiye karke dekhen* / Let's do :

1. आप त्योहारों पर कौन से पकवान बनाते हैं? किसी एक लोकप्रिय पकवान की विधि लिखकर साझा करें।

   *Aap tyauhaaron par kaun se pakwaan banaate hain? kisee ek lokpriya pakwaan kee vidhi likhkar saajhaa karen.*

   What are the dishes you prefare on festivals? Write and share the recipe of any one dish.

2. भारत त्योहारों का देश है। भारत में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहारों के बारे में जानकारी इकट्ठा करें।

   *Bharat tyauhaaron kaa desh hai. Bharat men manaaye jaane wale vibhinn tyauhaaron ke baare men jaankaaree ikattha karen.*

   India is the country of festivals. Collect information about various festivals of India and prepare a list.

3. अयोध्या में दीपावली आयोजन के बारे में जानकारी प्राप्त करें।

   *Ayodhyaa men Deepawalee aayojan ke baare men jaankaaree praapt Karen.*

   Collect information about Deepawali celebration in Ayodhya.

4. भारत की अत्यंत लोकप्रिय मिठाई 'लड्डू' के इतिहास और औषधि के रूप में इसके महत्व पर जानकारी एकत्र करें।

*Bharat kee aatyant lokpriya mithaaee 'Ladoo' ke itihaas aur aushadhi ke roop mein iske mahatv par jaankaaree ekatr Karen.*

Collect information on the history of India's most popular sweet 'Ladoo' and its importance as a medicine.

## उत्तरमाला

'अपनी प्रगति जाँचें' में दिए प्रश्नों के उत्तर / *'Apnee pragati jaanchen' men diye prashanon ke uttar* /Answers of the question given under 'Check your progress'.

**14.1**

1. क) क्या, ख) कहाँ, ग) कब, घ) कौन–सा ड़) किसकी

**14.2**

1. क) जाएगा, ख) हम, ग) आएगी, घ) मनाएँगे

# 15

# ईद

## *Eid*

## Eid

पिछले पाठ में, सैम और माया ने गीता के परिवार के साथ दीपावली की तैयारियाँ की और दीपावली का त्यौहार मनाया। इस पाठ में सैम और माया, वेद के मित्र रहमान के घर ईद के जश्न में शामिल होंगे।

*Pichhle paath men, Sam aur Maya ne Geeta ke parivaar ke saath Deepawali kee taiyaariyaan keen aur Deepawali ke tyauhaar manaayaa. Is paath men Sam aur Maya, Ved ke mitra Rehman ke ghar Eid ke jashn men shaamil honge.*

In the previous lesson, Sam and Maya celebrated Deepawali with Geeta's family. In this lesson, Sam and Maya will join Eid celebration at Rehman's house who is friend of Ved.

## उद्देश्य / *Uddeshya* / Objectives

इस पाठ से हम सीखेंगे : / *Is path se hum seekhenge :* / In this lesson we will learn:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेज़ी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • तीनों कालों का अभ्यास करना; | *Teenon kaalon kaa abhyaas karnaa;* | To practice all three tenses; |
| • पाठ में आए शब्दों का नए संदर्भों में प्रयोग करना; | *Paath men aaye shabdon kaa naye sandarbhon men prayog karnaa;* | To use words of the chapter in new contexts; |
| • अपने प्रिय त्यौहार के बारे में लिखकर अभिव्यक्त करना। | *Apane priya tyauhaar ke baare men likhakar abhivyakt karnaa.* | To express in writing about your favourite festival. |

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 15.1

सैम और माया सुबह–सुबह गीता के घर पहुँचते हैं।

*Sam aur Maya subah subah Geeta ke ghar pahunchate hain.*

Sam and Maya reach Geeta's house early in the morning.

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **माया** : नमस्ते वेद ! आज तुम स्कूल नहीं गए, कोई विशेष कारण? | ***Maya :*** *Namaste Ved ! aaj tum school naheen gaye, koee vishesh kaaran?* | **Maya :** Namaste Ved! You didn't go to school today. Any Specific reason? |
| **वेद** : हाँ, आज मेरे स्कूल की छुट्टी है क्योंकि आज ईद है। | ***Ved :*** *Haan, aaj mere school kee chuttee hai, kyonki aaj Eid hai.* | **Ved :** Yes, today is school's holiday because of Eid. |

## ईद

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **सैम** : अच्छा ! आज ईद है। | ***Sam :*** *Achchha! Aaj Eid hai.* | **Sam :** Oh ! It is Eid today. |
| **माया** : क्या आज के दिन के लिए आपका कोई विशेष कार्यक्रम है? | ***Maya :*** *Kyaa aaj ke din ke liye aap kaa koee vishesh kaaryakram hai?* | **Maya :** Do you have any special program for today? |
| **वेद** : हाँ, आज मेरे दोस्त रहमान ने हम सबको अपने घर ईद की दावत पर बुलाया है। | ***Ved :*** *haan, aaj mere dost Rehman ne ham sabko apne ghar Eid kee daawat par bulayaa hai.* | **Ved :** Yes, today my friend Rehman has invited all of us to his house for Eid feast. |
| **गीता** : हम सब उसी के घर जा रहे हैं। | ***Geeta :*** *Ham sab usee ke ghar jaa rahe hain* | **Geeta :** We all are going to his house. |
| **वेद** : रहमान ने आप दोनों को भी आमंत्रित किया है। | ***Ved :*** *Rehman ne aap donon ko bhee aamantrit kiyaa hai.* | **Ved :** Rehman has also invited both of you. |
| **माया** : अच्छा, इसीलिए आपने हमें अपने घर जल्दी बुलाया है । | ***Maya :*** *Achchhaa iseeliye aapne hamen apne ghar jaldee bulaayaa hai?* | **Maya :** Well! that's why you have called us to your house early? |
| **सैम** : ठीक है वेद। हम भी तुम्हारे साथ चलते हैं। | ***Sam :*** *Theek hai Ved. hum bhee tumhaare saath chalte hain.* | **Sam :** Ok Ved. We will also come with you. |
| **वेद** : हाँ, चलो चलते हैं। | ***Maya :*** *Haan, chalo chalte hain.* | **Maya :** Yes, let go then? |
| *सैम और माया, गीता और वेद के साथ रहमान के घर जाते हैं।* | *Sam aur Maya, Geeta aur Ved ke saath Rehman ke ghar jaate hain.* | *Sam and Maya accompany Geeta and Ved to Rehman's house.* |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

- **वर्तमान कालः**— क्रिया के जिस रूप से वर्तमान में चल रहे कार्य का बोध होता है, उसे वर्तमान काल कहते हैं। वर्तमान काल वाले वाक्यों में सामान्यतः वाक्य का अंत "ता है", "ती है", "ते हैं" रहा है, रही है, रहे हैं आदि से होता है।

  ***Vartamaan kaal:-*** *Kriyaa ke jis roop se vartamaan men chal rahe kaarya kaa bodh hotaa hai, use vartamaan kaal kahte hain. Vartamaan kaal wale vaakyon men saamaanyatah vaakya kaa ant "taa hai", "tee hai", "te hai" rahaa hai, rahee hai, rahe hain aadi se hotaa hai.*

  **Present Tense:-** The form of verb which gives the sense of time going on at present, is called present tense. In present tense sentences, usually ends with the sound of "taa hai", "tee hai", "te hai" 'rahaa hai', 'rahee hai' 'rahe hain' etc.



## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 15.1

1. निम्नलिखित वाक्यों को पढ़ें और उनके आगे वर्तमान काल अथवा भूतकाल लिखें—

   *Nimnalikhit vaakyon ko padhen aur unke aage vartamaan kaal athvaa bhootkaal likhen.*

   Read the following sentences and write whether it is present tense or past tense.

   (क) हम तुम्हारे साथ चलते हैं। ......................................

   (ख) हम दिवाली के आयोजन में शामिल हुए थे। ......................................

   (ग) मैं रहमान के घर ईद की दावत में जा रहा हूँ। ......................................

   (घ) आज मेरे स्कूल की छुट्टी है। ......................................

   (च) सिया कॉफी पी रही है। ......................................

## कखग आइए पढ़ें/ *Aaiye padhen* / Let's read - 15.2

रहमान के घर पर / *Rehman ke ghar par* / At Rehman's house

सैम, माया, गीता और वेद, रहमान के दादा जी से मिलते हैं।

*Sam, Maya, Geeta aur Ved, Rehman ke daadaa jee se milte hain.*

Sam, Maya, Geeta and Ved meet Rehman's grandfather.

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **गीता** : नमस्ते दादा जी! | ***Geeta :*** *Namaste daadaa jee!* | **Ved :** Hello grandpa! |
| **वेद** : नमस्ते दादा जी! ईद की शुभकामनाएँ। | ***Ved :*** *Namaste daadaa jee! Eid kee subhkaamnaaein.* | **Geeta :** Hello grandpa! Happy Eid. |
| **दादा जी** : नमस्ते बच्चों! आपको भी ईद मुबारक। | ***Daadaa jee :*** *Namaste bachchon! aapko bhee Eid mubaarak.* | **Grandfather :** Hello children! Happy Eid to you too. |
| **गीता** : दादा जी, इनसे मिलिए। ये हैं मेरे दोस्त माया और सैम। | ***Geeta :*** *Daadaajee, inse miliye Ye hain mere dost Maya aur Sam.* | **Geeta :** Grandpa, meet my friends Maya and Sam. |
| **माया और सैम** : नमस्ते दादाजी! ईद की शुभकामनाएँ | ***Maya and Sam :*** *Namaste daadaa jee ! Eid kee subhkaamnaaein* | **Maya and Sam :** Hello grandpa ! Happy Eid. |
| **दादा जी** : ईद मुबारक! बच्चो, स्वागत है। | ***Dada ji :*** *Eid mubaarak! bachchon swaagat hai.* | **Grandfather :** Eid Mubarak! children, Welcome |
| **दादाजी** : वेद! तुम्हारे माता–पिता कहाँ हैं? | ***Daadaa jee :*** *Ved! tumhaare maataa- pitaa kahaan hain?* | **Grandfather :** Ved! where are your parents? |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **वेद** : वे बाहर अंकल–आंटी के साथ बातें कर रहे हैं और ईद की तैयारियों में उनका हाथ बँटा रहे हैं। | ***Ved :*** *Ve baahar uncle-aunty ke saath baaten kar rahe hain aur Eid kee taiyaariyon men unkaa haath bantaa rahe hain.* | **Ved :** They are outside talking with uncle - aunty and helping them with Eid preparations |
| *(रहमान कमरे में प्रवेश करता है)* | *(Rehman kamre mein pravesh karta hai)* | *(Rehman enters the room)* |
| **वेद**: रहमान, तुम्हें ईद की ढेर सारी शुभकामनाएँ! *(गले मिलते हैं)* | ***Ved :*** *Rehman, tumhe Eid kee dher saaree shubhkaamnaen! (gale milte hain)* | **Ved :** Rehman Wishing you a very Happy Eid! *(hugs)* |



| | | |
|---|---|---|
| **रहमान** : नमस्ते गीता दीदी ! | ***Rehman :*** *Namaste Geeta deedee!* | **Rehman :** Hello Geeta didi! |

## ईद

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **गीता** : नमस्ते रहमान, सैम और माया भी आए हैं। | ***Geeta :*** *Namaste Rehman, Sam aur Maya bhee aaye hain.* | **Geeta :** Hello Rehman, Sam and Maya have also come. |
| **रहमान** : नमस्ते सैम और माया, शुक्रिया आप आए। | ***Rehman :*** *Namaste Sam aur Maya, shukriyaa aap aaye.* | **Rehman :** Hello Sam and Maya, Thanks for coming. |
| **सैम** : रहमान, तुमने अपने घर की बहुत अच्छी सजावट की है। | ***Sam :*** *Rehman, tumne apne ghar kee bahut achchhee sajaawat kee hai.* | **Sam :** Rehman, you have decorated your house very well. |
| **रहमान** : धन्यवाद! यह सजावट मैंने और दादाजी ने मिलकर की है। | ***Rehman:*** *Dhanyawaad! yah sajaawat maine aur Daadaajee ne milkar kee hai.* | **Rehman :** Thanks! Me and my grandfather did these decorations. |
| **दादाजी** : हाँ, सबने बहुत मेहनत की है। | ***Daadaajee :*** *Haan, sabne bahut mehnat kee hai.* | **Grandfather :** Yes, all have worked very hard. |
| **दादाजी** : रहमान बेटा! अंदर कमरे से मिठाई के डिब्बे बाहर ले आओ। | ***Daadaajee :*** *Rehman betaa! andar kamare se mithaaee ke dabbe baahar le aao* | **Dadaji :** Rehman! bring out the boxes of sweets from inside the room |
| **रहमान** : जी दादा जी। | ***Rahman :*** *ji daadaa jee* | **Rehman :** Okay Grandpa! |
| *रहमान बहुत–से मिठाई के डिब्बे और कपड़े लेकर आता है।* | *Rehman bahut se mithaaee ke dibbe aur kapade lekar aata hai.* | *Rehman comes with many boxes and clothes.* |
| **माया** : अरे ! ये कपड़े और मिठाई के डिब्बे यहाँ क्यों लाए गए हैं? | ***Maya :*** *Are! yah kapde aur mithaaee ke dibbe yahaan kyon laaye gaye hain?* | **Maya :** Oh! Why are these clothes and sweets brought here? |

| हिन्दी –देवनागरी में Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद English Translation |
|---|---|---|
| **रहमान** : ये सब ज़रूरतमंदों में बाँटे जाएँगे। | ***Rehman :*** *Ye sab zarooratamandon men baante jaaenge.* | **Rehman :** All these will be distributed among the needy people. |
| **सैम** : यह तो बहुत अच्छा काम है। इससे उन्हें बहुत खुशी मिलेगी। | ***Sam :*** *Yah to bahut acchaa kaam hai. Isse unhen bahut khushee milegee.* | **Sam :** That's a great deed. This will make them very happy. |
| **दादा जी** : हाँ! बच्चों, आप सब मिठाई खाओ। हम ये उपहार देकर आते हैं। | ***Daadaa jee :*** *Haan! bachchon aap sab mithaaee khaaao. ham ye upahaar dekar aate hain.* | **Dadaji :** Yes! Children, enjoy the sweets. We will be back after giving gifts. |
| **वेद** : जी दादा जी। | ***Ved :*** *Je daadaa jee* | **Ved :** Yes Grandpa! |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

- **भूतकाल** :– क्रिया के जिस रूप से बीते हुए समय का बोध होता है, उसे भूतकाल कहते है। भूतकाल वाले वाक्यों में सामान्यतः वाक्य का अंत "था", "थे", "थी" आदि से होता है।

  ***Bhootkaal :-*** *kriyaa ke jis roop se beete hue samay kaa bodh hotaa hai, use bhootkaal kahte hai. bhootkaal waale vaakyon men saamaanyatah vaaky kaa ant "thaa", "the", "thee" aadi se hotaa hai.*

  **Past Tense:-** The form of verb which gives the sense of past time, is called past tense. In past tense sentences, usually ends with "thaa", "the", "thee" etc.

- भविष्यकाल वाले वाक्यों में सामान्यतः वाक्य का अंत गा, गे, गी आदि से होता है।

  *Bhavishya kaal walevaakyon men saamanyatah vaakyon kaa ant 'gaa', 'ge', gee', aadi se hotaa hai.*

  The sentences of future tense in Hindi end with the 'gaa', 'ge', 'gee' etc.

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 15.2

1) निम्नलिखित वाक्यों को भूतकाल में बदलिए। / *Nimnalikhit vaakyon ko bhootakaal men badaliye.* / Change the following sentences into past tense.

वर्तमान काल — भूतकाल

(क) सिया खाना खा रही है। ..................................................

(ख) बच्चे खेल रहे हैं। ..........................................................

(ग) मैं स्कूल जा रही हूँ। ......................................................

(घ) वेद सफाई कर रहा है। ......................................................

2) नीचे दिए अक्षरों से नए शब्द बनाएँ: / *neeche diye aksharon se nae shabd banaaen:*/ Form new words from the letters given below:

| |
|---|
| म, फ, क, ल, स, द |

प्रश्न 3 और 4 पढ़ें और सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाएं : / *Prashn 3 aur 4 padhen aur sahee uttar par (✓) kaa nishaan lagaen:* / Read question 3 and 4 and mark (✓) on the correct answer:

3. सैम और माया रहमान के घर में सबसे पहले किससे मिले ?

(क) रहमान से (ख) दादाजी से

(ग) अंकल से (घ) आंटी से

4 सैम को रहमान के घर की ...................... बहुत अच्छी लगी।

(क) फुलवारी (ख) गाड़ी

(ग) छत (घ) सजावट

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 15.2

दादा जी और रहमान उपहार बांटकर आते हैं।

*Daadaa jee aur Rehman uphaar baantkar ghar aate hain.*

Grandfather and Rehman come home after distributing gifts.

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **माया** : देखो! यहाँ तो बहुत सारे लोग आए हैं। | ***Maya :*** *Dekho ! yahaan to bahut saare log aaye hain.* | **Maya :** Look! Many people have come here. |
| **सैम** : सभी लोग तैयार होकर आए हैं। | ***Sam :*** *Sabhee log taiyaar hokar aaye hain.* | **Sam :** Everyone has come well dressed. |
| **रहमान** : हाँ। ये हमारे पड़ोसी और रिश्तेदार हैं। सब मिलकर ईद की दावत का आनंद लेंगे। | ***Rehman :*** *Haan ye hamaare padosee aur rishtedaar hai. Sab milkar Eid kee daawat kaa aanand lenge.* | **Rehman :** Yes, all are our neighbours and relatives. Now we will enjoy the feast of Eid together. |
| *सभी लोग एक–दूसरे से गले मिलते हैं और ईद की मुबारकबाद देते हैं।* | *Sabhee log ek doosre se gale milte hain aur Eid kee mubaarakbaad dete hain.* | *Everyone hugs each other and wishes 'Eid Mubarak'.* |
| **गीता** : यहाँ सब एक–दूसरे को ईद मुबारक कहकर शुभकामनाएँ दे रहे हैं। | ***Geeta :*** *Yahaan sab ek doosre ko Eid mubaarak kah kar shubhkaamnaayen de rahe hain.* | **Geeta :** Everyone here is wishing each other by saying 'Eid Mubarak'. |
| **सैम** : हाँ! | ***Sam :*** *Haan!* | **Sam :** Yes! |
| **दादाजी** : बच्चो! यह लो, तुम सबकी 'ईदी' *(सभी बच्चों को रुपए देते हैं)।* | ***Daadaa jee :*** *Bachchon ! yah lo, tum sabkee 'Eidee' (sabhi bachchon ko rupaye dete hain)* | **Grandfather :** Children! Take your 'Eidi' *(gives money to all the children).* |

## ईद

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **रहमान** : दादाजी हर साल ईद पर हमें ईदी देते हैं। | ***Rehman :*** *Daadaa jee har saal Eid par hamen Eidee dete hain.* | **Rehman :** Grandfather gives us Eidee every year on Eid. |
| *(रहमान और उसकी माता जी बहुत सारी मिठाइयाँ जैसे जलेबी, गुलाब जामुन, इमरती, लड्डू लेकर आते हैं।)* | *(Rehman aur uskee maataa jee bahut saaree mithaaiyaan jaise jalebi, Gulab jamun, Imarati, Laddoo lekar aate hain.)* | *(Rehman and his mother brings many sweets, like Jalebi, Gulab Jamun, Imarti, Laddu.)* |
| **माताजी** : आइए, शीर और मिठाई लीजिए। | ***Maataa jee :*** *Aaiye, Sheer aur mithaai leejiye.* | **Mother :** Please come, have sheer and sweets. |
| **गीता** : सैम, माया, इसे खाओ। बहुत ही स्वादिष्ट है। यह ईद का मुख्य व्यंजन हैं। | ***Geeta :*** *Sam, Maya, ise khaao. bahut hee swaadisht hai. Yah Eid kaa mukhya vyanjan hai.* | **Geeta :** Sam, Maya, Eat this, it is very tasty. It is the main dish of Eid. |
| **माया** : यह सच में बहुत स्वादिष्ट है। मैं तो और लूँगी। | ***Maya :*** *Yah sach men bahut swaadisht hai. Main to aur loongee.* | **Maya :** It's really delicious. I'll take more. |
| **रहमान** : हाँ–हाँ बिल्कुल। | ***Rehman :*** *Haan-haan bilkul.* | **Rehman :** Sure. |
| *सभी दावत का आनंद लेते हैं और आपस में बातचीत करते हैं।* | *Sabhee daawat kaa aanand lete hai aur aapas men baatcheet karte hai.* | *All of them enjoy the feast and talk to each other.* |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

- **भविष्य कालः**– क्रिया के जिस रूप से आने वाले समय में किसी कार्य के करने या होने का पता लगता है, उसे भविष्य काल कहते हैं। भविष्यकाल वाले वाक्यों में सामान्यतः वाक्य का अंत गा, गे, गी आदि से होता है।

  *Bhavishy kaal :- Kriyaa ke jis roop re aane wale samay men kisee kaary ke karne yaa hone kaa pataa lagtaa hai, use bhavishy kaal kahte hain. Bhavishy kaal wale vaakyon men samaanyatah vaakya ka ant "ga", "gee" ge aadi se hota hai.*

  Future Tense:- The form of verb in which it is known to do or happen some action in the coming time, is called future tense. In future tense sentences, the sentence usually ends with of "gaa", "gee", ‘ge’ etc.

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 15.3

1) नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़िए। इन वाक्यों को भविष्य काल में बदलकर लिखिएः

   *Neeche diye gaye vaakyon ko padhiye. In vaakyon ko bhavishya kaal men badalakar likhiye.*

   Read the sentences given below. Change the sentences in future tense and write.

   (क) खाना खाया जा रहा है। ............................................

   (ख) वह पढ़ रहा है। ......................................................

   (ग) पिंकी स्कूल गई है। ..................................................

   (घ) बच्चे खेल रहे हैं। ..................................................

## नए शब्द सीखें / *Naye shabd seekhen* / Learn new words:

| हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|
| (क). जश्न | *Jashn* | Celebrations |

## ईद

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (ख). | छुट्टी | *Chhutee* | Vacation / holiday |
| (ग). | सहेली | *Sahelee* | Friend |
| (घ). | शुभकामनाएँ | *Shubhkaamnaayein* | Best wishes |
| (ङ). | खुशी | *Khushee* | Happiness |
| (च). | सजावट | *Sajaawat* | Decoration |
| (छ). | गरीब | *Gareeb* | Poor |
| (ज). | पड़ोसी | *Padosee* | Neighbour |
| (झ). | मिठाई | *Mithaaee* | Sweet |
| (ञ). | स्वादिष्ट | *Swaadisht* | Delicious |
| (ट). | दावत | *Daawat* | Feast |
| (ठ). | व्यस्त | *Vyast* | Busy |
| (ड़). | शीर | *Sheer* | Vermicelli pudding |
| (ढ़). | मस्जिद | *Masjid* | Mosque |
| (ण). | हर्ष | *Harsh* | Joy |
| (त). | उल्लास | *Ullaas* | Glee |
| (थ). | डिब्बे | *Dibbe* | Boxes |
| (द). | वक्त | *Waqt* | Time |
| (ध). | सुंदर | *Sundar* | Beautiful |
| (न). | वजह | *Vajah* | Reason |

## आपने क्या सीखाः / *Aapne kyaa seekhaa:* / What have you learnt:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| • त्यौहार भारतीय संस्कृति के प्रमुख अंग हैं। | *Tyauhaar bhaarteeya sanskriti ke pramukh ang hain.* | Festivals are integral part of Indian culture. |
| • ईद का त्यौहार भाईचारे का प्रतीक है। | *Eid kaa tyauhaar bhaeechaare kaa parteek hai.* | Eid festival is a symbol of brotherhood. |
| • भविष्यकाल वाले वाक्यों का अंत सामन्य रूप से 'गा', 'गे', 'गी', आदि का प्रयोग होता है। | *Bhavishya kaal waale vaakyon kaa ant saamanya roop se 'gaa', 'ge', 'gee' aadi se hotaa hai.* | Future tense sentences usually end with 'gaa', 'ge', 'gee' etc. |
| • भूतकाल वाले वाक्यों का अंत सामान्य रूप से 'था', 'थे', 'थी', आदि से होता है। | *Bhoot kaal wale vaakyon kaa ant saamaanya roop se 'thaa', 'the', 'thee' aadi se hotaa hai.* | Past tense sentences usually end with 'thaa', 'the', 'thee' etc. |

## पाठांत प्रश्न / *Paathant Prashn* / Terminal Questions

1) नीचे दिए वाक्यों को उचित शब्द छाँटकर पूरा करिए :

*Neeche diye vaakyon ko uchit shabd chhaantkar pooraa kariye :*

Complete the sentences given below by choosing the correct words :

(क) ईद के दिन विद्यालयों में ..................... होती है। (छोटी, छुट्टी)

(ख) सैम और माया ने बच्चों को मिठाई .....................।(बांधी ,बांटी)

(ग) हम कल घूमने .....................। (जायेंगे, गाएँगे)

(घ) सीता और सैम मेरे .................... है। (चित्र, मित्र)

(ङ) शीर .................... होती है। (खट्टी/मीठी)

2) नीचे दिए गए वाक्यों को भूतकाल एवं भविष्य काल में बदल कर लिखिए।

*Neeche diye gaye vaakyon ko bhootkaal evam bhavishya kaal men badal kar likhiye.*

Change the sentences given below into past and future tense.

| वर्तमान काल | भूतकाल | भविष्य काल |
|---|---|---|
| (क) मैं पढ़ता हूँ।<br>(ख) वह खा रहा है।<br>(ग) गीता पढ़ रही है।<br>(घ) सीया गाना गा रही है।<br>(ङ) सैम कॉफी पी रहा है। | | |

3) खाली जगह में समूह का नाम भरिए:

*Khaalee Jagah men samooh kaa naam bhariye:*

Fill in the blankes with name of the group.

(जैसे– इमरती, हलवा, लड्डू, रसगुल्ले – ये सब मिठाइयाँ हैं।

(क) कुत्ता, गाय, शेर, हाथी – ये सब ............................................. हैं।

(ख) तोता, मोर, कबूतर, कोयल – ये सब ............................................. हैं।

(ग) आम, केला, तरबूज, सेब – ये सब ............................................. हैं।

(घ) गुलाब, कमल, गेंदा, सूरजमुखी – ये सब ............................................. हैं।

(ङ) सर्दी, गर्मी, बरसात, बसंत – ये सब ............................................. हैं।

(च) हरा, लाल, गुलाबी, पीला – ये सब ............................................. हैं।

4) इस पाठ में ईद के त्यौहार के बारे में बताया गया है। आपको कौन–सा त्यौहार सबसे ज्यादा पसंद है और क्यों? लिखें।

*Is paath men Eid ke tyauhaar ke baare men bataaya gayaa hai, aapko kaun sa tyauhaar sabse jyaadaa pasand hai aur kyon? Likhiye.*

In this lesson, the festival of Eid has been mentioned. Which festival do you like the most and why? Write.

## आइए, करके देखें / Aaiye karke dekhen / Let's do :

1. जलेबी, गुलाबजामुन, इमरती, हलवा, लड्डू, शीर आदि मिठाइयों के नाम हैं। भारत की अन्य मिठाइयों बारे में जानकारी एकत्र करें।

   *Jalebee, Gulab jamun, Imarti, halwa, Laddoo, Sheer aadi mithaaiyon ke naam hai. Bharat kee anya mithaaiyon ke baare men jaanakaaree ekatr kare.*

   Jalebi, Gulab Jamun, Imarti, Halwa, Laddu, Sheer are the names of sweets. Collect information about other sweets of India.

## उत्तरमाला

'अपनी प्रगति जाँचें' में दिए प्रश्नों के उत्तर / *'Apnee pragati jaanchen' men diye prashanon ke uttar* /Answers of the question given under 'Check your progress'.

**15.1**

**1. (क)** वर्तमान काल (ख) भूतकाल (ग) वर्तमान काल (घ) वर्तमान काल (ङ) वर्तमान काल

**15.2**

1. (क) सिया खाना खा रही थी। (ख) बच्चे खेल रहे थे।
   (ग) मैं स्कूल जा रही थी। (घ) वेद सफाई कर रहा था।

2. शिक्षार्थी स्वयं शब्द बनाएंगे। 3. दादा जी से 4. सजावट

**15.3**

1. (क) खाना खाया जाएगा (ख) वह पढ़ेगा
   (ग) पिंकी स्कूल जाएगी (घ) बच्चे खेलेंगे

16

# क्रिसमस
## *Christmas*
## Christmas

पिछले पाठ में सैम और माया ने गीता और उसके परिवार तथा दोस्तों के साथ दीपावली और ईद का त्यौहार मनाया । इस पाठ में सैम और माया क्रिसमस के उत्सव और समारोह के भारतीय तरीके से अवगत होंगे और अपने देश के क्रिसमस समारोह के विषय में अपने विचार साझा करेंगे ।

*Pichhle paath men Sam aur Maya ne Geeta aur uske parivaar tatha doston ke saath Deepaawalee aur Eid ka tyauhaar manaayaa. Is paath men Sam aur Maya Christmas ke utsav aur samaaroh ke bhaarteeya tareeke se avagat honge aur apne desh ke Christmas samaaroh ke vishay men apane vichaar saajhaa karenge.*

In the previous lesson, Sam and Maya celebrated Deepawali and Eid with Geeta, her family and friends. In this lesson, Sam and Maya will learn about the Indian way of celebrating Christmas and share their thoughts about Christmas celebrations in their own country.

## उद्देश्य / *Uddeshya* / Objectives

इस पाठ से हम सीखेंगे : / *Is paath se hum seekhenge :* / In this lesson we will learn:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेज़ी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • क्रिसमस के बारे में जानकारी आदान–प्रदान करना; | *Christmas ke baare men jaankaaree aadaan-pradaan karnaa;* | Sharing information about Christmas celebration; |
| • त्यौहार से जुड़ा कोई रोचक किस्सा बोलकर/लिखकर साझा कर सकेंगे; | *Tyauhaar se judaa koee rochak kissa bol kar/likh kar saajha kar sakenge;* | To share any interesting anecdote related to the festival in writing or be speaking ; |
| • क्रिया शब्दों की पहचान और अभ्यास कर सकेंगे; | *Kriyaa shabdon kee pahchaan aur abhyaas kar sakenge;* | To identify and practice verbs; |
| • पाठ में आए शब्दों का नए संदर्भों में प्रयोग करना। | *Paath men aaye shabdon kaa naye sandarbhon men prayog karnaa;* | To use words from the lesson in new contexts. |

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 16.1

पड़ोस में क्रिसमस की तैयारियाँ चल रही हैं। सैम, गीता, वेद और माया आपस में बात कर रहे हैं।

*Pados men krisamas kee taiyaariyaan chal rahee hain. Sam, Geeta, Ved aur Maya aapas men baat kar kare hain.*

Christmas preparations are underway in the neighborhood. Sam, Geeta, Ved and Maya are chatting.

## क्रिसमस

| हिन्दी –देवनागरी में Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद English Translation |
|---|---|---|
| **वेद** : देखो! लोग क्रिसमस के लिए कितने खुश हैं। | ***Ved :*** *Dekhao! log Christmas ke liye kitane khush hain.* | **Ved :** Look! how happy those people are, for Christmas. |
| **माया** : सही कहा! | ***Maya :*** *Sahee kahaa!* | **Maya :** Rightly said! |
| **गीता** : त्योहारों पर बच्चों की खुशी तो खास होती है। | ***Geeta :*** *Tyohaaron par bachchon kee khushee to khaas hee hotee hai* | **Geeta :** Children's joy during festivals is special. |
| **वेद** : सही कहा और क्रिसमस पर मौसम भी तो इतना ठंडा रहता है। | ***Ved :*** *Sahee kahaa aur Christmas par mausam bhee to itanaa thanda rahataa hai.* | **Ved :** Right! and even the weather on Christmas is so cold. |
| **माया** : वेद! क्या तुम्हें पता है.... यहाँ क्रिसमस पर ठंड है पर ब्राजील में क्रिसमस पर धूप होती है। | ***Maya :*** *Ved ! kyaa tumhen pataa hai yahaan Christmas par thand hai par Brazil men christmas par dhoop hotee hai.* | **Maya :** Ved ! Do you know it is cold here on Christmas but in Brazil its bright sunny days on Christmas. |
| **वेद** : सच में! | ***Ved :*** *Sach men!* | **Ved :** Really! |
| **सैम** : हाँ, ऑस्ट्रेलिया में भी क्रिसमस का उत्सव गर्मियों की छुट्टियों में आता है। | ***Sam :*** *Haan, Australia men bhee Christmas ka utsav garmiyon kee chhuttiyon men aataa hai.* | **Sam :** Yes, in Australia also, the Christmas comes in summer holidays. |
| **वेद** : यह तो मुझे सच में नहीं पता था। | ***Ved :*** *Yah to mujhe sach men naheen pataa thaa.* | **Ved :** I really didn't know that. |

| हिन्दी –देवनागरी में Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद English Translation |
|---|---|---|
| *(इस बीच गीता की माँ हाथ में कुछ थैले लेकर घर में प्रवेश करती है)* | *(Is beech Geeta kee Maan haath men kuchh thaile lekar ghar men pravesh karatee hai)* | *(Meanwhile Geeta's mother enters the house with some bags in her hand.)* |
| **गीता** : आप आ गयीं! आपको बाजार से आने में काफी समय लग गया। | ***Geeta :*** *Aap aa gayeen ! aapako baajaar se aane men kaafee samay lag gayaa.* | **Geeta :** You have come! You took so long to come from market. |
| **माँ** : मुझे बाज़ार में रेचल की मम्मी मिल गई। मैं उनके साथ क्रिसमस की खरीदारी कराने लग गई। | ***Maa :*** *Mujhe baazaar men Rechal kee maan mil gaee. Main unake saath Christmas kee khareedaaree karaane lag gayee.* | **Mom :** I met Rachel's mother in the market, I helped her in Christmas shopping. |
| **गीता** : आंटी ने क्रिसमस के लिए क्या-क्या खरीदा? | ***Geeta :*** *Aunty ne Christmas ke lie kya-kya khareedaa?* | **Geeta :** What did Aunty buy for Christmas? |
| **माँ** : उन्होंने अपने क्रिसमस ट्री को सजाने के लिए खिलौने, घंटियाँ, फूल, टिनसेल, गुब्बारे, तारे आदि जैसे कुछ सजावटी सामान खरीदे। | ***Maan :*** *Unhonne apane Christmas tree ko sajaane ke liye khilaune, ghantiyaan, phool, tinsel, gubbaare, taare aadi jaise kuchh sajaavatee saamaan khareede.* | **Mother :** She bought some decorative items to decorate their Christmas tree like toys, bells, flowers, lights, tinsel, balloons, stars etc. |
| **सैम** : ऑस्ट्रेलिया में हम भी क्रिसमस के पेड़ को सजाने के लिए इसी तरह के सजावटी सामान का उपयोग करते हैं। | ***Sam :*** *Australia men ham bhee apane Christmas ke ped ko sajaane ke liye isee tarah ke sajaavatee saamaan ka upayog karate hain* | **Sam :** In Australia also, we use this kind of decorative items to decorate our Christmas tree. |



| | | |
|---|---|---|
| **माया** : हाँ, ब्राजील में हम भी ताड़ के पेड़ को लड़ियों, घंटियों, टिनसेल, खिलौनों, सितारे आदि से सजाते हैं और एक दूसरे को मिठाइयाँ और उपहार देते है। | ***Maya :*** *Haan, Brazil men ham bhee taad ke ped ko ladiyn, ghantiyon, tinasel, khilaunon, sitaaron aadi se sajaate hain aur ek doosare ke saath mithaaiyaan aur upahaar dete hain.* | **Maya :** Yes, in Brazil we also decorate the palm tree with decorative lights, bells, tinsel, toys, stars etc and exchange sweets and gifts to. |
| **गीता** : कल हम लोग घूमने चलेंगे तब देखना। यहाँ के बाज़ार, दुकानें बहुत ही सुंदर सजी होती हैं। गिरजाघरों की सजावट भी कमाल की होती है। | ***Geeta :*** *Kal ham log ghoomane chalenge tab dekhanaa. Yahaan ke baazaar, dukaanen bahut hee sundar sajee hotee hain. girajaagharon kee sajaavat bhee kamaal kee hotee hai.* | **Geeta :** We will go for a walk tomorrow and then you see how beautifully decorated are markets and shops. The decoration of the churches is also amazing. |
| **सैम** : मैं सोच रहा था कि क्यों ना इस क्रिसमस समारोह का आयोजन हम अपने यहाँ करें। | ***Sam :*** *Main soch rahaa thaa kee kyon naa is Christmas samaaroh kaa aayojan ham apane yahaan karen.* | **Sam :** I was thinking... Shall we have this Christmas celebration at our place. |
| **माया** : वाह ! यह तो बहुत ही अच्छा विचार है। | ***Maya :*** *vaah! yah to bahut hee achchhaa vichaar hai.* | **Maya :** Wow! This is a great idea. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **सैम** : गीता तुम अपने परिवार के साथ हमारे यहाँ आना और हम सभी वहीं पर क्रिसमस मनाएँगे। | ***Sam :*** *Geeta tum apane parivaar ke saath hamaare yahaan aanaa aur ham sabhee vaheen par Christmas manaaenge.* | **Sam:** Geeta, please come to our place with your family and we all will celebrate Christmas there only. |
| **माया** : मैं और सैम मिलकर क्रिसमस का केक भी तैयार कर लेंगे। | ***Maya :*** *Main aur sam milakar Christmas kaa kek bhee taiyaar kar lenge.* | **Maya:** Me and Sam will prepare a Christmas cake also. |
| **वेद** : फिर तो बहुत आनंद आएगा। | ***Ved :*** *Phir to bahut aanand aaega.* | **Ved :** Then there will be a lot of fun. |
| **गीता** : ठीक है, हम सभी तुम्हारे साथ क्रिसमस मनाने जरूर आएँगे। | ***Geeta :*** *Theek hai, ham sabhee tumhaare saath Christmas manaane jaroor aaenge.* | **Geeta :** Well, we all will definitely come to celebrate Christmas with you. |
| **माया** : आप लोगों के आने से क्रिसमस के उत्सव की खुशी दुगनी हो जाएगी। | ***Maya :*** *Aap logon ke aane se Christmas ke utsav kee khushee duganee ho jaegee.* | **Maya :** Your presence will double the joy of Christmas celebration. |
| **गीता** : क्रिसमस तो होता ही है खुशियाँ और प्यार बाँटने का त्योहार – 'मैरी क्रिसमस' | ***Geeta :*** *Christmas to hotaa hee hai khushiyaan aur pyaar baantane kaa tyohaar – 'Merry Christmas'* | **Geeta :** Christmas is all about sharing happiness and love – 'Merry Christmas' |
| **सैम / माया** : *(खुशी से)* 'मैरी क्रिसमस' | ***Sam/Maya :*** *(khushee se) 'Merry Chritmas'* | **Sam/Maya :** *(joyfully)* 'Merry Christmas' |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

1. जिन शब्दों से किसी काम के होने या करने का पता चलता है उन्हें क्रिया कहते हैं। जैसे – पढ़ना, लिखना, गाना, नाचना, हंसना, रोना, सीखना, उड़ना, रोना, धोना, सोना, ढकना आदि।

   *Jin shabdon se kisee kaam ke hone ya karane kaa pataa chalataa hai, unhen kriyaa kahate hain. jaise – padhana, likhanaa, gaanaa, naachanaa, hansanaa, ronaa, seekhanaa, udanaa, ronaa, dhonaa, sonaa, dhakanaa aadi.*

   The words which indicate a state of being or state of being done of an act are called verbs. For example, reading, writing, singing, dancing, laughing, crying, learning, flying, crying, washing, sleeping, covering etc.

   जैसे – पिंकू खाना खा रहा है।

   यहाँ पिंकू द्वारा किया जाने वाला काम खाना खाने का है, इसलिए यहाँ खाना क्रिया शब्द है।

   *jaise - pinkoo khaanaa khaa rahaa hai.*

   *yahaan pinkoo dvaara kiyaa jaane vaalaa kaam khaana khaane kaa hai, isalie yahaan khaanaa kriyaa shabd hai.*

   For example, Pinku is eating food.

   Here the work done by Pinku is to eat food, so here to 'eat' is a verb.

2. क्रिया का रूप लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार बदलता रहता है।

   *kriyaa kaa roop ling, vachan, purush ke kaaran badalataa rahataa hai.*

   The form of the verb keeps on changing according to the gender, number and person.

   **लिंग**

   जैसे – राधिका खेल रही है।
   माधव खेल रहा है।

   यहाँ खेलना क्रिया है, स्त्रीलिंग में 'खेल रही है' और पुलिंग में 'खेल रहा है', का प्रयोग हो रहा है।

### *Ling*

*jaise -* *Raadhika khel rahee hai.*

*Maadhav khel rahaa hai.*

*yahaan khelanaa kriyaa hai, streeling men 'khel rahee hai' aur pulling men 'khel rahaa hai', kaa prayog ho rahaa hai.*

### Gender

Like - Radhika is playing.

Madhav is playing.

Here 'play' is the verb, which will be changed according to gender in Hindi in the masculine.

### वचन

जैसे – माधव खेल रहा है।

माधव और राधिका खेल रहे हैं।

यहाँ भी खेलना क्रिया है, जो एकवचन में खेल 'रहा है' और बहुवचन में 'खेल रहे हैं', के रूप में परिवर्तित हो गया है।

### *vachan*

*jaise -* *maadhav khel rahaa hai.*

*maadhav aur raadhikaa khel rahe hain.*

*yahaan bhee khelanaa kriyaa hai, jo ekavachan men khel rahaa hai aur bahuvachan men khel rahe hain, ke roop men parivartit ho gayaa hai.*

### Form of Noun

Like - Madhav is playing.

Madhav and Radhika are playing.

Here play is the verb, which has changed into 'is' playing in the singular and 'are' playing in the Plural.

3. वाक्य में प्रयोग हुई क्रिया के रूप से ही हमें पता चलता है कि, कार्य वर्तमान काल में हुआ है, भूतकाल में हो चुका है या फिर भविष्य काल में होगा।

बच्चे किताब पढ़ रहे हैं। (वर्तमान काल)

बच्चे किताब पढ़ चुके हैं। (भूतकाल)

बच्चे किताब पढ़ेंगे। (भविष्य काल)

*Vaaky men prayog huee kriyaa ke roop se hee hamen pataa chalataa hai ki, kaary vartamaan kaal men hua hai, bhootakaal men ho chukaa hai yaa phir bhavishy kaal men hogaa.*

*Bachche kitaab padh rahe hain. (vartamaan kaal)*

*Bachche kitaab padh chuke hain. (bhootakaal)*

*Bachche kitaab padhenge. (bhavishy kaal)*

It is from the form of the verb used in the sentence that we know whether the action has happened in the present tense, has happened in the past or will happen in the future tense.

Children are reading book. (present tense)

Children have read the book. (past tense)

Children will read the book. (Future tense)

## अपनी प्रगति जाँचें / Apnee Pragati jaanchen / Check your progress- 16.1

1. नीचे दिए वाक्यों को उचित क्रिया शब्द भरकर पूरा कीजिए :

*Neeche diye vaakyon ko uchit kriyaa shabd bharkar pooraa kijiye :*

Complete the following sentences choosing correct verbs:

| |
|---|
| बांटता, गई, गा, खा, सजा रहे, खा |

(क). मैं रेचल की मम्मी के साथ बाजार ...... थी।

(ख). सैंटा क्लॉस बच्चों को उपहार ........ है।

(ग). सभी लोग क्रिसमस के गीत .................. रहे हैं।

(घ). वे लोग क्रिसमस ट्री ................................ हैं।

(ङ). बच्चे क्रिसमस केक ................................ चुके हैं।

2. नीचे दिए वाक्यों को सही क्रिया शब्द चुनकर पूरा कीजिए :

*Neeche diye vaakyon ko sahee kriyaa shabd chunkar pooraa keejiye:*

Complete the following sentences choosing correct verbs:

बांटता, गई, गा, खा, सजा रहे, खा

(क). सैम केक ..................... है। (बनाता / बनाती )

(ख). हम बाजार ........................। (जाऊँगी / जाएंगे)

(ग). आंटी गाना .................हैं। (गाते / गाती)

(घ). मुझे साड़ी .................. अच्छा लगता है। (पहनना / पहनी)

(ड़). वे लोग क्रिसमस बहुत उत्साह से .................हैं । (मानते / मनाते)

## नए शब्द सीखें / *Naye shabd seekhen* / Learn new words:

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (क). | समारोह | *samaaroh* | Function |
| (ख). | उत्सव | *utsav* | Celebration |
| (ग). | उजले | *ujale* | Bright |
| (घ). | शुरुआत | *shuruaat* | Beginning |
| (ङ). | दिलचस्प | *dilachasp* | Interesting |
| (च). | किस्से | *kisse* | Anecdotage |
| (छ). | व्यवस्था | *vyavasthaa* | Arrangements |

## क्रिसमस

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (ज). | खिलौने | *khilaune* | Toys |
| (झ). | घंटियाँ | *ghantiyaan* | Bells |
| (ञ). | तारे | *taare* | Stars |
| (ट). | सजाना | *sajaana* | To decorate |
| (ठ). | जश्न | *jashn* | Celebration |
| (ड). | अद्भुत | *adbhut* | Wonderful |
| (ढ). | लड़ियाँ | *ladiyaan* | Strings |
| (ण). | गिरिजाघर | *girijaaghar* | Church |
| (त). | बांटने | *baantane* | Distribute |
| (थ). | मौसम | *mausam* | Seasons |
| (द). | मजेदार | *majedaar* | Funny |

## आपने क्या सीखा: / Aapne kyaa seekhaa: / What have you learnt:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • हर त्योहार भिन्न है परन्तु सभी त्योहार सामाजिक सौहार्द के प्रतीक हैं। | *Har tyohaar bhinn hai parantu sabhi tyohaar samajik sauhard ka prateek hain.* | Although every festival is different but all festivals are symbols of social harmony. |
| • क्रिसमस की तैयारियों में अनौपचारिक बातचीत की विशेष शैली होती है। | *Cristmas ki taiyariyon mein anoupcharik baatcheet ki shaily vishash hoti hai.* | There is special style of informal conversation. |

| | | |
|---|---|---|
| • लिंग और वचन के अनुसार वाक्य के स्वरूप में परिवर्तन होता है। | *Ling aur vachan ke anusaar vaaky ke swaroop mein parivarton hota hai.* | The form of the santance changes according to gender and vachan. |
| • लिंग, वचन, के अनुसार क्रिया रूप में परिवर्तन होता है। | *Ling, vachan ke anusaar kriya roop mein parivartan hota hai.* | The form of verb changes according to gender and vachan. |

## पाठांत प्रश्न / *Paathant Prashn* / Terminal Questions

1. अपने देश का कोई एक क्रिसमस गीत गाकर अपने दोस्तों को सुनाइए।

   *Aapne desh kaa koi ek Christmas geet gaakar apne doston ko sunaaiye.*

   Tell your friends by singing any one of your country's Christmas songs.

2. क्रिसमस पर बनने वाले किसी खास व्यंजन को बनाने की विधि अपने दोस्तों के साथ लिखकर साझा करिए।

   *Christmas par banane vaale kisee khaas vaynjan ko banaane kee vidhi aapne doston ke saath likhkar saanjhaa kariye.*

   Share the recipe of any special dish made on Christmas with your friends by writing it.

3. आपके साथ क्रिसमस से जुड़ा कोई रोचक किस्सा लिखकर साझा कीजिए।

   *Aapake saath Christmas se judaa koee rochak kissa likhkar saajha keejiye.*

   Share any interesting anecdote related to the Christmas in writing.

4. पाठ में बहुत से क्रिया शब्द आए हैं जैसे – देखती हूँ (देखना), अंदर आओ (आना), ढूंढ ली (ढूंढना), सीखने को (सीखना) आदि। नीचे दिए गए वाक्यों में से क्रिया शब्द चुनिये

   *Paath men bahut se kriyaa shabd aaye hain jaise 'dekhatee hoon; (dekhana) andar aao (aanaa) dhoondh lee (dhoondhanaa) seekhane ko (seekhanaa) aadi- neeche diye gaye vaakyon men se kriyaa shabd chuniye.*

   Many verbs have come up in the text such as see, come, find, learn, etc. select the verb. From the sentences given below.

5. नीचे दिए गए संवाद पढ़िए और अपनी इच्छा अनुसार आगे बढ़ाइए।

*Neeche diye gaye sanvaad padiye aur apanee ichchha anusaar aage badhaaie.*

Read the dialogue given below and proceed as per your wish:

माया : कितना सुंदर सजा हुआ है यह गिरजाघर!

सैम : हाँ सच में ! बहुत सुंदर है!

गीता : चलो हम सब भी मोमबत्ती जलाते हैं। हाँ, जरूर मेरे मन में एक सवाल आ रहा था।

माया : सोचो, इस दुनिया में सबसे पहले क्रिसमस कब मनाया गया होगा?

6. जिस प्रकार क्रिसमस सुनते ही हमारे मन में चर्च, उपहार, उत्सव, दोस्त, लड़ियाँ, रोशनी आदि आते हैं, उसी प्रकार नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं उन्हें सुनते ही आपके दिमाग में क्या–क्या आता है लिखिए।

*Jis prakaar Christmas sunate hee hamaare man men church, upahaar, utsav, dost ladiyaan, roshanee aadi aate hain. Usee prakaar neeche kuchh shabd diye gaye hain, unhen sunate hee aapake man men kyaa-kyaa aataa hai use likhiye.*

As soon as we hear Christmas, chuch, gifts, celebration, wars, friends, lights etc. come to our mind. Similarly some words are given below, write down what comes in your mind as soon as you read them.

पुस्तकालय पहाड़ फूल विद्यालय

7. नीचे कुछ शब्द उलट–पुलट कर दिए गए हैं, उन्हें सही क्रम में लगाकर वाक्य बनाइए।

*Neeche kuchh shabd ulat-pulat kar ke diye gaye hain unhen sahee kram men lagaakar vaaky banaaie.*

Some words are given in reverse order. Make sentences by putting them in the correct order.

तैयारियाँ/ रही/ चल/ हैं/ क्रिसमस/ की

क्रिसमस/ बच्चे/ इंतजार/ कर/रहे/हैं /का

कल /हम /तब /चलेंगे /घूमने /लोग /देखना।

## आइए, करके देखें / Aaiye karke dekhen / Let's do :

1) सभी लोग क्रिसमस के उत्सव पर गिरजाघर जाने की तैयारी कर रहे हैं। इंटरनेट की मदद से आप भारत के प्रमुख गिरजाघरों की जानकारी प्राप्त करके उनकी सूची बनाइए।

   *sabhee log krisamas ke utsav par girajaaghar jaane kee taiyaaree kar rahe hain. intaranet kee madad se aap bharat ke pramukh girajaagharon kee jaanakaaree praapt karake unakee soochee banaaie.*

   All are preparing to go to the church for the Christmas celebration. With the help of internet get information about major churches in India and make a list.

2) सैम और माया की जगह, अगर आप क्रिसमस का आयोजन करते तो वह किस प्रकार का होता? अपने शब्दों में साझा करिए।

   *Sam aur Maya kee jagah, agar aap Christmas kaa aayojan karate to vah kis prakaar kaa hotaa. apane shabdon men saajhaa karie.*

   Share in your own words what the Christmas party would be like if you were the host instead of Sam and Maya.

## उत्तरमाला

'अपनी प्रगति जाँचें' में दिए प्रश्नों के उत्तर / *'Apnee pragati jaanchen' men diye prashanon ke uttar* /Answers of the question given under 'Check your progress'.

**16.1**

1. (क) गई (ख) बांटता (ग) गा (घ) सजा रहे (ड) खा

2 (क) बनाती (ख) जाएंगे (ग) गाती (घ) पहनना (ड़) मनाते

17

# काशी विश्वनाथ

## *Kashi Vishwanath*

## Kashi Vishwanath

पिछले पाठों में, सैम और माया ने गीता और वेद के साथ दीपावली का त्यौहार मनाया और रहमान के परिवार के साथ ईद का त्यौहार मनाया। अब वे भारत भ्रमण पर जाएंगे। इस पाठ में वे गीता और उसके चचेरे भाईयों के साथ वाराणसी जा रहे हैं। चलिए हम भी उनके साथ चलते हैं...

*Pichhle paathon men, Sam aur Maya ne Geeta aur Ved ke saath Deepaawalee kaa tyauhaar manaayaa aur Rehman ke parivaar ke saath Eid kaa tyauhaar manaayaa. Ab ve Bharat bhraman par jayenge. Is paath men ve Geeta aur uske chachere bhaaiyon ke saath Varanasi jaa rahe hain. Chaliye hum bhee unke saath chalte hain...*

In the previous lessons, Sam and Maya celebrated Deepawali with Geeta and Ved and Eid with Rehman's family. Now, they will go on tour of India. In this lesson, they will visit Varanasi with Geeta and her cousins. Let's go with them...

## उद्देश्य / *Uddeshya* / Objectives

इस पाठ से हम सीखेंगे : / *Is paath se hum seekhenge :* / In this lesson we will learn:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेज़ी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| • भारत के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी प्राप्त करना; | *Bharat ke pramukh paryatan sthalon ke baare men jaankaaree praapt karnaa;* | Information of the main tourist destinations of India; |
| • भारत के सांस्कृतिक और सामाजिक सौहार्द की झलक और जानकारी प्राप्त करना; | *Bharat kee saanskritik aur saamaajik sauhaarda kee jhalak aur jaanakaaree praapt karna;* | Information about India's cultural and social harmony; |
| • सफाई, अनुशासन, नियमों का सम्मान करना; | *Saphaee, anushaasan, niyamon kaa sammaan karnaa;* | To respect cleanliness, discipline and rules; |
| • विपरीतार्थक शब्दों की पहचान और प्रयोग करना। | *Vipareetaarthak shabdon kee pehchaan aur prayog karnaa.* | To identify and use antonyms. |

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 17.1

माया, सैम, गीता तथा उसके चचेरे भाई प्रणव और रवि बातें कर रहे हैं।

*Maya, Sam, Geeta tathaa uske chachere bhaai Pranav aur Ravi baaten kar rahe hain.*

Maya, Sam, Geeta's and her cousins Pranav and Ravi are talking.

## काशी विश्वनाथ

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **प्रणव** : मुझे ऑफिस के काम से परसों वाराणसी जाना होगा। | ***Pranav :*** *Mujhe office ke kaam se parason Varanasi jaana hogaa.* | **Pranav :** I have to go to Varanasi for some official work the day after tomorrow. |
| **गीता** : वाराणसी के काशी विश्वनाथ जाने का तो मेरा भी बहुत मन है। | ***Geeta :*** *Varanasi ke kashi Vishwanaath jaane kaa to meraa bhee bahut man hai.* | **Geeta :** I also want to go to Kashi Vishawanath in Varanasi. |
| **रवि** : काशी विश्वनाथ जी तो मुझे भी जाना है, बहुत दिन हो गए हैं वहाँ गए। | ***Ravi :*** *Kashi Vishwanaath jee to mujhe bhee jaana hai, bahut din ho gaye hain vahaan gaye.* | **Ravi :** I also want to go, Kashi Vishwanath ji, It's been a long time since I visited that place. |
| **सैम** : काशी विश्वनाथ जी क्या है? | ***Sam :*** *Kashi Vishwanaath jee kyaa hai?* | **Sam :** What is Kashi Vishwanath ji? |
| **प्रणव** : काशी विश्वनाथ भारत का एक बहुत ही प्राचीन मंदिर है। | ***Pranav :*** *Kashi Vishvanaath Bharat kaa ek bahut hee praacheen mandir hai.* | **Pranav :** Kashi Vishwanath is an ancient temple of India. |
| **रवि** : यह भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक प्रमुख ज्योतिर्लिंग है। | ***Ravi :*** *Yah bhagavaan Shiv ke 12 Jyotirlingon men se ek pramukh jyotirling hai.* | **Ravi :** This is one of the main Jyotirlingas among the 12 Jyotirlingas of Lord Shiva. |
| **माया** : यह मंदिर कहाँ पर है? | ***Maya :*** *Yah mandir kahaan par hai?* | **Maya :** Where is this temple situated ? |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **प्रणव** : श्री काशी विश्वनाथ जी का मंदिर उत्तर प्रदेश राज्य के वाराणसी में है। | ***Pranav :*** *Shree Kashi Vishwanaath jee kaa mandir Uttar Pradesh rajya ke Varanasi men hai.* | **Pranav :** The temple of Shri Kashi Vishwanath ji is in the Varanasi of Uttar Pradesh state. |
| **गीता** : क्यों ना हम लोग भी यह मंदिर देखने के लिए चलें! | ***Geeta :*** *kyon naa ham log bhee yeh mandir dekhane ke liye chalen!* | **Geeta :** Why don't we also go to visit this temple! |
| **सैम** : मैं भी यही कहने वाला था, हम लोग भी चलते हैं। | ***Sam :*** *Main bhee yahee kahane vaala tha, ham log bhee chalate hain.* | **Sam :** That's what I was about to say, we will go too. |
| **माया** : हम लोग वहाँ कैसे जाएँगे ? | ***Maya :*** *Ham log vahaan kaise jayenge?* | **Maya :** But how will we reach there? |
| **रवि** : दिल्ली से वाराणसी की सीधी रेलगाड़ी है। | ***Ravi :*** *Delhi se Varanasi ki seedhee relagaadee hai.* | **Ravi :** There is a direct train from Delhi to Varanasi. |
| **रवि** : वंदेभारत रेलगाड़ी से चलेंगे। वह बहुत शानदार है। | ***Ravi :*** *Vandebhaarat relgaadee se chalenge, vah bahut shaandar hai.* | **Ravi :** Will go by Vande Bharat train. It is a very impressive. |
| **गीता** : चलो, वाराणसी चलने की तैयारी करते हैं। | ***Geeta :*** *Chalo, Varanasi chalane kee taiyaaree karate hain.* | **Geeta :** Come on, let's make preparations for our trip to Varanasi. |
| **माया** : मैं तो बहुत उत्सुक हूँ। | ***Maya :*** *Main to bahut utsuk hoon.* | **Maya :** I am very excited. |
| **सैम** : मैं भी! | ***Sam :*** *main bhee!* | **Sam :** Me too! |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

### 1) विलोम शब्द / Vilom shabd / Antonyms

विलोम का अर्थ है – उल्टा या विपरीत। किसी भी शब्द के उल्टे या विपरीत अर्थ वाले शब्दों को विलोम शब्द कहते हैं। जैसे – अच्छा–बुरा, नया–पुराना आदि।

*Vilom ka arth hai - ultaa yaa vipareet. Kisee bhee shabd ke ulte yaa vipareet arth vaale shabdon ko vilom shabd kahate hain. Jaise- achchaa-buraa, nayaa-puranaa aadi.*

Antonyms means reverse or opposite, words expressing the opposite meaning of any word are called antonyms, such as good-bad, new-old etc.

नीचे कुछ और विलोम शब्द दिए गए हैं :

Neeche kuchh aur vilom shabd diye gaye hain:

Some more antonyms are given below:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| आदि–अंत | *Aadi-Ant* | Beginning-End |
| प्रकाश–अंधकार | *Prakaash-Andhakaar* | Light-Dark |
| रात–दिन | *Raat-Din* | Night-Day |
| न्याय–अन्याय | *Nyaay-Anyaay* | Justice-Injustice |
| सत्य–असत्य | *Satya-Asatya* | Truth-Lie |
| खट्टा–मीठा | *Khatta-Meetha* | Sour-Sweet |
| लाभ–हानि | *Laabh-Haani* | Profit-Loss |

2) प्रकृति ने भारत को बहुत सुंदरता दी है। भारत में अनेक पर्यटन स्थल हैं। जैसे:
*Prakriti ne Bharat ko bahut sundartaa dee hai. Bharat men anek paryatan sthal hein, Jaise*

Nature has blessed India with immese beauty. They are several tourist destination in India, for example:

| Hindi in Devnagri | Hindi in Roman Script | English Translation |
|---|---|---|
| • कश्मीर की घाटी | *Kashmeer kee ghaatee* | Valley of Kashmir |
| • आगरा का ताजमहल | *Agra kaa Taajamahal* | Tajmahal of Agra |
| • मंदिरों का शहर वाराणसी | *Mandiron kaa shahar Vaaraanasee* | Varanasi the city of temples |
| • केरल के लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार के समुद्री तट | *Keral ke Lakshadweep, Andamaan aur Nicobaar samudree tat* | Beaches of Kerala Lakshadweep, Andaman and Nicobar |
| • उत्तराखंड का योग और अध्यात्म | *Uttrakhand ka yog aur adhyaatm* | Yoga and Spirituality of Uttrakhand |
| • सिक्किम और मेघालय की प्राकृतिक सुंदरता | *Sikkim aur Meghaalaya kee praakrtik sundarata* | Natural beauty of Sikkim and Meghalaya |
| • हिमाचल प्रदेश के कुल्लू, मनाली, चंबा और शिमला का सौदर्य | *Himaachal Pradesh ke Kulloo, Manaalee, Chamba aur Shimalaa kaa saundarya* | Beauty of Kullu, Manali, Chamba and Shimla of Himachal Pradesh |
| • अजंता–एलोरा की गुफाएँ | *Ajanta-Elora kee guphayen* | Ajanta-Ellora Caves |
| • विभिन्न राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभ्यारण्य | *Vibhinn raashtreey udyaan aur vanyajeev abhayaaranya* | Various National Parks and Wildlife Sanctuaries |

## अपनी प्रगति जाँचें / Apnee Pragati jaanchen / Check your progress- 17.1

1. नीचे कुछ उल्टे–पुल्टे शब्द दिए गए हैं। उन शब्दों को व्यवस्थित करके सही वाक्य बनाइए।

   *Neehe kuchh ulte-pulte shabd diye gaye hain. Un shabdon ko Vyavasthit karke sahee vaakya banaiye:*

   Some words are given below without any order. Arrange these words to make proper sentences:

   क). है /प्राचीन/ ही/ बहुत/भारत/काशी विश्वनाथ/का/एक/मंदिर

   ख). करते/ की/हैं/चलो/ तैयारी/ वाराणसी/चलने

   ग). वाराणसी /दिल्ली/ से/ है/ की / रेलगाड़ी/सीधी

   घ). बहुत/रेलगाड़ी/ वह/ है/ अच्छी

2. निम्नलिखित शब्दों का उनके विलोम शब्दों से मिलान करें:

   *Nimnlikhit shabdon kaa unke vipareet shabdon se Milaan karen:*

   Match the following words with their antonyms:

| | |
|---|---|
| साफ | थोड़े |
| अच्छे | असहयोग |
| बहुत | वेदना |
| सहयोग | गंदा |
| आनंद | बुरे |
| कच्चा | निर्धन |
| धनी | पक्का |

## आइए पढ़ें/ *Aaiye padhen* / Let's read - 17.2

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| *सब काशी विश्वनाथ जी के मंदिर पहुंचते हैं।* | *Sab Kashee Vishwanaath jee ke mandir pahunchate hain* | *All reach Kashi Vishwanath ji's temple* |



Source: https://commons.wikimedia.org/wiki/File:Kashi_Vishwanath_Temple_Banaras.jpg

| | | |
|---|---|---|
| **गीता** : आखिरकार हम श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंच गए। | ***Geeta :*** *Aakhirkaar hum Shri Kashee Vishwanaath mandir pahuch gaye.* | **Geeta :** Finally we are at Shri Kashi Vishwanath Temple. |
| **माया** : मैं बहुत उत्सुक हूँ, इस मंदिर को देखने के लिए। | ***Maya :*** *Main bahut utsuk hoon is mandir ko dekhane ke liye.* | **Maya :** I am very curious to see this temple. |
| **रवि** : गीता! पूजा की सामग्री भी ले लेते हैं। | ***Ravi :*** *Geeta! Pooja kee saamagree bhee le lete hain.* | **Ravi :** Geeta ! We should purchase articles of worship. |
| **गीता** : देखो, यहाँ सुरक्षा जाँच हो रही है। इसके बाद ही हम लोग अंदर जा पाएँगे। | ***Geeta :*** *Dekho, yahaan surakshaa jaanch ho rahee hai, isake baad hee hum log andar jaa payenge.* | **Geeta :** Look, security check is going on here, only after that we will be able to go inside. |

## काशी विश्वनाथ

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **वेद** : वह देखो, क्या लिखा है, "आगंतुकों को मंदिर परिसर में सेलफोन, कैमरा, धातु के बक्कल के साथ बेल्ट और जूते, ले जाने की अनुमति नहीं है।" | ***Ved :*** *Vah dekho kyaa likhaa hai, "Aagantukon ko mandir parisar men selaphone, kaimara, dhaatu ke bakkal ke saath belt, aur joote le jaane kee anumati naheen hai."* | **Ved :** Look at that notice, "Visitors are not allowed to carry cell phones, cameras, belts with metal buckles and shoes, in the temple premises." |
| **प्रणव** : तुम लोगों में से किसी के पास ऐसा कोई सामान तो नहीं है? | ***Pranav :*** *Tum logon men se kisee ke paas aisaa koyee saamaan to nahin hai?* | **Pranav :** Have anybody of you any such stuff? |
| **सैम** : नहीं, मैंने पहले ही इंटरनेट पर ये सभी निर्देश पढ़ लिए थे। | ***Sam :*** *Nahin, maine pahale hee internet par ye sabhee nirdesh padh liye the.* | **Sam:** No, I already read all these instructions on the internet. |
| **प्रणव** : यह तो तुमने बहुत अच्छा किया। | ***Pranav :*** *Yah to tumane bahut achchhaa kiyaa.* | **Pranav :** Good job. |
| *सभी लोग काशी विश्वनाथ जी के मंदिर से बाहर निकले।* | *Sabhee log kaashee Vishvanaath jee ke mandir se baahar nikale.* | *All of them came out of Kashi Vishwanath ji temple.* |
| **माया** : दोस्तों, यह आरती कितनी अद्भुत थी। | ***Maya :*** *Doston, yah aaratee kitanee adbhut thee.* | **Maya :** Friends, this Aarti was so soulful. |
| **सैम** : हाँ सच में! घंटियों की आवाज सुनकर बहुत अच्छा लग रहा था। | ***Sam :*** *Haan, sach men! ghantiyon kee aavaaj sunakar bahut achchhaa lag rahaa thaa.* | **Sam :** Yes indeed! it was amazing to hear the bells ringing. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **प्रणव** : जितना सोचा था उससे कहीं ज्यादा अद्‌भुत अनुभव रहा। | ***Pranav :*** *Jitanaa sochaa tha usase kaheen jyaadaa adbhut anubhav rahaa.* | **Pranav :** It was far more wonderful experience than I had expected. |
| **गीता** : मैंने सुना है, यहाँ से गंगा जी भी दिखती हैं। | ***Geeta :*** *Maine sunaa hai, yahaan se Gangaa jee bhee dikhatee hain.* | **Geeta :** I have heard that Ganga ji is also visible from here. |
| **सैम** : चलो वहाँ जाकर देखते हैं। | ***Sam :*** *Chalo, vahaan jaakar dekhate hain.* | **Sam :** Let's go over there and see. |
| **रवि** : हाँ चलो! | ***Ravi :*** *Haan, chalo!* | **Ravi :** Yes, let us go. |
| **वेद** : यहाँ से कितना सुंदर दृश्य दिख रहा है – गंगा जी, खुला आसमान, बनारस के घाट और काशी विश्वनाथ जी का अतुल्य मंदिर। | ***Ved :*** *Yahaan se kitanaa sundar drishya dikh rahaa hai - Ganga jee, khulaa aasamaan, Banaaras ke ghaat aur Kashee Vishwanaath jee kaa atulya mandir.* | **Ved :** What a beautiful view this is the Ganga ji, open sky, the Ghats of Banaras and the incredible temple of Kashi Vishwanath ji, all together. |
| **सैम** : हाँ चलो! | ***Sam :*** *Haan, chalo!* | **Sam :** Yeah, come on! |
| **रवि** : चलो, अब श्री अन्नपूर्णा जी के मंदिर चलते हैं। | ***Ravi :*** *Chalo, ab Shree Annapoorna jee ke mandir chalate hain.* | **Ravi :** Let us go to Shri Annapurna ji temple now. |
| **रवि** : यहाँ पर माता का भंडारा भी चलता रहता है। | ***Ravi :*** *Yahaan par maataa kaa bhandaaraa bhee chalataa rahataa hai.* | **Ravi :** *Mata's bhandara* is a constant event here. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **वेद** : हाँ, सब लोग *प्रसाद* ले लेते हैं। | ***Ved :*** *Haan, sab log prasaad le lete hain.* | **Ved :** Let's all get *Prasad*. |
| *सब अन्नपूर्णा माता के मंदिर से बाहर आते हैं।* | *Sab Annapoornaa maataa ke mandir se baahar aate hain.* | *All come out of Annapurna Mata temple.* |
| **माया** : अन्नपूर्णा माता का मंदिर कितना सुंदर है। | ***Maya :*** *Annapoornaa Maataa kaa mandir kitanaa sundar hai.* | **Maya :** The temple of Annapurna Mata is so beautiful. |
| **गीता** : हाँ, बहुत शांति मिली वहाँ। | ***Geeta :*** *Haan, bahut shaanti milee vahaan.* | **Geeta :** Yes, it was very peaceful there. |
| **वेद** : और *प्रसाद* भी बहुत स्वादिष्ट था। | ***Ved :*** *Aur prasaad bhee bahut swaadisht thaa.* | **Ved :** And the *prasad* was also very tasty. |
| **माया** : वे लोग कितने स्नेह से खिला रहे थे। | ***Maya :*** *Ve log kitane sneh se khilaa rahe the.* | **Maya :** They were feeding us with such love. |
| **रवि** : मैं तो सोच रहा था हम लोग मंदिर से निकलने के बाद यहाँ के प्रसिद्ध व्यंजन भी खाएँगे, पर अब तो मेरा पेट भर चुका है। | ***Ravi :*** *Main to soch rahaa thaa hum log mandir se nikalane ke baad yahaan ke prasiddh vyanjan bhee khaayenge, par ab to meraa pet bhar chukaa hai.* | **Ravi :** I was thinking that after visiting the temple, we will eat the famous dishes of Banaras, but now I am full. |
| *(सभी हँसते हैं)* | *(Sabhee hansate hain.)* | *(All laugh.)* |
| **प्रणव** : कल जब हम यहाँ गंगा आरती देखने आएँगे, तब हम लोग यहाँ के व्यंजन खाएँगे। | ***Pranav :*** *kal jab hum yahaan Gangaa aaratee dekhane aayenge, tab hum log yahaan ke vyanjan khayenge.* | **Pranav :** Tomorrow when we will come here to see *Ganga Aarti,* then we will have famous local dishes. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **गीता** : हाँ, यह सही रहेगा। | ***Geeta :*** *Haan, yah sahee rahegaa.* | **Geeta :** Yes, that is a good suggestion. |
| **वेद** : क्या हम लोग नौका विहार नहीं करेंगे? | ***Ved :*** *Kyaa hum log naukaa vihaar naheen karenge?* | **Ved :** Aren't we going for boating? |
| **प्रणव** : कल हम नाव में बैठकर ही आरती देखेंगे और उसी नाव से सारे घाट घूमेंगे। | ***Pranav :*** *Kal hum naav men baithakar hee aaratee dekhenge aur usee naav se saare ghaat ghoomenge.* | **Pranav :** Tomorrow we will see the aarti and visit all the ghats from the boat itself. |
| **माया** : फिर तो बहुत आनंद आएगा। | ***Maya :*** *Phir to bahut aanand aayega.* | **Maya :** Then it will be fun. |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to kwon:

**1) वाराणसी में खाने हेतु प्रमुख व्यंजनः / *Vaaraanasee men khaane hetu pramukh vyanjan:* / Top dishes to eat in Varanasi:**

- वाराणसी में बहुत से व्यंजनों का आनंद लिया जा सकता है, जैसेः

  *Vaaraanasi men bahut se vyanjanon kaa aanand liyaa jaa saktaa hai. jaise:*

  There are many dishes to be relished in varanasi for example:

  - कचौरी–सब्जी *(Kachoree-Sabjee)*
  - बाटी–चोखा *(Baatee-Chokha)*
  - लिट्टी–चोखा *(Littee-Chokha)*
  - बनारसी पान *(Banaarasee Paan)*
  - टमाटर चाट *(Tamaatar Chaat)*

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 17.2

1. नीचे दिए गए शब्दों से रिक्त स्थानों को पूरा कीजिए –

*Neeche diye gaye shabdon se rikt sthaanon ko poora keejiye –*

Fill in the blanks with the words given below –

| फूल | खिलौना | चित्रकारी | पक्षी | मंदिर |
|---|---|---|---|---|

(क). वह ............................ बहुत भव्य है!

(ख). यह ............................ कितना सुगन्धित है!

(ग). देखो, कितना सुंदर ............................ उड़ रहा है!

(घ). यह ............................ मिट्टी का है।

(ङ). मंदिर की दीवारों पर कितनी सुंदर ............................ है!

## नए शब्द सीखें / *Naye shabd seekhen* / Learn new words:

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (क). | रेलगाड़ी | *Relagaadee* | Train |
| (ख). | आखिरकार | *Aakhirakaar* | Finally |
| (ग). | जाँच | *Jaanch* | Check |
| (घ). | यात्री | *Yaatri* | Passengers |
| (ङ). | उत्सुक | *Utsuk* | Curious |
| (च). | अद्‌भुत | *Adbhut* | Wonderful |
| (छ). | पर्यटक | *Paryatak* | Tourist |
| (ज). | मंदिर | *Mandir* | Temple |
| (झ). | विलोम | *Vilom* | Opposite |

## आइए, करके देखें / *Aaiye karke dekhen* / Let's do :

1) इस पाठ में हमें पता चला कि काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन हेतु कुछ सामान्य नियम हैं, जिनका पालन करना आवश्यक है।

इसी तरह बहुत से ऐसे स्थान होते हैं, जहाँ हमें कुछ नियमों का पालन करना पड़ता है। नीचे कुछ स्थान दिए गए हैं। आप इन स्थानों पर पालन किए जाने वाले किसी एक नियम के बारे में लिखें।

*Is paath men mamen pataa chalaa ki Kaashee Vishwanaath mandir ke darshan hetu kuchh saamaanya niyam hain, jinakaa paalan karanaa aavashyak hai.*

*Isee tarah bahut se aise sthaan hote hain jahaan hamen kuchh niyamon kaa paalan karnaa hain. Neeche kuchh sthaan diye gaye hain, aap in sthaanon par paalan kiye jaane vaale kisee ek niyam ke baare men likhen.*

In this lesson we come to know that there are some general rules for visiting Kashi Vishwanath temple, which we need to follow.

Similarly, there are many such places where we have to follow some rules. Below are the names of some places, write any one rule to be followed in those places.

- अस्पताल में
- कक्षा में
- सड़क पार करते समय
- पुस्तकालय में
- चलती हुई रेलगाड़ी में

2) कल्पना कीजिए कि आप माया हैं। सैम के साथ इस यात्रा पर महसूस की गई सांस्कृतिक और सामाजिक अखंडता के उदाहरणों पर चर्चा करें।

*Kalpanaa keejiye ki aap Maya hain, Sam ke saath is yaatraa par mahasoos kee gayee saanskrtik aur saamaajik akhandataa ke udaaharanon par charcha karen.*

Imagine you are Maya. Discuss about of the cultural and social integrity you felt during this journey with Sam.

3) वाराणसी के अन्य पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी प्राप्त करें।

*Vaaraanasee ke anya paryatan sthalon ke baare men jaanakaaree praapt karen.*

Get information about other tourist places of Varanasi.

4) भारत के सबसे लंबे रेल मार्ग और उसके मुख्य स्टेशनों की जानकारी एकत्र करें।

*Bharat ke sabase lambe rel maarg aur unke mukhy stationon ki jaankaari ekatr karen.*

Collect informaton about the longest train route and its major stations of India.

## आपने क्या सीखा: / *Aapne kyaa seekhaa:* / What have you learnt:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • काशी विश्वनाथ और भारत के अन्य महत्वपूर्ण पर्यटन स्थालों पर भारत के सांस्कृतिक और सामाजिक सौहार्द की झलक मिलती है। | *Kashi Vishwanath aur Bharat ke anya mahatvpoorn paryatan sthlaon par Bharat kee saanskritik aur saamajik sauhard kee jhalak miltee hai.* | Cultural and social harmony of India can be observed at Kashi Vishvanath and other important tourist places. |
| • काशी विश्वनाथ भारतीय इतिहास और संस्कृति की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। | *Kashi vishwnath Bhaarteeya itihaas aur sanskriti ke drishti se mahatvpoorn sthal hai.* | Kashi vishwnath is an important place from the context of India history and culture. |
| • भारत के पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता अनुशासन के नियमों का सम्मान किया जाता है। | *Bharat ke paryatan sthlon par swachhtaa, anushasan ke niyamon kaa samman kiyaa jaataa hai.* | Rules for cleanliness, discipline are followed in India at all tourist places. |
| • विलोम शब्दों के प्रयोग से अभिव्यक्ति प्रभावशाली होती है। | *Vilom shabdon ke prayog se abhivyakti prabhavshaali hotee hai.* | Antonyms make expression effective |

## पाठांत प्रश्न / *Paathant Prashn* / Terminal Questions

1. नीचे दिए गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

   *Neeche diye gaye shabdon kaa vaakyon men proyog keejiye :*

   Make sentences using the words given below :

| | | | |
|---|---|---|---|
| वाराणसी, | उत्सुक, | ऐतिहासिक, | |
| सड़क, | रेलगाड़ी, | जुर्माना, | पर्यटन |

2. नीचे बॉक्स में कुछ शब्द दिए गए हैं। उन्हें पाठ में आए उनके विलोम शब्द के सामने लिखिए

   *Neeche box mein kuchh shabd dye gye hain. Unhen paath mein aaye unake vilom shabd ke saamane likhiye.*

   Some words are given in the box below. Write them against their opposite words in the text.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जाएँगे, | स्वादहीन, | दूर, | देर, | कम, | बाद, | अंदर, | बंद |

| | |
|---|---|
| आएँगे | पास |
| स्वादिष्ट | जल्दी |
| बाहर | खुला |
| ज्यादा | पहले |

3. जिस प्रकार 'दोस्त' सुनते ही आपके दिमाग में दोस्ती, साथी, घूमना, स्कूल आदि आते हैं, उसी प्रकार नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं, उन्हें सुनते ही आपके दिमाग में क्या–क्या आता है उसे लिखिए।

   सुरक्षा ........................................................................................................................

   निर्देश ........................................................................................................................

जुर्माना .................................................................................................................

रेलगाड़ी ...............................................................................................................

वाराणसी ..............................................................................................................

## उत्तरमाला

'अपनी प्रगति जाँचें' में दिए प्रश्नों के उत्तर / *'Apnee pragati jaanchen' men diye prashanon ke uttar* /Answers of the question given under 'Check your progress'.

**17.1**

1.

क). काशी विश्वनाथ भारत का एक बहुत ही प्राचीन मंदिर है।

ख). चलो वाराणसी चलने की तैयारी करते हैं।

ग). दिल्ली से वाराणसी की सीधी रेलगाड़ी है।

घ). वह बहुत अच्छी रेलगाड़ी है।

2. साफ–गंदा

अच्छे–बुरे

बहुत–थोड़े

सहयोग–असहयोग

आनंद–वेदना

कच्चा–पक्का

धनी – निर्धन

## 17-2

1.

(क). वह **efnj** बहुत सुंदर है।

(ख). यह **Qy** कितना सुगंधित है!

(ग). देखों, कितना सुन्दर **i{kh** उड़ रहा है!

(घ). यह **f[kykuk** मिट्टी का है।

(ङ) मंदिर की दीवारों पर कितनी सुन्दर **fp=dkjh** है!

# 18

# सारनाथ

# *Saarnaath*

# Sarnath

पिछले पाठ में, सैम और माया, गीता एवं वेद के साथ विश्वनाथ मंदिर की यात्रा कर चुके हैं। इस पाठ में वे सारनाथ के विभिन्न पर्यटन स्थल देखेंगे।

*Pichhle paath men, Sam aur Maya, Geeta evam Ved ke saath Vishwanaath Mandir kee yaatraa kar chuke hain. Is paath men ve Saarnaath ke vibhinn paryatan sthal dekhenge.*

In the previous lesson, Sam and Maya, have visited Vishwanath Temple with Geeta and Ved. In this lesson, they will visit various tourist places of Sarnath.

## उद्देश्य / *Uddeshya* / Objectives

इस पाठ से हम सीखेंगे : / *Is paath se hum seekhenge :* / In this lesson we will learn:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेज़ी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| • सारनाथ के महत्त्व; | *Saarnaath ke mahattv ;* | The importance of Sarnath. |
| • भारत के राष्ट्रीय पहचान के प्रतीकों की जानकारी; | *Bharat ke raashtriya pahchaan ke prateekon kee jaankaaree;* | information about symbols of the national identity of India; |
| • समानार्थक शब्दों की पहचान तथा प्रयोग करना; | *Samaanaarthak shabdon kee pahchaan tathaa prayog karnaa;* | To identify synonyms and use them; |
| • सारनाथ के बारे में अपने अनुभव लिखना। | *Sarnath ke baare mein apne anubhav likhna.* | To write experiences of Sarnath. |

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 18.1

*गीता, वेद, सैम और माया को लेकर सारनाथ घूमने आई है।*

*Geeta, Ved, Sam aur Maya ko lekar Saarnaath ghoomne aayee hai.*

*Geeta has come to visit sarnath with Ved, Sam and Maya.*

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **वेद** : आज हम सारनाथ घूमने वाले हैं। यह जगह वाराणसी से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर है। | ***Ved :*** *Aaj hum Saarnaath ghoomane waale hain. Yah jagah Varanasi se lagabhag 10 kilometer kee doori par hai.* | **Ved :** Today we are going to visit Sarnath, this place is about 10 kms far from Varanasi. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **माया** : गीता, सबसे पहले हम कहाँ घूमने वाले हैं? | ***Maya :*** *Geeta, sabse pahle hum kahaan ghoomne waale hain?* | **Maya :** Geeta, where are we going to visit first? |
| **गीता** : सारनाथ में घूमने के लिए बहुत से स्थान हैं। सबसे पहले हम चौखंडी स्तूप चलते हैं। | ***Geeta :*** *Saarnaath men ghoomne ke liye bahut se sthaan hain. Sabse pahle hum Chaukhandee Stoop chalte hain.* | **Geeta :** There are many places to visit in Sarnath. First of all we will go to Chaukhandi Stupa. |
| **वेद** : यह स्तूप बौद्ध संस्कृति के दिव्य और महत्वपूर्ण स्मारकों में से एक है। | ***Ved :*** *Yah stoop bauddha sanskriti ke divya aur mahattvapoorn smaarakon men se ek hai.* | **Ved :** This Stupa is one of the divine and important monuments of Buddhist culture. |
| *(सभी चौखंडी स्तूप पहुंचते हैं।)* | *(Sabhee Chaukhandee Stoop pahunchte hain.)* | *(All reach Chaukhandi Stupa.)* |
| **सैम** : गीता, इस जगह के बारे में बताओ | ***Sam :*** *Geeta, is jagah ke baare men bataao.* | **Sam :** Geeta, tell us about this place. |
| **गीता** : इस जगह भगवान बुद्ध ने पांच भिक्षुओं के साथ मिलकर सबसे पहले बौद्ध शिक्षा का प्रचार किया था। | ***Geeta :*** *Is jagah bhagwaan buddh ne paanch bhikshuon ke saath milkar sabse pahle bauddh shikshaa kaa prachaar kiyaa thaa.* | **Geeta :** This is the place where Lord Buddha, along with five monks, first preached Buddhist teachings. |
| **माया** : अच्छा ! यहाँ का वातावरण कितना शांतिपूर्ण है! | ***Maya :*** *Achchhaa ! yahaan kaa vaataavaran kitnaa shaantipurn hai!* | **Maya :** Really ! how peaceful is the atmosphere of this place! |
| **सैम** : अब हम इसके बाद कहाँ जायेंगे? | ***Sam :*** *Ab hum iske baad kahaan jaayenge?* | **Sam :** Where shall we go after this? |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **वेद** : हम पुरातत्व स्थल और संग्रहालय चलते हैं। वह यहाँ से कुछ ही दूरी पर है। | ***Ved :*** *Hum puraatattva sthal aur sangraahalaya chalte hain. Vah yahaan se kuchh hee dooriee par hai.* | **Ved :** Let's go to the archaeological site and the museum, it's just on a short distance from here. |
| **गीता** : हाँ, वहीं पर चलते हैं। | ***Geeta :*** *Haan, waheen par chalte hain.* | **Geeta :** let's go there. |
| *वे सभी पुरातात्विक स्थल पहुँचते हैं।* | *Ve sabhi puraatatvik sthal pahunchte hain.* | *They all reach the archaeological site.* |
| **सैम** : गीता, माया और वेद! ये लो तुम्हारी प्रवेश टिकट। चलो, जल्दी चलते हैं। | ***Sam:*** *Geeta, Maya aur Ved! ye lo tumhaari pravesh ticket. Chalo, jaldee chalte hain.* | **Sam :** Geeta, Maya and Ved! here is entry ticket. Let's go. |
| *वे चारों पुरातत्त्व स्थल में प्रवेश करते हैं।* | *Ve chaaron puratattv sthal men pravesh karte hain.* | *All four of them enter the archeological site.* |
| **वेद** : सैम, माया! यह भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण का सबसे पुराना संग्रहालय है। | ***Ved :*** *Sam, Maya! yah Bhaarteeya Puraatattv Sarvekshan kaa sabse puraanaa sangraahalaya hai.* | **Ved :** Sam, Maya! This is the oldest museum of Archeological Survey of India. |
| **गीता** : इस स्थल की खुदाई के दौरान मिली पुरावस्तुओं को यहाँ के संग्रहालय में संरक्षित और प्रदर्शित किया गया है। | ***Geeta :*** *Is sthal ki khudai ke dauraan mili huyi puraavastuon ko yahan ke sangrahalaya mein sanrakshit aur pradarshit kiyaa gayaa hai.* | **Geeta :** The antiquities found during the excavation of this site have been preserved and displayed in the museum here. |
| **गीता** : यह देखो! यह है भारत का राष्ट्रीय चिह्न, जो अशोक स्तंभ से लिया गया है। इसे भी यहाँ संरक्षित करके रखा गया है। | ***Geeta :*** *Yah dekho! yah hai Bharat kaa raashtreeya chihh, jo Ashok stambh se liyaa gayaa hai. Ise bhi yahaan sanrakshit karke rakhaa gayaa hai.* | **Geeta :** Look! this is the national emblem of India which is taken from the Ashoka Pillar. It has also been preserved here. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **माया** : ओह! यह चार शेरों का निशान तो मैंने भारतीय मुद्रा पर भी देखा है। | ***Maya :*** *Oh! yah chaar sheron kaa nishaan to maine Bhaarteeya mudraa par bhee dekhaa hai.* | **Maya :** Oh! I have seen the mark of these four lions on Indian currency too. |
| **वेद** : और ये देखिये (अशोक चक्र की तरफ संकेत करते हुए) यह है अशोक चक्र। भारत के तिरंगे झंडे में यह चक्र देखा जा सकता है। | ***Ved :*** *Aur ye dekhiye (Ashok Chakra kee taraf sanket karte huye) yah hai Ashok Chakra. Bharat ke Tirange jhande men yah chakra dekhaa jaa saktaa hai.* | **Ved :** And see (pointing to the Ashoka Chakra), This is the Ashoka Chakra. This Chakra can also be seen in the tricolor flag of India. |



| | | |
|---|---|---|
| **सैम** : हमारे राष्ट्रीय चिह्न में कंगारू और एमु का चित्र है। | ***Sam :*** *Humaare raashtreeya chihn men kangaaroo aur emu kaa chitra hai.* | **Sam :** Our national emblem has a picture of a kangaroo and an emu. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **माया** : और हमारे राष्ट्रीय चिह्न में कॉफी और तंबाकू की शाखाओं से घिरा केंद्रीय प्रतीक होता है। | ***Maya :*** *Aur humaare raashtreeya chihn men coffee aur tambakoo kee shaakhaaon se ghiraa kendriya prateek hotaa hai.* | **Maya :** And our national emblem consists of a central symbol surrounded by coffee and tobacco branches. |
| **वेद** : आइये, आगे संग्रहालय में और भी प्राचीन चीजें हैं देखने के लिए। | ***Ved :*** *Aaiye, aage sangrahaalaya, men aur bhee praacheen chizen hai dekhne ke liye.* | **Ved :** Come on! There are many more ancient things to see in the museum ahead. |
| *सब लोग संग्रहालय घूमकर बाहर आते हैं।* | *Sab log sangrahaalaya ghoomkar baahar aate hain.* | *All come out after visiting the museum.* |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

1. भारत के कुछ राष्ट्रीय चिह्न नीचे दिए गए हैं:

   *Bharat ke kuchh raashtreeya chihn neeche diye gaye hai :*

   Some national symbols of India are given below:

| हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|
| राष्ट्रीय फूल : **कमल** | *Raashtreeya Phool:* ***Kamal*** | National Flower: **Lotus** |
| राष्ट्रीय पशु : **बाघ** | *Raashtreeya Pashu:* ***Baagh*** | National Animal: **Tiger** |

| | | |
|---|---|---|
| राष्ट्रीय पक्षी : **मोर** | *Raashtreeya Pakshee:* ***Mor*** | National Bird: **Peacock** |
| राष्ट्रीय झंडा : **तिरंगा** | *Raashtreeya Jhandaa:* ***Tirangaa*** | National Flag : **Tricolor** |
| राष्ट्र गान : **जन गण मन** | *Raashtra gaan:* ***Jan Gan Man*** | National Anthem : **Jana Gana Mana** |
| राष्ट्र गीत : **वंदे मातरम्** | *Raashtra Geet :* ***Vande Maatram*** | National Songs : **Vande Maatram** |

2. भारत के राष्ट्रीय प्रतीक के नीचे देवनागरी लिपि में 'सत्यमेव जयते' लिखा है। यह मुण्डकोपनिषद् से लिया गया है जिसका अर्थ है :–'सत्य की सदैव ही जीत होती है।'

   *Bharat keraashtreeya prateek ke neeche devanagari lipi men 'Satymev Jayate' likhaa hai. Ye Mundako Upanishad se liyaa gaya hai. Jiskaa arth hai - 'Satya kee sadaiv hee jeet hotee hai.*

   'Satyamev Jayate' is inscribed in the Devanagari Script at the base of Indian national emblem. It is adopted from mudako Upanishad. It mean - 'Truth alone Triumphs'.

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apni Pragati jaanchein* / Check your progress- 18.1

सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान भरिए:

*Sahee vikalp chukar rikt sthaan bhariye:*

Fill in the blanks with the correct option:

1. भारत का राष्ट्रीय फूल है –

   (क) गुलाब (ख) चम्पा

   (ग) कमल (घ) गेंदा

2. भारत का राष्ट्रीय पक्षी है –

(क) कोयल (ख) मोर

(ग) तोता (घ) गौरैया

3. भारत का राष्ट्रीय झंडा है –

(क) बहुरंगा (ख) वर्गाकार

(ग) तिरंगा (घ) इनमें से कोई नहीं

4. भारत का राष्ट्रीय पशु है –

(क) बाघ (ख) हाथी

(ग) गाय (घ) हिरन

5. भारत का राष्ट्रीय गान है –

(क) सारे जहॉं से अच्छार (ख) जन गण जन

(ग) बंदे मातरम (घ) ऐमेरे वतन के लोगों

## कखग आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read- 18.2

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **गीता** : अब हम चलेंगे तिब्बती मंदिर, जो सारनाथ के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है। | ***Geeta :*** *Ab hum chalenge Tibbattee mandir jo Saarnaath ke pramukh teerth sthalon men se ek hai.* | **Geeta :** Now we will go to the Tibetan temple which is one of the major pilgrimage sites of Sarnath. |
| **वेद** : और उसके बाद हम जाएंगे थाई मंदिर। मैंने सुना है वह पर्यटकों का आकर्षण केंद्र है। | ***Ved :*** *Aur uske baad hum jaayenge Thai mandir. Maine sunaa hai vah paryatakom kaa aakarshan kendra hai.* | **Ved :** And after that we will go to the Thai temple. I have heard it is a place of tourist attraction. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **माया** : मैं बहुत उत्साहित हूँ यह सब देखने के लिए। | ***Maya :*** *Main bahut utsaahit hoon yah sab dekhne ke liye.* | **Maya :** I'm so excited to see all this. |
| वे सब तिब्बती मंदिर और थाई मंदिर घूम कर आते हैं। | *ve sab Tibbatee mandir aur Thai mandir ghoom kar aate hain.* | They all visit Tibetan temple and Thai temple. |
| **गीता** : कैसी लगी आप दोनों को ये जगह? | ***Geeta :*** *Kaisee lagee aap donon ko ye jagah?* | **Geeta :** How did you both like this place? |
| **सैम** : थाई मंदिर की हरियाली और वास्तुकला शैली बहुत ही आकर्षक थी। | ***Sam :*** *Thai mandir kee hariyaalee aur vaastukalaa shailee bahut hee aakarshak thee.* | **Sam :** The greenery and architectural style of the Thai temple were very attractive. |
| **माया** : और वहाँ पर जो बुद्ध की 80 फीट विशाल मूर्ति है, वह बहुत भव्य है। | ***Maya :*** *Aur wahaan par jo Buddh kee 80 feet vishaal moorti hai vah bahut bhavya hai.* | **Maya :** And the 80 feet high Buddha statue is very splendid. |
| **गीता** : हाँ, यह भारत में बुद्ध की सबसे ऊँची मूर्ति है। | ***Geeta :*** *Haan, yah Bharat men Bhddh kee sabse oonchi moorti hai.* | **Geeta :** Yes, this is the tallest statue of Bhuddha in India. |
| **माया** : और तिब्बती मंदिर में बौद्ध चित्र देखने योग्य थे। मुझे बहुत अच्छे लगे। | ***Maya :*** *aur Tibbatee mandir men bauddh chitra dekhne yogya the. Mujhe bahut achche lage.* | **Maya :** Buddhist images were worth seeing in the Tibetan temple. I liked them a lot. |
| **गीता** : अब हम धामेख स्तूप चलते हैं। | ***Geeta :*** *Ab hum dhaamekh stoop chalte hain.* | **Geeta :** Now let's go to Dhamekh Stoopa. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| धामेख स्तूप पहुँच कर। | *Dhaamekh stoop pahunch kar.* | On reaching the Dhamekh Stupa. |



| | | |
|---|---|---|
| **गीता** : सैम, माया, यहाँ भगवान बुद्ध ने अपने शिष्यों को पहला उपदेश दिया था। | ***Geeta :*** *Sam, Maya, yahaan Bhagavaan Buddh ne apne shishyon ko pahilaa upadesh diyaa thaa.* | **Geeta :** Sam, Maya, here Lord Buddha gave his first sermon to his disciples. |
| **वेद** : इसीलिए यहाँ का वातावरण इतना दिव्य है। | ***Ved :*** *Isleeye yahaan kaa vaatavaaran itnaa divya hai.* | **Ved :** That's why the atmosphere of this place is so divine. |
| **गीता** : यहाँ पर कुछ जानकारी हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लिखी हैं। पहले हम ये पढ़ लेते हैं। | ***Geeta :*** *Yahaan par kuchh jaankaaree Hindi aur Angrejee donon bhaashaaon men likhee hain. Pahale hum ye padh lete hain.* | **Geeta :** Here some instructions are written in both Hindi and English languages. First we should read them. |

## सारनाथ

| हिन्दी –देवनागरी में Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद English Translation |
|---|---|---|
| **सैम** : मैं ये हिंदी में पढ़ूँगा, क्योंकि अब मैं भी हिंदी पढ़ सकता हूँ। | ***Sam :*** *Main yah Hindi men padhungaa, Kyunki ab main bhee Hindi padh saktaa hoon* | **Sam :** I will read this in Hindi language because now I can read Hindi too. |
| **माया** : हाँ बिलकुल। चलो पढ़ते हैं। | ***Maya :*** *Haan bilkul. Chalo padhte hain.* | **Maya :** Let's read. |
| **सैम** : हमने सभी निर्देश अच्छे से पढ़ लिए हैं। चलो, अब आगे चलते हैं। | ***Sam :*** *Hamane sabhee nirdesh, achchhe se padh liye hain. Chalo, ab aage chalate hain.* | **Sam :** We have read all the instructions carefully. Let's go ahead now. |
| **माया** : यहाँ की हरियाली बहुत मनमोहक है। | ***Maya:*** *Yahaan kee hariyaalee bahut manmohak hai.* | **Maya :** How beautiful is the greenery here. |
| *सभी धामेख स्तूप घूम कर वापस आते हैं।* | *Sabhee Dhaamekh Stoopa ghoom kar waapas aate hain.* | *All come back after visiting Dhamekh Stoopa.* |
| **वेद** : दीदी, क्यों न अब हम यहाँ के चिड़ियाघर भी चलें? | ***Ved :*** *Deedee, kyon na ab hum yahaan ke chidiyaaghar bhee chalen?* | **Ved :** Didi, why don't we visit the zoo here ? |
| **गीता** : नहीं वेद, हम वापस चलते हैं। माया और सैम भी थक गए होंगे। | ***Geeta :*** *Naheen Ved, hum vaapas chalte hain. Maya aur Sam bhee thak gaye honge.* | **Geeta :** No Ved! let's head back. Maya and Sam would also be tired by now. |
| **वेद** : ठीक है, चलिए, जैसा आप कहें। चलिए, वापस चलते हैं। | ***Ved :*** *Theek hai, chaliye jaisa aap kahen. chaliye vaapas chalte hai.* | **Geeta :** Ok, go back. As you wish. |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

1. जिन शब्दों के अर्थ में समानता होती हैं उन शब्दों को समानार्थी अथवा पर्यायवाची शब्द कहा जाता है। कुछ समानार्थी शब्द निम्नलिखित हैं:

   *Jin shabdon ke arth men samaanataa hotee hain un shabdon ko samaanaarthee athavaa paryaayvaachee shabd kahaa jaataa hai. Kuch samaanaarthee shabd nimnalikhit hain:*

   Words that have similar meanings are called synonyms. Following are some synonyms:

   - प्रमुख : मुख्य
   - पशु : जानवर
   - जल्दी : शीघ्र
   - चिह्न : निशान
   - भागना : दौड़ना
   - चित्र : तस्वीर
   - योग्य : लायक
   - विशाल : बड़ा
   - प्राचीन : पुराना

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 18.2

नीचे दिए प्रश्न पढ़िए और सही विकल्प चुनिए

*Neeche diye prashan padhiye aur sahee vikalp chuniye:*

*Read the following questions and select the correct option:*

1. धामेख स्तूप स्थित है

   (क). वाराणसी में (ख). रामेश्वरम में

   (ग). काशी में (घ). सारनाथ में

2. भारत में ........................ की सबसे बड़ी मूर्ति धामेख स्तूप में है।

(क). महावीर (ख). कृष्ण

(ग). अम्बेडकर (घ). बुद्ध

3. समानार्थी शब्दों का मिलान करें।

*Samaanaarthee shabdon kaa milaan karen.*

Match synonyms words.

| | |
|---|---|
| प्रमुख | बड़ा |
| जल्दी | दौड़ना |
| चिह्न | मजा |
| भागना | शीघ्र |
| आनंद | मुख्य |
| विशाल | निशान |

## नए शब्द सीखें / Naye shabd seekhein / Learn new words:

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (क). | विभिन्न | *Vibhinn* | Different |
| (ख). | पर्यटक | *Paryatak* | Tourist |
| (ग). | स्थल | *Sthal* | Place |
| (घ). | महत्व | *Mahattv* | Importance |
| (ङ). | भ्रमण | *Bhraman* | Tour |
| (च). | संस्कृति | *Sanskriti* | Culture |
| (छ). | दिव्य | *Divya* | Divine |

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (ज). | महत्वपूर्ण | *Mahattvapoorn* | Important |
| (झ). | भिक्षु | *Bhikshu* | Monk |
| (ञ). | अहिंसा | *Ahimsaa* | Non-violence |
| (ट). | एकता | *Ekataa* | Unity |
| (ठ). | करुणा | *Karunaa* | Compassion |
| (ड). | वातावरण | *Vaataavaran* | Atmosphere |
| (ढ). | पुरातत्त्व | *Puraatatv* | Archaeology |
| (ण). | प्रवेश | *Pravesh* | Entry |
| (त). | सर्वेक्षण | *Sarvekshan* | Survey |
| (थ). | प्राचीन | *Praacheen* | Ancient |
| (द). | खुदाई | *Khudaaee* | Excavation |
| (ध). | संरक्षित | *Sanrakshit* | Presenved |
| (न). | प्रदर्शित | *Pradarshit* | Displayed |
| (प). | चिह्न | *Chihn* | Symbol |
| (फ). | मुद्रा | *Mudraa* | Currency |
| (ब). | शाखा | *Shaakhaa* | Branch |
| (भ). | संग्रहालय | *Sangrahaalaya* | Museum |
| (म). | प्रमुख | *Pramukh* | Main |
| (य). | आकर्षण | *Aakarshan* | Attraction |
| (र). | हरियाली | *Hariyaalee* | Greenery |
| (ल). | विशालकाय | *Vishaalakaaya* | Giant |
| (व). | मूर्ति | *Moorti* | Sculpture |

## आपने क्या सीखाः / *Aapne kyaa seekhaa:* / What have you learnt:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| • देश की सांस्कृतिक विरासत में सारनाथ का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। | *Desh kee saanskritik viraasat men Saarnaath kaa atyant mahatvpoorna sthaan hai.* | Sarnath has an important place in country's cultural heritage. |
| • भारत के राष्ट्रीय प्रतीक प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय हैं। | *Bharat ke Raashtreeya prateek pratyek bhaarteeya ke liye garv kaa vishay hain.* | The national symbols of India are matter of pride for every Indian. |
| • समानार्थक शब्दों के ज्ञान से बोलने और लिखने के कौशलों में वृद्धि होती है। | *Samaanaarthak shabdon ke gyaan se bolne aur likhne ke kaushalon men vridhi hotee hai.* | Knowledge of synonyms improves oral and writing skills. |

## पाठांत प्रश्न / *Paathant Prashn* / Terminal Questions

1. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान भरें।

   *Sahee vikalp chunakar rikt sthaan bharen.*

   Fill in the blanks by choosing the correct option.

   | |
   |---|
   | अहिंसा, दस, स्तंभ, भगवान बुद्ध, कमल |

   (क) सारनाथ वाराणसी शहर से लगभग ........................ किलोमीटर की दूरी पर है ।

   (ख) भारत का राष्ट्रीय फूल ........................ है ।

   (ग) सारनाथ का मंदिर शांति और ........................ का प्रतीक है।

   (घ) सारनाथ में ........................ की 80 फीट ऊँची मूर्ति है ।

   (ङ) भारत का राष्ट्रीय चिह्न अशोक ........................ से लिया गया है।

2. सैम और माया ने सारनाथ में कुछ स्थान देखे। किन्हीं दो स्थानों के बारे में चार–पाँच वाक्य लिखिए।

   *Sam aur Maya ne Saarnaath men kuch sthaan dekhe. Kinhen do sthaanon ke baare men chaar-paanch vaakya likhiye.*

   Sam and Maya visited some places in Sarnath. Write four-five sentences on any two place.

## आइए, करके देखें / *Aaiye karke dekhen* / Let's do:

- इंटरनेट पर सारनाथ की वीडियो खोजकर उसे देखिए। सारनाथ में घूमने की और कौन–कौन सी जगहें हैं, इनके बारे में जानकारी प्राप्त कीजिए।

  *Internet par Saarnaath kee video khojkar use dekhiye. Saarnaath men ghoomne kee aur kaun-kaun see jagahen hain, inake baare men jaankaaree praapt keejiye.*

  Search the video of Sarnath on internet and watch it. What are other places to visit in Sarnath, get information about them.

- भारत के राष्ट्रीय पहचान के प्रतीकों के बारे में विस्तार से जानिए और साथियों के साथ चर्चा कीजिए।

  *Bharat ke raashtreeya pahchaan ke prateekon ke baare men vistaar se jaaniye. aur saathiyon ke saath charchaa keejiye.*

  Know about symbols of the national identity of India and discuss with your friends.

## उत्तरमाला

'अपनी प्रगति जाँचें' में दिए प्रश्नों के उत्तर / *'Apnee pragati jaanchen' men diye prashanon ke uttar* /Answers of the question given under 'Check your progress'.

**18.1**

1. (ग) कमल    2. (ख) मोर    3. (ग) तिरंगा    4. (क) बाध    5. (ग) वंदे मातरम

**18.2**

1. (घ) सारनाथ    2. (घ) बुद्ध

3. प्रमुख – मुख्य,    जल्दी – शीघ्र,    चिह्न – निशान,    भागना – दौड़ना,

   आनंद – मजा,    विशाल – बड़ा

# 19

# रामेश्वरम

## *Rameshwaram*

## **Rameshwaram**

पिछले पाठ में सैम और माया, गीता के साथ सारनाथ का भ्रमण कर चुके हैं और सारनाथ के बारे में जानकारी प्राप्त कर चुके हैं। इस पाठ में वे रामेश्वरम का भ्रमण करेंगे।

*Pichhle paath men, Sam aur Maya, Geeta ke saath Saarnaath kaa bhraman kar chuke hain aur Saarnaath ke baare men jaanakaaree praapt kar chuke hain. Is paath men ve Rameshvaram kaa bhraman karenge.*

In the previous lesson, Sam and Maya along with Geeta, visited Sarnath and got information about Sarnath. In this lesson, they will visit Rameshwaram.

## उद्देश्य / *Uddeshya* / Objectives

इस पाठ से हम सीखेंगे : / *Is paath se hum seekhenge :* / In this lesson we will learn:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेज़ी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| • दक्षिण की यात्रा पर अपने विचार साझा करना; | *Dakshin kee yaatraa par aapne vichaar saajhaa karnaa;* | To share views on the journey to the southern part of India. |
| • दैनिक जीवन में व्यवहार में आने वाली हिंदी शब्दावली (जैसे दिन के विभिन्न समय, वाहनों के नाम और गिनती) का अभ्यास करना; | *Dainik jeevan men vyavhaar men aane wali Hindi shabdaawalee (jaise din ke vibhinn samay, vaihanon ke naam aur ginatee) kaa abhyaas karnaa;* | To practice Hindi vocabulary (such as different time of the day, names of vehicles and counting) used in day to day life; |
| • पाठ में आए शब्दों को नए संदर्भों में प्रयोग करना। | *Paath men aaye shabdon ko naye sandarbhon men prayog karnaa.* | To use the words of the lesson in new contexts. |

## आइए पढ़ें / Aaiye padhein / Let's read - 19.1

मदुरई रेलवे स्टेशन का प्रतीक्षा कक्ष :

*Madurai railway station kaa pratikshaa kaksh :*

Waiting room of Madurai railway station :

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **सैम** : मुझे तो टैक्सी चालक से बात करते हुए बहुत अच्छा लगा। | ***Sam :*** *Mujhe to taxi chaalak se baat karte hue bahut achchaa lagaa.* | **Sam :** I really enjoyed talking to the taxi driver. |
| **माया** : हाँ, और उन्होंने हमें रामेश्वरम के बारे में कितनी सारी जानकारी भी दी। | ***Maya:*** *Haan, aur unhonne hamen Rameshwaram ke baare men kitnee saaree jaankaaree bhee dee.* | **Maya :** Yes, and he also told us a lot information about Rameshwaram. |
| **सैम** : रामेश्वरम के बारे में इतना सब जानकर मुझसे तो अब इंतजार ही नहीं हो रहा है । | ***Sam :*** *Rameshwaram ke baare men itnaa sab jaankar mujhse to ab intezaar hee naheen ho rahaa hai.* | **Sam :** Hearing so much about Rameswaram, I can't wait now. |
| **माया** : गीता, हमें रामेश्वरम पहुँचने में और कितना समय लगेगा? | ***Maya :*** *Geeta, hamen Rameshwaram pahunchne men aur kitnaa samay lagegaa?* | **Maya :** Geeta, how much more time will it take to reach Rameswaram? |
| **गीता** : हमारी ट्रेन शाम 4:00 बजे की है। रात 8:00 बजे तक हम रामेश्वरम में होंगे। | ***Geeta :*** *Hamaari train sham 4:00 baje kee hai. Raat 8:00 baje tak hum Rameshwaram men honge.* | **Geeta :** Our train is at 4:00 PM and by 8:00 PM we will be at Rameswaram. |
| **सैम** : मतलब आज का पूरा दिन सफर में ही बीतने वाला है। | ***Sam :*** *Matlab aaj kaa poora din safar men hee beetne waalaa hai.* | **Sam :** It means we will be spending whole day in travalling. |
| **माया** : हाँ, पहले टैक्सी फिर हवाई जहाज, और अब रेल। | ***Maya :*** *Haan, pahle taxi, fir hawaai jahaaj, aur ab rail.* | **Maya :** Yes, first taxi, then flight and now train. |
| **सैम** : ट्रेन से उतरने के बाद होटल तक के लिए ऑटो भी तो लेंगे । | ***Sam :*** *Train se utarne ke baad hotel tak ke liye auto bhee to lenge.* | **Sam :** After deboarding from the train, we will have to take an auto for hotel. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **माया** : फिर तो, बस का ही सफर रह जाएगा । *(हँसते हुए)* | ***Maya :*** *Fir to, bus kaa hee safar rah jayegaa. (Hanste Huye)* | **Maya :** Then, only the bus journey will remain. *(laughs)* |
| **गीता** : वह भी कर लेंगे, अभी तो रामेश्वरम की यात्रा शुरू ही हुई है । | ***Geeta :*** *Vah bhee kar lenge, abhee to Rameshwaram kee yaatraa shuroo hee huee hai.* | **Geeta :** We will do it too, the journey to Rameshwaram has just begun. |
| **माया** : गीता, सैम तो रामेश्वरम से ज्यादा ट्रेन की यात्रा को लेकर उत्साहित है । | ***Maya :*** *Geeta, Sam to Rameshwaram se jyaadaa train kee yaatraa ko lekar utsaahit hai.* | **Maya :** Geeta, Sam is more excited for the train journey than Rameswaram. |
| **सैम** : हाँ, आखिर ट्रेन पंबन पुल से होकर जो जाने वाली है। मैंने पढ़ा है कि ये भारत का सबसे पुराना समुद्री पुल है। | ***Sam :*** *Haan, aakhir train pamban pul se hokar jo jaane waalee hai. Maine padhaa hai kee ye Bharat kaa sabse purana samudree pul hai.* | **Sam :** Yes, after all the train is going to pass through the Pamban bridge. I have read that it is the oldest sea bridge in India. |



Source: https://commons.wikimedia.org/wiki/File:Pamban_Bridge_Train_Passing.jpg

| | | |
|---|---|---|
| **गीता**: सौ साल से भी अधिक पुराना है पंबन पुल। | ***Geeta:*** *Sau saal se bhee adhik purana hai Pamban pul.* | **Geeta:** Pamban bridge is more than a hundred years old |

| | | |
|---|---|---|
| **माया** : हाँ, सैम ने मुझे बताया। अब तो बस ट्रेन आने का इंतजार है । | ***Maya :*** *Haan, Sam ne mujhe bataayaa. Ab to bas train aane kaa intazaar hai.* | **Maya :** Yes, Sam has told me. Now, just waiting for the train to arrive. |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

1. हिंदी में दिन के हिस्सों को – सुबह, दोपहर, शाम और रात कहते हैं ।

   *Hindi men din ke hisson ko - subah, dopahar shaam aur raat kahte hain.*

   Parts of the Day are known as - subah, dopahar, sham aur raat.

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 19.1

1. सही शब्द का प्रयोग करके खाली स्थान भरें।

   *Sahee shabd ka prayog karke khaalee sathaan bharen.*

   Fill in the blanks with the correct word.

   (सुबह, दोपहर, शाम, रात)

   (क) चांद .................. में दिखाई देता है।

   (ख) .................. जल्दी उठना अच्छी आदत है।

   (ग) सूर्यास्त के समय को .................. कहते है।

   (घ) .................. में सूरज तेज चमकता है।

2. भारत का सबसे पुराना समुद्री पुल कौन सा है ?

   (क) हावड़ा पुल (ख) पंबन पुल

   (ग) भीम पुल (घ) राम झूला

## कखग आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 19.2

*रामेश्वरम में होटल का कमरा*

*Rameshwaram men hotel kaa kamaraa.*

*Hotel room at Rameshwaram*

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **सैम** : गीता, यह जगह तो बहुत अच्छी है। | ***Sam :*** *Geeta, yah jagah to bahut achchee hai.* | **Sam :** Geeta, this place is very nice. |
| **माया** : हां, बहुत किफायती भी। | ***Maya :*** *Haan, bahut kifaayatee bhee.* | **Maya :** Yes, and very economical too. |
| **सैम** : चलो जल्दी से तैयार हो जाएँ। *रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग* के दर्शन के लिए जाना है। | ***Sam :*** *Chalo, jaldi se taiyaar ho jaayen Rameshwar Jyotirling ke darshan ke liye jaanaa hai.* | **Sam :** Let's get ready quickly. We have to go for *darshan* of *Rameshwaram Jyotirlinga.* |
| **माया** : हाँ मैंने पढ़ा था, कि सुबह जल्दी मंदिर पहुंचने पर दर्शन जल्दी होते हैं। | ***Maya :*** *Haan, maine padhaa thaa, ki subah jaldee mandir pahunchne per darshan jaldee hote Hain.* | **Maya :** Yes, I had read that if we reach temple early in the morning, darshan is easily possible. |
| **सैम** : वाह माया, तुमने तो मंदिर के बारे में सारी जानकारी ले ली हैं। | ***Sam :*** *Vaah Maya, tumne to Mandir ke baare men saaree jaankaaree le lee hain.* | **Sam :** Wow Maya, you have got all the information about the temple. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **माया** : हाँ, और रामेश्वरम में आज हम कहाँ कहाँ जाने वाले हैं, मैंने उसकी योजना भी बना ली है। | ***Maya :*** *Haan, aur Rameshwaram men aaj ham kahan-kahan jaane wale hain, maine uskee yojanaa bhee banaa lee hai.* | **Maya :** Yes, and I have also made a plan of where we are going today in Rameshwaram. |
| **गीता** : माया, तुम तो बहुत समझदार हो । | ***Geeta :*** *Maya, Tum to bahut samajhdaar ho !* | **Geeta :** Maya, you are very intelligent. |
| **सैम** : दिल्ली में कितनी ज्यादा ठंड थी, यहाँ ठंड नहीं है। | ***Sam :*** *Dilli men kitnee jyaadaa thand thee, yahaan thand naheen hai.* | **Sam :** It was cold in Delhi, but it is pleasant here. |
| **गीता** : भारत की यही तो खूबी है। यहाँ हर जगह की अपनी अलग भौगोलिक विशेषता, भाषा, खान–पान और सांस्कृतिक पहचान है। | ***Geeta :*** *Bharat kee yahee to khoobi hai. Yahaan har jagah kee apnee alag bhaugolik visheshtaa, bhashaa khanpaan aur saanskritik pahchan hai.* | **Geeta :** This is the beauty of India. Here every place has its own distinct geographical feature, language, food and cultural identity. |
| **माया** : बिल्कुल सही। | ***Maya :*** *Bilkul sahee.* | **Maya :** Absolutely right. |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

- दक्षिण भारत के मीनाक्षी मंदिर घूमने की विस्तृत योजना बनाएँ और अपने दोस्तों के साथ साझा करें ।

  *Dakshin bharat ke Meenakshi Mandir ghumne kee vistrit yojnaa banaayein aur apne doston ke saath saanjhaa karen.*

  Make a detailed plan to visit Meenakshi Temple in South India and share it with your friends.

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 19.2

1. नीचे दिए वाक्य पढ़ें और सही या गलत का निशान लगाएं :

   *Neeche diye vaakya padhein aur sahee yaa galat ka nishan lagaaen:*

   Read the sentences given below and mark them right or wrong:

   (क) सैम को रामेश्वरम बहुत अच्छा लगा। ( )

   (ख) गीता ने माया को बताया कि सुबह जल्दी मंदिर जाने पर दर्शन जल्दी होते हैं। ( )

   (ग) भारत में सब जगह एक–सा मौसम रहता है। ( )

   (घ) माया ने मंदिर के बारे में सारी जानकारी ले ली थी। ( )

   (ङ) माया, गीता और सैम रेल से रामेश्वरम पहुंचे थे। ( )

   (च) रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग बहुत प्रसिद्ध है। ( )

   (छ) भारत की प्रमुख विशेषता है कि यहाँ हर जगह की अपनी पहचान है। ( )

## कखग आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 19.3

स्थान : दिल्ली वापसी के समय हवाई अड्डे पर / *Sthaan : Dilli waapasee ke samay hawaaee adde per* / Place : At the airport while returning to Delhi

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **गीता** : ये दिन कितनी जल्दी बीत गए, पता ही नहीं चला । | ***Geeta :*** *Ye din kitnee jaldee beet gaye, pataa hee naheen chalaa.* | **Geeta :** How quickly these days have passed. |
| **माया** : मेरा तो वापस जाने का मन ही नहीं कर रहा है। | ***Maya :*** *Meraa to waapas jaane ka man hee naheen kar rahaa hai.* | **Maya :** I don't feel like going back. |
| **सैम** : हाँ, तुम्हें यहाँ का डोसा– साँभर पसंद जो आ गया है। | ***Sam :*** *Haan, tumhen yahaan kaa dosa-sambhar pasand jo aa gayaa hai.* | **Sam :** Yes, you have liked dosa-sambar of this place. |
| **माया** : और तुम्हें फिल्टर कॉफी और नारियल की चटनी। | ***Maya :*** *Aur tumhen filter coffee aur naariyal kee chatnee.* | **Maya :** And you loved filter coffee and coconut chutney. |
| **सैम** : नारियल की चटनी होती ही इतनी स्वादिष्ट है। गीता! मुझे ये बनाना सिखा दोगी? | ***Sam :*** *Naariyal kee chatnee hotee hee itnee swaadisht hai. Geeta! mujhe ye banaanaa sikhaa dogee?* | **Sam :** Coconut chutney is so delicious. Geeta! will you teach me to prepare these dishes? |



| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **गीता** : हाँ, क्यों नहीं, लेकिन ऐसे स्वादिष्ट व्यंजन और कहीं नहीं मिलेंगे। | ***Geeta :*** *Haan kyon naheen, lekin aise swaadist vyanjan aur kaheen nahee milenge.* | **Geeta :** Why not, but you will not get such delicious dishes anywhere else. |
| **माया** : और न ही धनुषकोडी। जैसा समुद्र का किनारा। | ***Maya :*** *Aur na hi Dhanushkodee jaisa samudra kaa kinaaraa.* | **Maya :** Nor you will find the beach like Dhanushkodi. |
| **सैम** : यह बात तो तुमने बिल्कुल सही कही। एकदम अनोखी जगह है धनुषकोड़ी। | ***Sam:*** *Yah baat to tumne bilkul sahee kahee Ekadam anokhee jagah hai Dhanushkodee.* | **Sam:** You are absolutely right. Dhanushkodi is a very unique place. |
| **माया** : एक तरफ एकदम शांत और गंभीर बंगाल की खाड़ी और दूसरी ओर विशाल हिंद महासागर। | ***Maya:*** *Ek taraf ekadam shant aur gambhir Bangal ki khadi aur doosri or vishaal Hind Mahaasaagar.* | **Maya:** Quiet and profound Bay of Bengal on one side and vast Indian Ocean on the other. |
| **गीता** : हाँ, कितना सुंदर प्राकृतिक दृश्य था! मुझे तो जिंदगी भर याद रहेगा। | ***Geeta:*** *Haan, kitnaa sundar praakritik drishya thaa! Mujhe to jindagee bhar yaad rahega.* | **Geeta:** Yes, what a beautiful scene it was! I will remember it for the rest of my life. |
| **सैम** : याद तो मुझे वे पानी में तैरने वाले पत्थर भी रहेंगे। | ***Sam:*** *Yaad to mujhe ve paanee men tairne waale patthar bhee rahenge.* | **Sam:** I will not forget those stones floating in the water. |
| **माया** : और रामेश्वरम मंदिर भी। | ***Maya:*** *Aur Rameshwaram mandir bhee.* | **Maya:** And Rameshwaram temple too. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **सैम** : हाँ, वह कैसे भूल सकते हैं। मंदिर का गलियारा कितना सुंदर था न? वहाँ की शिल्पकला और चित्रकारी ने तो मेरा मन ही मोह लिया । | ***Sam:*** *Haan, vah kaise bhool sakte hain. Mandir kaa galiyaaraa bahut sundar thaa? Vahaan kee shilpkalaa aur chitrakaaree ne to meraa man hee moh liyaa.* | **Sam:** Yes, how can we forget that. The corridor of the temple was very beautiful. Its craftsmanship and painting fascinated me. |




Source https://commons.wikimedia.org/wiki/File:Ramanathaswamy_temple_corridor.JPG

| | | |
|---|---|---|
| **गीता** : और यह दुनिया का सबसे लंबा गलियारा भी है । | ***Geeta :*** *aur yah duniyaa kaa sabse lamba galiyaaraa bhee hai.* | **Geeta :** And it is the longest corridor in the world also. |
| **सैम** : हाँ और उतनी ही लंबी थीं लोगों की कतारें। | ***Sam :*** *Haan aur utani hee lambi thee logon kee kataaren.* | **Sam :** Yes and the queues of people were equally long. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **माया** : मैं तो देखकर ही दंग रह गई । सब कितने उत्साह और श्रद्धा के साथ खड़े थे। | ***Maya :*** *Main to dekh kar hee dang rah gayee. Sab kitne utsaah aur shraddhaa ke saath khade the.* | **Maya :** I was stunned see them. Everyone stood with so much enthusiasm and reverence |
| **सैम** : यह यात्रा बहुत अच्छी रही। सुंदर जगहे, स्वादिष्ट भोजन, मिलनसार लोग। | ***Sam :*** *Yah yaatraa bahut achchee rahee. sundar jagahen, swaadist bhojan, milansaar log.* | **Sam :** This trip was very good. Beautiful place, delicious food, friendly people. |
| **माया** : यह बात तो बिल्कुल सही कही तुमने। | ***Maya :*** *Yah baat to bilkul sahee kahee hai tumne.* | **Maya :** You are absolutely right. |

## यह भी जानें ! / *Yah bhee jaanen !* / There's more to know:

1. डोसा, साँभर, वडा, नारियल की चटनी, इडली, रसम आदि दक्षिण भारतीय व्यंजनों के नाम हैं।

   *Dosaa, Saambhar,Vadaa, Naariyal kee chatnee,Idlee Rasam aadi dakshin Bhaarteeya vyanjano ke naam hain.*

   Dosa, Sambar, Vada, Coconut Chutney, Idli, Rasam are the names of South Indian dishes.

2. हवाई जहाज, रेल, बस, ऑटो, टैक्सी आदि वाहनों के नाम हैं ।

   *Hawai jahaj, Rail, Bus, Auto, Taxi aadi vahanon ke naam hain.*

   Aeroplance, train, buse, auto, taxi, etc. are the names of vehicles.

## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 19.3

1. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए

   *sahee shabd chunkar rikt sathaan bhariye:*

   Fill in the blanks by choosing the correct word:

| |
|---|
| पत्थर, धनुषकोड़ी, चटनी, महासागर, रामेश्वरम, गलियारा |

(क) नारियल की स्वादिष्ट ...................

(ख) एक अनोखी जगह ...................

(ग) विशाल हिन्द ...................

(घ) दुनिया का सबसे लंबा ...................

(ङ) पानी में तैरने वाले ...................

(च) ................... ज्योतिर्लिंग के दर्शन

2. नीचे दिए शब्दों के सही जोड़े बनाइए:

   *Neeche diye shabdon ke sahee jode banaaiye:*

   Pair the follwing words:

| | |
|---|---|
| रामेश्वरम | व्यंजन |
| धनुषकोड़ी | वाहन |
| डोसा सांभर | समुद्री किनारा |
| ठंड | मंदिर |
| रेल | मौसम |

3. दिल्ली से रामेश्वरम तक किन–किन वाहनों से यात्रा की गई ? उन वाहनों के नाम लिखिए–

*Dilli se Rameshwaram tak kin-kin Vaahnon se yaatraa kee gaee? Un Vaahnon ke naam likhiye –*

Which vehicles were used to travel from Delhi to Rameshwaram ? Write their names.

4. इडली, डोसा किस तरह के व्यंजन है ?

*Idalee, Dosaa, kis tarah ke vyanjan hain?*

What types of dishes are Dosa and Sambhar?

(क) उत्तर भारतीय

(ख) चाइनीज़

(ग) पंजाबी

(घ) दक्षिण भारतीय

## नए शब्द सीखें / Naye shabd seekhein / Learn new words:

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (क). | पर्यटन | *Paryatan* | Tourism |
| (ख). | सांस्कृतिक | *Saanskritik* | Cultural |
| (ग). | भौगोलिक | *Bhaugolik* | Geographical |
| (घ). | सौंदर्य | *Soundarya* | Beauty |
| (ङ). | उत्तर | *Uttar* | North |
| (च). | दक्षिण | *Dakshin* | South |
| (छ). | वाहन | *Vaahan* | Vehicle |
| (ज). | इंतजार | *Intazaar* | Wait |
| (झ). | दोपहर | *Dopahar* | Afternoon |
| (ञ). | यात्रा | *Yaatraa* | Journey |

## रामेश्वरम

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (ट). | ज्यादा | *Jyaadaa* | More |
| (ठ). | उत्साहित | *Utsaahit* | Excited |
| (ड). | योजना | *Yojana* | Plan |
| (ढ). | नारियल | *Naariyal* | Coconut |
| (ण). | समुंद्र | *Samudra* | Sea |
| (त). | दृश्य | *Drishya* | Sight |

## आपने क्या सीखा: / *Aapne kyaa seekhaa:* / What have you learnt:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। | *Rameshwaram jyotirling shiv ke 12 jyotirlingon men se ek hai.* | Rameshwaram jyotirlinga is one of the 12 jyotirlingas of Load Shiva. |
| • रामेश्वरम दक्षिण भारत का प्रमुख तीर्थ स्थल है। | *Rameshwaram dakshin Bharat kaa pramukh teerth sathal hai.* | Rameshwaram is a prominent pilgrimage site of South India. |
| • रामेश्वरम भारतीय प्राचीन कला और संस्कृति का उत्कृष्ट उदाहरण है। | *Rameshwaram bhaarteeya kalaa aur sanskriti kaa utkrisht udaaharan hai.* | Rameshwaram is an excellent example of Indian ancient art and culture. |
| • बीते अनुभवों को भूतकाल में व्यक्त किया जाता है। | *Beete anubhavon ko bhootkaal men vyakt kiyaa jaataa hai.* | Past experiences are expressed in past tense. |

## पाठांत प्रश्न / Paathant Prashn / Terminal Questions

1. शब्दों को सही क्रम में लगाकर वाक्य बनाइए–

   *Shabdon ko sahee kram men lagaakar vaakyaa banaaiye-*

   Make sentence by putting the words given below in the correct sequence.

   (क) डोसा ने माया खाया । ........................................

   (ख) थक बहुत हूँ गया मैं । ........................................

   (ग) गीता है पढ़ती किताब । ........................................

   (घ) रामेश्वरम सैम माया और गए घूमने । ........................................

2. पाठ में आए क्रिया शब्दों की सूची बनाइए

   *Paath men aaye kriyaa shabdon kee soochee banaaiye.*

   Make a list of the verbs that appear in the lesson.

3. पाठ में आए विशेषणों की सूची बनाइए।

   *Paath men aaye visheshanon kee soochee banaiye.*

   Make a list of the adjectives appeared in the lesson.

4. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए:

   *Nimnlikhit shabdon kaa vaakyon men prayog keejiye:*

   Make senteances using the words given below:

   | | | | |
   |---|---|---|---|
   | (क) | यात्रा | (च) | योजना |
   | (ख) | उत्साह | (छ) | लंबा |
   | (ग) | खूबी | (ज) | सुंदर |
   | (घ) | जानकारी | (झ) | अनोखी |
   | (ङ) | विशेषता | (ञ) | स्वादिष्ट |

## आइए, करके देखें / *Aaiye karke dekhen* / Let's do :

1. भारत की ऐतिहासिक इमारतों के बारे में जानकारी एकत्र करें।

   *Bharat kee aitihaasik imaarton ke baare men jaankaaree ekatra karen.*

   Collect information about the historical monuments of India.

2. भारत में स्थित प्रमुख तीर्थस्थलों की सूची बनाइए और उनके बारे में जानकारी एकत्र कीजिए।

   *Bharat men sthit pramukh teerthsthlon kee soochee banaaiye aur unke baare men jaankaaree ekatr kijiye.*

   Prepare a list of major pilgrimage sites situated in India and collect information about them.

3. दक्षिण भारतीय व्यंजनों की सूची बनाइए। प्रत्येक व्यंजन के चित्र भी एकत्रित करें।

   *Dakshin bhaarteeya vayanjanon kee soochee banaaiye. Pratyek vyanjan ke chitra bhee ekatrit karen.*

   Make a list of Souch Indian Cuisine. Collect their pictures too.

## उत्तरमाला

'अपनी प्रगति जाँचें' में दिए प्रश्नों के उत्तर / *'Apnee pragati jaanchen' men diye prashanon ke uttar* /Answers of the question given under 'Check your progress'.

**19.1**

1. (क) रात, (ख) सुबह ,
   (ग) शाम, (घ) दोपहर
2. (ख) पंबन पुल

**19.2**

1. (क) सही (ख) गलत (ग) गलत (घ) सही
   (ङ) सही (च) सही (छ) सही

## 19-3

1. (क) चटनी (ख) धनुषकोड़ी

   (ग) महासागर (घ) गलियारा

   (च) पत्थर (छ) रामेश्वरम

2. रामेश्वरम – मंदिर

   धनुषकोज़ी – समुन्द्री किनारा

   डोसा सांभर – व्यंजन

   ठंड – मौसम

   रेल – वाहन

3. टैक्सी, हवाईजहाज, रेल

4. (घ) दक्षिण भारतीय

# 20

# भारत : मेरे अनुभव

## *Bharat: Mere Anubhav*

## India: My Experiences

सैम और माया अपने देश लौटने की तैयारी कर रहे हैं। इस पाठ में, सैम और माया गीता से विदा लेते हैं और एयरपोर्ट की ओर प्रस्थान करते हैं। एयरपोर्ट जाते हुए वे टैक्सी चालक से बातचीत करते हैं। चलिए, हम भी उन्हें विदा करते हैं।

*Sam aur Maya apne desh lautne kee taiyaaree kar rahe hain. Is paath men, Sam aur Maya Geeta se vidaa lete hain aur airport kee or prasthaan karte hain. Airport jaate hue ve taxi chaalak se baatcheet karte hain. Chaliye hum bhee unhen vidaa karte hain.*

Sam and Maya are ready to go back to their country. In this lesson, Sam and Maya take leave of Geeta's family and proceed towards the Airport. While going to the airport, they talked to the taxi driver. Let's bid farewell to them.

## उद्देश्य / *Uddeshya* / Objectives

इस पाठ से हम सीखेंगे : / *Is paath se hum seekhenge :* / In this lesson we will learn:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेज़ी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| • स्वतंत्र रूप से सरल भाषा में अपने विचार साझा करना; | *Swatantra roop se saral bhaashaa men apne vichaar saanjhaa karnaa;* | To share views in simple language independently; |
| • हिन्दी में वार्तालाप करना; | *Hindi men vaartaalaap karnaa;* | To talk in Hindi; |
| • हिन्दी में लेखन और अभ्यास करना। | *Hindi men likhan aur abhyaas karnaa.* | To write in Hindi and practice. |

## आइए पढ़ें / *Aaiye padhen* / Let's read - 20.1

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **गीता** : सैम, सारी तैयारी हो गई ? | ***Geeta :*** *Sam, saari taiyaaree ho gayee ?* | **Geeta :** Sam, are all the preparations done? |
| **सैम** : हाँ गीता, सारी तैयारी हो गई। बस, माया कुछ मसाले लेने गई है। | ***Sam :*** *Haan Geeta, saaree taiyaaree ho gayee. Bas Maya kuchh masaale lene gayee hai* | **Sam :** Yes Geeta, all preparations are done. Maya has just gone to buy some spices. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **गीता** : तुम्हारी खरीददारी हो गई ? | ***Geeta :*** *Tumhaaree khareeddaaree ho gayee?* | **Geeta :** Have you done your shopping? |
| **सैम** : मैंने अपनी मम्मी के लिए कुछ कपड़े लिए हैं, एक कश्मीरी शॉल भी लिया है। मेरी खरीददारी तो हो गयी है पर मन करता है कि यहीं रह जाऊँ। | ***Sam :*** *Maine apnee mammy ke liye kuchh kapde liye hain, ek kashmiree shawl bhee liya hai. Meri khareeddaaree to ho gayee hai Par man kartaa hai ki yahin rah jaaoon.* | **Sam :** I have bought some clothes for my mother, one Kashmiri shawl too. I have done my shopping. But I feel like staying here. |
| **गीता** : तो मत जाओ, अभी तो बहुत कुछ देखना बाकी है। | ***Geeta :*** *To mat jao, abhee to bahut kuchh dekhnaa baakee hai.* | **Geeta :** Then don't go. There is still a lot to see. |
| **सैम** : हाँ, देखना तो बाकी है, पर क्या करूँ? वहाँ भी काम है। फ्लाइट की टिकट भी हो गई है। | ***Sam :*** *Haan, dekhnaa to baakee hai par kya karoon? Vahaan bhee kaam hai. Flight kee ticket bhee ho gayee hai.* | **Sam :** Yes, there is lot to see but what to do? I have work there also. Flight tickets are also booked. |
| **गीता** : फ्लाइट कब की है? | ***Geeta :*** *Flight kab kee hai?* | **Geeta :** When is the flight? |
| **सैम** : फ्लाइट आज रात 10.00 बजे की है। | ***Sam :*** *Flight aaj raat 10.00 baje kee hai.* | **Sam :** The flight is at 10.00 P.M. tonight. |
| **गीता** : ठीक है। मैं भी समय पर तैयार हो जाऊँगी। एयरपोर्ट तक साथ चलूँगी । | ***Geeta :*** *Theek hai, main bhee samay par taiyaar ho jaaoongee. Airport tak saath chaloongee.* | **Geeta :** Okay, I will also be ready on time. I will accompany you to the airport. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **माया** : (अंदर आते हुए) नहीं गीता, यहाँ से एयरपोर्ट काफी दूर है । और अब तो हमें हिन्दी भी आ गयी है। हम टैक्सी से चले जाएंगे । | ***Maya :*** *(andar aate huye) Naheen Geeta, yahaan se airport kafee door hai. Aur ab to hamen Hindi bhee aa gayee hai. Ham taxi se chale jayenge.* | **Maya :** (while coming in) No Geeta, the airport is too far from here. Now we have also learnt Hindi. We'll go by taxi. |
| **गीता** : हाँ, यह तो मैं भूल ही गई थी। अब तो तुम्हें हिन्दी भी आ गयी है। | ***Geeta :*** *Haan, Yah to main bhool hee gayee thee. Ab to tumhen Hindi bhee aa gayee hai.* | **Geeta :** Oh,That I forgot. Now you have learnt Hindi also. |
| **माया** : मैं फिर आऊँगी। भारत में और भी जगहें देखनी हैं। इतना सुंदर देश है। इतने अच्छे लोग हैं। | ***Maya :*** *Main fir aaoongee. Bharat men aaur bhee jagahen dekhnee hain. Itnaa sunder desh hai, itne achchhe log hain.* | **Maya :** I will come again. There are many more places to see in India. Such a beautiful country, such nice people. |
| **गीता** : धन्यवाद माया, जरूर आना। मैं चलती हूँ। अभी आराम करो। फिर तैयार हो जाना । | ***Geeta:*** *Dhanyawaad Maya, zaroor aana. Main chaltee hoon. Abhee aaraam karo. Fir taiyaar ho jaanaa.* | **Geeta :** Thanks Maya, you must come. I take leave. Take rest now. Then get ready. |
| **माया:** सैम ! गीता और उसका परिवार कितना अच्छा है। | ***Maya :*** *Sam, Geeta aur uskaa parivaar kitnaa achhaa hai!* | **Maya :** Sam, Geeta and her family is so nice! |
| **सैम** : हाँ माया, मैंने भी देखा कि भारत के लोग बहुत अच्छे हैं। हमारी कितनी मदद की! | ***Sam :*** *Haan Maya, maine bhee dekhaa ke Bhaarat ke log bahut achchhe hain. Hamaree kitni madad kee!* | **Sam :** Yes Maya, I also felt that the people of India are nice. How helpful they are! |

## अपनी प्रगति जाँचें / Apnee Pragati jaanchen / Check your progress- 20.1

1. निम्नलिखित में से सही शब्द चुनिये :

   *Nimnlikhit men se sahee shabd chuniye :*

   Choose correct word from the following:

   (क) व्यक्ति – माया, पेड़, वेद, कौन

   (ख) स्थान – मेला, रसोई , काशी, धोना

   (ग) विशेषण – अच्छे, लंबे, सुंदर, पेड़, सागर

   (घ) क्रिया – बच्चे , पढ़िए, खाइए, मेरा

2 माया क्या लेने गयी है?

   *Maya kyaa lene gayee hai ?*

   What has maya gone to get?

   (क) फल

   (ख) मसाले

   (ग) कपड़े

   (घ) सब्जी

3. सैम ने अपनी मम्मी के लिए क्या खरीदा ?

   *Sam ne aapnee mammee ke liye kyaa khareedaa?*

   What did Sam buy for his mother?

## आइए पढ़ें / Aaiye padhen / Let's read - 19.2

शाम हो गई है। सैम और माया तैयार हैं। गीता आती है।

*Sham ho gayee hai. Sam and Maya taiyaar hain. Geeta aatee hai.*

It is evening now. Sam and Maya are ready. Geeta comes.

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **गीता** : सैम ! सारी तैयारी हो गई? | ***Geeta :*** *Sam ! saree taiyaaree ho gayee?* | **Geeta :** Sam ! are all the preparations done? |
| **सैम** : हाँ गीता, हम तैयार हैं। | ***Sam :*** *Haan Geeta, hum taiyaar hain.* | **Sam :** Yes Geeta, we are ready. |
| **गीता**: मैंने एयरपोर्ट के लिए टैक्सी बुला दी है। हम सामान टैक्सी में रख लेते हैं। | ***Geeta :*** *Maine Airport ke liye taxi bulaa dee hai. Ham saamaan taxi men rakh lete hain.* | **Geeta :** I have colled the taxi for airport. Lets put the luggage in the taxi. |
| *सब मिलकर सामान टैक्सी में रखते हैं।* | *Sab milkar saamaan taxi men rakhte hain.* | *Everyone together puts the luggage in taxi.* |
| **सैम (गीता से)** : अब हम चलते हैं । अपना ध्यान रखना। | ***Sam (Geeta se) :*** *Ab ham chalte hain. Apnaa dhyaan rakhnaa.* | **Sam (to Geeta) :** Now, we take leave, take care of yourself. |
| **गीता** : तुम भी अपना ध्यान रखना। शुभ यात्रा। घर पहुंचते ही मुझे बताना। | ***Geeta :*** *Tum bhee apnaa dhyaan rakhnaa. Shubh yatra. ghar pahunchte hee mujhe batanaa.* | **Geeta :** You also take care of yourself. Happy journey. Infom me as soon as you reach home. |
| *सैम और माया टैक्सी में बैठते हैं।* | *Sam and Maya taxi men baithte hain.* | *Sam and Maya get into the taxi.* |
| **टैक्सी चालक** : नमस्कार सर, मैडम। | ***Taxi Chaalak :*** *Namaskaar Sir, Madam.* | **Taxi Driver :** Namaskaar Sir, Madam. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **माया** : नमस्कार! हमें एयरपोर्ट पहुँचने में कितना समय लगेगा? | ***Maya :*** *Namaskaar! Hamen airport pahunchne men kitna samay lagegaa?* | **Maya :** How long will it take us to reach the airport? |
| **टैक्सी चालक** : ट्रैफिक ज्यादा है। हमें एयरपोर्ट पहुँचने में करीब एक घंटा लगेगा। | ***Taxi Chaalak :*** *Traffic zyaadaa hai. Hamen airport pahunchne men kareeb ek ghantaa lagegaa.* | **Taxi Driver :** Traffic is heavy. It will take us about an hour to reach the airport. |
| **टैक्सी चालक** : सर, आप भारत में घूमने आए थे ? | ***Taxi Chaalak :*** *Sir, aap Bharat men ghoomne aye the?* | **Taxi Driver :** Sir, did you come to India as tourist? |
| **माया** : जी हाँ !, हम भारत में घूमने आए थे। | ***Maya :*** *Ji haan, hum Bharat men ghoomne aaye the.* | **Maya :** Yes! We had come to visit India as tourist. |
| **टैक्सी चालक** : सर, आप यहाँ कितने दिन रहे? | ***Taxi Chaalak :*** *Sir, aap yahan kitne din rahe?* | **Taxi Driver :** Sir, how long have you been here? |
| **सैम** : हम यहाँ छह महीने रहे। | ***Sam :*** *Hum yahaan chhah maheene rahe.* | **Sam :** We stayed here for six months. |
| **टैक्सी चालक** : कैसा लगा आपको हमारा देश? | ***Taxi Chaalak :*** *Kaisaa lagaa aapko hamaaraa desh ?* | **Taxi Driver :** How do you like our country? |
| **सैम और माया** : (एक स्वर में) बहुत अच्छा लगा। | ***Sam and Maya :*** *(Ek swar men) bahut achhaa lagaa.* | **Sam and Maya :** (in unison) That's great. |
| **टैक्सी चालक** : आप कहाँ–कहाँ घूमे? | ***Taxi Chaalak :*** *Aap kahaan-kahaan ghoome?* | **Taxi Driver :** Which places have you visited? |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| **माया** : हमने रामेश्वरम, काशी देखा । | ***Maya :*** *Hamne Raameshwaram, Kashee dekhaa.* | **Maya :** We have seen Rameshwaram and Kashi. |
| **सैम** : हम सारनाथ भी गए ।<br><br>रामेश्वरम जाते हुए ट्रेन से खेतों की हरियाली देखी। रास्ते में कितने गाँव, शहर आए। नदियां, सागर बहुत सुंदर हैं। तरह–तरह का खाना, पोशाक, भाषाएँ ....... | ***Sam:*** *hum Saarnaath bhee gaye.*<br><br>*Rameshwaram jaate hue train se kheton kee hariyaalee dekhee. Raaste men kitne gaaon, shahar, aaye. Nadiyaan, saagar, bahut sundar hain. Tarah-tarah kaa khaanaa, poshaak, bhaashaaein......* | **Sam :** we went to see Sarnath also.<br><br>While going to Rameshwaram, we saw lush greenry of fields. There were so many villages, towns on the way. Rivers, sea are so beautiful. Variety of Cuisines, attire, languages... |
| **टैक्सी चालक** : क्या आपको पता है, हम इसे क्या कहते हैं?<br><br>हम इसे कहते हैं...<br><br>विविधता में एकता, हिन्द की विशेषता। इसका अर्थ है– हम भारतीय बहुत अलग हैं, फिर भी हम सब एक हैं। | ***Taxi Chaalak :*** *Kyaa aapko pataa hai, hum ise kyaa kehte hain?*<br><br>*Hum ise kahte hain...*<br><br>*Vividhata men ektaa, Hind kee visheshtaa. Iskaa arth hai- hum bhaarateeya bahut alag hain, fir bhee hum ek hain.* | **Taxi Driver :** Do you know, what we call it?<br><br>We call it …<br><br>Unity in Diversity is the speciality of India. It means we Indians are so different, yet we are united. |
| **माया और सैम** : वाह! विविधता में एकता, हिन्द की विशेषता। | ***Maya and Sam :*** *Vaah! vividhtaa men ektaa, Hind kee visheshtaa.* | **Maya and Sam :** Wow! Unity in Diversity is speciality of India. |

| हिन्दी –देवनागरी में<br>**Hindi in Devnagri** | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>**Hindi in Roman Script** | अँग्रेजी अनुवाद<br>**English Translation** |
|---|---|---|
| **टैक्सी चालक** : सर, मैडम! हम एयरपोर्ट पहुँच गए। | ***Taxi Chaalak :*** *Sir, Madam! hum airport pahunch gaye.* | **Taxi Driver :** Sir, Madam! We have reached Airport. |
| **माया** : धन्यवाद। आपका बिल कितना हुआ? | ***Maya :*** *dhanywaad, apkaa bil kitnaa huaa?* | **Maya :** Thanks, How much is the bill? |
| **टैक्सी चालक** : गीता मैडम ने बिल का भुगतान पहले ही कर दिया है। | ***Taxi Chaalak :*** *Geeta madam ne bill kaa bhugtaan pahle hee kar diyaa hai.* | **Taxi Driver :** Geeta Madam has already paid the bill. |
| **सैम** : धन्यवाद । | ***Sam :*** *Dhanyawaad* | **Sam :** Thanks. |
| **टैक्सी चालक** : शुभ यात्रा सर, मैडम। | ***Taxi Chaalak :*** *Shubh yaatraa Sir, Madam* | **Taxi Driver :** Happy journey Sir, Madam. |



## अपनी प्रगति जाँचें / *Apnee Pragati jaanchen* / Check your progress- 20.2

1. नीचे दिए गए चित्रों को पहचानिए और हिन्दी में उनका नाम लिखिए :

   *Neeche diye gaye Chitron ko pahchaaniye aur hindi men unkaa naam likhiye :*

   Identify the following pictures and write their names in hindi:

 (1) .....................

 (2) .....................

 (3) .....................

 (4) .....................

 (5) .....................

 (6) .....................

 (7) .....................

 (8) .....................

2 नीचे दिए प्रश्नों के सही संकेत चुनकर उत्तर लिखिए :

   *Neeche diye prashn kaa sahee sanket chunkar uttar likhiye : .*

   Choose the right clue and answer the following question :

   (क) किसने पूरी तैयारी कर ली ? (सैम, वेद, पिताजी)

   (ख) कौन मसाले लेने गई थी? (गीता, माँ, माया)

   (ग) किसने बिल का भुगतान किया?(माँ, गीता, सैम)

   (घ) टैक्सी चालक के अनुसार विविधता में एकता किसकी विशेषता है? (भारत, रूस, ऑस्ट्रेलिया)

   (ङ) सैम और माया टैक्सी से कहाँ जा रहे हैं ? (रेलवे स्टेशन, बाज़ार, एयरपोर्ट)

## नए शब्द सीखें / *Naye shabd seekhen* / Learn new words:

| | हिन्दी –देवनागरी में | हिन्दी –रोमन लिपि में | अँग्रेजी अनुवाद |
|---|---|---|---|
| (क). | लौटना | *lautanaa* | To return |
| (ख). | प्रस्थान | *prasthaan* | Departure |
| (ग). | विदा | *vidaa* | Farewell |
| (घ). | मसाले | *masaale* | Spices |
| (ङ). | भूल | *bhool* | Forget |
| (च). | मदद | *madad* | help |
| (छ). | सुंदर | *sundar* | beautiful |
| (ज). | दूर | *door* | Far |
| (झ). | लोग | *log* | People |
| (ञ). | इंतजार | *intzaar* | Wait |
| (ट). | सामान | *saamaan* | Luggage |
| (ठ). | शुभ यात्रा | *shubh yaatra* | Happy Journey |
| (ड). | हरियाली | *hariyaalee* | Greenery |
| (ढ). | खाना | *khaanaa* | Cuisines |
| (ण). | पोशाक | *poshaak* | Dress |
| (त). | भाषाएं | *bhaashaaein* | Languages |
| (थ). | विविधता | *vividhataa* | Diversity |
| (द). | एकता | *ektaa* | Unity |
| (ध). | हिन्द | *hind* | Bharat/India |
| (न). | विशेषता | *visheshtaa* | Feature |
| (प). | भुगतान | *bhugtaan* | Payment |

## आइए, करके देखें / *Aaiye karke dekhen* / Let's do :

- कल्पना कीजिए कि सैम और माया को एयरपोर्ट जाते हुए रास्ते में क्या–क्या दिखा होगा। एक सूची तैयार कीजिए:

  *Kalpanaa keejiye kee Sam aur Maya ko airport jate hue raaste men kyaa–kyaa dikhaa hogaa. Ek soochee taiyaar keejiye.*

  Imagine what Sam and Maya must have seen on their way to the Airport. Make a List:

  ---------------------, --------------------, --------------------, ---------------------

  ---------------------, ---------------------, -------------------, ---------------------

## आपने क्या सीखा: / Aapne kyaa seekhaa: / What have you learnt:

| हिन्दी –देवनागरी में<br>Hindi in Devnagri | हिन्दी –रोमन लिपि में<br>Hindi in Roman Script | अँग्रेजी अनुवाद<br>English Translation |
|---|---|---|
| • भारत में अतिथि को देव मानने की परम्परा है। | *Bharat men atithi ko dev maanane kee paramparaa hai.* | India has a tradition of treating their guest as God |
| • भारत विविधताओं का देश है। | *Bharat vividhataaon kaa desh hai.* | India is a country of diversity. |
| • हिंदी जैसे बोली जाती है वैसे ही लिखी जाती है। | *Hindi jaise bolee jaatee hai, vaise hee likhee jaatee hai.* | Hindi is written, as it is spoken. |

## पाठांत प्रश्न / *Paathant Prashn* / Terminal Questions

1 नीचे दिए गए वाक्य पढ़िए और लिखिए : / *neeche diye gaye vaakyon ko padhiye aur likhiye* / Read and write the following sentences :

- भारत सुंदर देश है।
- मेरा देश भी सुंदर है।
- मुझे बहुत खुशी हुई ।

- मुझे कॉफी पसंद है।
- हम एयरपोर्ट पहुँच गए।
- पिताजी चाय बनाते हैं।
- ये आम मीठे हैं।
- हम प्रेम से रहते हैं।
- मुझे भारत जाना है।
- हमने दीपावली पर दीप जलाए।
- दादाजी ने आर्शीर्वाद दिया।

2. कल्पना कीजिए सैम ने अपने देश लौटकर गीता को संदेश में क्या लिखा होगा? एक संदेश लिखिए।

   *Kalpanaa keejiye Sam ne apne desh lauthkar Geeta ko sandesh men kyaa likhaa hogaa? Ek sandesh likhiye.*

   Imagine what Sam would have written in the message to Geeta after returing to his country? Write a massage.

3. कल्पना कीजिए कि आप माया/सैम हैं। अपने मित्रों को भारत यात्रा के बारे में बताइए।

   *Kalpanaa keejiye aap Maya/Sam hain. Apne mitron ko Bharat yaatraa ke baare men bataaiye.*

   Imagine you are Maya/Sam. Tell your friends about your visit to India.

4. नीचे दिए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

   *Neeche diye gaye shabdon kaa vaakyon men prayog keejiye:*

   Make sentences using the words given below:-

   | |
   |---|
   | खरीदारी, खेत, यात्रा, विशेषता, बिल, देश, जगह, मदद |

5. अब तक सीखे हिंदी शब्दों की सूची बनाइए।

   *Ab tak seekhe Hindi Shabdon kee soochee banaaiye.*

   Prepare a list of Hindi words you have learn till now.

## आइए, करके देखें / Aaiye karke dekhen / Let's do :

- हिन्दी के कार्यक्रम देखिए, सुनिए और अपना हिंदी का शब्द भंडार बढ़ाइए।

  *Hindi ke kaaryakram dekhiye, suniye aur apnaa hindi ke shabd bhandaar badhaaiye.*

  Watch and listen to the hindi programmes and increase your vocabulary.

- हिंदी के पाँच नए शब्द प्रतिदिन सीखिए।

  *Hindi ke paanch naye shabd Pratidin seekhiye.*

  Learn five new words everyday.

## उत्तरमाला

'अपनी प्रगति जाँचें' में दिए प्रश्नों के उत्तर / *'Apnee pragati jaanchen' men diye prashanon ke uttar* /Answers of the question given under 'Check your progress'.

**20.1**

1 व्यक्ति – माया, वेद

2 स्थान – मेला, रसोई, काशी,

3 विशेषण – अच्छे, लंबे, सुंदर

4 क्रिया – लीजिए, पढ़िए, खाइए

**20.2**

1 घर, आप, पुस्तक, तिरंगा, फूल, पेड़, सड़क, नदी

2
- सैम ने पूरी तैयारी कर ली।
- माया मसाले लेने गई थी।
- गीता ने बिल का भुगतान किया।
- विविधता में एकता भारत की विशेषता है।